SUNDAY
रायपुर, रविवार, 1 जून 2025
वर्ष - 67 | अंक - 46 | पृष्ठ - 12 |
मूल्य - 4.00 रु.
www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार ...
प्रेस पंजीयन- 06072/59
67 YEARS देशबन्धु

छत्तीसगढ़ का पहला राष्ट्रीय दैनिक
पत्र नहीं मित्र
# देशबन्धु

▸ मड़ई
जइसन संगत तइसन रंगत पृष्ठ 6

▸ मुंबई इंडियंस और पंजाब किंग्स की टीम होंगी आमने-सामने
▸ रोहित के साथ खेलना खुशी की बात है : बेयरस्टो पृष्ठ 8

देश विदेश
▸ अमेरिका के प्रस्ताव को स्वीकार करे हमास या विनाश के लिए रहे तैयार: इजरायल
▸ यूएस सुप्रीम कोर्ट ने किया ट्रंप सरकार का रास्ता साफ, 5 लाख लोगों पर मंडराया निर्वासन का खतरा
▸ बांग्लादेश : दिसंबर में चुनाव कराने की मांग तेज, यूनुस पर राजनीतिक माहौल खराब करने का आरोप पृष्ठ 7

# सीडीएस ने मानी लड़ाकू विमान गिरने की बात

## अनिल चौहान ने कहा, असली मुद्दा यह नहीं है कि कितने विमान गिरे, बल्कि यह है कि वे क्यों गिरे



- शांगरी-ला डायलॉग कार्यक्रम में हिस्सा लेने पहुंचे चौहान
- सीडीएस के खुलासे पर कांग्रेस ने मोदी सरकार को घेरा

भारत ने अपनी गलतियों को पहचाना, उन्हें जल्दी सुधारा और फिर दो दिन के भीतर दुश्मन के ठिकानों को लंबी दूरी से निशाना बनाकर एक बार फिर प्रभावी तरीके से जवाब दिया: अनिल चौहान

**नई दिल्ली,** 31 मई (एजेंसियां)। चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) अनिल चौहान ने शनिवार को सिंगापुर में पाकिस्तान के साथ संघर्ष में भारतीय फाइटर जेट गिरने के दावों पर बात की। उन्होंने कहा कि असली मुद्दा यह नहीं है कि कितने विमान गिरे, बल्कि यह है कि वे क्यों गिरे ? और हमने उनसे क्या सीखा। सीडीएस ने यह बात ब्लूमबर्ग को दिए साक्षात्कार में कही। वे यहां शांगरी-ला डायलॉग कार्यक्रम में हिस्सा लेने पहुंचे हैं। सीडीएस ने कहा भारत ने अपनी गलतियों को पहचाना, उन्हें जल्दी सुधारा और फिर दो दिन के भीतर दुश्मन के ठिकानों को लंबी दूरी से निशाना बनाकर एक बार फिर प्रभावी तरीके से जवाब दिया।

मुख्य विपक्षी पार्टी कांग्रेस ने सीडीएस जनरल अनिल चौहान द्वारा पाकिस्तान के खिलाफ ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारत के लड़ाकू विमान गिरने की बात स्वीकार करने पर मोदी सरकार को घेरा है। कांग्रेस ने वाजपेयी सरकार का जिक्र करते हुए पूछा कि क्या मोदी सरकार अब सिंगापुर में चीफ ऑफ ➤➤ शेष पृष्ठ 7 पर ➤

### पाकिस्तान ने 5 भारतीय लड़ाकू विमान गिराने का दावा किया था

पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत ने 7 मई को पाकिस्तान के 9 आतंकी ठिकानों को तबाह कर दिया था। 7 मई को ही पाकिस्तानी प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने संसद में दावा किया था कि हमने भारत के हमले के जवाब में कार्रवाई की, जिसमें 5 भारतीय लड़ाकू विमानों को मार गिराया गया। पांच विमानों में 3 राफेल थे। बाद में पाकिस्तान 6 भारतीय विमान गिराने का दावा करने लगा था। जब ब्लूमबर्ग ने पूछा कि पाकिस्तान कहता है कि उसने 6 लड़ाकू विमान गिरा दिए तो इस पर सीडीएस ने कहा, बिल्कुल गलत।

## सीडीएस के खुलासे के बाद देश को जवाब दे सरकार : खरगे

- मोदी सरकार ने देश को गुमराह किया है
- संसद सत्र बुलाकर सवालों का जवाब दे



कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि है कि सिंगापुर में प्रमुख सेना अध्यक्ष (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान ने पाकिस्तान के खिलाफ सैन्य कार्रवाई को लेकर जो कुछ कहा है उससे साफ हो गया है कि देश को गुमराह किया जा रहा है इसलिए सरकार को पहलगाम आतंकी हमले के बाद की पूरी स्थिति पर संसद का विशेष सत्र बुलाकर देश की जनता को जवाब देना चाहिए। श्री खरगे ने शनिवार को यहां एक बयान में कहा कि पाकिस्तान के विरुद्ध सैन्य कार्रवाई से जुड़े मुद्दे का कोहरा अब छंट रहा है। सिंगापुर में सीडीएस के साक्षात्कार के बाद कई महत्वपूर्ण सवाल खड़े हुए हैं और इन सवालों को पूछना आवश्यक हो गया है इसलिए सरकार को तुरंत संसद का विशेष सत्र बुलाकर इन सवालों का जवाब देना चाहिए। उन्होंने कहा कि सैन्य कार्रवाई को लेकर अब जो परतें खुलकर सामने आ रही हैं उनसे साफ है कि मोदी सरकार ने देश को गुमराह किया है।

# हजारों की संख्या में स्कूल बंद होने की बातें भ्रामक और तथ्यहीन

**रायपुर,** 31 मई (देशबन्धु)। शिक्षा विभाग ने कतिपय संगठनों एवं व्यक्तियों द्वारा युक्तियुक्तकरण से हजारों की संख्या में स्कूलों के बंद होने की बात को पूरी तरह से भ्रामक और तथ्यहीन बताया है। स्कूल शिक्षा विभाग ने कहा है कि असलियत इससे बिलकुल अलग है। प्रदेश सरकार की ओर से जारी युक्तियुक्तकरण की प्रक्रिया का उद्देश्य किसी की पढ़ाई रोकना नहीं, बल्कि शिक्षा की गुणवत्ता और संसाधनों का बेहतर उपयोग सुनिश्चित करना है।

राज्य के कुल 10,463 स्कूलों में से सिर्फ 166 स्कूलों का समायोजन होगा। इन 166 स्कूलों में से ग्रामीण इलाके के 133 स्कूल ऐसे हैं, जिसमें छात्रों की संख्या 10 से कम है और एक किलोमीटर के अंदर में दूसरा स्कूल संचालित है। इसी तरह शहरी क्षेत्र में 33 स्कूल ऐसे हैं, जिसमें दर्ज संख्या 30 से कम हैं और 500 मीटर के दायरे में दूसरा स्कूल संचालित है। इस कारण 166 स्कूलों को बेहतर शिक्षा के उद्देश्य से समायोजित किया जा रहा है, इससे किसी भी स्थिति में बच्चों की पढ़ाई प्रभावित नहीं होगी। शेष 10,297 स्कूल पूरी तरह से चालू रहेंगे। उनमें केवल प्रशासनिक और शैक्षणिक स्तर पर आवश्यक समायोजन किया जा रहा है। स्कूल भवनों का उपयोग पहले की तरह ही

- सिर्फ 166 स्कूलों का होगा समायोजन
- शेष 10,297 स्कूल पूरी तरह से चालू रहेंगे
- विभाग ने कहा- युक्तियुक्तकरण शिक्षा व्यवस्था को बेहतर बनाने का प्रयास

जारी रहेगा और जहाँ आवश्यकता होगी, वहाँ शिक्षक भी उपलब्ध रहेंगे।

यहाँ स्पष्ट करना जरूरी है कि स्कूलों का समायोजन और बंद होना अलग चीज है। समायोजन का अर्थ है पास के स्कूलों को एकीकृत कर बेहतर संसाधनों का उपयोग। इसका मकसद बच्चों को अच्छी शिक्षा देना है, न कि स्कूल बंद करना। शिक्षा विभाग ने लोगों से अफवाहों से सावधान रहने की अपील की है। सच्चाई यह है कि राज्य सरकार स्कूलों को मजबूत करने, पढ़ाई की गुणवत्ता बढ़ाने और हर बच्चे को बेहतर शिक्षा देने की सुदृढ़ व्यवस्था में जुटी है।

**शिक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाने की पहल**- दरअसल छत्तीसगढ़ सरकार राज्य के शहरी और ग्रामीण इलाकों में शिक्षा की गुणवत्ता को बेहतर बनाने के लिए स्कूलों और शिक्षकों का युक्तियुक्तकरण यानि तर्कसंगत समायोजन कर रही है। इसका उद्देश्य यह है कि जहां जरूरत ज्यादा है, वहां संसाधनों और शिक्षकों का बेहतर ढंग से उपयोग सुनिश्चित हो। उन स्कूलों को जो कम छात्रों के कारण समुचित शिक्षा नहीं दे पा रहे हैं, उन्हें नजदीकी अच्छे स्कूलों के साथ समायोजित किया जाए, ताकि बच्चों को बेहतर माहौल, संसाधन और पढ़ाई का समान अवसर उपलब्ध हो सके। इससे बच्चों को ज्यादा योग्य और विषय के हिसाब से विशेषज्ञ शिक्षक मिलेंगे। स्कूलों में लाइब्रेरी, लैब, कंप्यूटर आदि की सुविधाएं सुलभ होंगी। शिक्षकों की कमी वाले स्कूलों में अब पर्याप्त शिक्षक मिलेंगे। ➤➤ शेष पृष्ठ 7 पर ➤

## सार संक्षेप

### शादी से लौट रही कार खाई में गिरी, पांच की मौत

**हरदोई।** उत्तर प्रदेश के हरदोई में शनिवार को एक दर्दनाक सड़क हादसा सामने आया है, जहां शादी से लौट रही बारातियों की कार खाई में गिर गई। इस हादसे में मासूम सहित पांच लोगों की मौत हो गई और छह घायल हो गए। मामला हरदोई जिले के मझिला थाना क्षेत्र के गांव कुसुमा का है। बताया जा रहा है कि पाली थाना क्षेत्र के पटिया नीम निवासी नीरज पुत्र राम सेवक की बारात मझिला थाना क्षेत्र के कुसुमा गांव गई थी। शादी संपन्न के बाद बारात वापस लौट रही थी, तभी एक कार कुसुमा गांव के पास अनियंत्रित होकर खाई में गिर गई।

### थाइलैंड की ओपल सुचाता बनीं मिस वर्ल्ड

**नई दिल्ली।** 72वें मिस वर्ल्डके विनर के नाम की घोषणा हो गई है, थाइलैंड की 21 वर्षीय ओपल सुचता चुऊंग्स्री ने ये खिताब अपने नाम किया। वहीं भारत की नंदिनी गुप्ता 108 कंटेस्टेंट्स में से टॉप-20 तक में अपनी जगह बनाने में कामयाब रही, लेकिन वह टॉप-8 में अपनी जगह नहीं बना पाई। टॉप-8 से वह बाहर हो गईं।

### युद्धवीर सिंह होंगे भारतीय टीम के मैनेजर

**नई दिल्ली।** उत्तर प्रदेश क्रिकेट संघ (यूपीसीए) के निदेशक रह चुके युद्धवीर सिंह भारतीय टीम के इंग्लैंड दौरे में मैनेजर की भूमिका निभाएंगे।

### रिटायर्ड नौसेना अधिकारी से 2 करोड़ की ठगी

**बिजनौर।** उत्तर प्रदेश के बिजनौर में एक रिटायर्ड नौसेना अधिकारी से 2 करोड़ 8 लाख रुपए की ऑनलाइन ठगी के मामले में पुलिस ने बड़ा खुलासा किया है। साइबर क्राइम थाना, स्वाट और सर्विलांस टीम ने संयुक्त कार्रवाई कर छह आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

### दो माओवादियों के खिलाफ आरोप पत्र किया दायर

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने झारखंड में सुरक्षा बलों पर हमला करने की प्रतिबंधित सीपीआई (माओवादी) आतंकी साजिश के तहत हथियार और गोला-बारूद जब्त करने से संबंधित 2022 के मामले में नए आरोपपत्र में दो और आरोपियों को नामजद किया है।

# प्रदेश में इलेक्ट्रिक वाहनों पर सब्सिडी में 50 हजार की कटौती

**रायपुर,** 31 मई (देशबन्धु)। राज्य सरकार ने अब इलेक्ट्रिक व्हीकल (ई वी) खरीदने वालों को मिलने वाली सब्सिडी राशि में कटौती कर दी है। इलेक्ट्रिक व्हीकल पॉलिसी के तहत इलेक्ट्रिक वाहनों की खरीदी पर 10 प्रतिशत या अधिकतम डेढ़ लाख रुपए तक सब्सिडी का प्रावधान था, जिसमें कटौती करते हुए अब अधिकतम सब्सिडी राशि को डेढ़ लाख रुपए से घटाकर एक लाख रुपए तक कर दिया गया है। वहीं, 20 लाख रुपए से ऊपर के इलेक्ट्रिक वाहनों पर दी जाने वाली सब्सिडी को भी समाप्त कर दिया गया है

पहले 20 लाख रुपए से ऊपर के इलेक्ट्रिक वाहनों को भी राज्य शासन द्वारा सब्सिडी दी जा रही थी. साथ ही हाईब्रिड इलेक्ट्रिक वाहनों को पूर्णतः इलेक्ट्रिक वाहनों को दिए जाने वाली खरीदी प्रोत्साहन राशि के 50 प्रतिशत प्रोत्साहन राशि प्रदान की जा रही थी, लेकिन अब राज्य शासन ने निर्णय लिया है कि किसी भी प्रकार के हाईब्रिड वाहनों को सब्सिडी नहीं दी जाएगी। परिवहन विभाग ने इस संबंध में अधिसूचना जारी कर दी है और यह अधिसूचना राजपत्र में प्रकाशन की तारीख से प्रभावशील हो गई है। राज्य शासन द्वारा इलेक्ट्रिक वाहनों की खरीदी को प्रोत्साहित करने के लिए इलेक्ट्रिक ➤➤ शेष पृष्ठ 7 पर ➤

### ई-रिक्शा या दोपहिया के खरीदारों को नहीं पड़ेगा फर्क

*परिवहन विभाग के अधिकारियों का कहना है कि इलेट्रिक वाहनों पर सब्सिडी राशि में कटौती किए जाने से ई-रिक्शा या दोपहिया वाहन के खरीदार प्रभावित नहीं होंगे। इसकी वजह कि छोटे इलेक्ट्रिक वाहनों की कीमत दस लाख रुपए से कम होती है। इनके खरीदारों को 10 प्रतिशत तक और अधिकतम एक लाख रुपए की सब्सिडी जारी रहेगी। सिर्फ 20 लाख रुपए के ऊपर के ई-वाहनों व हाईब्रिड वाहनों के खरीदारों को ही फर्क पड़ेगा।*

# गोली का जवाब गोले से मिलेगा : मोदी



**भोपाल,** 31 मई (देशबन्धु)। ऑपरेशन सिंदूर को आतंकवादियों के खिलाफ अब तक का सबसे बड़ा और सबसे सफल अभियान बताते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज एक बार फिर बिना किसी का नाम लिए पाकिस्तान को कड़े शब्दों में चुनौती देते हुए कहा कि अगर तुम गोली चलाओगे तो मान के चलो कि गोली का जवाब गोले से दिया जाएगा। श्री मोदी यहां देवी अहिल्याबाई होलकर की 300वीं जन्मजयंती के अवसर पर महिला सशक्तिकरण सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। समारोह में राज्यपाल मंगुभाई पटेल, मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव और भारतीय जनता पार्टी प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद विष्णुदत्त शर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहे। इस दौरान श्री मोदी ने महिला सशक्तिकरण को राष्ट्रसुरक्षा से कई बार जोड़ा। उन्होंने कहा कि भारत संस्कृति और संस्कारों का देश है। सिंदूर नारी शक्ति का प्रतीक है। रामभक्ति में लगे हनुमान भी सिंदूर को ही धारण किए है। हम शक्ति पूजा में सिंदूर को अर्पण करते हैं। ये ही अब भारत के शौर्य का प्रतीक बन गया है।

# हेट स्पीच मामले में अब्बास अंसारी को दो साल की सजा

**मऊ,** 31 मई (एजेंसियां)। बाहुबली मुख्तार अंसारी के बेटे और यूपी की मऊ सीट से सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी (सुभासपा) के विधायक अब्बास अंसारी को कोर्ट से बड़ा झटका लगा है। हेट स्पीच मामले में मऊ की सीजेएम कोर्ट ने उन्हें दोषी करार दिया है और उन्हें दो साल की सजा सुनाई है। यह फैसला मऊ के जिला एवं सत्र न्यायालय में सुनाया गया। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, एमपी-एमएलए कोर्ट के जज डॉ. केपी सिंह ने यह फैसला सुनाया है। अब्बास अंसारी को कोर्ट परिसर में कड़ी सुरक्षा के बीच पेश किया गया था। अब्बास अंसारी के अधिवक्ता दरोगा सिंह ने बताया कि हेट स्पीच मामले में आज एक फैसला आया है। 2022 में एक मामला कोतवाली नगर में कायम हुआ था। उस मामले में छह गवाह सामने आए। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट ने दो साल की सजा सुनाई है। इस आदेश के खिलाफ हम लोग सेशन न्यायालय जाएंगे। अब्बास अंसारी की विधायकी पर असर सेशन न्यायालय के आदेश के आधार पर होगा।

# निलंबित आईएएस रानू साहू, समीर विश्नोई, सौम्या चौरसिया जेल से रिहा

**रायपुर,** 31 मई (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ कोयला घोटाला मामले में निलंबित आईएएस रानू साहू, समीर विश्नोई सौम्या चौरसिया रजनीकांत तिवारी वीरेन्द्र जायसवाल और संदीप नायक को आज सुबह जेल से रिहा कर दिया गया है। सौम्या चौरसिया दिसंबर 2022 में गिरफ्तार हुई थी। वहीं रानू साहू की जुलाई 2023 में गिरफ्तारी हुई थी। इन्हे छत्तीसगढ़ से बाहर रहना होगा पासपोर्ट जमा कराने के साथ सप्ताह भर के भीतर अपने नए पते की जानकारी देनी होगी।



- कोर्ट ने छत्तीसगढ़ से बाहर रहने की दी हिदायत

गुरुवार को सुप्रीम कोर्ट से अंतरिम जमानत मिलने के बाद इनकी रिहाई हुई है। इन सभी को मीडिया से बचाते हुए जेल प्रशासन ने सुबह जेल के पीछे वाले गेट से बाहर निकाला। जेल से बाहर निकलने के बाद किसी से कोई बयान प्रतिक्रिया का अवसर नहीं मिला और अपनी अपनी गाडियों में सवार होकर रवाना हो गए। रानू सरकारी कार से देवेन्द्र नगर आईएएस कालोनी स्थित अपने पति जय प्रकाश मौर्य के घर पहुंची। कार से दो बड़े ट्रैवलर बैग में सामान थे। इसी कालोनी में समीर विश्नोई भी रहते हैं वे भी सीधे अपने घर पहुंचे। पूरे मामले का मास्टरमाइंड कोल व्यापारी सूर्यकांत तिवारी को माना गया। जो व्यापारी 25 रुपए प्रति टन के हिसाब से अवैध रकम सूर्यकांत के कर्मचारियों के पास जमा करता था उसे ही खनिज विभाग पीट पास और परिवहन पास जारी करता था। इस तरह से स्कैम कर कुल 570 करोड़ रुपए की वसूली की गई। ईडी की रेड में पहले आईएएस समीर बिश्नोई फिर कोल कारोबारी सूर्यकांत तिवारी को गिरफ्तार किया गया था। निलंबित आईएएस रानू साहू और समीर बिश्नोई, पूर्व मुख्यमंत्री की उपसचिव सौम्या चौरसिया, सूर्यकांत तिवारी, संदीप नायक लक्ष्मीकांत, शिव शंकर नाग, मोइनुद्दीन कुरैशी, रोशन सिंह, निखिल चंद्राकर, परेश कुर्रे, राहुल कुमार, वीरेंद्र जायसवाल, हेमंत जायसवाल और चंद्र प्रकाश जायसवाल जेल में बंद हैं।

# प्रदेश में फिर मिले कोरोना के नए मरीज

**रायपुर,** 31 मई (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ में कोरोना संक्रमण में एक बार फिर से बढ़ोतरी हुई है। राजधानी रायपुर में तीन दिन बाद दो नए कोरोना संक्रमित मरीजों की पहचान हुई है। इसके साथ ही रायपुर में एक्टिव मरीजों की संख्या बढ़कर 4 हो गई है, जबकि पूरे प्रदेश में कुल संक्रमितों की संख्या अब 5 हो चुकी है। जानकारी के अनुसार, आज जिन दो लोगों की रिपोर्ट पॉजिटिव आई है, उनमें एक पुरुष (74 वर्ष) और एक महिला (42 वर्ष) शामिल हैं। पुरुष संक्रमित टाटीबंद क्षेत्र का रहने वाला है, जबकि महिला प्रेम नगर, मोवा इलाके की निवासी है। हैरानी की बात यह है कि दोनों ही मरीज़ों की कोई ट्रेवल हिस्ट्री नहीं है। इससे संक्रमण के स्थानीय स्तर पर फैलने की आशंका भी जताई जा रही है। आज जो दो कोरोना मरीज पाए गए हैं। इनमें से एक मरीज़ की पहचान एम्स रायपुर की कोरोना ओपीडी में हुई, जबकि दूसरी संक्रमित महिला राज्य के सबसे बड़े सरकारी अस्पताल डॉ. भीमराव अंबेडकर मेमोरियल हॉस्पिटल (मेकाहारा) की नर्स है।

- एक नर्स समेत दो संक्रमित, कोई ट्रेवल हिस्ट्री नहीं

**संक्रमण से बचने बरते सावधानी**-लोगों से आग्रह है कि वे सावधानी बरतें, भीड़-भाड़ वाले इलाके में मास्क का उपयोग करें और सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करें। साथ ही कोरोना के शुरुआती लक्षण दिखने पर तुरंत परीक्षण कराएं और आवश्यक हो तो डॉक्टर से संपर्क करें।

# कर चोरी, छापे के बाद लक्ष्मी ट्रेडर्स ने 17 लाख जमा किया

**रायपुर,** 31 मई (देशबन्धु)। मेसर्स बंसल ट्रेडिंग कार्पोरेशन, अंबिकापुर के व्यवसाय स्थल पर स्टेट जीएसटी विभाग अंबिकापुर द्वारा 29 मई को जांच की कार्यवाही की गई है। भारत सरकार द्वारा संचालित जीएसटी पोर्टल के अनुसार इनका रिस्क स्कोर 10 आ रहा था, जिसका आशय होता है कि फर्म कर अपवंचन में संलिप्त है। जब मौके पर जांच टीम पहुंची तो, देखा कि उनके व्यवसाय स्थल पर व्यवसाय से संबंधित कोई भी लेखा पुस्तक या कोई भी सॉफ्टवेयर जैसे कि टैली का संधारण नहीं पाया गया, जिससे कर अपवंचन की संभावना और भी प्रबल हो गई। आगे जांच में पाया गया कि वर्ष 2017-18 से वर्ष 2024-25 तक कुल टर्न ओव्हर लगभग रू. 158 करोड़ से अधिक है किंतु उस पर कर का नगद भुगतान शून्य किया गया है।

साथ ही साथ जब ई-वे बिल की जांच की गई तो पता चला कि वर्ष 2023-24 में माल की खरीदी 29.50 करोड़ की गई किंतु माल की सप्लाई मात्र रू. 50 लाख की ही की गई, जिससे यह पता चलता है कि माल का विक्रय आम उपभोक्ता को किया गया ➤➤ शेष पृष्ठ 7 पर ➤

### जम्मू-कश्मीर समेत 6 राज्यों में की मॉक ड्रिल

**नई दिल्ली,** 31 मई (एजेंसियां)। ऑपरेशन शील्ड के तहत शनिवार को गुजरात, राजस्थान, पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़ और जम्मू-कश्मीर में मॉक ड्रिल कई गई। रात के 8 बजते ही सायरन की तेज आवाज के साथ इन राज्यों के कई इलाकों में ब्लैक आउट किया गया। जम्मू, अमृतसर, चंडीगढ़ की तस्वीरें सामने आई हैं। यहां ब्लैक आउट किया गया है।

# देश में कोरोना मामलों की संख्या तीन हजार पार

**नई दिल्ली,** 31 मई (देशबन्धु)। देशभर में कोराना से संक्रमित मामलों में तेजी देखी जा रही है, शनिवार सुबह तक कोराना संक्रमण के कुल सक्रिय मामलों की संख्या 3395 तक पहुंच गयी। पिछले 24 घंटों में इसके संक्रमण से चार मरीजों की मौत हुई है। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की ओर जारी आंकड़ों के अनुसार कुल 3395 सक्रिय मामले है। अभी तक 1435 मरीजों को अस्पताल से छुट्टी मिल चुकी है और एक जनवरी से अब तक 26 लोगों की मौत हुयी है। पिछले 24 घंटों में कोरोना संक्रमण के 685 सक्रिय मामले सामने आये हैं और 265 मरीजों को अस्पताल से छुट्टी मिली है लेकिन इस अवधि के दौरान चार लोगों की जान चली गयी। राष्ट्रीय राजधानी के अलावा कर्नाटक, केरल और उत्तर प्रदेश में एक-एक मरीज की कोरोना से मौत हुई है। कुल सक्रिय मामलों के सबसे अधिक 1336 केरल में और उसके बाद 467 महाराष्ट्र में हैं। दिल्ली में 375 मामले दर्ज किए गए हैं। इसके अलावा गुजरात में 265, कर्नाटक में 234, गुजरात में 265, पश्चिम बंगाल में 205, तमिलनाडु में 185, उत्तर प्रदेश में 117 सक्रिय मामले है।

## भ्रष्टाचार

### दो जेआरएफ उत्तीर्ण दिव्यांगों को बताया अयोग्य, नेट जेआरएफ और अनुभवधारी दिव्यांगों को किया नॉट फाउंड सुटेबल

# शहीद महेंद्र कर्मा विवि में शैक्षणिक पदों की भर्ती में नियमों की अवहेलना

**जगदलपुर, 31 मई (देशबन्धु)। शैक्षणिक पदों के भर्ती के मामले में शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय की मनमानी लगातार उजागर हो रही है। उल्लेखनीय है कि विश्वविद्यालय में दस विषयों के शैक्षणिक पदों की भर्ती चल रही है। भर्ती प्रक्रिया के तहत 24 मई को कार्य परिषद को भ्रामक और गलत जानकारी देकर पांच विषयों का लिफाफा खोलकर बिना साक्षात्कार परिणाम घोषित किए गुपचुप तरीके से और अवैधानिक रूप से दुर्गेश डिकसेना, रशमी देवांगन, तुलिका शर्मा का आपत्ति और चयन के पहले ही चयन होने का दावा वायरल होने के बावजूद चुपचाप पदभार ग्रहण करा दिया गया था और अन्य आवेदक परिणाम जानने भटकते रहे।**

*इसी बीच समाज कार्य विषय में एक पद हेतु सहायक प्राध्यापक विकलांग श्रेणी में संगीता यादव जो कि समाज कार्य विषय में यूजीसी की सबसे बड़ी परीक्षा जेआरएफ उत्तीर्ण है और जिन्हें चार वर्ष का अनुभव भी है और एक अन्य अभ्यर्थी करन कुमार भी जो की जेआरएफ उत्तीर्ण है जैसे योग्य अभ्यर्थियों को साक्षात्कार में बुलाकर नाट फाउंड सुटेबल करार दिया गया है।*

*ज्ञात हो कि सहायक प्राध्यापक पद हेतु नेट के साथ जेआरएफ (जूनियर रिसर्च फेलो) की परीक्षा का उत्तीर्ण होना सबसे विशिष्ट योग्यता मानी जाती है, और नेक के साथ जेआरएफ उत्तीर्ण करना अपने आप मे एक बड़ी बड़ी योग्यता समझी जाती है। जेआरएफ प्रमाण पत्र पूरे देशभर में नेट की परीक्षा में शामिल हुए कुल परीक्षार्थी में से मात्र 2 प्रतिशत लोगों को ही मिल पाता है। ऐसे में इन दोनों को अयोग्य ठहरा कर विश्वविद्यालय प्रशासन संदेहों के दायरे में आ चुका है। लगातार ऐसे मामलों के उजागर होने के बाद भी स्थानीय जन प्रतिनिधियों की खामोशी भी शहर में चर्चा का विषय बनी हुई है।*



- दिव्यांग अभ्यर्थियों ने ओबीसी आयोग ,सामाजिक न्याय मंत्रालय और महिला आयोग से की शिकायत

*असंवेदनशील हुआ विश्वविद्यालय प्रशासन- किसी दिवयांग श्रेणी के आवेदक को वह भी जो नेट के साथ जेआरएफ उत्तीर्ण हो और अनुभव धारी हो उसे नॉट फाउंड सुटेबल करार दिया जाना इस भर्ती में चल रहे भारी भ्रष्टाचार, मनमानी और अवैधानिकता का जीवंत उदाहरण है। विश्वविद्यालय प्रशासन का दिव्यांग श्रेणी के उम्मीदवारों की विशिष्ट योग्यता होने के बाद भी उनके साथ अमानवीय दृष्टिकोण अपनाना चर्चा का विषय बना हुआ है। आज तक विश्वविद्यालय के वेबसाइट में साक्षात्कार परिणाम नहीं किया गया अपलोड- गंभीर बात यह है कि 30 तारिख को जारी हुआ कार्य परिषद का कार्यवाही विवरण और पदभार, बिना मेडिकल परिक्षण के ही 24 मई को गुपचुप तरीके से करा दिया गया। कार्य परिषद के कार्यवाही विवरण में संशोधित लिखा गया है जिससे गंभीर अनियमितता और कार्यपरिषद* ➤➤ शेष पृष्ठ 7 पर ➤

# देश

**उवाच** "बिहार के विश्वविद्यालयों में कार्यरत और सेवानिवृत्त शिक्षकों-शिक्षकेत्तर कर्मियों के वेतन और पेंशन के भुगतान के लिए चालू वित्तीय वर्ष 2025-26 में 1094.091 करोड़ रुपए की सहायक अनुदान राशि स्वीकृत की गई है।

-सम्राट चौधरी, बिहार के उपमुख्यमंत्री



| तापमान | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| दिल्ली | 31.0 | 28.0 |
| मुंबई | 31.0 | 28.0 |
| कोलकाता | 31.0 | 28.0 |
| चेन्नई | 32.0 | 29.0 |

# तेज आर्थिक प्रगति के बगैर विकसित भारत की बातें हवा-हवाई : प्रियंका गांधी

## सकल घरेलू उत्पाद की विकास दर घटने पर जताई चिंता

**नई दिल्ली,** 31 मई (एजेंसियां)। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने भी सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की विकास दर घटने पर चिंता व्यक्त करते हुए शुक्रवार को कहा कि जब तक देश में आर्थिक विकास की दर तेज नहीं होगी तब तक विकसित भारत की बातें करने का कोई मतलब नहीं है। वाड्रा ने कहा कि सरकार ने आज आर्थिक विकास का जो आंकड़ा पेश किया है उसके अनुसार देश की आर्थिक विकास दर 2024-25 में साढ़े छह प्रतिशत है। आर्थिक विकास की यह रफ्तार कोरोना काल के आर्थिक विकास की दर से भी कम है। जब तक आर्थिक विकास की रफ्तार तेज नहीं होगी तब तक देश की आर्थिक प्रगति की बात करने का कोई औचित्य नहीं है। उन्होंने कहा कि देश की अर्थव्यवस्था चार साल के निचले स्तर पर पहुंच गई है। सरकारी आंकड़ों के मुताबिक, वित्त वर्ष 2024-25 में जीडीपी वृद्धि दर 6.5 प्रतिशत रही। कोरोना काल के बाद यह सबसे सुस्त रफ्तार है।

**आर्थिक मोर्चे पर लगातार असफल हो रही भाजपा सरकार**

कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने कहा कि भाजपा सरकार आर्थिक मोर्चे पर लगातार असफल हो रही है। देश भर में उद्योग-धंधे सिमट रहे हैं। औद्योगिक उत्पादन आठ महीने के निचले स्तर पर है। पूरे देश में भयंकर बेरोजगारी है। नई नौकरियां पैदा नहीं हो रहीं। लोगों की आय घट रही है, आर्थिक असमानता तेजी से बढ़ रही है, इसलिए मांग और खपत भी घट रही है। तेज आर्थिक प्रगति के बगैर विकसित भारत की बातें हवा-हवाई हैं। कांग्रेस प्रवक्त सुप्रिया श्रीनेत ने कहा कि वित्तीय वर्ष 2025 में देश की आर्थिक विकास की दर 6.5 प्रतिशत रही जो चार साल में सबसे कम है। विकसित भारत के लिए अगले 22 साल तक हर साल 8.2 प्रतिशत की विकास दर चाहिए। सरकार के लोग 7.4 प्रतिशत जीडीपी ग्रोथ का हवाला देकर बरगलाएंगे, लेकिन सच यह नहीं है। पार्टी ने कहा अच्छे दिन की बात करने वाले मोदी सरकार देश की अर्थव्यवस्था को डुबाने पर तुली है। आंकड़े इस बात की साफ गवाही दे रहे हैं। जीडीपी की विकास दर कम होने का मतलब है कि देश में उद्योग-धंधे मंद पड़े हैं, रोजगार के अवसर खत्म हो रहे हैं और नौकरियां कम हैं।



देश की अर्थव्यवस्था चार साल के निचले स्तर पर पहुंच गई है वित वर्ष 2024-25 में जीडीपी वृद्धि दर 6.5 प्रतिशत रही : प्रियंका गांधी वाड्रा

### डोनाल्ड भाई के दावे पर कब बोलेंगे मोदी

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा भारत और पाकिस्तान के बीच सैन्य संघर्ष रुकवाने का दावा फिर किए जाने पर शनिवार को कटाक्ष करते हुए प्रियंका गांधी ने कहा कि 'डोनाल्ड भाई' ने 21 दिन में 11 बार यह बात की है लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस पर कब जवाब देंगे। ट्रंप ने शुक्रवार को फिर कहा कि उन्होंने भारत और पाकिस्तान के बीच संघर्ष विराम कराया क्योंकि यह संघर्ष परमाणु तबाही का रूप ले सकता था। बाद में शुक्रवार को ही उन्होंने दो बार और यही दावा किया। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने 'एक्स' पर पोस्ट किया कि ट्रंप के दावे और पाकिस्तान के साथ युद्ध विराम कैसे हुआ, इस पर प्रधानमंत्री कब बोलेंगे। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति ट्रंप के वाणिज्य मंत्री ने 23 मई को न्यूयॉर्क स्थित अंतरराष्ट्रीय व्यापार न्यायालय में बिलकुल यही दावे किए हैं।

# राहुल गांधी का बिहार दौरा छह जून को

**पटना,** 31 मई (देशबन्धु)। कांग्रेस नेता राहुल गांधी आगामी 6 जून को बिहार दौरे पर आ रहे हैं। इस बार उनका कार्यक्रम मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के मजबूत गढ़ नालंदा में है, जहां वे अत्यंत पिछड़ा वर्ग सम्मेलन में भाग लेंगे। यह आयोजन राजगीर के कन्वेंशन सेंटर में होगा। राहुल गांधी पटना एयरपोर्ट पर उतरेंगे और वहां से हेलीकॉप्टर द्वारा सीधे नालंदा रवाना होंगे। सम्मेलन के दौरान वे अति पिछड़ा और पिछड़ा वर्ग के लोगों से संवाद करेंगे। यह वही वर्ग है, जिसे सीएम नीतीश कुमार का पारंपरिक वोट बैंक माना जाता है। दरअसल, राहुल गांधी का यह कार्यक्रम पहले 27 मई को निर्धारित था, लेकिन राजगीर में हॉल उपलब्ध नहीं होने के कारण इसे स्थगित कर 6 जून को निर्धारित किया गया है। इस वर्ष चुनावी माहौल के बीच राहुल गांधी का यह पिछले 5 महीनों में पांचवां बिहार दौरा होगा। इससे पहले वे 18 जनवरी, 4 फरवरी, 7 अप्रैल और 15 मई को भी बिहार का दौरा कर चुके हैं। लगातार दौरों से कांग्रेस राज्य में अपने संगठन को सक्रिय करने और मजबूत करने की कोशिश में जुटी है। सम्मेलन में राज्य और जिला स्तर के कांग्रेस नेता शामिल होंगे, साथ ही बड़ी संख्या में ईबीसी के लोगों के शामिल होने की संभावना है।



अति अत्यंत पिछड़ा वर्ग सम्मेलन में लेंगे भाग

# नेताओं का चेहरा देखकर वोट न करे बिहार की जनता : प्रशांत

## बिहार बदलाव सभा को किया संबोधित

**पटना,** 31 मई (देशबन्धु)। बिहार में संपूर्ण क्रांति और व्यवस्था परिवर्तन के उद्देश्य से शुरू की गई बिहार बदलाव यात्रा के तहत शनिवार को जन सुराज के सूत्रधार प्रशांत किशोर एक दिवसीय दौरे पर पूर्वी चंपारण पहुंचे, जहां उन्होंने जिले के हरसिद्धि और पताही प्रखंड में आयोजित बिहार बदलाव सभा को संबोधित किया। जनसभा को संबोधित करते हुए प्रशांत किशोर ने कहा कि बिहार में व्यवस्था परिवर्तन कर जनता का राज स्थापित करने के लिए नेताओं का चेहरा देखकर वोट न करें।

चुनाव में वोट लालू, नीतीश और मोदी के चेहरे पर नहीं अपने बच्चों के चेहरे को देखकर दीजिएगा। अगली बार अपने बच्चों की शिक्षा और रोजगार के लिए वोट करें। पूर्वी चंपारण पहुंचने पर प्रशांत किशोर का विभिन्न स्थानों पर बड़ी संख्या में पार्टी और उनके समर्थकों ने उनका जोरदार स्वागत किया। ढोल-नगाड़ों के साथ समर्थकों ने उन्हें फूल-माला से लाद दिया। इसके साथ ही उनके कई समर्थकों ने उन्हें लीची देकर उनका स्वागत किया। प्रशांत किशोर की पीछे गाड़ियों का लंबा काफिला चल रहा था। बिहार में अधिकारी और नेता राशन कार्ड बनाने से लेकर जमीन की रसीद कटाने तक के लिए रिश्वत ले रहे हैं, जिससे आम लोग परेशान हैं। उन्होंने चंपारण की जनता से अपील की कि उन्हें और उनके बच्चों को लूटने वाले नेताओं को वोट न दें। अगली बार अपने बच्चों के लिए वोट दें और बिहार में जनता का राज स्थापित करें। प्रशांत किशोर ने जनता को उदाहरण देते हुए समझाया कि बिहार के लोगों को लालू से सीखना चाहिए कि बच्चों की चिंता क्या होती है। उन्होंने कहा कि लालू जी का बेटा 9वीं पास भी नहीं किया है, फिर भी वह चाहते हैं कि उनका बेटा राजा बने और दूसरी तरफ बिहार के लोग जिनके बच्चे मैट्रिक, बीए , एमए कर चुके हैं, फिर भी उन्हें नौकरी नहीं मिल रही है।

जनसभा के बाद पत्रकारों से बात करते हुए प्रशांत किशोर ने प्रधानमंत्री मोदी पर बड़ा हमला बोलते हुए कहा कि नीतीश कुमार जिन्हें प्रधानमंत्री मोदी का नाम भी याद नहीं है, उन्हें भाजपा ने बिहार की 13 करोड़ जनता पर थोप रखा है। नीतीश कुमार की मानसिक और शारीरिक स्थिति ऐसी नहीं है कि वे सरकार चला सकें।



## सार संक्षेप

### जगदीप धनखड़ का आगरा दौरा आज

**नई दिल्ली।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ रविवार को के आगरा के एक दिवसीय दौरे पर होंगे। शनिवार को जारी एक आधिकारिक विज्ञप्ति के अनुसार उपराष्ट्रपति के साथ उनकी आगरा में माता अहिल्याबाई होलकर की 300वीं जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित समारोह में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। इस यात्रा में धनखड़ के साथ उनकी पत्नी डॉ. सुदेश धनखड़ भी रहेंगी।

### खरगे ने वाल्मीकि थापर के निधन पर जताया शोक

**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने प्रसिद्ध वन्यजीव विशेषज्ञ, लेखक एवं प्रकृति प्रेमी वाल्मीक थापर के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। खरगे ने कहा कि थापर के निधन के बारे में जानकर बहुत दुख हुआ। बाघ संरक्षण के अग्रणी अधिकारी रहे थापर भारत के सबसे सम्मानित वन्यजीव विशेषज्ञों में से एक थे। उन्हें वर्ष 2005 के बाघ टास्क फोर्स का सदस्य नियुक्त किया गया था। उनके परिवार, दोस्तों, वन्यजीव उत्साही और संरक्षण समुदाय के प्रति मेरी गहरी संवेदना।

### यादव ने किया देवी अहिल्याबाई को नमन

**भोपाल।** मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने देवी अहिल्याबाई होलकर की 300वीं जयंती पर उन्हें नमन करते हुए आज कहा कि वे सुशासन और महिला सशक्तिकरण की प्रणेता हैं। डॉ. यादव ने एक्स पोस्ट में कहा, सुशासन, महिला सशक्तिकरण एवं सनातन संस्कृति के प्रति समर्पित, ममता की प्रतिमूर्ति, लोकमाता देवी अहिल्याबाई होल्कर जी की जयंती पर उन्हें कोटि-कोटि नमन-वंदन करता हूं।

### मुंबई में कार्गो शिप पुर्जे चोरी के आरोप में चार गिरफ्तार

**ठाणे।** महाराष्ट्र में नवी मुंबई पुलिस ने 93 लाख रुपए से अधिक मूल्य के कार्गो शिप इंजन पुर्जे चोरी करने के आरोप में चार व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने जानकारी दी। चोरी का मामला उस समय सामने आया जब शिकायतकर्ता वासुदेव दत्तात्रेय प्रभु ने 25 मई को उनकी कंपनी के गोदाम में सेंधमारी की सूचना दी गयी। जिसमें कार्गो शिप के टर्बो इंजन के पुर्जे चोरी हो गए थे। शिकायत पर कार्रवाई करते हुए तुर्भे पुलिस ने तकनीकी साक्ष्य का विश्लेषण किया और क्षेत्र में लगभग 40 सीसीटीवी की फुटेज को खंगाला। जांच के बाद 28 मई को इंदिरानगर, तुर्भे एमआईडीसी से चार संदिग्धों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने तब से आरोपियों से लगभग 74 लाख रुपये मूल्य के इंजन पुर्जे बरामद किए हैं, साथ ही चोरी किये गये शेष सामान की बरामदगी के प्रयास जारी हैं।

# कर्नाटक के यादगीर जिले में बारिश का कहर

**बेंगलुरु,** 31 मई (एजेंसियां)। कर्नाटक के यादगीर जिले में लगातार हो रही बारिश से कई मकान ढह गए। इस दौरान करीब नौ घरों को नुकसान पहुंचा है। डिप्टी कलेक्टर ने शनिवार को बारिश से प्रभावित हुए गांव का दौरा किया। डिप्टी कलेक्टर ने पीड़ित परिवारों से मुलाकात की और उन्हें मुआवजे का आश्वासन दिया। वहीं, जिला कलेक्टर, एसपी और जिला पंचायत सीईओ सहित एक टीम ने यादगीर तालुक के पगलपुरा गांव का दौरा किया। डिप्टी कलेक्टर डॉ. सुशीला बी. ने अपने इस दौरे पर प्रतिक्रिया दी और उन्?होंने बताया कि यादगीर जिले में नौ घर क्षतिग्रस्त हो गए हैं। इन घरों की छतें और दीवारें ढह गई हैं, सभी घरों को नुकसान हुआ है। घरों में रखे अनाज को नुकसान हुआ है। जगह-जगह जलभराव से लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। डिप्टी कलेक्टर ने कहा कि राज्य आपदा प्रतिक्रिया बल (एसडीआरएफ) के नियमों के अनुसार पीड़ित परिवारों को मुआवजा दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि यारागोल, पगलपुरा और उल्लेसुगुरा गांवों का दौरा किया गया। इसमें पाया गया कि बारिश से घरों को काफी नुकसान हुआ है। बारिश के दौरान पगलपुरा गांव के एरन्ना गौड़ा के घर की छत ढह गई। परिवार रात में घर के बाहर रहा। गनीमत रही कि परिवार को किसी भी तरह की खतरनाक स्थिति का सामना नहीं करना पड़ा।



नौ घरों को पहुंचा नुकसान

# झारखंड के 12वीं बोर्ड की परीक्षा में लड़कियों ने फिर मारी बाजी

**रांची,**31 मई (एजेंसयां)। झारखंड बोर्ड 12वीं का शनिवार को रिजल्ट जारी कर दिया गया। जैक अध्यक्ष डॉ.नटवा हांसदा ने शनिवार को यहां झारखंड बोर्ड 12वीं का रिजल्ट जारी किया है। जैक 12वीं रिजल्ट 2025 में लड़कियों ने एक बार फिर शानदार प्रदर्शन किया है। साइंस स्ट्रीम में 80.53 प्रतिशत लड़कियां पास हुई हैं। वहीं लड़कों का पास प्रतिशत 78.43 प्रतिशत रहा। कॉमर्स स्ट्रीम की बात करें तो यहां भी लड़कियां आगे रहीं। इस बार कॉमर्स में 95 प्रतिशत लड़कियां पास हुईं। जबकि लड़कों का पास प्रतिशत 86 प्रतिशत रहा।

झारखंड बोर्ड इंटर 12वीं परीक्षा में पास होने के लिए छात्र को कम से कम 33 प्रतिशत अंक प्राप्त करना जरूरी है। झारखंड बोर्ड 12वीं साइंस स्ट्रीम में धनबाद जिले के गोविंदपुर की छात्रा अंकिता दत्ता को पहला स्थान मिला है। छात्रा ने 477 अंक प्राप्त किए हैं। वहीं, कॉमर्स स्ट्रीम में रश्मि कुमारी ने टॉप किया है। रश्मि को 476 अंक मिले हैं। झारखंड बोर्ड 12वीं के साइंस रिजल्ट में 80.53 फीसदी लड़कियां सफल हुईं हैं और साइंस में 78.43 फीसदी लड़के सफल हुए हैं। इस वर्ष कुल 98,634 छात्र-छात्राओं ने परीक्षा के लिए पंजीकरण कराया था। जिनमें से 78,186 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल हुए। साइंस स्ट्रीम का कुल परिणाम 79.26 फीसदी रहा है जो पिछले वर्ष की तुलना में 7 फीसदी अधिक है। इस परीक्षा परिणाम में फर्स्ट डिवीजन से 58,720 छात्र पास हुए हैं। सेकंड डिवीजन से 19,383 छात्र, थर्ड डिवीजन से 63 छात्र पास हुए हैं। 12वीं के परिणाम में लातेहार जिला ने परचम लहराया है। यहां का परिणाम 100 फीसदी रहा है। यहां भी लड़कियों ने बाजी मारी है। लड़कियों का सफलता प्रतिशत 80.53 प्रतिशत है तो लड़कों का सफलता प्रतिशत 78.43 प्रतिशत है। वहीं, कॉमर्स स्ट्रीम में 22,066 छात्र-छात्राएं परीक्षा में शामिल हुए।



साइंस स्ट्रीम में 80.53 प्रतिशत लड़कियां हुईं पास

# गुजरात में 4.79 लाख स्ट्रीट वेंडर्स बने आत्मनिर्भर

**गांधीनगर,** 31 मई (एजेंसियां)। गुजरात में 4.79 लाख सड़क विक्रेता (स्ट्रीट वेंडर्स) आत्मनिर्भर बने हैं। सरकारी सूत्रों ने शनिवार को बताया कि उत्कृष्ट क्रियान्वयन से गुजरात पीएम स्वनिधि के देश में अग्रणी राज्यों में एक प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की महत्वाकांक्षी योजना पीएम स्वनिधि के सफल क्रियान्वयन में गुजरात ने निरंतर अपेक्षाओं से बेहतर प्रदर्शन किया है। राज्य ने जुलाई 2023 तक तीन लाख लाभार्थियों को लोन सुविधा उपलब्ध कराने का पहला लक्ष्य समय पर पूरा किया।

इसके बाद अक्टूबर 2024 तक चार लाख लाभार्थियों तक लोन पहुंचाने का दूसरा लक्ष्य भी पार कर लिया, जिसमें गुजरात को राष्ट्रीय स्तर पर दूसरा स्थान प्राप्त हुआ। उन्होंने बताया कि राज्य के इस उत्कृष्ट प्रदर्शन को देखते हुए केंद्र सरकार ने नवंबर 2024 में गुजरात का लक्ष्य बढ़ाकर 5.20 लाख लाभार्थियों तक लोन सुविधा पहुंचाने का निर्णय लिया। गुजरात ने इस संशोधित लक्ष्य का भी 92.14 प्रतिशत हिस्सा सफलतापूर्वक पूरा कर लिया है, और इस मामले में गुजरात राष्ट्रीय स्तर पर चौथे स्थान पर है। अब तक 4,79,141 स्ट्रीट वेंडर्स इस योजना से लाभान्वित हो चुके हैं।

# कर्नाटक में अब तंबाकू पर सख्ती

**बंगलूरू,** 31 मई (एजेंसियां)। कर्नाटक सरकार ने तंबाकू उत्पादों को लेकर एक सख्त कानून को अधिसूचित कर दिया है। इस नए कानून के तहत अब तंबाकू खरीदने की न्यूनतम उम्र 18 से बढ़ाकर 21 साल कर दी गई है, साथ ही सार्वजनिक जगहों पर तंबाकू का उपयोग पूरी तरह से प्रतिबंधित कर दिया गया है। यह अधिसूचना 30 मई को जारी की गई, जब राष्ट्रपति ने 23 मई को सिगरेट और अन्य तंबाकू उत्पाद (विज्ञापन पर प्रतिबंध और व्यापार, उत्पादन, आपूर्ति और वितरण का विनियमन) कर्नाटक संशोधन विधेयक, 2024 को अपनी मंजूरी दी। नए कानून के अनुसार, अब कोई भी व्यक्ति किसी भी सार्वजनिक जगह पर तंबाकू का इस्तेमाल नहीं कर सकता। हालांकि, कुछ विशेष जगह जैसे, 30 कमरे या उससे ज्यादा वाले होटल, 30 या उससे ज्यादा लोगों के बैठने की क्षमता वाले रेस्टोरेंट, हवाई अड्डों इन जगहों पर विशेष स्मोकिंग जोन बनाए जा सकते हैं। यदि कोई हुक्का बार चलाता पाया गया, तो उसे कम से कम एक साल की जेल, जो बढ़कर तीन साल तक हो सकती है। इसके साथ ही कम से कम 50,000 का जुर्माना, जो बढ़कर एक लाख रुपये तक हो सकता है। नए कानून के मुताबिक अब कोई भी 21 साल से कम उम्र का व्यक्ति तंबाकू या सिगरेट नहीं बेच सकता। इसके साथ ही किसी शैक्षणिक संस्था (स्कूल-कॉलेज आदि) के 100 मीटर के अंदर तंबाकू बेचना प्रतिबंधित है।

वहीं खुली या एक-एक सिगरेट भी नहीं बेची जा सकती। पहले जहां 200 का जुर्माना लगता था, अब 1,000 तक का जुर्माना लगाया जाएगा।



■ खरीदने की उम्र 18 से बढ़ाकर हुई 21 साल

### हुक्का बार पर पूरी तरह से प्रतिबंध

नए कानून की धारा चारए के तहत अब राज्य में हुक्का बार खोलना या चलाना पूरी तरह से प्रतिबंधित कर दिया गया है। इसमें कहा गया है कि कोई भी व्यक्ति अपने नाम पर या किसी और के नाम पर हुक्का बार नहीं खोल सकता, चाहे वो ईटिंग हाउस हो, पब हो, बार हो, रेस्टोरेंट हो या किसी भी नाम से चलने वाला कोई भी स्थान हो।

# सतारा में दो साल बाद कोविड ने फिर पसारे पांव

**मुंबई,** 31 मई (एजेंसियां)। महाराष्ट्र के सतारा जिले में कोविड-19 के प्रसार ने स्वास्थ्य अधिकारियों की चिंता बढ़ा दी है। स्वास्थ्य अधिकारियों ने कहा है कि मौजूदा समय में दो मरीजों का इलाज चल रहा है, जिनमें से क्रांति सिंह नाना पाटिल जिला अस्पताल में एक 70 वर्षीय महिला की हालत गंभीर है और उसे वेंटिलेटर पर रखा गया है। वहीं कराड के सह्याद्री अस्पताल में एक 40 वर्षीय व्यक्ति की हालत स्थिर है। डॉ. युवराज कार्पे के अनुसार, पहले से ही स्ट्रोक की जटिलताओं से जूझ रही बुजुर्ग महिला को गंभीर स्थिति में भर्ती कराया गया था, जबकि पुरुष मरीज को पहले से कोई स्वास्थ्य समस्या नहीं है और उसके स्वास्थ्य में सुधार हो रहा है। सतारा जिले में पहली बार 2020 में कोविड-19 के मामले सामने आए थे, जिसके बाद के दो वर्षों में दो लाख से अधिक संक्रमण और कई मौतें दर्ज की गई थीं। इस क्षेत्र में 2022 के अंत से कोरोना का कोई नया मामला सामने नहीं आया था। जिला अस्पताल ने वेंटिलेटर, ऑक्सीजन और आवश्यक दवाओं से लैस 20-बेड वाले गहन चिकित्सा कक्ष (आईसीयू) के साथ एक समर्पित कोविड वार्ड स्थापित किया है।

# आखिर डोनाल्ड ट्रंप ने क्यों की सीजफायर की घोषणा : अजय राय

## एस.जयशंकर से ऑपरेशन सिंदूर को लेकर किया सवाल

**लखनऊ,** 31 मई (देशबन्धु)। उत्तर प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष अजय राय ने विदेश मंत्री एस.जयशंकर से 'ऑपरेशन सिंदूर' को लेकर सवाल किया। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने कहा कि सीजफायर की जो घोषणा की गई, वह प्रधानमंत्री ने नहीं की, बल्कि अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने की।

प्रधानमंत्री को इस बात का जवाब देश की जनता को देना चाहिए, क्यों उन्होंने यह घोषणा की। देश की जनता और हम सब भी इसका जवाब सुनना चाहते हैं, मगर प्रधानमंत्री की तरफ से इस पर कुछ नहीं कहा जा रहा। सिर्फ पाकिस्तान के गिड़गिड़ाने की बात बोल रहे हैं। मुझे भी लगता है कि पाकिस्तान गिड़गिड़ाया होगा और उसने हमारी सेना के सामने हाथ जरूर जोड़े होंगे, लेकिन सीजफायर की जो घोषणा की गई है, उसका जवाब देश जानना चाहता है। अजय राय ने विदेश मंत्री जयशंकर से भी सवाल पूछा। उन्होंने कहा कि निश्चित रूप से देखिए पाकिस्तान में जितने आतंकवादी ठिकाने और आतंकवादी हैं। आपके (सरकार) विदेश मंत्री ने उन्हें पहले ही बता दिया कि हम आतंकवादियों के अड्डों पर हमला करने वाले हैं तो क्या आतंकवादी वहां बैठकर इंतजार करेंगे। मसूद अजहर भी भाग गया होगा।

पहलगाम में हमारे बच्चों को मारने वाले भाग गए होंगे। विदेश मंत्री एस. जयशंकर के बयान का क्या असर हुआ है। आप देख सकते हैं। निश्चित रूप से गृह मंत्री और प्रधानमंत्री को पूछना चाहिए कि इस तरह के बयान कैसे आते हैं। मैं समझता हूं कि आतंकवादी और उनके अड्डों को खत्म करना चाहिए। कांग्रेस नेता ने केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह के बयान पर भी पलटवार किया। उन्होंने कहा कि सबूत कौन मांग रहा है।



**निर्णय** *भारी बारिश व भूस्खलन से सड़कों के अवरुद्ध होने के चलते सिक्किम सरकार ने उठाया कदम*

# उत्तरी क्षेत्र में पर्यटक वाहनों के परिचालन पर लगाई रोक

**गंगटोक, 31 मई (एजेंसियां)। सिक्किम सरकार ने भारी बारिश व भूस्खलन से सड़कों के अवरुद्ध होने के कारण राज्य के उत्तरी क्षेत्र में पर्यटक वाहनों के परिचालन पर प्रतिबंध लगा दिया है। भारी बारिश के कारण तीस्ता नदी उफान पर है। गुरुवार रात नदी में वाहन गिरने के बाद लापता लोगों को** खोजने के लिए बचाव अभियान प्रभावित हुआ है। शनिवार को यहां जारी आधिकारिक बयान के अनुसार सभी टूर ऑपरेटरों को सूचित करने का निर्देश दिया गया है कि शुक्रवार रात को लगातार बारिश होने से चुंगथांग की ओर जाने वाली सड़क अवरुद्ध है और वाहनों को उत्तरी सिक्किम के लिए अनुमति नहीं दी जाएगी। बयान में कहा गया है कि उत्तरी सिक्किम के लिए जारी किए गए अग्रिम परमिट रद्द माने जा सकते हैं। नामची में लेगशिप और केवजिंग के बीच 7वें मील पर एक दुर्घटना के कारण दक्षिण सिक्किम की ओर जाने वाला मुख्य मार्ग भी अवरुद्ध हो गया। इस मार्ग पर एक पिकअप तेल टैंकर पलट गया, जिससे मार्ग बाधित हो गया। रिपोर्ट में कहा गया कि कोई हताहत नहीं हुआ। शुक्रवार रात भारी बारिश के बाद उत्तरी सिक्किम के फोडोंग गांव में खतरनाक जल प्रवाह के कारण तीस्ता नदी क्षेत्र का जल स्तर बढ़ गया है। उत्तरी जिले के चुंगथांग की ओर भूस्खलन के कारण सभी पर्यटक परमिट रद्द कर दिए गए हैं। उत्तरी जिले के जिला मजिस्ट्रेट ने लोगों से कहा कि तीस्ता नदी में आई बाढ़ के बाद घबराने की नहीं बल्कि सतर्क रहने की आवश्यकता है। जिला मजिस्ट्रेट ने कहा, स्थिति के अनुसार अधिकारी समय-समय पर जानकारी देते रहेंगे। यह मंगन जिले के लिए रेड वार्निंग (कार्रवाई करें) है। इसका असर गंगटोक जिले के डिकचू से सिंगताम तक के क्षेत्र पर पड़ेगा। उत्तरी क्षेत्र में बाढ़ जैसी स्थिति पैदा हो सकती है, जो चीन सीमा पर बर्फीली पहाड़ियों से घिरा हुआ है। तीसा नदी में आई बाढ़ ने एक वाहन की खोज और बचाव अभियान को बुरी तरह प्रभावित किया है।

गौरतलब है कि गुरुवार रात चुंगथांग के पास एक वाहल तीस्ता में गिर गया था। वाहन पर 11 लोग सवार थे। बचावकर्मियों ने एक शव निकाला और दो लोगों को बचा लिया। शेष आठ लोगों का फिलहाल पता नहीं चल पाया है। अपुष्ट सूत्रों के अनुसार ओडिशा की नेता इतिश्री नायक और उनके बड़े पुत्र सोहेल का फिलहाल पता नहीं चल पाया है। एक अन्य घटना में ओडिशा और पश्चिम बंगाल के पर्यटक सिक्किम में पंजीकृत एक कार किराए पर लेकर लाचुंग की ओर निकले थे। इस दौरान उनकी कार फिसलकर करीब 1,000 फुट नीचे तीस्ता नदी में जा गिरी।



■ भूस्खलन के कारण चुंगथांग की ओर सभी पर्यटक परमिट रद्द

■ जल प्रवाह के कारण तीस्ता नदी क्षेत्र का जल स्तर बढ़ा

# साहित्य

कथाकार, पत्रकार, पटकथा लेखक, इप्टा के संस्थापक सदस्य पद्मश्री ख्वाजा अहमद अब्बास की आज पुण्यतिथि है। ख्वाजा अहमद अब्बास का जन्म 7 जून 1914 को पानीपत में हुआ था, 1 जून 1987 को महज 72 वर्ष की उम्र में मुंबई में उन्होंने आखिरी सांस ली। ख्वाजा साहब उच्चकोटि के लेखक थे, यह बताने की जरूरत नहीं, उनका लेखन ही इसकी गवाही देता है। यहां पाठकों के लिए प्रस्तुत है उनकी मशहूर रचना बनारस का ठग, जो दशकों पहले लिखी गई है, लेकिन मालूम पड़ता है कि आज के हालात बयां हो रहे हैं। ■ संपादक

## बनारस का ठग

■ ख्वाजा अहमद अब्बास



रेलवे स्टेशन पर वाराणसी लिखा था। पुलिस स्टेशन के बाहर वाराणसी लिखा था। अस्पताल पर वाराणसी लिखा था। शराब की दुकान पर वाराणसी लिखा था। अफीम, गांजा और चरस की दुकान पर वाराणसी लिखा था। किताब की दुकान पर वाराणसी लिखा था। दवा की दुकान पर वाराणसी लिखा था। हकीम हाजीक-उल-मुल्क के क्लीनिक पर वाराणसी लिखा था। पिंजरापोल (बूढ़े या बीमार जानवरों के लिए एक घेरा) पर वाराणसी लिखा था। गौशाला पर वाराणसी लिखा था। पागलखाने पर वाराणसी लिखा था।

डाकघर में एक के बाद एक चिट्ठियों पर मुहर लग रही थी: वाराणसी, वाराणसी, वाराणसी; हथौड़े की चोट की तरह, तबले की ताल की तरह, वाराणसी वाराणसी, वाराणसी।

लेकिन जब यात्री ने एक राहगीर से पूछा, ' भाई , यह कौन सा शहर है?' तो उसका जवाब था, 'बनारस'।

अब तक खोया-खोया और भ्रमित-सा यात्री अचानक राहत से मुस्कुरा उठा। उसकी काली आँखें पुरानी यादों से चमक उठीं। उसके सूखे होठों पर मासूम मुस्कान उभर आई। वह वही बच्चा था जो माँ के पास घर आया था और कह रहा था, 'माँ, मैं आ गया।' यात्री बहुत दूर से आया था, लेकिन उसके चेहरे पर थकान का कोई निशान नहीं था। उसके घर में धुले हुए खुरदरे कपड़ों पर यात्रा की कोई गंदगी नहीं थी। उसके पास न तो बिस्तर था, न ट्रंक, लेकिन न जाने क्यों, ऐसा लग रहा था कि वह अपने कंधे पर बहुत बड़ा बोझ ढो रहा है।

उसे ठहरने की जगह चाहिए थी, इसलिए उसने एक राहगीर से पूछा, 'भैया, यहां भूली-भटियारन की सराय है?' 'नहीं,' जवाब मिला, 'लेकिन वहां एक मुस्लिम मुसाफिरखाना है।' 'गैर-मुसलमान कहां ठहरते हैं?' 'हिंदुओं के लिए कई धर्मशालाएं हैं।' 'और जो न मुसलमान हैं, न हिंदू?' उस आदमी ने एक होटल की ओर इशारा किया। बाहर एक बोर्ड लगा था, होटल वाराणसी, वाराणसी। यात्री यह सोचते हुए अंदर गया कि वाराणसी नाम दो बार क्यों लिखा है। अचानक उसने एक भयानक दृश्य देखा। एक काला सांप अपनी पूरी ऊंचाई पर उठा हुआ उसकी ओर बढ़ रहा था। वह उसके रास्ते से हट गया, लेकिन उस खूंखार अजगर को एक अर्धनग्न विदेशी महिला के सीने और कूल्हों से लिपटा देखकर और भी हैरान हो गया।

एक दाढ़ीवाला जादूगर कह रहा था, 'अजगर मेमसाब! अजगर से मत डरो मेमसाब! फोटो खींचो, सिर्फ दो रुपए।' भाषा न समझने वाले यात्री ने सोचा कि दाढ़ीवाला सपेरा अजगर से औरत पर हमला कर रहा है। इसलिए वह आगे बढ़ा और दोनों हाथों से सांप को पकड़कर जमीन पर पटक दिया। विदेशी महिला अपनी भाषा में चिल्लाने लगी। सपेरे ने यात्री की गर्दन पकड़ ली, 'क्या बकवास है, बुड्ढे! तुमने मेरा काम खराब कर दिया।' फिर उसकी आंखों में समझ की चमक आई। 'तो तुम भी जादूगर हो!' यात्री ने कहा, 'मैं जादूगर नहीं हूं, लेकिन तुम क्या कर रहे थे? यह बेचारी विदेशी महिला मर सकती थी।' 'चले जाओ, मूर्ख! सांप के दांत नहीं थे। मेमसाब ने उसे सिर्फ लोगों के फोटो खींचने के लिए गले में पहना था। जाओ, हमारे रास्ते से हट जाओ पागल।'

फिर उसने औरत की तरफ देखा और अपनी खोपड़ी की तरफ इशारा किया। 'मेमसाब, बुड्ढे, पागल आदमी, दिमाग नहीं है, पागल आदमी। अब अजगर प्यार करेगा, मेमसाब, फोटो खींचो, सिर्फ़ दो रुपये।'

अब यात्री होटल मैनेजर से बात कर रहा था। 'क्या मैं इस सराय में रुक सकता हूँ?' 'यह सराय नहीं है , यह होटल है।' 'ओह! अब सराय को होटल कहते हैं? हम्म... मैं यहाँ रुकना चाहता हूँ।' 'आप कहाँ से आए हैं?' 'अच्छा, मैं यहीं रहता हूँ... और मैं यहाँ से इतनी दूर रहता हूँ कि कोई भी उस दूरी का मतलब नहीं समझ सकता।'

मैनेजर को यह बात बिल्कुल समझ में नहीं आई. उसने अपने रजिस्टर में प्रश्नावली भरनी शुरू कर दी.

'आपने यात्रा कैसे की? मेरा मतलब है, आप यहाँ कैसे आए, ट्रेन से?'

'नहीं'

'बस से?'

'नहीं'

'हवाई जहाज से?'

'नहीं। क्षमा करें, हाँ। आप मेरी यात्रा को एक उड़ान मान सकते हैं।'

'आपका सामान कहां है?'

'जहाँ मैं रहता हूँ, वहाँ सामान की कोई ज़रूरत नहीं है।'

'तो आप यहाँ नहीं रह सकते.'

'क्या आप इस होटल के मालिक हैं?'

'नहीं, मैं मैनेजर हूं।'

'मालिक कौन है?'

'स्वामी भगवान काशीद्वारकानाथ भंजम हैं।'

'तो फिर इसे होटल क्यों कहते हो? यह तो मंदिर है और भगवान के मंदिर में कोई भी यात्री मेहमान बन सकता है।'

मैनेजर हंसा, 'लेकिन यहाँ का मालिक किराया मांगता है। एक कमरे का किराया चालीस रुपए प्रतिदिन है। क्या तुम्हारे पास इतने पैसे हैं?'

यात्री क्रोधित हुआ, 'तो फिर इस जगह का मालिक कोई भगवान नहीं, शैतान है। मैं यहाँ नहीं रहना चाहता। मैं जा रहा हूँ।'

यह कहकर वह बाहर निकल गया।

उसके जाने के बाद मैनेजर ने मालवाहक से कहा, 'हमें किन पागलों से निपटना पड़ता है!'

और मालवाहक बोला, 'साहब, वह बहुत खतरनाक पागल है। मैंने अभी-अभी उसे अमेरिकी मेमसाब को परेशान करते देखा था और वह सांप छीनकर भागने ही वाला था।'

'तो तुमने मुझे क्यों नहीं बताया? अगर ऐसे पागल हमारे होटल के आस-पास घूमते रहेंगे तो पर्यटक यहाँ आना बंद कर देंगे।'

फिर उसने फोन उठाया और 4068 डायल किया।

----

अब यात्री भीड़ भरे बाजार में जा रहा था। वह सोच रहा था, मेरे दिनों में इतने लोग नहीं थे। उसने बनारसी साड़ियों और रेशमी कपड़ों की दुकानें देखीं। फिर उसने कुछ दुकानों में ऊनी कपड़े रखे देखे। तो उसने सोचा, यह सर्दियों के लिए अच्छा स्टॉक है; ये सब प्रगति के संकेत हैं।

कुछ दूर जाकर देखा तो सड़क पर मैले-कुचैले फटे-पुराने कपड़े पहने लोग नजर आए। कुछ समझ में नहीं आया। दुकानों में महंगी बनारसी साड़ियों के ढेर लगे थे , पर बाहर खड़ी औरत फटे-पुराने कपड़े पहने थी, जिनसे वह अपना और बच्चे का शरीर ढांपने की कोशिश कर रही थी। उसने दो दुबले-पतले मजदूरों को एक ठेला खींचते देखा। वे भी फटे -पुराने कुर्ते और धोती पहने हुए थे। पास ही एक दुकान में लालाजी अंगीठी पर हाथ ताप रहे थे। दूसरी तरफ, सुनहरे कढ़ाई वाला गर्म ऊनी कश्मीरी दोशाला पहने, सिर पर बीस गज पगड़ी रखे एक मौलवी मस्जिद की तरफ तेजी से बढ़ रहे थे।

तभी एक और बड़ी गाड़ी एक साड़ी की दुकान पर रुकी। एक आदमी उतरा और अंदर चला गया। उसकी काली गोल-मटोल उंगलियों पर हीरे चमक रहे थे, जैसे गंदे बदबूदार नाले के पानी में सितारे चमक रहे हों। किसी ने पूछा, 'क्या तुमने इन्हें पहचाना? ये सेठ करोड़ीमल पकौड़ीमल हैं। इन्होंने ब्लैक मार्केट में एक करोड़ रुपए कमाए हैं, जिनमें से एक लाख का मंदिर बनवाया है । ये अपनी बेटी को पांच लाख का दहेज

जगर से मत डरो मेमसाब! फोटो खींचो, सिर्फ दो रुपए। भाषा न समझने वाले यात्री ने सोचा कि दाढ़ीवाला सपेरा अजगर से औरत पर हमला कर रहा है। इसलिए वह आगे बढ़ा और दोनों हाथों से सांप को पकड़कर जमीन पर पटक दिया। विदेशी महिला अपनी भाषा में चिल्लाने लगी। सपेरे ने यात्री की गर्दन पकड़ ली, 'क्या बकवास है, बुड्ढे! तुमने मेरा काम खराब कर दिया।' फिर उसकी आंखों में समझ की चमक आई। 'तो तुम भी जादूगर हो!' यात्री ने कहा, 'मैं जादूगर नहीं हूं, लेकिन तुम क्या कर रहे थे? यह बेचारी विदेशी महिला मर सकती थी।' 'चले जाओ, मूर्ख! सांप के दांत नहीं थे। मेमसाब ने उसे सिर्फ लोगों के फोटो खींचने के लिए गले में पहना था। जाओ, हमारे रास्ते से हट जाओ पागल।'

देने की योजना बना रहे हैं, इसलिए यहां आए हैं। खास साड़ियां बनवाई हैं, एक-एक साड़ियां पांच सौ रुपए की हैं। समझे?'

यात्री को कुछ समझ नहीं आया। उसे बस इतना समझ आया कि दीवार के पास खड़ी महिला ठंड से कांप रही थी और उसकी गोद में बच्चा नीला पड़ रहा था।

इसी समय पास के मंदिर में एक भजन शुरू हुआ, अचानक यात्री के साथ कुछ गड़बड़ हो गई। वह भजन के साथ-साथ जोर-जोर से गाने लगा, लेकिन यह उसका अपना संस्करण था। बाजार से लोग उसके चारों ओर इकट्ठा होने लगे क्योंकि उसकी आवाज़ उनके दिल को छू गई थी। उन्होंने सदियों से ऐसी आवाज़ नहीं सुनी थी। यात्री गा रहा था:

हे भगवन्- क्या यह आपका दरबार है ?
जहां अंतहीन उत्पीड़न है?
जोकर महलों में रहते हैं,
चोर-लुटेरे मौज-मस्ती करते हैं,
मूर्ख को बुद्धिमान कहते हैं,
बुद्धिमान को गँवार कहते हैं,
एक ऊनी वस्त्र पहने हुए है,
दूसरा बाज़ार में नंगा खड़ा है,
क्या यह आपका दरबार है ?
हे भगवन् , यह सरकार क्या है ?

यह सुनकर किसी ने कहा, 'वह जरूर कोई कम्युनिस्ट होगा।' दूसरे ने कहा, 'वह कबीरपंथी लगता है। ये शब्द कबीर जैसे हैं।' तीसरे ने कहा, 'नहीं, नहीं। आजकल के कबीरपंथी कबीर के शब्द नहीं गाते।' चौथे ने कहा, 'मैं कहता हूं, वह पागल है। बेचारा पागल है।' पांचवें ने कहा, 'कितना खतरनाक पागल है, जो ऐसे खतरनाक भजन गाता है !' छठे ने कहा, 'वह तो सिर्फ गा रहा है, बेचारा, वह कोई नुकसान नहीं कर रहा।' सातवें ने कहा, 'तुम्हें कैसे पता? ऐसे शब्दों से आग लग सकती है।' आठवें ने कहा, 'ऐसे शब्द जहरीले सांप हैं। इनके काटने का कोई इलाज नहीं है।'

अचानक किसी ने कहा, 'देखो, पागल आदमी क्या कर रहा है!' सबने पलटकर देखा कि यात्री ने सेठ की शॉल उतारकर एक रिक्शावाले को दे दी थी जो फटी हुई शर्ट और पैंट में ठिठुर रहा था। शॉल मिलते ही उसने जल्दी से अपना रिक्शा आगे बढ़ाया और नज़रों से ओझल हो गया। सेठजी अभी सहायता के लिए चिल्ला ही रहे थे कि मस्जिद से लौट रहे मौलवी ने चिल्लाना शुरू किया, 'अरे, अरे दोशाला , चोर के पीछे भागो, उसके पीछे भागो, वह चुरा ले गया है।' लेकिन मुसाफिर ने वह ऊनी दोशाला भिखारिन को दे दी, जिसने अपने बच्चे को उसमें लपेटा और नज़रों से ओझल हो गई। अब सभी मुसाफिर को ढूँढ रहे थे, लेकिन मुसाफिर गायब हो चुका था। मौलवी की दाढ़ी क्रोध से काँप रही थी; वे लगातार बुदबुदा रहे थे, मानो नमाज़ पढ़ रहे हों। 'अरे, मज़हर - उल - अजैब , बदमाश यहीं था और अब चला गया। किसी ने कहा, 'ये दिनदहाड़े डकैती है। सेठजी और मौलवी को थाने में रिपोर्ट दर्ज करानी चाहिए। चोर तुरंत पकड़ा जाएगा।'

दूसरे ने कहा, 'वह चोर नहीं है। वह ठग है। उसने हमारी आँखों में धूल झोंकी और शॉल लेकर गायब हो गया।' तीसरे ने कहा, 'वह सचमुच ठग नहीं लग रहा था, वह तो एक सीधा-सादा बूढ़ा आदमी लग रहा था।' दूसरे ने उत्तर दिया, 'बनारस में अधिकांश लोग भोले-भाले दिखते हैं। वह निश्चित रूप से ठग था।' चौथे ने कहा, 'मुझे नहीं लगता कि वह चोर या ठग था, अन्यथा वह चोरी का माल खुद ही ले जाता। दूसरों को क्यों देता? वह पागल होगा। वह पागल आदमी होगा।' सेठ जिसका पेट क्रोध से वैसे ही काँप रहा था जैसे मौलवी की दाढ़ी क्रोध से काँप रही थी, बोला, 'यह पागलपन बहुत खतरनाक है, अगर ऐसे दो-चार पागल और आ गए तो हमारा धंधा चौपट हो जाएगा।' यह कहकर उसने पास पड़े फोन पर डायल किया... 4068।

---

वहाँ से बहुत दूर, सारनाथ के खंडहरों में यात्री घूम रहा था। यात्री बहुत देर तक भगवान की मूर्ति के सामने खड़ा रहा; गौतम की अभयमुद्रा उसे सांत्वना दे रही थी और वे पत्थर की आँखें, जो दुनिया के दर्द को समझ चुकी थीं, उससे बातें करती रहीं। यात्री की आँखें मौन की भाषा बोल रही थीं, 'मुझे शक्ति दो, मुझे शांति दो, हे शाक्यमुनि, बहुत दिनों के बाद मैं लौटा हूँ।'

गौतम के होंठ बिना हिले-डुले बोल उठे। 'तुम कहीं से वापस नहीं आए। तुम कभी कहीं गए ही नहीं। तुम लोगों के दिलों में सोए हुए थे। अब तुम उनके दिलों में जाग गए हो। तुम यहीं रहोगे। तुम यहीं हो...हर जगह, जैसे मैं यहाँ हूँ, मैं वहाँ हूँ, मैं हर जगह हूँ। हम हर जगह हैं। हम हर समय में हैं। लेकिन आज, खास तौर पर, हम यहाँ हैं, यहीं।'

फिर वह बुद्ध मंदिर की ओर चला गया। प्रवेश द्वार पर उसने संगमरमर की पटियाएँ देखीं, जिन पर धनी दानियों के नाम खुदे हुए थे; उनमें सेठ करोड़ीमल पकौड़ीमल भी थे, जिनकी शॉल उसने आज ही ली थी।

'यह क्या है?' उसने एक भिक्षु से पूछा । पीले वस्त्र पहने भिक्षु ने कहा, 'ये उन दानवीरों के नाम हैं जिन्होंने मंदिर निर्माण के लिए पैसे दिए हैं।' वह मंदिर में घुस गया। वहाँ उसने देखा कि लाखों-करोड़ों मनुष्यों को मुक्ति देने वाली महान आत्मा एक पीले धातु के आवरण में थी। भिक्षु बोला, 'मूर्ति के चारों ओर यह आवरण आठ मन सोने से बना है।'

और यात्री ने उत्तर दिया, 'यह सोना कितनी शक्तिशाली धातु है; यह बुद्ध जैसी आत्मा को अपनी मुट्ठी में रख सकता है!' यह टिप्पणी भिक्षु की समझ से परे थी। इस बीच, उसने देखा कि भिक्षु पेंटिंग, मूर्तियाँ और किताबें बेचने वाली दुकान पर खड़ा था। यात्री ने एक और भिक्षु को देखा जो बुद्ध की मूर्ति के सामने लगातार दंडवत कर रहा था। 'लेकिन महात्मा बुद्ध ने कहा था, 'मेरी मूर्ति कभी मत बनाना।' उन्होंने यह भी कहा, 'कभी किसी मूर्ति के सामने दंडवत मत करना।'

लेकिन भिक्षु कोई प्रार्थना कर रहा था और हर बार वह जमीन पर गिर जाता और अपना माथा रख देता। यात्री ने देखा कि ठंडे संगमरमर के फर्श पर भिक्षु ने एक गर्म ऊनी शॉल बिछा रखा था ताकि उसका शरीर ठंडे फर्श को न छुए। उसे लगा कि यह झूठी भक्ति भगवान बुद्ध का अपमान कर रही है; कि भिक्षु बुद्ध की पवित्र आत्मा का मजाक उड़ा रहा है। इसलिए वह नीचे झुका और एक झटके में उसने ऊनी कपड़ा खींच लिया, बहुत से भिक्षु, पहरेदार, पर्यटक उसके पीछे दौड़े, लेकिन यात्री हवा में गायब हो गया। 'वह पागल आदमी है, महाराज।' भिक्षु ने मंदिर के प्रबंधक को बताया जो अपने रजिस्टर में दान का हिसाब लिख रहा था। और गार्ड ने कहा, 'वह एक खतरनाक पागल है। उसने मूर्ति के सोने के आवरण को टुकड़े-टुकड़े कर दिया, लेकिन एक भी टुकड़ा अपने साथ नहीं ले गया। वह पूरी तरह से पागल है!' मंदिर के प्रबंधक ने कहा, 'बुद्धं शरणं गच्छामि।' और उसकी उंगलियों ने डायल किया...4068।

---

घूमते-घूमते यात्री एक श्मशानघाट पर पहुँच गया। यात्री ने देखा कि एक अकेला बूढ़ा आदमी अपनी बाहों में कफ़न में लिपटा एक शव लेकर जा रहा है। इस अर्थी को कंधा देने वाला कोई नहीं था। यात्री बूढ़े आदमी के पास गया और बोला, 'तुम थक गए हो। मुझे शव दे दो।'

बूढ़ा आदमी बस रोता रहा। उसने शव को यात्री को सौंप दिया और कहा, 'सावधान रहना। यह मेरा इकलौता बेटा है।' उसने 'है' का इस्तेमाल किया क्योंकि वह 'था' नहीं बोल सकता था। वे दोनों घाट पर पहुँचे , जहाँ लोहे के घेरे में लकड़ी के लट्ठों का ढेर लगा हुआ था।

एक पंडा उन पर चिल्लाता हुआ आया, 'तुम लोग यहाँ कैसे आ गए? यह तो राजाओं - महाराजाओं के दाह-संस्कार का स्थान है। यहाँ किसी का दाह-संस्कार करने के लिए पाँच सौ रुपये लगते हैं।'

दूसरी ओर द्वारपालों का एक और समूह था, जो मृत्यु के महल के संरक्षक थे।

पहले व्यक्ति ने कहा, 'लकड़ी के लिए चालीस रुपये लगेंगे। पैसे दे दो।'

दूसरे ने हाथ बढ़ाया, 'पांच रुपए घी के लिए।'

तीसरे ने मुट्ठी खोली, 'पंडित के लिए पाँच रुपये चढ़ावे।'

चौथे ने कुल रकम बताई, 'कुल मिलाकर पचास रुपए।'

'इसके अलावा ठेकेदार को सवा रुपया।'

'ठेकेदार?' यात्री आश्चर्यचकित हुआ। 'क्या किसी ने मौत का ठेका ले रखा है?'

'हाँ, बिना सवा रुपया दिए यहाँ किसी का दाह संस्कार नहीं हो सकता।'

'इक्यावन रुपए और पच्चीस पैसे।'

तीसरे ने कहा, 'अगर तुम्हारे पास पैसे नहीं हैं तो यहां से चले जाओ।'

चौथे ने अपनी छड़ी ज़मीन पर मारी, 'जल्दी करो, काम का समय है।'

बूढ़े व्यक्ति की आंखों से आंसू बह रहे थे और उसने यात्री से कहा, 'मेरे पास कुछ भी नहीं है, जो कुछ भी था, मैंने उसके इलाज पर खर्च कर दिया।'

अचानक एक अमीर आदमी की लाश आई। बैंड-बाजे, फूल-मालाओं के साथ, ऐसा लग रहा था जैसे कोई बारात हो।

मौत के ठेकेदार उस दिशा में भाग गए। यात्री ने देखा कि लकड़ियों के एक बड़े ढेर पर चिता जल रही थी; उसने उस पर बूढ़े के बेटे का शव रख दिया। कुछ ही मिनटों में एक की जगह दो शव जलने लगे।

बूढ़े ने कहा, 'धन्यवाद भाई,' और फूट-फूट कर रोने लगा। उसके रोने की आवाज सुनकर मौत के ठेकेदार भागे। जब उन्होंने देखा कि बिना उनका हक चुकाए एक और लाश जल रही है, तो उन्होंने अपनी लाठियां उठा लीं।

यात्री ने बहुत धीरे से कहा, 'वह अभी मरा है और तब भी मरेगा। उसे जलाया जाए या नहीं, इससे उसकी आत्मा पर कोई फर्क नहीं पड़ेगा। लेकिन उसका बूढ़ा पिता व्याकुल हो जाएगा।' फिर उसकी आवाज में कठोरता का भाव आया, 'और मैं ऐसा नहीं होने दूंगा।' वह चिता और मौत के ठेकेदारों के बीच खड़ा था।

'बूढ़े आदमी, हम तुम्हें इस आग में फेंक देंगे।'

'ऐसा करो। अब मैं जलने, डूबने या मौत के किसी भी डर से मुक्त हूँ। लेकिन याद रखना मैं तुममें से कम से कम एक को अपने साथ इन लपटों में घसीट कर ले जाऊँगा।'

लाठी लिए वह आदमी उसकी ओर बढ़ने ही वाला था कि भीड़ में से कोई चिल्लाया, 'उसके पास मत जाओ। वह पागल आदमी है। लाठी चलाने वाला पीछे हटा और युवक का शव जला दिया गया। जब आग की लपटें शांत हुईं तो उन्होंने देखा कि पागल आदमी गायब हो गया था और बूढ़ा आदमी अकेला खड़ा राख टटोल रहा था।

'चलो, थाने में जाकर कह दें कि वह पागल आदमी यहीं कहीं है।'

स्टेशन हाउस ऑफिसर ने उनकी रिपोर्ट को बहुत ध्यान से सुना। उसने फोन उठाया और 4068 डायल किया।

--

ठंडी सुनसान सड़क पर शिकारी कुत्ते और पुलिस उस पागल आदमी की तलाश कर रहे थे। वह आदमी, जिसने एक दिन में पूरे शहर को उलट-पुलट कर दिया था।

तारों की रोशनी में, एक सफेद इमारत दिखाई दे रही थी। उसके बगल में कुछ लोग आग के पास बैठे थे।

'ये बिल्डिंग क्या है भाई? एक तरफ से मस्जिद और दूसरी तरफ से मंदिर जैसी दिखती है।'

'यह मस्जिद और मंदिर दोनों था। इसे बादशाह अकबर के समय में बनाया गया था ताकि हिंदू और मुसलमान, सभी धर्मों के लोग एक ही जगह पर प्रार्थना कर सकें। फिर औरंगजेब ने इसे तोड़कर मस्जिद बना दिया। फिर किसी राजा ने इसे मंदिर में बदल दिया।' 'और अब यह क्या है?' यात्री ने पूछा। 'अब यह न तो मंदिर है, न ही मस्जिद, यह कुछ भी नहीं है।'

'मेरे जैसे व्यक्ति के लिए जो सब कुछ है और कुछ भी नहीं है, जो हर जगह है और कहीं भी नहीं है, मेरे लिए यह सही जगह है।'

वह अभी भी इमारत के बाहर ही था जब शिकारी कुत्तों की आवाजें बहुत करीब से आने लगीं।

--

थाने के अंदर पुलिस सब इंस्पेक्टर ने पूछा, 'बूढ़े आदमी, आपका नाम क्या है?'

यात्री ने अपना नाम बताया।

'आप क्या करते हैं?'

'पहले मैं जुलाहा था, जिसे तुम बड़े लोग जुलाहा कहते हो। मैं कपड़ा बुनता था। प्रेम की चादर और ज्ञान के ताने से मैंने सत्य की चादर बुनने की कोशिश की । लेकिन मेरा करघा कब का टूट गया। मैं उसे ढूँढ़ने आया था, यह सोचकर कि शायद किसी को मिल गया हो और वह मेरा काम कर रहा हो। लेकिन तुम लोगों ने मुझे समय ही नहीं दिया।'

'वह सचमुच पागल है,' सब-इंस्पेक्टर ने अपने हवलदार से कहा।

'हम उसे तुरंत भेज देंगे, वरना कौन जाने रात में वह क्या करेगा।'

फिर उसने फोन उठाया और डायल किया...4068.

दूसरी तरफ से आवाज आई, 'नमस्ते, यह पागलखाना है।'

सब-इंस्पेक्टर ने कहा, 'सुनो, बनारस का वह ठग पकड़ा गया है। लेकिन वह ठग नहीं है। बूढ़ा पागल है। हम उसे तुरंत भेज रहे हैं। अगर तुम उसे अभी दाखिल कर सको तो शुक्रिया।'

दूसरी तरफ से सवाल आया, 'नाम? उसका नाम क्या है?'

सब-इंस्पेक्टर ने कहा, 'नाम कबीरा है।' और फोन रख दिया।

लेकिन यात्री जा चुका था।

**( अनुवाद : सैयदा सैयदैदैन हमीद )**

## हाना

हाना ठलहा बनिया का करे?
ये कोठी के धआन ल ओ कोठी म करय।
जेन मनखे करा कुछु बुता नइ रहय, काम धंधा नइ रहय त का करथें एक कोठी के धान निकाल के दूसर कोठी म डारथे। तेकर बर ये हाना ल केहे जाथे।

## शब्द अरथ

1. छंदइया–छानने वाला। फंसाने वाला, बांधने वाला
2. छदई – छानने, फंसाने या बांधने की क्रिया या भाव
3. छदउनी– छानने, फंसाने या बांधने का खर्च या पारिश्रमिक
4. छंदना– छानने के लिए प्रयुक्त वस्तु फंसना, बंधना
5. छदनी–छदना
6. छंदल– छना हुआ,फंसा हुआ
7. छंदवइया– छानने, फंसाने या बांधने के लिए दूसरे को प्रवृत्त करने वाला
8. छदवई– छानने, फंसाने या बांधने के लिए दूसरे को प्रवृत्त करने की क्रिया या भाव
9. छदवउनी– छानने, फंसाने या बांधने के लिए दूसरे को प्रवृत्त करने का खर्च या पारिश्रमिक
10. छदवा– छाना हुआ, शुद्ध किया हुआ, फंसा हुआ, बंधा हुआ।

# जइसन संगत तइसन रंगत

बघवा ह जंगल के राजा रहय। ओहा अपन राज्य म शान से किंजरय। दिन म अपन माड़ा म आराम करय अऊ रथिया किंजरय। शिकार करे बर सुरूज डूबे से लेके सुरूज उवे तक के समय तय रहय। जे रथिया शिकार नी मिलय ओ दिन अपन नियम ल टोर घला देवय। राजा ह राजा कस रइहि। ओहा थोरेन कोन्हो नियम धरम ले बंधे रइहि? निडर अऊ दुस्साहसी अऊ स्वाभिमानी रहय। अपन खाय बर खुदे शिकार करय। अपन शिकार के तात–तात लहू पिये म ओला बड़ मजा आय। सरी लहू ल चुहके के पाछू शिकार ल चिर डरय अऊ मास ल हबर–हबर खा डरय। अपन राज म अपन बरोबरी करइया ल पसंद नी करय। काकरो दखल नइ सहि सकय। कोन्हो प्राणी अकड़ नी देखा सकय। ओहा वनराज आय न। काबर काकरो झेल सइहि?

नवागढ़ के जंगल म बघवा के राज चलय। नवागढ़ म एक झन गरीब बामहन देवता रहय। मांगे तब ओकर गुजारा चलय। एक दिन ओहा उही जंगल के रसता ले तिर के गाँव म मांगे बर जात रहय। रेंगत–रेंगत थकगे। हाथ–गोड़ म कुटकुटी पीरा धर लिस। सुसताय बर रुख के छंइहा म बइठ गिस। बर रुख के पीछु डहर बघवा के बघवा के माड़ा रहय। उदुपले गरजे के भान होइस। उपर डहर देखिस बादर एकदम साफ घाम चरचरात रहय। समझ नी अइस। थोरिक बेर म गरजे के आवाज दुगुना जोर से अइस। वनराज के गर्जना आय। बामहन देवता समझ गिस। डर्रागे रुंवा ठाड़ होगे ... डर के मारे लदलद लदलद कांपे लगिस। जोर–जोर से रोना चाहय फेर मुंह डहर ले बक्का नी फूटत रहय। बामहन देवता के देंहे म पछीना के धार फूटे लगिस।

बर रुख म एक ठन तोता अऊ हंस बइठे रहय। दुनों बामहन देवता ल देखत रहय। दुनों बामहन देवता के आगू म आगे। बामहन देवता आंखी ल मुंद लिस। ओला हिम्मत बंधावत तोता किथे–डरव झन महराज। ये जंगल के राजा बघवा आय। ओहा जतका तेज हे ततके दयालु घला हे। तुमला कुछु नी करय। ओकर दुवारी म आय हव ...त खाली हाथ नी जावन देवय। कुछ न कुछ भेंट जरूर दिही। तोता अऊ हंस ह वनराज के मंत्री रिहिन। तोता ह आश्वासन देवत गोठियातेच हे, ओतके बेर हंस उड़ागे अऊ थोकिन बेर म लहुटके सोन–चांदी के अबड़ अकन गहना गुठा दे के बामहन देवता के बिदा करिस। जिनगी म अतेक अकन सोना–चांदी नी देखे रिहिस। आंखी चौंधियागे अऊ मुंह उले के उले रहिगे।

> बर रुख म तोता अऊ हंस दिखत नी रहय न उंकर आवाज आत रहय। उंकर उपस्थिति के भान नी होत रहय। एक ठन कऊवां उड़ात दिखिस । कोलिहा के झलक दिख गिस। वनराज के मंत्रीमंडल म बदलाव हो चुके रिहिस। हंस अऊ तोता के जगा म कउवां अऊ सियार मन आ चुके रिहिन।

प्राण दान अऊ धन दान दुनों पाके महराज अपन घर लहुट गिस। गहना गुठा देख के महराजिन भारी खुश हो गिस। अब बामहन देवता ला मांगे बर जाय ल नी परय। सुख से दिन बीते लगिस। बइठे–बइठे तरिया के पानी नी पुरय। महराज के धन दोगानी खिरे लगिस। फाका के नौबत फेर आय लगिस। एक दिन महराजिन किथे– एक बेर अऊ उही रसता म जातेव अऊ बघवा तिर ले धन दोगानी मांगतेव। ये पइत मुंह फुटकार के मांगिहौ अऊ जादा अकन मांगिहौ ताकि जादा दिन तक मांगे ल झन परय। महराज ह पहिली मना करिस अऊ महराजिन ल समझाइस फेर महराजिन के जिद के आगू म नी चलिस। ओहा खुद जाय के जिद करिस। बामहन देवता ह, बम्हनिन ल समझा नी सकिस। ओकर आगू हारगे अऊ राम नाम जपत उही बर रुख तिर म फेर पहुंचगे।

बर रुख म तोता अऊ हंस दिखत नी रहय न उंकर आवाज आत रहय। उंकर उपस्थिति के भान नी होत रहय। एक ठन कऊवां उड़ात दिखिस । कोलिहा के झलक दिख गिस। वनराज के मंत्रीमंडल म बदलाव हो चुके रिहिस। हंस अऊ तोता के जगा म कउवां अऊ सियार मन आ चुके रिहिन।

हंसा रिहिस ते मर चुकिस, सुवना चल दिस पहार।
अब उंकर मंत्री बन गिन कउवां अऊ सियार॥

अब इही मंत्री मन के बनाय नीति अऊ नियम के अनुसार जंगल म राज चलय अऊ वनराज के बुता होवय। वनराज ल कऊवां के माध्यम ले मनखे आय के सूचना मिल गिस अऊ कोलिहा ले सलाह मिलिस के घर म आय शिकार ल छोंड़ना नी चाहि। अइसे भी मनखे के शिकार बहुत मुश्किल से हो पाथे महराज। मौका ल झन गंवावव।

बिगन देरी करे वनराज अपन माड़ा ले निकलिस अऊ आते भार बामहन देवता के उपर म छलांग लगावत ओकर टोंटा म अपन दांत गड़ियाय लगिस। बामहन देवता ल 'संसर्गजा दोष–गुणा भवंति' नीति के सुरता आय लगिस। फेर अब का हो सकत हे? ओहा काल के चंगुल म फंस चुके रिहिस। धोखा खागे बपरा महराज ह .. आज प्राण गंवा बइठिस।

संग के प्रभाव ले स्वभाव बनथे अऊ बिगड़थे। सियान मन ठीके कहे हे– जइसन संगत तइसन रंगत।

**गजानंद प्रसाद देवांगन,**
**छुरा**

## हाइब्रिड चावल के उत्पादन

आज ले साठ बछर पहिली बौना वेरायटी के धान आये रहिस हे। उही समय गंगई बीमारी धान म लगय। ये बीमारी अइसना रहिस हे, के पूरा धान के बाली ल दू दिन म खतम कर देवय। एखर बर दवाई निकलिस। उही बेरा म केमिकल खातू आना शुरु हो गे। दवाई अउ खातू ले फसल जोरलगहा होय ले लगगे। फेर शुरु होइस अनुसंधान, रंग–रंग के धान के प्रकार निकालना। बीमारी ले प्रतिरोधक क्षमता के धान निकलिस।

कोई साठ दिन म पक जथे। कोई म बीमारी नई लगय। कुछ मन ये सब ल अपनावत गीन। कुछ मन अपन देशी किस्म ल छोड़बे नई करिन। ये सिलसिला आज तक चलत हावय। खोज–खोज अउ खोज।

इंदिरा गांधी कृषि महाविद्यालय ह अनुसंधान केंद्र आये। पहिली छत्तीसगढ़ म बादशाह भोग, दूबराज, जीराफूल, तरुण भोग के अधिकता रहिस हे। क्षेत्रियता के आधार म बहुत नवा–नवा किसम के धान मिलय। मोटा धान सफरी अलग होवय येला नौकर–चाकर मन खावत रहिन हें। मोटा होय के कारण देरी ले पचय त बनिहार मन येला पसंद करंय। कारी कमरिया कारी कमौत घलो बहुत सुगंधित चावल रहिस हे। भिलाई तीन ले जब बस निकलय त हवा के झोंका म येखर खुशबू भरे राहय। अब नंदागे हावय।

आज ये सब धान मन म संशोधन होवत हावय देशी बीज ह सैकड़ों बछर ले ओ जगह के परिस्थिति अनुसार बने रहिथे। उंहा के माटी अउ वातावरण के अनुकूल रहिथे। ये ह जगह–जगह बदले रूप म मिलथे। पूरा छत्तीसगढ़ म सैंकड़ों किसम के धान हावय। ये ह अपन रोग प्रतिरोधक क्षमता ल विकसित करथे। पोषण क्षमता ल विकसित करथे। प्राकृतिक खेती जैव विविधता ल बढ़ावा देथे। ये ह मिट्टी के उपजाऊपन,कीट नियंत्रण अउ जम्मो पारिस्थितिकी तंत्र म संतुलन बना के चलथे। येला बदलना याने देशी बीज म बदलाव लाये ले जैव विविधता म बदलाव लाना आये।

हाइब्रिड या जीनोम संपादित बीज ल हर बछर खरीदे बर परथे। येला खेत म लगाये के बाद देशी धान म बदलाव के डर रहिथे। धान म फूल आथे अउ परागण होथे त ये परागकण उड़िया के बाजू खेत के देशी धान के फूल म गिर जथे। येखर ले धान म बदलाव आ जथे। ओखर अनुवांशिक शुद्धता खतम हो जथे। येखर बर काये करना चाही? येखर बर वैज्ञानिक अउ सरकार ल मिल के सोचना चाही।

कुछ अइसे काम होना चाही के जेखर ले किसान स्वयं ऊपर निर्भर राहय, उत्पादन क्षमता बाढ़य देशी बीज के संरक्षण होवय अउ जैवविविधता सुरक्षित राहय। प्राकृतिक खेती अउ देशी बीज के महत्व ल समझे जाये। नवा किस्म जेमा ओखर जर्मप्लाज्म म बदलाव लान के याने म्यूटेशन के बाद बनथे। इही बीज ल लगातार बोबे त ओखर गुण नष्ट हो जथे। येला हर बछर तैयार करे बर परथे। इही तरह तइयार बीज ल हर बछर खरीदे बर परथे। देशी बीज म ये समस्या नइ रहे।

नवा बीज अउ देशी बीज के बीच के संतुलन बना के रखना चाही। आज कीटनाशक, रासायनिक खाद धरती ल बंजर तो करते हावय फेर बीज म बदलाव घलो लानत हावय। आज के जवांफूल, दुबराज के खूशबू गायब होगे हावय।

किसान भाई मन ल चिंतन करके ही आगू बढ़ना है। हर साल बीज खरीदना हे, के अपन बीज तैयार करना हे। कई ठन किसम जइसे जंवा फूल के कटाई मिंजाई ट्रेक्टर ले नइ होवय। काबर के ये धान के ऊंचाई अधिक हावय त येला बोये बर किसान मन कतरावत हांवय। किसान मन सोच के हमर सैंकड़ों बछर के धान ल बोवंय अउ स्वाद के मजा लेवंय।

**–सुधा वर्मा**

## नान्हे कहिनी

### आंसू

दो बरस के नातिन सीढ़ी चढ़े के उदिम करत रहिस। दूसर सीढ़ी चढ़ती बेरा पैर फिसल गे अउ धड़ाम ले नीचे गिरिस। मैं कुर्सी मं बइठे अखबार पढ़त रहेंव। दऊड़ के गेंव अउ नातिन ला उठाएंव। ओहा जोर–जोर से रोवत रहिस अउ आंखी ले आंसू ढरकत रहिस।

मंय सीढ़ी ला डांटत जोर से बोलेंव–' रे सीढ़ी! तंय मोर नानकुन बेटी ला गिरा देहे। मयं तोला डंडा ले पीटहूं।'

ओही मेर कनेर के नानकुन पतला सोंटी परे रहिस। नातिन ओही सोंटी ला उठा लिस अउ जोर–जोर ले सीढ़ी ला मारे लगिस। एकर साथ हाँसे घलो लगिस। नातिन के आंखी ले आंसू ढरकत रहिस फेर मुखमंडल प्रफुल्लित रहिस।

**डॉ विनोद कुमार वर्मा**

## लू...लू...लू

चट-चट जरत हे लू
आगी असन बरत हे लू
बाहिर झन जाबे रे बईरी
सरसर-सरसर चलत हे लू॥

रुख राई ह घलो मुरझागे
चिरई चुरगुन के डेना फड़फड़ागे
याहा कइसन करत हे लू
लइका-सियान ल धरत हे लू॥

घर-कुरिया सबो ल धरलिस
तरिया-नंदिया ल बस म करलिस
भुंईयां दाई ह घलो थर्रागे
मैनखे ह रे मरत हे लू॥

कपड़ा लत्ता कुछू नई सुहाय
नान्हे कुर्ता म दिन पहाय
रांधे भुंजुवा कोनों झन खाय
तोर संग सबो लड़त हे लू॥

फिरीज-कूलर घलो चिप-चिपागे
मनखे पसीना म थपथपागे
तैं सबके आंखी गड़त हस लू
तैं ह अइसन जरत हस लू॥

येदे कुकुर-बिलई दुनों झपागे
गली खोर म सुन्ना छागे
बरफ वाला हरे बिचारा
जे मंझनी-मंझनियां चलत हे लू॥

खेत-खार, भांठा-कछार
जंगल-झाड़ी, डबरी-पठार
ठगती-बुढ़ती चहुं 'ध्रुव' कहे
तोरे सोर ह चलत हे लू
तोरे सोर ह चलत हे लू॥

**-टिकेश्वर ध्रुव*,**
**अमलीभांठा (हसदा 1.), धमतरी**

## अगम

रुख ले झरे सुक्खा पींयर पान हर कहिस– मैं अब खईता के हो गंय। मैं रुख म रथें, हरियर रहितेंव तब मंय फेर दुनिया बर फर–फूल सिरझाय सकथें। फेर अब तो मंय खईता भर अंव।

–'नहीं पान! तयं खईता नई होय अस। तोला मंय बहार के ले जहूं अउ बेटा बहू, नाती बर रसोई उतारहंव। वोमन बर भानस चुरोहां। बहू–बेटा बुता गंय हें अउ नाती पढ़े!' पान के गोठ ल सुन के, माड़ी– कोहनी करत थुलथुल डोकरी कहिस।

–' अउ ये अइसन नई करतिस तब मंय तोला अपन अंकवार म भर के,अपन म समो लेथें अउ तंय दूसर नावा पान बर खातु– माटी बन जाय रथे। तोर नावा रूप तियार हो जातिस। पान ! इहां कुछु भी खइता नई ये, न कोई कन न कोई क्षन।

येला सुनिस तब पींयर सुक्खा पान के तन न सही फेर मन हरियर हो गय रहिस।

**रामनाथ साहू**

# चेंदरू- 5

## कहिनी

चेंदरू रात भर ठीक से सुत नी सकिस । अब अपन तनि ले कोन्हो जंगली जानवर उपर पहिली ले हमला नी करे के ठान लिस । भालू के गोड़ टूटगे त ओहा कइसे रेंगही। ओकर बाल मन म संसो के बीजारोपण हो चुके रिहिस। रहि रहि के ओकर मन कचोटे लगिस।

रोज बिहिनिया उच अपन टंगिया पजाय ... आज सुत उचके संगवारी मन ला जंगल जाय बर खंधोय ला चल दिस। भालू के डर म कोन्हो संगवारी मन तैयार नी होइन। ओकर दू झन संगवारी जेमा एक झन खोरवा अऊ दूसर सूरदास रिहिस, तिही मन तैय्यार होइन। घर लहुट के अपन टंगिया ला टें डरिस अऊ खांध म धरके,ुनों संगवारी अऊ कुकुर ला धर के, उही तिर चल दिस जे तिर भालू के गोड़ ला मारे रहय। लहू म लथपथ भालू हा उहीच तिर बइठे रहय जे तिर गोड़ टूटे रहय । चेंदरू हा संगवारी मन संग ओकर तिर म गिस अऊ अपन टुकनी म मउहा सकेल के भरिस अऊ भालू के आगू म मढ़ा दिस।

भालू भूख मरत रिहिस अऊ मउहा ओकर पसंद के फल रिहिस। तुरते चट कर गिस। चेंदरू हा भालू ला पूछिस इङ्क अऊ लानो का? भालू ओकर बात ला थोरेन समझही, कलेचुप बइठे रिहिस। चेंदरू हा फेर अपन टुकनी भर मउहा बिनीस अऊ मढ़ा दिस भालू के आगू म। बीते दिन के उना पेट, सांय सांय सफाचट कर दिस भालू हा। चेंदरू समझगे के भालू हा भूख के सेती नी उच सकत हे। भालू ला पेट के फूटत ले खवइस। भालू हा आखिरी म ओकर टुकनी ला तिरिया दिस। तहन चेंदरू हा ओकर तिर म जाके ओला उचे के संकेत करिस।

दुनो हाथ म भालू के टुटहा गोड़ ला धरिस। एती भालू टुंग ले ठाड़ होगे। ओतेक बड़ भालू काय सम्हलही नानुक चेंदरू ले। भालू गिरगे चेंदरू उपर। फेर भालू हा ओला चपकान नी दिस। अपन टुटहा गोड़ ला भुंइयां म तब तक रोपे रिहिस जब तक चेंदरू बाहिर नी निकलिस। चेंदरू के निकलत ले भालू म घला साहस के संचार होगे।

खोरात–खोरात भालू हा जंगल डहर चल दिस। अब चेंदरू अऊ भालू के रोज मिलन होय लगिस। दुनों संगवारी बन गिन। चेंदरू हा रोज ओकर बर मउहा सकेलय अऊ खवावय। बदला म भालू हा कर कुछु नी सकय फेर कृतज्ञता म आंसू ढरक जाय।

चेंदरू के दूसर संगवारी मनला पता चलिस के भालू हा चेंदरू के संगवारी बन चुके हे। अब वहू मन चेंदरू संग जंगल आय लगिन अऊ भालू संग खेले लगिन।

एक दिन गांव के सियान मनला पता चलिस के लइका मन भालू संग खेलथे। ओमन लइका मनला ओती जाय ले मना कर दिन । दू दिन लइका मन जंगल नी गिन तहन उनला खोजत भालू खुदे गांव अमरगे। गांव म पुरूष जात मन नी रहय। नारी जात मन बड़े जनिक भालू ला देख घबरागे। चेंदरू के महतारी हा भालू आहे। बाहिर झन निकलबे। कहत रिहिस चेंदरू कपाट के छेदा ले झांकत रिहिस। चेंदरू हा खोरवा भालू ला चिन डरिस अऊ भागत निकलिस। संगवारी भालू ला देखत गांव के चबराहा भुंकत कुकुर उपर झपागे। कुकुर हा डर के मारे हड़बड़ागे अऊ चेंदरू ला चाबे बर हांव–हांव करत धरे लगिस ... खोरवा भालू हा पूरा जोर लगाके कुकुर उपर कूद दिस। बइहा चबराहा कुकुर चपका के मरगे चेंदरू बांचगे। भालू हा बलदा चुको डरिस, गांव भर के लोगन ला सरी किस्सा आजे पता लगिस। चेंदरू बर सबे मया उमड़गे।

**– हरिशंकर गजानंद प्रसाद देवांगन , छुरा**

# माओवादी सूची ले बाहिर, बस्तर नक्सलमुक्त- सिरतोन के लबारी?




बस्तर, ए नाव सुने ले संग म हिरदे म कतको फोटू एके बेरा म आंखी म उघर आथे। झुंझाट जंगल, उच पहाड़, आदिवासी मन के रीति रिवाज, दंतेश्वरी मइया के भक्ति अउ वो घोर चुप्पी जऊन बरसों ले बंदूक के गूंज म दब गे हेबय। अभी खबर आइस हवय के बस्तर ल केंद्र सरकार माओवादी प्रभावित जिला के सूची ले बाहिर कर दिहिस हे, त सवाल उठथे का एहर बस्तर के सिरतोन म मुक्ति आय, के सिरिफ आंकड़ा के खेल आय?

सरकार कहिथे अब बस्तर सामान्य होगे हेबय। ओकरे ले अब फंड नइ मिलय, न कोनो अब खास योजना के सहायता। सुरक्षा कैंप खुलगे हेंबय, सड़क बनत हवय, स्कूल के बिल्डिंग खड़े होवत हवय। फेर सवाल ए हेबय का ओ बिल्डिंग म पढ़ई के आरो घलाव आवत हेबय? का झीरम घाटी के चुप्पी अब लइका मन के हांसी म बदलगे हेबय?

–का कोलेंग के बस्ती म अब कोनो रतिहा म बिन डर के आगी जरा सकत हेबय?

–का ककनार के महतारी बहिनी मन अब बिन डर बजार जा सकथें?

–का मारडूम के लइका मन किताब संग नाता जोड़ लिए हेंबय?

–का लोहंडीगुड़ा के किसान अब अपन खेत ला सिरतोन म अपन मानत हेंबय के डर के छिहा ओतकेच गरु हेबय?

नक्सलवाद सिरिफ गोली–बंदूक नइ, वोहर एकठन बनेच अविश्वास के परिनाम आय। जब तक जमीन म सुधार, रोजगार, पढ़ई–लिखई, जमीन के हक, अउ इलाज जइसे बुनियादी बात नइ सुधरही, तब तक ए नक्सलमुक्त के दावा अधूरा लगही।

जऊन बस्तर कतको बछर ले शासन ले सवाल करत रिहिस, ओला जवाब देना हे फेर सिरिफ सुरक्षा कैंप ले नइ, भरोसा के पुनर्निर्माण ले। जऊन मन अपन घरवाला ला खोयें, जऊन गांव उजड़ गे, जऊन लइका मन जंगल म गवागे ओमन ला नियाव कइसे मिलही?

का विकास के मतलब सिरिफ सीमेंट के रद्दा होथे? वो भावुक हिरदे तक घलो शासन ल हबरना जरूरी हेबय, जिहां आज घलो डर शासन के चेहरा आय?

हवय खुशी के गोठ आय के बस्तर माओवादी सूची ले बाहिर होगिस। फेर ए खुशी तभे सिरतोन होही जभे ओ हर गांव म स्कूल म घंटी बजही, अस्पताल म इलाज मिलही, अउ जंगल म डर नइ, उम्मीद के उजास लहराही।

बस्तर नक्सलमुक्त होगे ये सुन के आंखी भींज जाथे, फेर हिरदे पूछथे का सिरतोन म? के फेर एहर घलोक एक ठन कागज के सपना आय, जऊन ह बस्तर के पीरा ल ढांक नइ सकय।

**त्रिभुवन लाल साहू**
**( ई ए ), भारतीय इस्पात प्राधिकरण**
**दुर्ग.**

## मया लागे

मया पिरित के नाता जोड़के
संग रहिबो के रद्दा देखाएस
जिनगी जिबो जियत मरत ले
किरिया कसम मोला खवाएस।

मिले के आस म बाट जोहत
रद्दा निहारत सांझ ले पहाएस
मोर खातिर तयं आस लगाके
सुसक सुसक के आंसू बोहाएस।

जियत भर ले मोला मया करबे
दगा देके अपन ले झन अलगाबे
'सोनु' सरिक मयारु नई मिलही
अइसन 'युवा कवि' कहां पाबे!!

**–सोनु नेताम 'माया',**
**रुद्री नवागांव धमतरी**

# बिस्कुट बर कुकुरपंती

## बियंग

दाऊ प्रदीप भोले हर बड़े फजर किंजरे बर निकले रहिस। किंजरत किंजरत रोज कस रद्दा म अवइया कुकुर मन ल बिस्कुट देवत जावत रहिस। तभे कई ठिन कुकुर मन हर दाऊ जी के फेंके बिस्कुट ल पाए– खाए बर एक दूसर संग लड़त–झगड़त खखोल डारत रहीन।

एला देख–देख के दाऊ भोले हर अपन कुबरी छड़ी म कुकुर मन ल मारत–भगावत–झल्लावत कहय– साले कुकुर हो, जिनगी भर कुकुर कटायन होवत अपन कुकुरपना ल देखावत रहव।

बने घंटा भर दू–चार कोस रेंगे के पाछु दाऊजी जब घर लहुटीस तब पता चलिस के हारटफेल होय के खातिर ओखर महतारी के इंतकाल होगिस हे।। गांव म रहोइया महतारी के मरनी के खबर ल पाके सहर म एके संघरा रहोइया भाई मन के भीतर म एकाएक दूध कस उबाल आगिस।

महतारी के तिजोरी म राखे सोन के बिस्कुट के बंटवारा बर ओमन हर आपसी म कुकुरे कस लड़े झगड़े लागिन। जेमा दाऊ प्रदीप भोले हर तको कुकुर कस भूंकत गरजत रहीस। सोन के बिस्कुट बर दाऊ जी के परिवार में मचे महाभारत ल घर के बाहिर जमा कुकुर मन ह अबड़ ताकत रहीन। तभे एक झिन सियनहा कुकुर हर ठठा के हांसत बोलिस–' देखेव रे, बिस्कुट बर तो कुकुर ले जादा मनखे मन ह लड़त–झगरत हावंय। चलव ए मेरन जादा देर रहना ठीक नोहय,काबर कि एमन के झगरा ल देखत रहिबो त हमर पिलवा मन ह तको मनखे के कुकुर कटायन गुन ल धर ली हीं अउ घर के सियान के इज्जत करना तको छोंड़ दीही। सियान कुकुर ला इज्जत देवत ओखर बात ल मानत ओ मेरन सकलाय जम्मो कुकुर ओमेर ले दूसर कोति रेंग दीन।

**विजय मिश्रा 'अमित',**
**सुंदर नगर रायपुर**

# देश विदेश

## श्रीलंका में खराब मौसम के कारण 6000लोग प्रभावित

**कोलंबो।** श्रीलंका में खराब मौसम के कारण लगभग 6,000 लोग प्रभावित हुये हैं। आपदा प्रबंधन केंद्र की नवीनतम रिपोर्ट के अनुसार प्रतिकूल परिस्थितियों ने 1,579 परिवारों के 5,974 व्यक्तियों को प्रभावित किया है, जबकि 1,545 घरों को आंशिक नुकसान पहुंचा है। इस बीच, श्रीलंका के सरकारी सीलोन इलेक्ट्रिसिटी बोर्ड ने मानसून में भारी बारिश और तेज हवाओं के कारण शुक्रवार रात आठ बजे तक 50,000 से अधिक बार बिजली कटौती की सूचना दी है। मौसम विभाग ने शनिवार को चेतावनी दी कि अगले 24 घंटों तक भारी बारिश और 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवायें चलने के आसार हैं। लोगों को गरज के साथ स्थानीय तेज हवाओं और बिजली गिरने से बचने के लिये सावधानी बरतने की सलाह दी गई है।

### इजरायल ने हमास को चेतावनी दी

# अमेरिका के प्रस्ताव को स्वीकार करे हमास या विनाश के लिए रहे तैयार: इजरायल

**यरूशलम,** 31 मई (एजेंसियां)। इजरायल ने हमास को चेतावनी दी है कि वह पश्चिम एशिया के लिए अमेरिका के विशेष दूत स्टीव विटकॉफ की ओर से प्रस्तावित गाजा युद्ध विराम समझौते को स्वीकार करे या विनाश का सामना करने के लिए तैयार रहे। मीडिया रिपोर्टों के अनुसार श्री विटकॉफ के प्रस्ताव में गाजा में 60 दिनों के युद्ध विराम के बदले में दो चरणों में 10 इजरायली बंधकों रिहा करने और 18 शवों को सौंपने की बात कही गयी है। समझौते में 180 फिलिस्तीनियों के शवों के सौंपने के साथ 1,236 फिलिस्तीनी बंदियों और कैदियों की इजरायल द्वारा रिहाई भी शामिल है।

**इजरायली सेना ने गाजा में अपने अभियान को पूरी ताकत के साथ जारी रखा है और बड़े पैमाने पर हवाई,जमीनी तथा समुद्री हमले किए : रक्षा मंत्री इजरायल कैट्ज**



इजरायल के रक्षा मंत्रालय की ओर से जारी बयान के अनुसार रक्षा मंत्री इजरायल कैट्ज ने शुक्रवार को कहा कि इजरायली सेना ने गाजा में अपने अभियान को पूरी ताकत के साथ जारी रखा है और बड़े पैमाने पर हवाई,जमीनी तथा समुद्री हमले किए। इज़रायली सेना ने कल जारी एक बयान में कहा कि वायु सेना ने ज़मीनी बलों के साथ मिलकर गाजा पट्टी में कई ठिकानों पर हमले किये। इस दौरान आतंकवादियों का सफाया हुआ और हथियारों को नष्ट किया गया। साथ ही, आतंकवादियों के भूमिगत ढाँचे भी नष्ट हुए। इस दौरान, इज़रायली सैनिकों पर दो रॉकेट-प्रोपेल्ड ग्रेनेड दागे गए, जिसमें तीन सैनिक मामूली रूप से घायल हो गए। इज़रायली सेना के अनुसार, अक्टूबर 2023 के हमास हमले के दौरान पकड़े गए 251 बंधकों में से 57 गाजा में ही रह गए हैं।

## 'गाजा युद्ध विराम प्रस्ताव पर फिलिस्तीनी गुटों से परामर्श कर रहा है हमास'

**गाजा।** हमास ने कहा है कि वह पश्चिम एशिया के लिए अमेरिका के विशेष दूत स्टीव विटकॉफ की ओर से पेश किए गए गाजा युद्ध विराम प्रस्ताव के बारे में फिलिस्तीनी बलों और गुटों के साथ परामर्श कर रहा है। नाम न बताने की शर्त पर हमास के एक सूत्र ने कहा कि परामर्श का उद्देश्य प्रस्ताव के विवरण की जांच करना और अंतिम स्थिति निर्धारित करने से पहले फिलिस्तीनी हितों के साथ इसकी अनुकूलता सुनिश्चित करना है। इजरायल के सरकारी स्वामित्व वाले कान टीवी समाचार ने बताया कि प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने गुरुवार को कहा कि उनकी सरकार गाजा युद्ध विराम और बंधकों की रिहाई के लिए श्री विटकॉफ के प्रस्ताव को स्वीकार करती है।

## सीरिया ने इजरायल के साथ अप्रत्यक्ष वार्ता शुरू की : अधिकारी

**दमिश्क।** सीरिया के सूचना प्राधिकरण प्रमुख हमजा अल-मुस्तफा ने कहा है कि देश में बार-बार होने वाले इजरायली हमलों से निपटने के लिए इजरायल के साथ अप्रत्यक्ष वार्ता शुरू हो गई है। सीरिया के अंतरिम नेता अहमद अल-शरा की अध्यक्षता में कैबिनेट की बैठक के बाद एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में अल-मुस्तफा ने कहा कि सीरिया और इजरायल के बीच अप्रत्यक्ष वार्ता जारी है, जो 1974 के विघटन समझौते के प्रवर्तन पर केंद्रित है। उन्होंने अंतरिम सरकार के सुधार एजेंडे के बारे में भी बताया, जिसमें अद्यतन कानून और अधिक वित्तीय स्वतंत्रता के माध्यम से एक आकर्षक निवेश वातावरण को बढ़ावा देने के देश के लक्ष्य पर जोर दिया गया।

## यूएस सुप्रीम कोर्ट ने किया ट्रंप सरकार का रास्ता साफ, 5 लाख लोगों पर मंडराया निर्वासन का खतरा

**न्यूयॉर्क,** 31 मई (एजेंसियां)। अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट ने ट्रंप सरकार का रास्ता साफ कर दिया है। कोर्ट ने फेडरल डिस्ट्रिक्ट कोर्ट के उस आदेश को हटा दिया है, जिसके तहत क्यूबा, हैती, निकारागुआ और वेनेजुएला के चार देशों के पांच लाख से अधिक प्रवासियों के लिए मानवीय पैरोल सुरक्षा को बरकरार रखा गया था। समाचार एजेंसी सिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, अदालत ने ट्रंप प्रशासन को एक अन्य मामले में लगभग 350,000 वेनेजुएला के प्रवासियों के लिए अस्थायी कानूनी स्थिति को रद्द करने की भी अनुमति दी है। स्थानीय मीडिया ने शुक्रवार को बताया कि इस कदम ने ट्रंप प्रशासन के लिए हजारों प्रवासियों के लिए अस्थायी कानूनी सुरक्षा को फिलहाल खत्म करने का रास्ता साफ कर दिया है और निर्वासन के दायरे में आने वाले लोगों की कुल संख्या को लगभग दस लाख तक पहुंचा दिया है।



अमेरिका-मेक्सिको बॉर्डर पर आने वाले प्रवासियों की बढ़ती संख्या को देखते हुए, बाइडेन प्रशासन ने 2022 के अंत और 2023 की शुरुआत में क्यूबा, हैती, निकारागुआ और वेनेजुएला के लोगों के लिए पैरोल कार्यक्रम बनाया, जिसके तहत उन्हें कुछ प्रोसेस से गुजरने के बाद दो साल तक अमेरिका में काम करने की इजाजत दी गई। इस प्रोग्राम ने लगभग 5,32,000 लोगों को निर्वासन से बचाया। लेकिन अपने दूसरे कार्यकाल की शुरुआत के तुरंत बाद, राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने होमलैंड सिक्योरिटी सेक्रेटरी क्रिस्टी नोएम को सभी पैरोल प्रोगाम को टर्मिनेट करने का निर्देश देते हुए एक कार्यकारी आदेश जारी किया। कार्यकारी आदेश पर कार्रवाई करते हुए नोएम ने मार्च में पैरोल प्रोग्राम को समाप्त करने की घोषणा की, जिसके तहत पैरोल के किसी भी अनुदान की वैधता 24 अप्रैल तक समाप्त हो जाएगी।

## सुडोकू 6930

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 3 | | | | | 2 | |
| 5 | 4 | | 9 | | 3 | | | 6 |
| | 9 | 8 | | | | | | |
| 7 | | | 2 | | 5 | | | 8 |
| | | 4 | | | | 5 | | |
| 3 | | | 8 | | 6 | | | 9 |
| | | | | | | 3 | 9 | |
| 8 | | | 5 | | 9 | | 1 | 4 |
| | 1 | | | | | 6 | | |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## दैनिक पंचांग

mypandit.com 24 hour astrology service

■ बेजान दारूवाला

ग्रह स्थिति : रविवार 1 जून, 2025 ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष 6

### राशिफल

मेष - आज आप अत्यधिक इमोशनल रहेंगे। किसी व्यक्ति का कठोर व्यवहार आपकी भावनाओं को ठेस पहुंचा सकता है। तन-मन में अस्वस्थता और भय का अनुभव होगा। मां की तबीयत खराब होने से आपको चिंता रह सकती है।

वृषभ - आपकी चिंताएं कम होंगी। इस कारण स्फूर्ति और उत्साह बना रहेगा। आज अधिक कल्पनाशील बनेंगे। अपनी कला और सृजनशक्ति को लोगों तक लाने के लिए समय अनुकूल है। पारिवारिक सदस्यों पर आपका ध्यान अधिक रहेगा।

मिथुन - आज आपको काम में निश्चित रूप से सफलता मिलेगी, परंतु इसमें विलंब हो सकता है। प्रयत्न जारी रखें। आपकी आर्थिक योजनाओं में थोड़े विघ्न आएंगे लेकिन बाद में सारे काम आसानी से बन जाएंगे।

कर्क - आज का दिन मित्रों और परिजनों के साथ आनंद में व्यतीत कर सकेंगे। उनसे मिलने वाले भेंट- सौगात से आपको खुशी महसूस होगी। घूमने- फिरने और स्वादिष्ट भोजन मिलने का योग है। कोई अच्छा समाचार प्राप्त कर सकेंगे।

सिंह - आज कानूनी मामलों में न पड़ना आपके हित में है। आप मानसिक चिंता और बेचैनी महसूस करेंगे। शरीर भी अस्वस्थ रहेगा। जीभ पर लगाम नहीं हो, तो किसी के साथ मनमुटाव या संघर्ष हो सकता है। प्रेम की मात्रा अधिक रहेगी।

कन्या - आप अनेक क्षेत्र में प्रतिष्ठा और सम्मान प्राप्त कर सकेंगे। आपको महिला मित्रों से लाभ होगा। मित्रों और बुजुर्गों के कारण आपका समय खुशी से व्यतीत होगा। आप घूमने जाने के बारे में विचार कर सकते हैं।

तुला - आज का दिन आपके लिए शुभ है। नौकरी या व्यावसायिक क्षेत्र में आपके लिए अनुकूल वातावरण रहेगा। अधिकारियों के साथ आप महत्वपूर्ण चर्चा करेंगे। पदोन्नति की भी संभावना है।

वृश्चिक - आज शारीरिक थकान और आलस्य महसूस होगी, इस कारण काम करने में उत्साह नहीं होगा। आपके काम में उच्च अधिकारियों का व्यवहार नकारात्मक रहने से आप निराशा अनुभव करेंगे।

धनु - आज आपको वाणी और क्रोध पर नियंत्रण रखना होगा। अन्यथा अनर्थ हो सकता है। सर्दी और कफ के कारण आपका स्वास्थ्य खराब होगा। मानसिक व्यग्रता का अनुभव करेंगे। धन खर्च में वृद्धि होगी।

मकर - आज आप दैनिक कामों को किनारे रखकर मनोरंजन तथा लोगों से मिलने-जुलने में समय व्यतीत करेंगे। आप मनोनुकूल भोजन और प्रवास से खुशी महसूस करेंगे। आपको आर्थिक लाभ होने की संभावना है।

कुंभ - आज आप अपने काम में सफलता प्राप्त करेंगे। लोग आपके काम की सराहना करेंगे। पारिवारिक सदस्यों के साथ आपके संबंध अधिक मजबूत बनेंगे। शारीरिक और मानसिक रूप से ताजगी का अनुभव होगा।

मीन - आज आपकी कल्पनाशक्ति में बहुत निखार आएगा। आप साहित्यसृजन कर सकेंगे। विद्यार्थियों के लिए दिन अच्छा है। आपके स्वभाव में प्रेम की मात्रा अधिक होगी। पेट की तकलीफ और मानसिक अस्वस्थता का अनुभव होगा।

**नोट-उपरोक्त राशिफल बेजान दारूवाला द्वारा पूर्वलिखित है।**

# बांग्लोदश : दिसंबर में चुनाव कराने की मांग तेज, यूनुस पर राजनीतिक माहौल खराब करने का आरोप

**ढाका,** 31 मई (एजेंसियां)। बांग्लादेश में अंतरिम सरकार के प्रमुख सलाहकार मोहम्मद यूनुस के हाल ही में जापान में दिए गए चुनाव संबंधी बयान को लेकर देश के कई प्रमुख राजनीतिक दलों ने कड़ी प्रतिक्रिया दी है। यूनुस ने कहा था, दिसंबर में चुनाव चाहने वाला सिर्फ एक ही दल है। इसे राजनीतिक दलों ने झूठा, भ्रामक और राजनीतिक माहौल बिगाड़ने वाला बयान करार दिया है। गणो फोरम, लेफ्ट डेमोक्रेटिक अलायंस समेत दर्जनों राजनीतिक दलों ने यूनुस के बयान को खारिज करते हुए दोहराया कि राष्ट्रीय चुनाव दिसंबर तक हर हाल में कराए जाएं। इन दलों ने एक संयुक्त बयान में आरोप लगाया कि सरकार समर्थित एक नया राजनीतिक दल और 1971 के युद्ध अपराधों में लिप्त कट्टरपंथी गुट देश को अस्थिर करने और चुनाव को विफल करने की साजिश कर रहे हैं। स्थानीय मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, 50 से अधिक पंजीकृत और गैर-पंजीकृत दलों ने दिसंबर में चुनाव कराने की मांग की है और यूनुस के बयान को 'स्पष्ट रूप से झूठा और भ्रामक' बताया है। गणो फोरम ने यूनुस के बयान को 'गलत' बताया और कहा कि इससे विभिन्न राजनीतिक दलों के बीच भ्रम और विभाजन फैल रहा है। शुक्रवार को हुई प्रेसीडियम काउंसिल की बैठक में तत्काल एक स्पष्ट चुनावी रोडमैप की घोषणा की मांग की गई। पार्टी नेताओं ने कहा कि पिछले नौ महीनों में अंतरिम सरकार ने न तो कानून-व्यवस्था बहाल की, न ही प्रशासन में कोई स्थिरता ला सकी है। 12 पार्टियों के अलायंस ने अपने बयान में कहा कि यूनुस अपनी अवधि बढ़ाने के लिए 'राजनीतिक चालबाजी' कर रहे हैं और कट्टरपंथी, अलोकप्रिय और स्वतंत्रता-विरोधी समूहों से गठजोड़ कर रहे हैं। प्रमुख विपक्षी पार्टी बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) ने चेतावनी दी है कि यदि एक महीने के भीतर चुनावी रोडमैप घोषित नहीं किया गया, तो जुलाई से सड़क आंदोलन शुरू किया जाएगा।




**■ इसे राजनीतिक दलों ने झूठा, भ्रामक और राजनीतिक माहौल बिगाड़ने वाला बयान करार दिया : यूनुस**

## मूल कारणों के समाधान तक यूक्रेन में जारी रहेगा सैन्य अभियान: रूस

**मॉस्को,** 31 मई (एजेंसियां)। वरिष्ठ रूसी अधिकारियों ने कहा है कि यूक्रेन में सैन्य अभियान तब तक जारी रहेगा जब तब संघर्ष के मूल कारणों का समाधान नहीं हो जाता और शांति समझौतों की औपचारिक पुष्टि नहीं हो जाती। रूसी स्टेट ड्यूमा की रक्षा समिति के अध्यक्ष एंड्री कार्टापोलोव ने बिना शर्त युद्ध विराम की संभावना से इनकार करते हुए कहा कि हमारा देश तब तक अपना हमला जारी रखेगा जब तक कि चीजें 'लिखित रूप में नहीं रखी जातीं। रूस के सरकारी मीडिया ताश (टीएएसएस) के अनुसार, देश की संघीय टीवी एजेंसी चैनल वन पर श्री कार्टापोलोव ने कहा कि हम केवल युद्ध विराम के लिए सहमत नहीं होंगे। जब सब कुछ लिखित रूप में रखा जाता है, कानून में पारित किया जाता है।

## वर्ग पहेली 6930



**बायें से दायें:-**

१. जल सेना का प्रमुख
४. पवित्रता, शुद्धता (उर्दू)
६. निपुण, दक्ष (उर्दू)
७. प्राप्त लब्ध (उर्दू)
८. पदार्पण करना
१०. आचरण, प्रकृति
११. वर्षण, वर्षा होना
१३. जिसके बाल खड़े हों
१४. गंभीर, संवेदनशील
१५. नया पैदा
१७. विद्यमान रहना, निवास करना
१९. उदासी
२१. लौंग
२२. शत्रु, शिव
२४. सृजनात्मक

**ऊपर से नीचे:-**

१. छोटे बच्चे, नवजात शिशु
२. सामान, माल असबाब (उर्दू)
३. माफी मांगना
४. 'पासपोर्ट'
५. अवश्य (उर्दू)
९. पार लगना, नौकायन
११. आत्म-रक्षा
१२. चेतनायुक्त
१३. रहमदिल
१४. भरा-पूरा, समृद्ध
१५. नयापन
१६. जादू के खेल दिखाने वाला (उर्दू)
१८. रूपवती
१९ . प्रफुल्लित होना
२०. नक्षत्र, सितारा
२३. संग्राम, युद्ध

## वर्ग पहेली-6929



युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

### प्रथम पृष्ठ का शेष

**सीडीएस ने मानी ...**

डिफेंस स्टाफ द्वारा किए गए खुलासे के मद्देनज़र वैसा ही कोई कदम उठाएगी? सीडीएस चौहान के इस खुलासे पर कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि 29 जुलाई 1999 को, करगिल युद्ध समाप्त होने के महज तीन दिन बाद, वाजपेयी सरकार ने देश के सामरिक मामलों के विशेषज्ञ के. सुब्रह्मण्यम की अध्यक्षता में करगिल समीक्षा समिति गठित की थी- जिनके पुत्र आज भारत के विदेश मंत्री हैं। इस समिति ने पांच महीने बाद अपनी विस्तृत रिपोर्ट सौंपी। इस रिपोर्ट को आवश्यक संशोधनों के बाद 23 फरवरी 2000 को संसद के दोनों सदनों के पटल पर रखा गया था। क्या मोदी सरकार अब सिंगापुर में चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ द्वारा किए गए खुलासे के मद्देनज़र वैसा ही कोई कदम उठाएगी?

**हजारों की संख्या में ...**

जिन स्कूलों में पहले गिनती के ही छात्र होते थे, वे अब पास के अच्छे स्कूलों में जाकर बेहतर शिक्षा प्राप्त कर सकेंगे। ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में इस बदलाव से शिक्षा का स्तर सुधरेगा।

सरकार की मंशा साफ है, हर बच्चे को अच्छी और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिले। यही वजह है कि सरकार यह सुनिश्चित कर रही है कि शिक्षकों की तैनाती सिर्फ संख्या के हिसाब से नहीं बल्कि जरूरत के हिसाब से हो। छत्तीसगढ़ शिक्षा विभाग का मानना है कि यह कदम सिर्फ एक प्रशासनिक सुधार नहीं, बल्कि शिक्षा के क्षेत्र में एक ठोस बदलाव है, जिससे आने वाली पीढ़ी को मजबूत नींव मिलेगी।

**प्रदेश में इलेक्ट्रिक वाहनों पर ...**

व्हीकल पॉलिसी 2022 लागू की गई है।इस नीति के तहत ईवी खरीदारों को वाहन की कीमत का 10 प्रतिशत तक सब्सिडी दी जाती थी, जो अधिकतम 1.5 लाख रुपए तक हो सकती थी। इस पॉलिसी के लागू होने से प्रदेश में इलेक्ट्रिक वाहनों की बिक्री अप्रत्याशित रूप से बढ़ी है

इसके चलते राज्य शासन पर सब्सिडी का बोझ भी लगातार बढ़ता जा रहा है।परिवहन विभाग के अधिकारियों का कहना है कि इलेक्ट्रिक वाहनों पर सब्सिडी राशि कम करने तथा 20 लाख रुपए से अधिक कीमत वाले इलेक्ट्रिक वाहनों पर सब्सिडी खत्म किए जाने से शासन पर आर्थिक बोझ कम होगा।

85 करोड़ से अधिक सब्सिडी भुगतान लंबित- बताया गया है कि वर्ष 2022 में पंजीकृत हुए इलेक्ट्रिक वाहन व हाईब्रिड वाहन खरीदारों को सब्सिडी का भुगतान नहीं हुआ है।लंबित सब्सिडी राशि करीब 85 करोड़ रुपए बताई गई है। लगभग 80 हजार इलेक्ट्रिक वाहन खरीदारों को यह बकाया सब्सिडी राशि का भुगतान किया जाना है।फिलहाल पहली किस्त के रूप में बकाया सब्सिडीभुगतान के लिए 30 करोड़ रुपए की राशि जारी की गई है। वहीं, अब तक लगभग 80 करोड़ रुपए की सब्सिडी इलेट्रिक वाहनों के खरीदारों को दिए जा चुके हैं।

**कर चोरी, छापे के बाद...**

है किंतु बिल को अन्य व्यवसायियों को बेचकर बोगस इनपुट टैक्स का लाभ दिया गया है, जिससे कि केंद्र सरकार के साथ राज्य सरकार को कर राजस्व की अत्यधिक हानि हुई है। जांच के दौरान व्यवसायी के द्वारा अपनी गलती / त्रुटि स्वीकार करते हुए स्वैच्छिक रूप से रू. 40.00 लाख कर भुगतान करने की मंशा जाहिर की किंतु जीएसटी विभाग के अधिकारियों नें व्यवसायी से लेखा पुस्तक एवं अन्य दस्तावेज प्रस्तुत करने की मांग की। व्यवसायी की ओर से अभी तक कोई भी जानकारी एवं दस्तावेज प्रस्तुत नही किया गया है।

इसके साथ-साथ 30 एवं 31 मई को मेसर्स लक्ष्मी ट्रेडर्स, अंबिकापुर के व्यवसाय स्थल पर स्टेट जीएसटी विभाग अंबिकापुर द्वारा जांच की कार्यवाही की गई है। इनके यहां जांच में पाया गया कि वर्ष 2017-18 से वर्ष 2024-25 तक कुल टर्न ओव्हर लगभग रू. 96 करोड़ से अधिक है। किंतु उस पर कर का नगद भुगतान नगण्य किया गया है। साथ ही साथ जब ई-वे बिल की जांच की गई तो ज्ञात हुआ कि वर्ष 2023-24 में माल की खरीदी 11 करोड़ की गई किंतु माल की सप्लाई मात्र रू. 7 करोड़ की ही की गई है।

जांच के दौरान व्यवसायी के द्वारा अपनी गलती स्वीकार करते हुए स्वैच्छिक रूप से रू. 17.55 लाख कर भुगतान कर दिया गया है। उक्त व्यवसायी पर स्टेट जीएसटी विभाग द्वारा पूर्व में कोई कार्यवाही नहीं की गई है।

**शहीद महेंद्र कर्मा विवि में ...**

सदस्यों को गलत जानकारी देकर लिफाफा खुलवाया जाना स्पष्ट रूप से परिलक्षित हो रहा है।विश्वविद्यालय इस बात की जानकारी देने से भी बच रहा है कि ऐसे कौन से कारण है कि बिना कार्य परिषद का कार्यवाही विवरण जारी किए अपने चहेतो दुर्गेश डिकसेना, तुलिका और रशमी देवांगन को अवैधानिक रूप से गुपचुप पदभार ग्रहण कराया गया है।

विश्वविद्यालय प्रशासन की अनियमितता इसी बात से प्रमाणित हो रही है कि 24 तारीख को बने कार्यवाही विवरण को पांच दिनों के भीतर ही संशोधित करना पड़ा और इस संशोधित कार्यवाही विवरण में मात्र कुलपति और कुलसचिव के ही हस्ताक्षर हैं। यह भी जांच का विषय है कि सभी कार्य परिषद सदस्यों ने संशोधित कार्यवाही विवरण का अनुमोदन किया भी है या नहीं। दोनों जेआरएफ उत्तीर्ण अभ्यर्थियों संगीता यादव एवं करन कुमार ने पूरे मामले की शिकायत ओबीसी आयोग,सामाजिक न्याय मंत्रालय नई दिल्ली,राज्य और केंद्र के महिला आयोग,राष्ट्रपति ,प्रधान मंत्री और राज्यपाल से करते हुए न्याय की मांग की है।

## आज का इतिहास

1835- कलकत्ता मेडिकल कॉलेज ने कामकाज शुरू किया।
1869- थॉमस अल्वा एडिसन इलेक्ट्रिक वोट रिकॉर्डर के लिए पेटेंट मिला
1874- ईस्ट इंडिया कंपनी को भंग किया गया।
1929- फिल्म 'मदर इंडिया' में हिन्दी फिल्मों की सबसे यादगार मां का किरदार निभाने वाली नरगिस दत्त का जन्म।
1930- भारत की पहली डीलक्स रेलगाड़ी डक्कन क्वीन को बॉम्बे वी टी और पुणे के बीच शुरू किया गया।
1955- अस्पृश्यता (निरोधक) कानून अस्तित्व में आया।
1964- नया पैसा से नया शब्द हटाकर इसे अब पैसा कहा जाने लगा।
1970- ब्रिटेन के प्रधानमंत्री हैरॉल्ड विल्सन पर एक चुनावी सभा के बाहर अंडा फेंका गया।
1979- रोडेशिया में 90 साल बाद अल्पसंख्यक श्वेत लोगों के शासन का अंत हुआ था और घोषणा हुई थी कि अब देश को जिम्बाब्वे के नाम से जाना जाएगा।
1980- टेड टर्नर के केबल न्यूज नेटवर्क (सीएनएन) ने 24 घंटे का समाचार प्रसारण शुरू किया।
1996- एच डी देवगौड़ा देश के 11वें प्रधानमंत्री बने।
1999- मध्य चीन के ह्यूबी प्रान्त में 770-256 ईसा पूर्व की तीन सौ प्राचीन क़ब्रों की खोज
1999- अमेरिका के हवाई विश्वविद्यालय में नर चूहे का प्रतिरूप विकसित।
2001- नेपाल के शाही परिवार के नरेश वीरेन्द्र विक्रम शाह, उनकी पत्नी और शाही परिवार के कई अन्य सदस्यों की नृशंस हत्या, युवराज दीपेन्द्र द्वारा भी आत्महत्या का प्रयास, ज्ञानेन्द्र कार्यवाहक नरेश बने।

**घोषणा** सूडान में हैजा के मामलों में बढ़ोत्तरी

# एक हफ्ते में 2,729 नए संक्रमण के मामले

**खार्तूम, 31 मई (एजेंसियां)। सूडान में, खासतौर से राजधानी खार्तूम में हैजा के मामलों में बढ़ोतरी देखने को मिल रही है। इस बीच, सूडानी स्वास्थ्य मंत्रालय ने घोषणा की है कि उसे हैजा के टीके की 29 लाख से अधिक डोज़ प्राप्त हुई हैं। हैजा एक गंभीर बीमारी है, जो गंदे पानी या बासी खाने से फैलती है। इससे डायरिया और पानी की कमी हो सकती है। इलाज न होने पर यह जानलेवा भी हो सकता है। एक बयान में सूडान के स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि हैजा महामारी से निपटने के लिए कुल 29,05,400 वैक्सीन प्राप्त की गई हैं।**

**■ हैजा एक गंभीर बीमारी है, जो गंदे पानी या बासी खाने से फैलती है**

यह वैक्सीन विशेष रूप से खार्तूम में फैल रहे हैजा संक्रमण को रोकने के लिए लाई गई है। सरकार ने बताया कि यह वैक्सीन अंतर्राष्ट्रीय समन्वय समूह (आईसीजी) नाम की संस्था ने दान की हैं। इस काम में विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) और संयुक्त राष्ट्र बाल कोष (यूनिसेफ) ने भी मदद की है।

बयान में कहा गया कि इन वैक्सीन को खार्तूम राज्य में भेजा जाएगा, जहां जल्द ही एक बड़ा टीकाकरण अभियान शुरू किया जाएगा। एक साल या उससे ज्यादा उम्र के सभी लोगों को टीका लगाया जाएगा।



मंत्रालय के अनुसार, स्वास्थ्य एजेंसियों और आईसीजी की साझेदारी के जरिए अक्टूबर 2023 से अब तक, सूडान को 1.69 करोड़ से ज्यादा वैक्सीन की डोज़ मिल चुकी हैं। इस हफ्ते की शुरुआत में, सूडान के स्वास्थ्य मंत्री हैथम मोहम्मद इब्राहिम ने बताया कि खार्तूम में हैजा से संक्रमित मरीजों की संख्या बढ़ी है। मई महीने में ही खार्तूम में कम से कम 2,500 लोग हैजा से पीड़ित हुए हैं।मंगलवार को मंत्रालय ने बताया कि एक हफ्ते में 2,729 नए संक्रमण के मामले सामने आए और 172 लोग इस बीमारी की वजह से अपनी जान गंवा बैठे। गैर-सरकारी चिकित्सा सहायता समूह डॉक्टर्स विदाउट बॉर्डर्स के अनुसार, खार्तूम राज्य में बिजली और पानी की सेवाएं बार-बार बंद हो रही हैं। जब बिजली और साफ पानी नहीं मिलता है तो लोग गंदे पानी का इस्तेमाल करने को मजबूर हो जाते हैं, जिससे हैजा जैसी महामारी फैलती है।

## दुनिया को जानें


### एच63डी वैरिएंट पुरुषों में डिमेंशिया के जोखिम को दोगुना कर देता है

**नई दिल्ली।** ऑस्ट्रेलियाई शोधकर्ताओं ने एक सामान्य आनुवंशिक प्रकार की पहचान की है, जो पुरुषों में डिमेंशिया के जोखिम को दोगुना कर देता है। कर्टिन विश्वविद्यालय की टीम ने कहा कि तीन में से एक व्यक्ति में इस वैरिएंट की एक कॉपी होती है, जिसे एच63डी के नाम से जाना जाता है, जबकि 36 में से एक व्यक्ति में इसकी दो कॉपी होती हैं। न्यूरोलॉजी पत्रिका में प्रकाशित शोध में पाया गया कि जिन पुरुषों में डबल एच63डी वैरिएंट होता है, उनमें महिलाओं की तुलना में अपने जीवनकाल में डिमेंशिया विकसित होने की संभावना दोगुनी होती है। यह रिसर्च ऑस्ट्रेलिया और अमेरिका के 19,114 स्वस्थ बुजुर्गों पर की गई थी। इसमें यह जांचा गया कि क्या हेमोक्रोमैटोसिस जीन में बदलाव वाले लोगों को डिमेंशिया का खतरा बढ़ सकता है। यह जीन शरीर में आयरन (लोहे) के स्तर को नियंत्रित करने के लिए बहुत जरूरी है। कर्टिन मेडिकल स्कूल के प्रोफेसर जॉन ओलिनिक ने कहा कि इस जीन के बदलाव की सिर्फ एक कॉपी होने से किसी के स्वास्थ्य पर कोई असर नहीं पड़ता या डिमेंशिया का खतरा नहीं बढ़ता। हालांकि, इसकी दो कॉपी होने से पुरुषों में डिमेंशिया का खतरा दोगुना से भी ज्यादा हो जाता है, लेकिन महिलाओं में ऐसा नहीं होता।

# खेल जगत

## कोहली का टेस्ट से से संन्यास लेना सही : डिविलियर्स

**मुंबई।** साउथ अफ्रीका के पूर्व कप्तान और दिग्गज बल्लेबाज एबी डिविलियर्स शनिवार को मुंबई स्थित इस्लाम जिमखाना पहुंचे, जहां उन्होंने व्हीलचेयर खिलाड़ी के साथ प्रैक्टिस करने के अलावा उनके साथ मैच भी खेला। इसके साथ ही एबी डिविलियर्स ने खिलाड़ियों को टिप्स भी दिए। 'मिस्टर 360' को अपने बीच पाकर खिलाड़ी काफी उत्साहित नजर आए। इस मौके पर एबी डिविलियर्स ने कहा कि व्हीलचेयर पर इन खिलाड़ियों को मुस्कान के साथ क्रिकेट खेलते देखना खूबसूरत है। आशा है कि इन्हें भविष्य में अधिक मौके, बेहतर सुविधाएं और उपकरणों के लिए स्पॉन्सरशिप मिलेगी। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु आईपीएल-2025 के फाइनल में अपनी जगह बना चुकी है। इस टीम ने 9 साल बाद खिताबी मुकाबले की टिकट कटाई है। आरसीबी ने 29 मई को पंजाब किंग्स के खिलाफ क्वालीफायर-1 में 8 विकेट से शानदार जीत दर्ज की थी।



### मुंबई इंडियंस और पंजाब किंग्स की टीम होंगी आमने-सामने

# फाइनल में पहुंचने से एक कदम दूर

■ सत्येन्द्र पाल सिंह

**नई दिल्ली,** 31 मई (देशबन्धु)। पांच बार की चैंपियन मुंबई इंडियंस अब अहमदाबाद में रविवार को पंजाब किंग्स से 2025आईपीएल के क्वॉलिफायर 2 यानी एक तरह से दूसरे सेमीफाइनल में अपने 14 वें और आखिरी लीग मैच में उससे जयपुर

■ मुंबई व पंजाब किंग्स में जो हारा, होगा फाइनल की होड़ से बाहर

■ पंजाब किंग्स के शीर्ष क्रम को मुंबई के बुमराह व बोल्ट से चौकस रहना होगा



में मिली सात विकेट से हार का हिसाब चुका कर अब फाइनल में बनाने के मकसद से उतरेगी। पंजाब किंग्स के हौसले क्वॉलिफायर 1 में आरसीबी के हाथों मुल्लांपुर में मिली आठ विकेट से करारी हार से पस्त हैं। वहीं मुंबई इंडियंस ने मुल्लांपुर में खासे रोमांचक इलिमिनेटर में जिस तरह गुजरात टाइटंस पर शुक्रवार रात जीत दर्ज की उससे हौसले बुलंद है। हार्दिक पांडया की अगुआई वाली मुंबई इंडियंस और श्रेयस अय्यर की अगुआई वाली पंजाब किंग्स में क्वॉलिफाया 2 में जीत के लिए रोमांचक संघर्ष की उम्मीद है क्योंकि जो भी टीम हारी वह फाइनल की होड़ से बाहर हो जाएगी और जीतने वाली टीम आरसीबी से मंगलवार को अहमदाबाद के इसी नरेन्द्र मोदी स्टेडियम में फाइनल में भिड़ेगी। आरसीबी चौथी बार फाइनल में पहुंची है लेकिन उसे भी पंजाब किंग्स की तरह अपने आईपीएल खिताब का इंतजार है।

रोहित शर्मा के अर्द्धशतक और उनके अपने सलामी जोड़ीदार जॉनी बैरिस्टो के साथ 84 रन की तूफानी भागीदारी तथा जसप्रीत बुमराह द्वारा सही वक्त पर वाशिंगटन सुंदर (48 रन, 24 गेंद, तीन छक्के, पांच चौके) को बेहतरीन यॉर्कर पर बोल्ड उनकी और साई सुदर्शन (80 रन) की तीसरे विकेट की 84 रन की भागीदारी तोड़ मुंबई इंडियंस को गुजरात टाइटंस के खिलाफ इलिमिनेटर यानी करो या मरो के मैच में न्यू चंडीगढ़ के मुल्लांपुर में शुक्रवार रात 20 रन से जीत दिला 2025आईपीएल के क्वॉलिफायर 2 यानी एक तरह से दूसरे सेमीफाइनल में पंजाब किंग्स से अहमदाबाद में भिड़ने का हक दिलाया। दक्षिण अफ्रीका के रिकी रिकल्टन के स्वदेश लौटने पर उनकी जगह शामिल इंग्लैंड के जॉनी बैरिस्टो और रोहित शर्मा ने गुजरात टाइटंस के खिलाफ दनादन क्रिकेट के मुताबिक दे दना कर तेज पारी खेल उसे जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई। बेशक मुंबई इंडियंस की गुजरात टाइटंस पर जीत में रोहित शर्मा ने तेज अर्द्धशतक जमाए लेकिन उन्हें पारी के शुरू में ही दो जीवनदान मिले। पंजाब किंग्स को मुंबई इंडियंस पर अपनी जीत को दोहराना है तो उसे हर मौके को भुनाने के साथ हर कैच को लपकना होगा क्योंकि कैच ही मैच जिताते हैं। पंजाब किंग्स को बेशक अपनी दक्षिण अफ्रीकी टीम के साथ ऑस्ट्रेलिया के डब्ल्यूटीसी फाइनल खेलने जाने के लिए उससे जुड़ने वाले मार्को येनसन की कमी अहम क्वॉलिफायर 2 में बेहतद अखेरगी क्योंकि उनकी जगह शामिल किए गए न्यूजीलैंड के काइल जेमिसन क्वॉलिफायर 1 में आरसीबी के खिलाफ गेंद से येनसन की धार व रफ्तार दिखाने में नाकाम रहे ही प्रियांश आर्य,जोश इंग्लिश, कप्तान श्रेयस अय्यर, नेहाल वढेरा और शशांक सिंह जैसे धुरंधर बल्लेबाजों से सजी उसकी बल्लेबाजी तीन तीन विकेट चटकाने वाले आरसीबी के ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड और लेग स्पिनर व बाएं हाथ के यश दयाल के सामने ताश के पत्तों की तरह 14ओवर में 101 रन पर सिमट गई और आरसीबी ने यह लक्ष्य इतने ही ओवर में मात्र दो विकेट खोकर हासिल कर लिया। मुबई इंडियंस के सूर्य कुमार यादव अब तक 15 मैचों में पांच अर्द्धशतक सहित 673 रन बना मौजूदा सीजन में रन बनाने में दूसरे स्थान पर चल रहे हैं। मुंबई इंडियंस के लिए अच्छी बात है कि रोहित शर्मा 14 मैचों में चार अर्द्धशतक सहित 410 रन, तिलक वर्मा , नमन धीर (15 मैच, 215 रन) व कप्तान हार्दिक पांडया के रूप में शीर्ष व मध्यक्रम सही वक्त पर रंग मे आ गया।

### मुझे किस्मत का जो साथ मिला, मैंने उसे भुनाया : रोहित



मैंने अब तक मौजूदा आईपीएल 2025 में मात्र चार अर्द्धशतक जड़े हैं। बेशक मैं अर्द्बशतक जड़ना चाहता था। में इलिमिनेटर में खेलने की अहमियत जानता हूं। हमारी मुंबई इंडियंस पूरी तरह एक इकाई के रूप में प्रदर्शन किया। मैं जब भी खेलने उतरता हूं तो मेरी कोशिश यह समझने की रहती है कि मैं अपना सर्वश्रेष्ठ कैसे दे सकता हूं। शुरू में किस्मत का साथ मिला तो मुझे मालूम था कि मुझे इसका पूरा लाभ उठाना है। मैं खुश हूं कि मैं किस्मत का जो साथ मिला उसे भुना अपनी टीम को अच्छी स्थिति में पहुंचाया। हमें मालूम था कि बाद में ओस पड़ने पर खेलना कुछ चुनौतीपूर्ण होगा। मैंने इससे पहले ही ऐसे ही शॉट लेकिन बदकिस्मती से तब गेंद सीधे क्षेत्ररक्षकों के हाथों में गए। शुक्रवार को मेरे कैच छूटे लेकिन इसके बाद भी मुझे बढ़िया खेलने की जरूरत थी। हमारे गेंदबाजों ने इकाई के रूप में बढ़िया प्रदर्शन किया मैंने बैरिस्टो को बरसों अन्य टीमों के लिए खेलते देखा।

### मैच में अच्छी तरह संभलना अहम रहा : पांड्या



एक समय गुजरात टाइटंस के खिलाफ शुक्रवार को इलिमिनेटर मैच बराबरी पर था। मेरा मानना है बाद में जब गुजरात टाइटंस ने बल्लेबाजी की पिच कुछ बेहतर हो गई। हमारी मुंबई इंडियंस के लिए अपना पहला मैच खेलने वाले जॉनी बैरिस्टो ने रोहित शर्मा ने बहुत बढ़िया आगाज किया। रोहित शर्मा ने इस मैच की अहमियत जानते हुए कुछ वक्त लिया और फिर अपने शॉट खेले और इससे मदद मिलती है। जब आपको लगे की मैच फिसल रहा है आपको इस पर पकड़ बनानी पड़ती है। जसप्रीत बुमराह ने सही वक्त पर विकेट निकाला। मैच में अच्छी तरह संभलना खासा अहम रहा।

### हम अपनी योजना को अमली जामा नहीं पहना पाए : श्रेयस



आरसीबी के हाथों हार भूलने वाली नहीं थी। हम ड्राइंगबोर्ड पर जाकर बात करेंगे कहां गलती हुई। हम असमंजस में थे और हमने बहुत विकेट खो दिए। हमें अपनी गलती को जानने की जरूरत है। मुझे योजना के लिहाज से अपने फैसलां पर कोई संदेह नहीं है। मैदान के बाहर से ये फैसले एकदम सही दिखाई देते हैं। हम अपनी योजना को अमली जामा नहीं पहना पाए,अपने गेंदबाजों को दोषी नहीं ठहरा सकते। हमने बहुत ही कम स्कोर बनाया। हमें इस तरह की पिच पर ज्यादा समझबूझ से बल्लेबाजी करने की जरूरत थी। मुल्लांपुर की पिच पर सभी मैचों में असमान उछाल रहा है। हार के लिए इस तरह का बहाना नहीं बनाया जा सकता क्योंकि हम पेशेवर क्रिकेटर हैं और हमें उम्मीदों पर खरा उतरना ही होता है। हमने छोटी लड़ाई हारी है युद्ध नहीं।

## इतने कैच छोड़कर ट्रॉफी जीतने की उम्मीद नहीं कर सकता गुजरात : उथप्पा

**नई दिल्ली,** 31 मई (एजेंसियां)। गुजरात टाइटंस आईपीएल-2025 की खिताबी रेस से बाहर हो चुकी है। टीम ने मुंबई इंडियंस के खिलाफ 30 मई को खेले गए एलिमिनेटर मैच को 20 रन से गंवा दिया।गुजरात के फाइनल की दौड़ से बाहर होने के बाद भारत के पूर्व बल्लेबाज रॉबिन उथप्पा ने कहा कि शुभमन गिल की अगुआई वाली टीम कैचिंग में चूक करती है और रणनीति में खामियों के कारण हारती है, तो चैंपियनशिप जीतने की उम्मीद नहीं कर सकती। न्यू चंडीगढ़ में जीटी ने तीन महत्वपूर्ण कैच छोड़े- जिनमें दो कैच रोहित शर्मा के थे। मुंबई की जीत के हीरो रोहित शर्मा ने 50 गेंदों में 81 रन की शानदार पारी खेली थी। उन्हें 'प्लेयर ऑफ द मैच' के खिताब से भी नवाजा गया। सूर्यकुमार यादव को भी 12वें ओवर में जीवनदान मिला। यादव ने 20 गेंदों में 33 रन



■ रोहित शर्मा को 'प्लेयर ऑफ द मैच' के खिताब से भी नवाजा गया

की पारी खेली। मुंबई की टीम ने निर्धारित 20 ओवरों में 5 विकेट खोकर 228 रन बनाए।जीटी ने अपने मिडिल ओवर के गेंदबाज प्रसिद्ध कृष्णा को नई गेंद से गेंदबाजी करने के लिए कहा, लेकिन यह रणनीति उल्टी पड़ गई क्योंकि रोहित और जॉनी बेयरस्टो ने पावरप्ले में पूरी ताकत झोंक दी। उथप्पा ने जियोहॉटस्टार पर कहा कि जीटी की रणनीति सक्रिय से ज्यादा प्रतिक्रियात्मक थी। पावरप्ले में प्रसिद्ध कृष्णा का इस्तेमाल करना- बीच के ओवरों में उनकी सफलता के बावजूद- एक गलत कदम था। उनका पहला ओवर महंगा था, और वे सही दिशा में आगे बढ़ने में नाकाम रहे। 26 रन और 22 रन के ओवर महंगे साबित हुए। इसके अलावा फील्डिंग ने निराश किया। आप इतने सारे कैच छोड़ कर चैंपियनशिप जीतने की उम्मीद नहीं कर सकते। रॉबिन उथप्पा कोलकाता नाइट राइडर्स और चेन्नई सुपर किंग्स के साथ आईपीएल खिताब जीत चुके हैं।

### गुजरात टाइटंस को खली बेहतरीन भारतीय मध्यक्रम बल्लेबाज की कमी: टॉम मूडी



**नई दिल्ली।** आईपीएल-2025 के एलिमिनेटर मैच में गुरुवार को गुजरात टाइटंस और मुंबई इंडियंस का सामना हुआ, जिसमें गुजरात को 20 रन से हार का सामना करना पड़ा। सनराइजर्स हैदराबाद के पूर्व हेड कोच टॉम मूडी का मानना है कि गुजरात को अपनी टीम में एक बेहतरीन भारतीय मध्यक्रम के बल्लेबाज की जरूरत है, जो आईपीएल 2025 के एलिमिनेटर में मुंबई से हारने के बाद नजर आई कमी को पूरा कर सके। इस सीजन जीटी के शानदार अभियान की अगुआई कप्तान शुभमन गिल, साई सुदर्शन और जोस बटलर जैसे शीर्ष तीन बल्लेबाजों ने की थी। इसका मतलब था कि लीग मैचों में उनके मध्यक्रम को ज्यादा बल्लेबाजी का मौका नहीं मिला।

## रोहित के साथ खेलना खुशी की बात है : बेयरस्टो

**नई दिल्ली,** 31 मई (एजेंसियां)। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 के एलिमिनेटर मैच में मुंबई इंडियंस द्वारा गुजरात टाइटन्स को 20 रनों से हराने में अहम भूमिका निभाने वाले विकेटकीपर-बल्लेबाज जॉनी बेयरस्टो ने कहा कि अनुभवी सलामी बल्लेबाज रोहित शर्मा के साथ बल्लेबाजी करना खुशी की बात है और उन्हें बल्ले से धमाकेदार शुरुआत देने वाले सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों में से एक बताया। रयान रिकलेटन के लिए देर से प्रतिस्थापन के रूप में आने के बाद अपना पहला आईपीएल 2025 मैच खेलते हुए, बेयरस्टो ने रोहित के साथ पहले विकेट के लिए 44 गेंदों पर 84 रनों की धमाकेदार साझेदारी की, जिन्होंने 50 गेंदों पर 81 रनों की पारी खेली, जिससे मुंबई ने 228/5 का विशाल स्कोर बनाया। यह स्कोर इतना अच्छा था कि वे क्वालीफायर 2 में अपनी जगह पक्की कर सकें, जहां उनका सामना रविवार को अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में पंजाब किंग्स से होगा। बेयरस्टो ने कहा कि देखिए, मुझे नहीं लगता कि रोहित



रोहित के पास दुनिया भर के सभी अलग-अलग गेंदबाजों के खिलाफ खेलने का भरपूर अनुभव है, और वह अब तक ऐसा करने वाले सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाजों में से एक हैं : जॉनी बेयरस्टो

से कहने के लिए मुझे बहुत कुछ चाहिए। मुझे लगता है कि अब उनके 7,000 आईपीएल रन हो गए हैं। बेयरस्टो ने शनिवार को आईपीएलटी20डॉटकॉम पर पोस्ट किए गए एक वीडियो में कहा कि उनके पास दुनिया भर के सभी अलग-अलग गेंदबाजों के खिलाफ खेलने का भरपूर अनुभव है, और वह अब तक ऐसा करने वाले सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाजों में से एक हैं।

### सार संक्षेप

#### गोल्फः ऑस्ट्रियाई ओपन में अहलावत संयुक्त 11वें स्थान पर

**साल्जबर्ग (ऑस्ट्रिया)।** वीर अहलावत ने दूसरे दिन भी अच्छा प्रदर्शन किया और ऑस्ट्रियाई अल्पाइन ओपन के हाफवे चरण में संयुक्त 11वें स्थान पर रहे। गुट अल्टेंटेन गोल्फ कोर्स में पार-70 में 67-68 राउंड के साथ। अहलावत 5-अंडर पर थे और लीडर मार्सेल श्नाइडर (63-66) से छह शॉट पीछे थे। अहलावत के साथी शुभंकर शर्मा ने गुट अल्टेंटेन गोल्फ कोर्स में एक-अंडर पार के राउंड के साथ दूसरे राउंड में बेहतर प्रदर्शन किया, लेकिन यह उन्हें टूर्नामेंट में बनाए रखने के लिए पर्याप्त नहीं था। पहले दिन की मुश्किलें उन्हें परेशान करने लगीं क्योंकि वे कट से काफी पीछे रह गए, जो एक अंडर पार पर सेट किया गया था, जबकि उनका कुल स्कोर चार ओवर पार था। शर्मा के लिए यह लगातार पांचवां मिस कट है। अहलावत ने चार बर्डी और दो बोगी की। शनिवार को यहां प्राप्त जानकारी के अनुसार, बर्डी तीसरे, पांचवें, नौवें और 18वें होल पर आईं, जबकि बोगी दूसरे और 15वें होल पर आईं। पहले दिन के लीडर श्नाइडर ने दूसरे दिन चार अंडर पार का बोगी-मुक्त राउंड खेला और अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी पर दो शॉट की बढ़त बनाए रखी।

#### जेमी ओवरटनव्हाइट-बॉल सीरीज से बाहर

**लंदन।** इंग्लैंड के ऑलराउंडर जेमी ओवरटन को दाएं हाथ की छोटी उंगली में चोट के कारण वेस्टइंडीज के खिलाफ शेष वनडे और आगामी टी20 सीरीज से बाहर कर दिया गया है।

### आईपीएल 2025

## टूटे सभी रिकॉर्ड्स, प्लेऑफ मैच में जमकर बरसे रन

**नई दिल्ली,** 31 मई (एजेंसियां)। आईपीएल-2025 का एलिमिनेटर मैच चंडीगढ़ में शुक्रवार को खेला गया, जिसमें मुंबई



इंडियंस ने गुजरात टाइंटस को 20 रन से मात दी। इसी के साथ मुंबई क्वालीफायर-2 में पहुंच चुकी है। इस नॉकआउट मुकाबले में जमकर रन बरसे। आलम ये रहा कि पिछले सभी रिकॉर्ड्स भी टूट गए। इस मैच में मुंबई ने 228 रन बनाए, जबकि लक्ष्य का पीछा करते हुए गुजरात टाइटंस 208 रन बना सकी। यानी मुकाबले में कुल मिलाकर 436 रन बने।ये आईपीएल इतिहास के प्लेऑफ मैच में सर्वाधिक रन का रिकॉर्ड है। इससे पहले साल 2014 में पंजाब किंग्स और चेन्नई सुपर किंग्स ने मिलकर 428 जोड़े थे। इस लिस्ट में सनराइजर्स हैदराबाद और आरसीबी के बीच साल 2016 में खेला गया फाइनल मुकाबला तीसरे स्थान पर है, जिसमें कुल 408 रन बने थे। इनके अलावा गुजरात टाइटंस और मुंबई इंडियंस की टीम साल 2023 में मिलकर 404 रन बना चुकी है। 30 मई को खेले गए निर्णायक मुकाबले में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी मुंबई इंडियंस ने 5 विकेट खोकर 228 रन बनाए। टीम के लिए रोहित शर्मा ने सर्वाधिक 81 रन बनाए, जबकि जॉनी बेयरस्टो ने 47 रन की पारी खेली।

## एक ही आईपीएल सीजन में 759 रन, टॉप-5 में पहुंचे साईं सुदर्शन

**नई दिल्ली,** 31 मई (एजेंसियां)। मुंबई इंडियंस और गुजरात टाइंटस के बीच शुक्रवार को चंडीगढ़ में एलिमिनेटर मैच खेला गया, जिसमें मुंबई ने 20 रन से जीत दर्ज की। इसी के साथ मुंबई ने क्वालीफायर-2 में अपनी जगह बना ली है। खिताबी मैच का टिकट हासिल करने के लिए मुंबई 1 जून को अहमदाबाद में पंजाब किंग्स से भिड़ेगी। जीटी भले ही ये नॉकआउट मैच नहीं जीत सकी, लेकिन उसके सलामी बल्लेबाज साईं सुदर्शन ने दमदार पारी खेलते हुए अपनी चमक बिखेरी। साईं सुदर्शन ने 49 बॉल में 1 छक्के और 10 चौकों की मदद से 80 रन की पारी खेली, जिसके साथ वह किसी एक आईपीएल सीजन सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाजों की सूची में पांचवें स्थान पर आ गए हैं। सुदर्शन आईपीएल-2025 में अब



तक 15 मुकाबले खेल चुके हैं, जिसमें उन्होंने 54.21 की औसत के साथ 759 रन बनाए हैं। इस दौरान साईं सुदर्शन 1 शतक और 6 अर्द्धशतक जड़ चुके हैं।

आईपीएल के किसी एक सीजन में सर्वाधिक रन बनाने का रिकॉर्ड विराट कोहली के नाम दर्ज है, जिन्होंने साल 2016 में कुल 16 मैच खेलते हुए 973 रन अपने नाम किए थे। उस सीजन कोहली ने 4 शतक और 7 अर्द्धशतक लगाए थे। लिस्ट में शुभमन गिल दूसरे पायदान पर हैं,

■ साईं सुदर्शन ने इस सीजन में 1 शतक और 6 अर्द्धशतक जड़ चुके हैं

जिन्होंने साल 2023 में 890 रन जुटाए थे, जबकि जोस बटलर साल 2022 में 863 रन के साथ तीसरे स्थान पर हैं।

डेविड वॉर्नर इस मामले मे 848 रन के साथ चौथे पायदान पर मौजूद हैं। 30 मई को खेले गए एलिमिनेटर मुकाबले की बात करें तो इसमें मुंबई इंडियंस ने 5 विकेट खोकर 228 रन बनाए। इस दौरान रोहित शर्मा ने 81 रन की पारी खेली, जबकि जॉनी बेयरस्टो ने 47 रन का योगदान टीम के खाते में दिया। विपक्षी टीम की ओर से प्रसिद्ध कृष्णा और साईं किशोर को 2-2 सफलता हाथ लगी।

### फ्रेंच ओपन: कसाटकिना ने बैडोसा का अभियान लगातार सेटों में तोड़ा

**पेरिस,** 31 मई (एजेंसियां)। अपनी विशिष्ट दृढ़ता और भावनात्मक ताकत के बावजूद, पाउला बैडोसा का रौलां गैरो 2025 अभियान तीसरे दौर में दिल तोड़ने वाले अंत पर पहुंच गया, क्योंकि वह चतुर और निडर डारिया कसाटकिना से 6-1, 7-5 से हार गईं। कोर्ट सिमोन-मैथ्यू पर एक घंटे और 34 मिनट का मुकाबला शारीरिक सीमाओं, मानसिक संकल्प और रणनीतिक गहराई का परीक्षण था, और कसाटकिना तीनों विभागों में पर्याप्त स्पष्टता के साथ खिलाड़ी के रूप में उभरीं। शुरुआती आदान-प्रदान से, यह स्पष्ट था कि स्पैनियार्ड के साथ कुछ गड़बड़ थी। मैं पहले गेम से ही ऐंठन महसूस कर रही हूं, उसने शुरुआती बदलाव के दौरान अपने कोच, पोल टोलेडो से कहा, कि मैं स्पष्ट रूप से संघर्ष कर रही थी। यहां तक कि बीच-सेट में कोई पूरक भी उसकी हरकत या लय को पुनर्जीवित नहीं कर सका। कसाटकिना ने उसकी कमजोरी को भांपते हुए हमला किया। रूसी खिलाड़ी ने निर्दयी दक्षता के साथ दौड़ लगाई, पहले 20 मिनट में दो बार ब्रेक किया और 5-0 की बढ़त हासिल की। उसके गहरे रिटर्न, विभिन्न कोण और लगातार गहराई ने बैडोसा को परेशान और अनिश्चित बना दिया। पहला सेट आधे घंटे से भी कम समय में समाप्त हो गया, जिसमें बैडोसा ने 17 अनफोर्स्ड एरर किए - जो उसकी कमजोर शारीरिक स्थिति और कसाटकिना के अथक गेम प्लान दोनों का प्रमाण है।

### सुडोकू 6930 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 7 | 3 | 4 | 5 | 8 | 9 | 2 | 1 |
| 5 | 4 | 1 | 9 | 2 | 3 | 8 | 7 | 6 |
| 2 | 9 | 8 | 6 | 7 | 1 | 4 | 5 | 3 |
| 7 | 6 | 9 | 2 | 4 | 5 | 1 | 3 | 8 |
| 1 | 8 | 4 | 3 | 9 | 7 | 5 | 6 | 2 |
| 3 | 2 | 5 | 8 | 1 | 6 | 7 | 4 | 9 |
| 4 | 5 | 6 | 1 | 8 | 2 | 3 | 9 | 7 |
| 8 | 3 | 7 | 5 | 6 | 9 | 2 | 1 | 4 |
| 9 | 1 | 2 | 7 | 3 | 4 | 6 | 8 | 5 |

## फ्रेंच ओपन : जानिक सिनर 94 मिनट के मास्टरक्लास के साथ चौथे दौर में



**पेरिस,** 31 मई (एजेंसियां)। विश्व के नंबर 1 जानिक सिनर ने फ्रेंच ओपन में अपने इरादे का एक क्रूर बयान दिया, शनिवार को स्टेड रौलां -गैरो में चेक गणराज्य के जिरी लेहेका को मात्र 94 मिनट में 6-0, 6-1, 6-2 से हराकर चौथे दौर में प्रवेश किया। शीर्ष वरीयता प्राप्त खिलाड़ी ने पेरिस में शानदार प्रदर्शन किया, उन्होंने अभी तक एक भी सेट नहीं गंवाया, और अपने ग्रैंड स्लैम मैच जीतने के क्रम को 17 मैचों तक बढ़ाया। कोर्ट सुजैन-लेंगलेन पर ग्रे आसमान के नीचे, सिनर ने शुरू से ही शानदार प्रदर्शन किया, सटीक बेसलाइन नियंत्रण, शुरुआती बॉल-स्ट्राइकिंग और निर्दयी रिटर्निंग के अपने विशिष्ट मिश्रण का प्रदर्शन किया। इन्फोसिस स्टैट्स के अनुसार, इटालियन खिलाड़ी ने पूरे मैच में सर्व पर सिर्फ नौ अंक गंवाए और लेहेका की असंगत डिलीवरी को रिटर्न विनर से दंडित किया, जिसका चेक के पास कोई जवाब नहीं था। मैच के बाद सिनर ने कहा कि मैं वाकई बहुत अच्छा खेल रहा था।खास तौर पर ढाई सेट तक। फिर उसने अच्छी सर्विस की और कुछ बहादुर अंक, सर्व और वॉली के साथ आने की कोशिश की। लेकिन मैं अपने प्रदर्शन से खुश हूं। सिनर ने जीत को अपने कोच सिमोन वैग्नोजी को समर्पित किया, जिन्होंने शुक्रवार को अपना जन्मदिन मनाया। सिनर ने मुस्कुराते हुए कहा कि आमतौर पर, जब उसका जन्मदिन होता है, तो मैं अच्छा नहीं खेलता। इसलिए यह जीत उसके लिए है। संख्याओं ने सिनर के प्रभुत्व को रेखांकित किया: 30 विनर और सिर्फ नौ अनफोर्स्ड एरर, और शीर्ष 20 से बाहर रैंक वाले खिलाड़ियों के खिलाफ़ लगातार 64 जीत के उनके चौंका देने वाले सफर का सिलसिला जारी रहा। यह अनुशासन, शक्ति और निरंतरता में एक मास्टरक्लास था - ऐसे गुण जिन्होंने पिछले 18 महीनों में सिनर के उदय को रेखांकित किया है। इस जीत ने 2025 के सीजन के लिए सिनर को 15-1 पर पहुंचा दिया और अपने पिछले 15 ग्रैंड स्लैम मुकाबलों में से 14वें चौथे दौर में प्रवेश किया। रौलां गैरो में 19-5 के रिकॉर्ड के साथ, जिसमें पिछले साल का सेमीफाइनल भी शामिल है, जहां वह पांच सेट के क्लासिक में कार्लोस अल्काराज से हार गए थे, सिनर एक बार फिर पेरिस की मिट्टी पर एक गंभीर खिताब के दावेदार के रूप में अपना दावा पेश कर रहे हैं। राउंड ऑफ़ 16 में उनका मुकाबला 17वें वरीय आंद्रेई रुब्लेव से है, जो चोट के कारण फ्रांसीसी आर्थर फिल्स के हटने के बाद वॉकओवर के जरिए आगे बढ़े। सिनर अपने एटीपी हेड-टू-हेड में 6-3 से आगे हैं और मैचअप में गति और आत्मविश्वास के साथ उतरेंगे।

■ सिनर ने शुरू से ही शानदार प्रदर्शन किया

■ सिनर ने जीत को अपने कोच सिमोन वैग्नोजी को समर्पित किया

## यूएफा प्रेसिडेंट से मिले जय शाह

**नई दिल्ली,** 31 मई (एजेंसियां)। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के अध्यक्ष जय शाह को म्यूनिख में क्रिकेटिंग इकोसिस्टम का प्रतिनिधित्व करने पर सम्मानित किया गया है। यहां उन्होंने यूएफा प्रेसिडेंट अलेक्सांद्र सेफरिन से भी मुलाकात की। इसकी जानकारी खुद शाह ने दी। शाह की सेफरिन से मुलाकात 2024/25 यूएफा चैंपियंस लीग फाइनल से पहले हुई है, जो म्यूनिख में 75,000 सीटों वाले एलियांज एरिना में पेरिस सेंट-जर्मेन (पीएसजी) और तीन बार के चैंपियन इंटर मिलान के बीच खेला जाएगा। शनिवार को अपने एक्स अकाउंट पर शाह ने लिखा, चैंपियंस लीग फाइनल से पहले म्यूनिख में क्रिकेट का प्रतिनिधित्व करके और यूएफा प्रेसिडेंट एलेक्जेंडर सेफरिन के साथ चर्चा करके



सम्मानित महसूस किया। दूसरे स्पोर्टिंग लीडर्स के साथ समय बिताना हमेशा मूल्यवान होता है, क्योंकि आईसीसी हमारे खेल की वैश्विक पहुंच का विस्तार कर रहा है। पिछले साल दिसंबर में आईसीसी चेयरमैन के तौर पर अपना कार्यकाल शुरू करने के बाद से ही जय शाह क्रिकेट के लिए नए बाजार खोलने और विस्तार करने के लिए दौरे कर रहे हैं।

देशबन्धु

# [अर्थ जगत]

| सर्वाधिक बढ़ने वाले शेयर | |
|---|---|
| इटरनल | 4.58 प्रतिशत |
| एसबीआई | 1.89 प्रतिशत |
| एचडीएफसी बैंक | 0.81 प्रतिशत |
| एलटी | 0.64 प्रतिशत |
| रिलायंस | 0.24 प्रतिशत |

| सर्वाधिक घटने वाले शेयर | |
|---|---|
| टेक महिंद्रा | 1.73 प्रतिशत |
| एचसीएल टेक | 1.64 प्रतिशत |
| एशियन पेंट | 1.62 प्रतिशत |
| एनटीपीसी | 1.49 प्रतिशत |
| इंफोसिस | 1.43 प्रतिशत |

## सर्राफा

दिल्ली

| | |
|---|---|
| सोना (प्रति दस ग्राम)स्टैंडर्ड | 94,870 |
| बिटुर | 47,320 |
| गिन्नी (प्रति आठ ग्राम) | 39,795 |
| चांदी (प्रति किलो) टंच हाजिर | 97,000 |
| वायदा | 70,857 |
| चांदी सिक्का लिवाली | 900 |
| बिकवाली | 880 |

## मुद्रा विनिमय

| मुद्रा | क्रय | विक्रय |
|---|---|---|
| अमेरिकी डॉलर | 77.60 | 89.97 |
| पौंड स्टर्लिंग | 104.55 | 121.26 |
| यूरो | 88.09 | 102.17 |
| चीन युआन | 8.39 | 13.61 |

## अनाज

| | |
|---|---|
| देसी गेहूँ एमपी | 2400-3000 |
| गेहूं दड़ा | 3100-3200 |
| आटा | 2800-2900 |
| मैदा | 2900-2950 |
| चोकर | 2000-2100 |

## मोटा आनाज

| | |
|---|---|
| बाजरा | 1300-1305 |
| मक्का | 1350-1500 |
| ज्वार | 3100-3200 |
| जौ | 1430-1440 |
| काबुली चना | 3500-4000 |

## शुगर

| | |
|---|---|
| चीनी एस | 4280-4380 |
| चीनी एम | 4500-4600 |
| मिल डिलीवरी | 3620-3720 |
| गुड़ | 4400-4500 |

## दाल-दलहन

| | |
|---|---|
| चना | 6000-6100 |
| दाल चना | 7000-7100 |
| मसूर काली | 7500-7600 |
| उड़द दाल | 9200-9300 |
| मूंग दाल | 9900-10000 |
| अरहर दाल | 9000-9100 |

## पेट्रोल और डीजल की कीमतें अपरिवर्तित

**नई दिल्ली।** अंतराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में तेजी जारी रहने के बावजूद घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम अपरिवर्तित रहे, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 94.72 रुपए प्रति लीटर तथा डीजल 87.62 रुपए प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 104.21 रुपए प्रति लीटर पर और डीजल 92.15 रुपए प्रति लीटर पर रहा।



### एसबीआई ने एक लेटेस्ट रिपोर्ट जारी की, कहा

# भारत सबसे तेजी से बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था बना रहेगा

**नई दिल्ली,** 31 मई (एजेंसियां)। भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) की एक लेटेस्ट रिपोर्ट के अनुसार, भारत वित्त वर्ष 2026 में अपनी मजबूत वृहद आर्थिक बुनियाद, वित्तीय क्षेत्र और सस्टेनेबल विकास के प्रति प्रतिबद्धता के साथ सबसे तेजी से बढ़ने वाली प्रमुख अर्थव्यवस्था बना रहेगा। एसबीआई के ग्रुप चीफ इकोनॉमिक एडवाइजर डॉ. सौम्य कांति घोष ने आरबीआई की नवीनतम वार्षिक रिपोर्ट के आधार पर कहा, 'उच्च प्रत्याशित बचत के साथ घरेलू वित्त, प्रत्याशित विकास की फंडिंग के लिए काफी होगा। इसके साथ ही, कीमतों पर मांग से जुड़े दबाव की उम्मीद न के बराबर है।' घोष ने कहा कि विकास के लिए बाहरी और भू-राजनीतिक कारकों से बाधा उत्पन्न हो सकती है। चौथी तिमाही में 7.4 प्रतिशत की जीडीपी वृद्धि को पूंजी निर्माण में मजबूत उछाल से सपोर्ट मिला। पूंजी निर्माण ने 9.4 प्रतिशत की वार्षिक वृद्धि दर्ज की। पूंजी निर्माण में सुधार चौथी तिमाही



में मुख्य क्षेत्र में पुनरुद्धार के कारण हुआ, जैसा कि हाई-फ्रीक्वेंसी इंडीकेटर्स से साफ है। वित्त वर्ष 2025 के लिए पूंजी निर्माण में कुल वृद्धि अब 7.1 प्रतिशत है।

वित्त वर्ष 2025 की चौथी तिमाही में भारत की अर्थव्यवस्था 7.4 प्रतिशत बढ़ी, जबकि पिछले वित्त वर्ष की इसी तिमाही में 8.4 प्रतिशत की वृद्धि हुई थी। चौथी तिमाही के आंकड़ों के आधार पर वित्त वर्ष 2025 की वार्षिक वृद्धि 6.5 प्रतिशत रहने का अनुमान है। वित्त वर्ष 2025 की चौथी तिमाही में लगभग सभी क्षेत्रों ने बेहतर वृद्धि दर्ज की। उद्योग में जहां 6.5 प्रतिशत की वृद्धि हुई, वहीं सेवा क्षेत्र में चौथी तिमाही में 7.3 प्रतिशत की

> **चौथी तिमाही में 7.4 प्रतिशत की जीडीपी वृद्धि को पूंजी निर्माण में मजबूत उछाल से सपोर्ट मिला। पूंजी निर्माण ने 9.4 प्रतिशत की वार्षिक वृद्धि दर्ज की : डॉ. सौम्य कांति घोष, ग्रुप चीफ इकोनॉमिक एडवाइजर, एसबीआई**

वृद्धि हुई। चौथी तिमाही के दौरान उद्योग के तहत निर्माण क्षेत्र में 10.8 प्रतिशत और विनिर्माण क्षेत्र में 4.8 प्रतिशत की वृद्धि हुई। निजी खपत ने चौथी तिमाही में अपनी अच्छी स्थिति बनाए रखी, हालांकि चौथी तिमाही में वृद्धि की क्रमिक धीमी दर रही। कुल मिलाकर, वित्त वर्ष 2025 के लिए निजी अंतिम उपभोग व्यय में 7.2 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। पूरे वर्ष के दौरान निर्यात मांग अच्छी रही, जिसमें 6.3 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई, जबकि पूरे वर्ष के दौरान आयात में 3.7 प्रतिशत की कमी आई।

# हमारा लक्ष्य भारत के तेल और गैस अन्वेषण क्षेत्र को 1 मिलियन वर्ग किलोमीटर तक बढ़ाना है : पुरी

**नई दिल्ली,** 31 मई (एजेंसियां)। पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने कहा है कि भारत के तलछटी बेसिन में तेल और गैस के लिए वर्तमान में खोजे जा रहे कुल क्षेत्र का 76 प्रतिशत हिस्सा 2014 से एक्टिव एक्सप्लोरेशन के अंतर्गत आ गया है।

सीआईआई के 'एनुअल बिजनेस समिट 2025' में केंद्रीय मंत्री पुरी ने कहा कि पिछले एक दशक में सरकार भारत के तलछटी बेसिन में तेल और गैस के लिए खोजे गए क्षेत्र को 6 प्रतिशत से बढ़ाकर 10 प्रतिशत करने में सफल रही है, जो जल्द ही 15 प्रतिशत तक पहुंच जाएगा। उन्होंने कहा, 'हमारा लक्ष्य 2030 तक भारत के तेल और गैस अन्वेषण क्षेत्र को 1 मिलियन वर्ग किलोमीटर तक बढ़ाने का है।' केंद्रीय मंत्री ने आगे कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में भारत की तेजी से बढ़ती ऊर्जा अर्थव्यवस्था मजबूत स्थिति में है। उन्होंने बताया कि भारत के लिए ऊर्जा सुरक्षा एक रणनीतिक आवश्यकता है, जिसे अस्थिर वैश्विक ऊर्जा परिदृश्य में सुनिश्चित किया जाना जरूरी है।



> **पिछले एक दशक में सरकार भारत के तलछटी बेसिन में तेल और गैस के लिए खोजे गए क्षेत्र को 6 प्रतिशत से बढ़ाकर 10 प्रतिशत करने में सफल रही है, जो जल्द ही 15 प्रतिशत तक पहुंच जाएगाः हरदीप सिंह पुरी**

केंद्रीय मंत्री ने कहा, 'भारत के ऊर्जा क्षेत्र के आकार और परिमाण का अंदाजा इस तथ्य से लगाया जा सकता है कि 2024-25 में भारत ने लगभग 242.4 मिलियन टन कच्चे तेल का आयात किया और आयात पर 137 बिलियन डॉलर खर्च किए, जबकि जिन देशों से हम आयात करते हैं, उनकी संख्या 27 से बढ़कर 40 हो गई।' उन्होंने कहा कि भारत कठिन समय के दौरान भी ऊर्जा उपलब्धता, सामर्थ्य और स्थिरता को बनाए रखने में सक्षम रहा है। जब दुनियाभर में ईंधन की कीमतें आसमान छू रही थीं, तब भारत एकमात्र ऐसा देश था, जहां कीमतें वास्तव में कम हुईं और नागरिकों के लाभ के लिए पीएम मोदी के लागू किए गए सक्रिय उपायों के परिणामस्वरूप कम बनी रहीं।

केंद्रीय मंत्री पुरी ने आगे कहा कि क्षेत्र में प्रमुख सुधारों और विकास के लिए नए जोर के साथ, भारत अब एनर्जी इंफ्रास्ट्रक्चर का विस्तार कर इसे मजबूत बना रहा है। साथ ही, देश ग्रीन एनर्जी ट्रांजिशन को गति प्रदान करने के लिए इनोवेटिव सॉल्यूशन को लागू कर विकास के फास्ट ट्रैक पर है। इस संदर्भ में उन्होंने बताया कि भारत की इथेनॉल ब्लेंडिंग पहल ने भी शानदार वृद्धि दर्ज की है। उन्होंने कहा, 'हमने पेट्रोल में इथेनॉल ब्लेंडिंग को 2013-14 के 1.53 प्रतिशत से बढ़ाकर अप्रैल 2025 तक लगभग 20 प्रतिशत कर दिया है, क्योंकि अब हम इससे आगे की योजना बना रहे हैं।

# कच्चे खाद्य तेल पर सीमा शुल्क में 10 प्रतिशत की कमी

**नई दिल्ली,** 31 मई (एजेंसियां) खाद्य तेल की कीमतों को कम करने के उद्देश्य से सरकार ने कच्चे खाद्य तेलों पर मूल सीमा शुल्क को 20 प्रतिशत से कम करके 10 प्रतिशत कर दिया है। हालांकि रिफाइंड ऑयल पर शुद्ध सीमा शुल्क अभी 35.25 प्रतिशत है। वित्त मंत्रालय द्वारा कल देर रात जारी अधिसूचना के अनुसार यह कमी शुक्रवार से प्रभावी हो गया है। इसके बाद कच्चे खाद्य तेल पर शुद्ध सीमा शुल्क 16.5 प्रतिशत हो गया है। शुल्क में बदलाव का उद्देश्य पाम ऑयल, सोया ऑयल और सूरजमुखी तेल की कीमतों को कम करना है। सरकार ने यह कदम खाद्य तेल कीमतों में उछाल के बीच उठाया है। भारत में इस साल सरसों की बंपर फसल के प्रभाव को नकारते हुए खाद्य तेलों की कीमतें वैश्विक स्तर पर बढ़ गई हैं। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार सरसों तेल की कीमतें औसतन 25 प्रतिशत बढ़कर 170 रुपए प्रति लीटर से अधिक हो गई हैं। एक साल पहले की तुलना में 28 मई को पाम ऑयल की औसत खुदरा कीमत 34 प्रतिशत बढ़कर 134 रुपए प्रति लीटर हो गई जबकि सूरजमुखी की कीमतें 30 प्रतिशत अधिक थीं। सोया तेल में सबसे कम 18 प्रतिशत की वृद्धि हुई और घरेलू बाजार में इसकी कीमत करीब 147 रुपए प्रति लीटर है।

# करदाताओं की सेवा करना अधिकारियों का कर्तव्य : सीतारमण

**नई दिल्ली,** 31 मई (एजेंसियां)। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शनिवार को कहा कि करदाताओं की सेवा करना कर विभाग के अधिकारियों का कर्तव्य है और उन्हें यह कार्य पारदर्शिता और ईमानदारी के साथ करना चाहिए।

वित्त मंत्री ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक बयान में कहा, 'करदाताओं को सेवा प्रदान करना हमारा कर्तव्य है। करदाताओं की सेवा करते समय, उनका विश्वास और भरोसा जीतने के लिए पारदर्शिता और ईमानदारी बेहद जरूरी है। मुझे विश्वास है कि बोर्ड और क्षेत्रीय संरचनाएं संवेदनशील और उत्तरदायी बनी रहेंगी।' उनका यह बयान जीएसटी रजिस्ट्रेशन के लिए आवेदन करने वाली एक व्यावसायिक इकाई के मामले में केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर और सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) के दिए विस्तृत स्पष्टीकरण के जवाब में दिया गया था। आवेदक ने आवेदन की प्रक्रिया में देरी की शिकायत की थी। सीबीआईसी ने जवाब के तौर पर मामले के



> **'करदाताओं को सेवा प्रदान करना हमारा कर्तव्य है। करदाताओं की सेवा करते समय, उनका विश्वास और भरोसा जीतने के लिए पारदर्शिता और ईमानदारी बेहद जरूरी हैः निर्मला सीतारमण, केंद्रीय वित्त मंत्री**

पेंडिंग होने के पीछे विस्तृत स्पष्टीकरण पेश किया। सीबीआईसी ने कारण बताया कि करदाता कंपनी की ओर से साइन करने वाले व्यक्ति के पद को लेकर पूछे गए विशेष सवाल का जवाब न मिलने की वजह से यह देरी हो रही है। लिंक्डइन पर जीएसटी रजिस्ट्रेशन मुद्दे के बारे में लिखने वाले विनोद गुप्ता के मामले के तथ्य का हवाला देते हुए सीबीआईसी ने एक्स पर कहा, 'आवेदन इस सप्ताह 26 मई (सोमवार) को दायर किया गया था, जिसे दिल्ली राज्य जीएसटी को सौंपा गया था। इस मामले में केंद्रीय जीएसटी अधिकारियों की कोई भूमिका नहीं थी।' बयान में आगे कहा गया, 'दिल्ली राज्य जीएसटी अधिकारियों के अनुसार, मामले पर तुरंत काम किया गया था और कंपनी की ओर से रेंट एग्रीमेंट पर साइन करने वाले व्यक्ति के मिसिंग डिजिगनेशन के बारे में एक प्रश्न उठाया गया था। इस स्तर पर एआरएन करदाता की ओर से जवाब की वजह से पेंडिंग था और करदाता को इसकी जानकारी दी गई थी।' बयान में बताया गया कि पेंडिंग जानकारी प्राप्त होने पर दिल्ली जीएसटी अधिकारी आवेदन पर कार्रवाई करेंगे। सीबीआईसी ने आवेदक से तथ्यों को बिना जाने सोशल मीडिया पर गलत जानकारी प्रसारित न करने का भी अनुरोध किया है।

## सार संक्षेप

### भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 6.99 बिलियन डॉलर बढ़कर 692.7 बिलियन डॉलर के पार

**नई दिल्ली।** आरबीआई के लेटेस्ट साप्ताहिक आंकड़ों के अनुसार, 23 मई को समाप्त सप्ताह के दौरान भारत के विदेशी मुद्रा भंडार में 6.99 बिलियन डॉलर की शानदार वृद्धि दर्ज की गई, जो बढ़कर 692.72 बिलियन डॉलर हो गया। आंकड़ों के अनुसार, विदेशी मुद्रा भंडार का एक प्रमुख घटक, विदेशी मुद्रा परिसंपत्तियां 4.52 बिलियन डॉलर बढ़कर 586.17 बिलियन डॉलर हो गईं। आरबीआई के आंकड़ों के अनुसार, इस सप्ताह के दौरान स्वर्ण भंडार घटक के मूल्य में भी जबरदस्त वृद्धि हुई, जो 2.37 बिलियन डॉलर बढ़कर 83.58 बिलियन डॉलर हो गई। स्पेशल ड्राइंग राइट्स (एसडीआर) 81 मिलियन डॉलर बढ़कर 18.571 बिलियन डॉलर हो गए। आंकड़ों के अनुसार, सप्ताह के दौरान आईएमएफ के साथ भारत की आरक्षित स्थिति 30 मिलियन डॉलर बढ़कर 4.401 बिलियन डॉलर हो गई। 16 मई को समाप्त हुए पिछले सप्ताह में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 4.89 बिलियन डॉलर घटकर 685.73 बिलियन डॉलर रह गया था।

# स्टील, एल्युमीनियम पर अमेरिका में ऊंचे शुल्क से चिंतित हैं भारतीय निर्यातक

**नई दिल्ली,** 31 मई (एजेंसियां)। फेडरेशन ऑफ इंडियन एक्सपोर्ट ऑर्गनाइजेशन (फियो) ने अमेरिकी में स्टील और एल्युमीनियम पर आयात शुल्क को 25 प्रतिशत से बढ़ाकर 50 प्रतिशत करने की हाल की घोषणा पर चिंता व्यक्त की है और सरकार से भारतीय स्टील निर्यात की सुरक्षा के लिए अमेरिका के साथ कूटनीतिक प्रयास करने का आग्रह किया है। निर्यातकों का कहना है कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की ऐसी कार्रवाई से भारत के स्टील और एल्युमीनियम निर्यात, विशेष रूप से मूल्यवर्धित और तैयार स्टील उत्पादों और वाहनों के कल पुर्जों का निर्यात प्रभावित होगा

भारत के निर्यातकों के शीर्ष मंच फियो के अध्यक्ष एस सी रल्हन ने कहा कि अमेरिकी स्टील और एल्युमीनियम आयात शुल्क में प्रस्तावित वृद्धि का विशेष रूप से स्टेनलेस स्टील पाइप, स्ट्रक्चरल स्टील कंपोनेंट और ऑटोमोटिव स्टील पार्ट्स जैसी अर्ध-तैयार और तैयार इस्पात उत्पादों के निर्यात पर प्रभाव पड़ेगा। ये उत्पाद भारत के बढ़ते इंजीनियरिंग निर्यात का हिस्सा हैं, और उच्च शुल्क अमेरिकी बाजार में हमारी मूल्य प्रतिस्पर्धात्मकता को कम कर सकते हैं। भारत ने वित्त वर्ष 2024-25 में अमेरिका को लगभग 6.2 अरब डॉलर मूल्य के स्टील और तैयार स्टील उत्पादों का निर्यात किया, जिसमें इंजीनियर्ड और फैब्रिकेटेड स्टील घटकों की एक विस्तृत श्रृंखला और लगभग 86 करोड़ डॉलर के एल्युमीनियम और उसके उत्पाद शामिल हैं। भारतीय स्टील निर्माताओं के लिए अमेरिका शीर्ष गंतव्यों में से एक है, जो उच्च गुणवत्ता वाले उत्पादन और प्रतिस्पर्धी मूल्य निर्धारण के माध्यम से धीरे-धीरे बाजार हिस्सेदारी बढ़ा रहे हैं।


**न्यायालय तहसीलदार नजूल रायपुर ( छ.ग. )**
**ईश्तहार**

रा.मा.क्र. 202505114300019/173
वर्ष 2024-2025
नवीनीकरण अ-20 (1)
पेशी दिनांक 17.06.2025

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदकगण मोहम्मद आरीफ पिता हाजी मोहम्मद कासिम श्रीमती रशीदा बानो पति मोहम्मद आरीफ निवासी फव्वारा चौक के पास बैरनबाजार रायपुर छ.ग. के अधिवक्ता द्वारा इस आशय से आवेदन पेश किया है कि मौजा सिविल स्टेशन रायपुर स्थित ब्लॉक नंबर 18 भूखण्ड क्रमांक 20/29 रकबा 1600 वर्गफीट भूमि आवेदकगण के नाम पर दर्ज है पट्टे की अवधि समाप्त हो चुकी है। जिसके नवीनीकरण हेतु आवेदकगण द्वारा आवेदन पत्र के साथ पट्टे की छायाप्रति संलग्न कर प्रस्तुत किया है। उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई आपत्ति हो तो दिनांक 17.06.2025 तक कलेक्टर कार्यालय रायपुर के कक्ष क्रमांक-07 में पेश कर सकते है। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आक्षेप पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

ईश्तहार आज दिनांक 29.05.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर तहसीलदार नजूल रायपुर

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मण्डल सेरीखेड़ी-18, तहसील व जिला रायपुर**
**आम सूचना**

जारी दिनांक 26.05.2025

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम बनरसी प.ह.नं. 79 रा.नि.मं. सेरीखेड़ी-20, तहसील व जिला रायपुर स्थित भूमि के संबंध में आवेदिका गायत्री देवी पति रवि कुमार जोशी निवासी इंदौर (म.प्र.) द्वारा धारित भूमिस्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 437/5 रकबा 0.2300 हे. के सीमांकन हेतु आवेदन अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर के समक्ष प्रस्तुत किये जाने के उपरांत न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर के रा.प्र.क्र./ वाचक/ अति.तहसीलदार/वर्ष 2025 आदेश दिनांक 20.05.2025 के परिपालन में आवेदक की भूमि का सीमांकन हमारे द्वारा दिनांक 05.06.2025 को समय 12 बजे किया जाना नियत है। अतएव उक्त भूमि के सभी बटांकनधारी भूमिस्वामियों को सूचना दी जाती है कि उक्त तिथि व समय पर पटवारी कार्यालय में उपस्थित होकर उक्त खसरा नंबर के संबंध में जो भी उजर दावा अथवा आपत्ति हो तो समक्ष प्रस्तुत करें। आपकी अनुपस्थिति में सीमांकन कार्य किया जा सकता है। सीमांकन बटांकन उपरांत किसी प्रकार की कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।

सो सूचना जानें।

राजस्व निरीक्षक सेरीखेड़ी-18

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मण्डल सेरीखेड़ी-18, तहसील व जिला रायपुर**
**आम सूचना**

जारी दिनांक 26.05.2025

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम बनरसी प.ह.नं. 79 रा.नि.मं. सेरीखेड़ी-20, तहसील व जिला रायपुर स्थित भूमि के संबंध में आवेदक अभिषेक उपाध्याय पिता विष्णु उपाध्याय निवासी लक्ष्मी नगर रायपुर छ.ग. द्वारा धारित भूमिस्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 15/2, 16/1, 21/2, 22, 26/2, 74/1, 196/1, 474/2, 651/4 रकबा 0.0130, 0.6090, 0.5810, 0.4580, 0.1040, 0.5140, 0.0440, 0.1370, 0.1950 के सीमांकन हेतु आवेदन अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर के समक्ष प्रस्तुत किये जाने के उपरांत न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर के रा.प्र.क्र. /वाचक अति.तहसीलदार/वर्ष 2025 आदेश दिनांक 20.05.2025 के परिपालन में आवेदक की भूमि का सीमांकन हमारे द्वारा दिनांक 05.06.2025 को समय 12 बजे किया जाना नियत है। अतएव उक्त भूमि के सभी बटांकनधारी भूमिस्वामियों को सूचना दी जाती है कि उक्त तिथि व समय पर पटवारी कार्यालय में उपस्थित होकर उक्त खसरा नंबर के संबंध में जो भी उजर दावा अथवा आपत्ति हो तो समक्ष प्रस्तुत करें। आपकी अनुपस्थिति में सीमांकन कार्य किया जा सकता है। सीमांकन बटांकन उपरांत किसी प्रकार की कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।

सो सूचना जानें।

राजस्व निरीक्षक सेरीखेड़ी-18

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मण्डल सेरीखेड़ी-18, तहसील व जिला रायपुर**
**आम सूचना**

जारी दिनांक 26.05.2025

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम बनरसी प.ह.नं. 79 रा.नि.मं. सेरीखेड़ी-20, तहसील व जिला रायपुर स्थित भूमि के संबंध में आवेदक /आवेदिका प्रेमलता उपाध्याय पति अनिरुद्ध उपाध्याय, सरोज उपाध्याय पति विष्णु उपाध्याय सा. लक्ष्मी नगर रायपुर छ.ग. द्वारा धारित भूमिस्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 452/1, 452/2 रकबा 0.0800 हे., 0.1230 हे. के सीमांकन हेतु आवेदन अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर के समक्ष प्रस्तुत किये जाने के उपरांत न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर के रा.प्र.क्र. /वाचक अति.तहसीलदार/वर्ष 2025 आदेश दिनांक 20.05.2025 के परिपालन में आवेदक की भूमि का सीमांकन हमारे द्वारा दिनांक 05.06.2025 को समय 12 बजे किया जाना नियत है। अतएव उक्त भूमि के सभी बटांकनधारी भूमिस्वामियों को सूचना दी जाती है कि उक्त तिथि व समय पर पटवारी कार्यालय में उपस्थित होकर उक्त खसरा नंबर के संबंध में जो भी उजर दावा अथवा आपत्ति हो तो समक्ष प्रस्तुत करें। आपकी अनुपस्थिति में सीमांकन कार्य किया जा सकता है। सीमांकन बटांकन उपरांत किसी प्रकार की कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।

सो सूचना जानें।

राजस्व निरीक्षक सेरीखेड़ी-18

**आम सूचना**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि मेरा पक्षकार अनिल कुमार तूनयानी उम्र 62 वर्ष पिता श्री चन्द्रभान तूनयानी निवासी बी/4 विश्राम धाम गायत्री नगर वार्ड नंबर 28 शंकर नगर रायपुर छ.ग. का निवासी करता है। मेरे पक्षकार द्वारा श्रीमती रंजना उपाध्याय से भूखण्ड क्रमांक ई/392 समता सहकारी गृह निर्माण समिति मर्या. चिरहुलडीह [illegible]

सो सूचना जानें।

रायपुर छ.ग.
दिनांक 31.05.2025

भवदीय
विनोद सराफ (अधिवक्ता)
कार्यालय-लाखे नगर चौक, गौतम नगर राजकुमार कॉलेज रोड, हिंद स्पोर्टिंग ग्राउण्ड के सामने, पो.आ. सुंदर नगर, रायपुर (छ.ग.)
मो.नं.-7489636199

**रायपुर विकास प्राधिकरण रायपुर**
**उद्घोषणा**

क्रमांक 6092/रा.शा./इन्द्रप्रस्थ/वि.प्रा./25
रायपुर दिनांक 30/05/25

प्राधिकरण की इन्द्रप्रस्थ फेस-2 रायपुरा योजना के अन्तर्गत श्री चंद्रेश गोहिल पिता श्री वी.एन. गोहिल को भूखण्ड क्रमांक बी-106 सी रकबा 136.60 वर्गमीटर आबंटित है। [illegible] तक कोई आपत्ति/दावा प्रस्तुत नहीं होने पर शासन के प्रचलित नियमों के अनुसार नामांतरण की कार्यवाही संपादित करा दी जावेगी। जिसके बाद कोई आपत्ति/दावा ग्राह्य नहीं होगा।

दिनांक ......... को जारी।

राजस्व अधिकारी (तहसीलदार)
रायपुर विकास प्राधिकरण
रायपुर (छ.ग.)

**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर 02**
**मामले की श्रेणी-राजस्व**
**ईश्तहार**

संदर्भः- जिला-रायपुर तहसील-रायपुर प.ह.नं. 00038 खमतराई ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक आरडी-202425440 723500103

तहसील रायपुर के प.ह.नं. 00038 के अंतर्गत ग्राम खमतराई के वर्तमान भूमिस्वामी [illegible] प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं / अधिवक्ता / आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 23.05.2023 को जारी किया जाता है।

मुहर नायब तहसीलदार रायपुर

**रायपुर विकास प्राधिकरण रायपुर**
**उद्घोषणा**

क्रमांक 6089/रा.शा./रा.वि.प्रा./2025
रायपुर दिनांक 30/05/25

प्राधिकरण की नगर विकास योजना क्रमांक-04 कौशल्या माता विहार (कमल विहार) सेक्टर- [illegible] आपत्ति / दावा प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित अवधि तक कोई आपत्ति/दावा प्रस्तुत नहीं होने पर शासन के प्रचलित नियमों के अनुसार नामांतरण की कार्यवाही संपादित करा दी जावेगी। जिसके बाद कोई आपत्ति/दावा ग्राह्य नहीं होगा।

दिनांक.....को जारी।

राजस्व अधिकारी (तहसीलदार)
रायपुर विकास प्राधिकरण
रायपुर (छ.ग.)

**न्यायालय तहसीलदार मंदिर हसौद जिला-रायपुर ( छ.ग. )**
**ईश्तहार**

क्रमांक/क्यू/तह./वाचक/2025
मंदिर हसौद, दिनांक 07.05.2025

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि आवेदक इन्द्रजीत करमाकर पिता [illegible]

यह ईश्तहार आज दिनांक 07.05.25 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुद्रा से जारी किया गया।

मुहर तहसीलदार मंदिर हसौद

**NAME CHANGE**

It is informed to the general public that I, LAKHAMSI PATEL S/O DAYA BHAI PATEL resident of FLAT NO. 306 SHREE SHUBH RESIDENCY BHANPURI KHAMTARAI RAIPUR (C.G.) 492008 have changed my old name LAKHAMSI PATEL S/O DAYA BHAI PATEL so in future I should be recognized by my new name that is LAKHAMSHI BHAI PATEL S/O DAYA BHAI PATEL in all Government and other documents.

**LAKHAMSHI BHAI PATEL**
FLAT NO. 306 SHREE SHUBH RESIDENCY BHANPURI KHAMTARAI RAIPUR (C.G.) 492008

**NAME CHANGE**

It is informed to the general public that I, RAMESH DOKANIA S/O SAGARMAL DOKANIA resident of C-402 ORRANGE COUNTRY OPP. THANA MAIN ROAD MOWA RAIPUR (C.G.) have changed my old name RAMESH DOKANIA S/O SAGARMAL DOKANIA so in future I should be recognized by my new name that is RAMESH KUMAR DOKANIA S/O SAGARMAL DOKANIA in all Government and other documents.

**RAMESH KUMAR DOKANIA**
C-402 ORRANGE COUNTRY OPP. THANA MAIN ROAD MOWA RAIPUR (C.G.)

**NAME CHANGE**

It is informed to the general public that I, MALKEET SINGH S/O HARJINDER SINGH CHIB resident of L.I.G.-01/901 TATIBANDH RAIPUR (C.G.) have changed my old name MALKEET SINGH S/O HARJINDER SINGH CHIB so in future I should be recognized by my new name that is MALKEET SINGH CHIB S/O HARJINDER SINGH CHIB in all Government and other documents.

**MALKEET SINGH CHIB**
L.I.G.-01/901 TATIBANDH RAIPUR (C.G.)

**NAME CHANGE**

It is informed to the general public that I, HEMA KALWANI D/O ANOOP KALWANI resident of H.NO. 04, ROHRA VIHAR, HONEY MAAM INSTITUTE, AMLIDIH, RAIPUR (C.G.) 492001 have changed my old name HEMA KALWANI D/O ANOOP KALWANI so in future I should be recognized by my new name that is HONEY KALWANI W/O AMIT CHOUDHARY, in all Government and other documents.

**HONEY KALWANI**
H.NO. 04, ROHRA VIHAR, HONEY MAAM INSTITUTE, AMLIDIH, RAIPUR (C.G.) 492001

**NAME CHANGE**

It is informed to the general public that I, MOHMMED RAPHI S/O YAR MOHAMMED resident of CHHOTI LINE RAILWAY CROSSING, NEAR RAJ STORE GALI, FAFADIH, RAIPUR (C.G.) 492001 have changed my old name MOHMMED RAPHI S/O YAR MOHAMMED so in future I should be recognized by my new name that is MOHAMMED RAFI S/O YAR MOHAMMED in all Government and other documents.

**MOHAMMED RAFI**
CHHOTI LINE RAILWAY CROSSING, NEAR RAJ STORE GALI, FAFADIH, RAIPUR (C.G.) 492001

**NAME CHANGE**

It is informed to the general public that I, PURSHOTTAM LAL SHARMA S/O ONKAR LAL SHARMA, resident of H.NO. 36/1182, NEAR MAHILA POLICE THANA, BYRON BAZAR RAIPUR (C.G.) 492001 have changed my old name PURSHOTTAM LAL SHARMA S/O ONKAR LAL SHARMA, so in future I should be recognized by my new name that is PURUSHOTTAM LAL SHARMA S/O ONKAR LAL SHARMA in all Government and other documents.

**PURUSHOTTAM LAL SHARMA**
H.NO. 36/1182, NEAR MAHILA POLICE THANA, BYRON BAZAR RAIPUR (C.G.) 492001

**NAME CHANGE**

It is informed to the general public that I, VINOD KUMAR KHANNA S/O RAMLAL KHANNA resident of B-18 ROMANSQUE VILLA, LABHANDI, RAIPUR (C.G.) 492001 have changed my old name VINOD KUMAR KHANNA S/O RAMLAL KHANNA so in future I should be recognized by my new name that is VINOD KHANNA S/O RAMLAL KHANNA in all Government and other documents.

**VINOD KHANNA**
B-18 ROMANSQUE VILLA, LABHANDI, RAIPUR (C.G.) 492001

## 'माधव मिश्रा' से जुड़ा है मेरा 'आधार' : पंकज त्रिपाठी

**मुंबई।** अभिनेता पंकज त्रिपाठी अपनी सुपरहिट वेब सीरीज 'क्रिमिनल जस्टिस' के चौथे सीजन के साथ लौटे हैं। उन्होंने कहा कि वे अपने किरदार माधव मिश्रा को आसानी से समझ और निभा लेते हैं, क्योंकि उनका 'आधार' इस किरदार से जुड़ा हुआ है। पंकज ने बताया कि 'माधव मिश्रा' का किरदार उनके लिए इतना खास और करीबी है कि ऐसा लगता है जैसे उनका आधार कार्ड (यानी उनकी पहचान) इस किरदार से जुड़ी हुई है। इसे निभाने में वह पूरी तरह डूब जाते हैं। अभिनेता पंकज ने बताया कि मैंने अपना आधार माधव मिश्रा से जोड़ रखा है। मेरे लिए यह मुश्किल नहीं है। सबसे पहले हम कहानी सुनते हैं, अगर हमें कहानी पसंद आती है, तो हम पूरी कास्ट के साथ इसे फिर से पढ़ते हैं।

# शीतलता देते हैं सौंफ के दाने, मन व तन दोनों को रखते हैं कूल

- सौंफ के सेवन से शरीर मानसिक रुप से चुस्त-दुरुस्त रहता है
- सौंफ आंत की परत को रिलेक्स व ऐंठन से देती है राहत
- सौंफ का सेवन शरीर को मौसमी बीमारियों से बचाने में मददगार
- गैस, अपच और पेट की जलन की समस्या में मददगार

**नई दिल्ली,** 31 मई (एजेंसियां)। गर्मी ने दस्तक दे दी है। तपन, गर्म हवा, उमस और पसीना का प्रकोप भी शुरू हो चुका है। हालांकि, आयुर्वेद में ऐसी कई चीजें हैं, जिनके सेवन से शारीरिक और मानसिक रूप से चुस्त-दुरुस्त और तंदुरुस्त रहा जा सकता है और गर्मी और उससे होने वाली समस्याओं को भी मात दिया जा सकता है। औषधीय गुणों से भरपूर सौंफ के दाने बेहद कारगर हैं। सेलिब्रिटी न्यूट्रिशनिस्ट पूजा मखीजा ने सोशल मीडिया इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया, जिसमें उन्होंने बताया कि हम अपनी इम्युनिटी को मजबूत कैसे बना सकते हैं और गर्मियों में सौंफ के दाने से राहत कैसे पा सकते हैं।उन्होंने बताया कि सौंफ आंत की परत को रिलेक्स करता है और ऐंठन से राहत देता है। इसमें एनेथोल होता है, जिसमें ऐंठन-रोधी और हल्की एस्ट्रोजेनिक गतिविधि होती है। हार्मोनल बदलावों के दौरान महिलाओं के लिए यह बोनस की तरह होता है। यह सूजन को कम करता है और पाचन को सुचारू बनाता है, खासकर भारी या मसालेदार भोजन के बाद। गर्मी के मौसम में सौंफ का शरबत पीने से मन तरोताजा रहता है और शरीर की गर्मी शांत रहती है। गैस, अपच, और पेट की जलन की समस्या से जूझ रहे लोगों के लिए सौंफ के दाने काफी लाभदायक साबित हो सकते हैं। अगर नियमित रूप से सौंफ के दाने का इस्तेमाल किया जाए तो आपका पाचनतंत्र मजबूत बनेगा और चेहरे पर चमक भी आती है।आयुर्वेदाचार्य ने बताया कि आयुर्वेद में सौंफ को शतपुष्पा के नाम से जाना जाता है, जो पेट संबंधी विकारों को दूर करने में सहायक होता है। सौंफ के दाने शीतल और शांतिदायक होते हैं, जो पित्त दोष को संतुलित करने में मददगार होते हैं। इससे गैस, अपच और पेट की जलन की समस्या को कम किया जा सकता है।

आयुर्वेद के अनुसार, सौंफ को खाना खाने के बाद चबाने या चाय के रूप में लेने से भी पाचन तंत्र मजबूत होता है और मानसिक शांति भी मिलती है। सौंफ के दाने चबाने से पेट फूलना और भारीपन कम होता है, जिससे पाचन सुचारू रहता है। सौंफ की शीतल प्रकृति पित्त दोष को शांत करती है। सीने में जलन, सिरदर्द में भी सौंफ राहत देती है।सौंफ में एंटी-बैक्टीरियल गुण होते हैं, जो मुंह से जुड़ी समस्याओं में राहत देने में मददगार और मसूड़ों को स्वस्थ रखते हैं। सौंफ उन महिलाओं के लिए भी लाभकारी है, जिन्हें मासिक धर्म के दौरान दर्द, सूजन समेत अन्य समस्याओं से गुजरना पड़ता है। चाय पीने से मासिक धर्म की अनियमितता और पेट दर्द, ऐंठन में भी आराम मिलता है। नियमित रूप से सौंफ का सेवन शरीर को मौसमी बीमारियों से बचाने में मदद करता है। सौंफ खाने से मानसिक तनाव दूर होता है और नींद भी अच्छी आती है।



# 50 साल से कम उम्र में बढ़ रहे कैंसर के मामले

- त्वचा पर कोई दाग, गांठ या रंग में बदलाव को हल्के में न लें
- पेशाब में खून आना भी एक समस्या का संकेत



**नई दिल्ली,** 31 मई (एजेंसियां)। आजकल 50 साल से कम उम्र के लोगों में कैंसर के मामले बढ़ते जा रहे हैं। खासकर ब्रेस्ट कैंसर, लिंफोमा और कोलन (आंत) कैंसर के मामलों में ज्यादा बढ़ौत्तरी देखी जा रही है। इसके अलावा, कुछ और कैंसर जैसे टेस्टिकुलर, किडनी और पैंक्रियाज कैंसर के मामले भी बढ़ रहे हैं, लेकिन इनके मामले अभी कम हैं। इनके पीछे की सही वजह अभी पूरी तरह साफ नहीं है, लेकिन विशेषज्ञ लगातार इस पर रिसर्च कर रहे हैं। अगर किसी को लंबे समय तक थकान, वजन का अचानक कम होना, लंबे समय से चल रही सूजन, शरीर के किसी हिस्से में गांठ, लगातार दर्द या खून आना जैसे लक्षण दिखें, तो इन्हें नजरअंदाज नहीं करें, क्योंकि ऐसे लक्षण कैंसर के संकेत हो सकते हैं, इसलिए समय पर डॉक्टर से जांच कराना जरूरी है।

आंतों से जुड़ी दिक्कतें कोलन कैंसर का एक महत्वपूर्ण संकेत हो सकती हैं। जब किसी व्यक्ति के पेट या टॉयलेट से जुड़ी आदतों में कोई अजीब बदलाव आता है, जैसे मल का रंग काला हो जाना, उसमें खून दिखाई देना, तो ये चिंताजनक संकेत हो सकते हैं। ऐसे बदलावों को नजरअंदाज नहीं करना चाहिए और तुरंत किसी डॉक्टर से सलाह लेनी चाहिए। पिछले एक दशक में अमेरिका और दुनिया भर में कोलन कैंसर के मामलों में बढौत्तरी देखी गई है। विशेषज्ञों का मानना है कि यह बढौत्तरी पर्यावरणीय और खानपान संबंधी बदलावों से जुड़ी हो सकती है, हालांकि इसका सटीक कारण अभी तक स्पष्ट नहीं हो पाया है।

अगर किसी व्यक्ति का वजन बिना किसी कारण के अचानक कम होने लगे, तो यह चिंता की बात हो सकती है। इसके साथ ही थकान महसूस होना या नींद का पैटर्न बदल जाना भी ऐसे संकेत हैं, जिन्हें नजरअंदाज नहीं करना चाहिए। ये लक्षण आमतौर पर किसी गंभीर बीमारी के नहीं होते, लेकिन कभी-कभी ये कैंसर जैसे रोग की शुरुआत के संकेत हो सकते हैं। अगर आपका वजन बिना कोशिश के कम हो रहा है या खाने की इच्छा नहीं हो रही है, तो डॉक्टर से सलाह जरूर लेनी चाहिए।

त्वचा पर अगर कोई नई या बदलती हुई चीज दिखाई दे, तो यह स्किन कैंसर जैसे मेलानोमा का शुरुआती संकेत हो सकता है। अगर त्वचा पर कोई दाग, गांठ या रंग में बदलाव नजर आए, तो इसे हल्के में नहीं लेना चाहिए। ऐसी किसी भी नई या बदलती समस्या पर तुरंत डॉक्टर से मिलना जरूरी होता है ताकि सही जांच हो सके और समय पर इलाज शुरू किया जा सके।

पेशाब में खून आना भी एक समस्या का संकेत हो सकता है, जैसे कि किडनी या ब्लैडर की बीमारी। महिलाओं में पीरियड्स के बीच में खून आना या शारीरिक संबंध के बाद खून आना यह सर्वाइकल या एंडोमेट्रियल कैंसर का संकेत हो सकता है। ऐसे लक्षण दिखाई दें तो डॉक्टर से जांच करानी चाहिए। अच्छी बात यह है कि सर्वाइकल कैंसर अब पहले की तुलना में कम उम्र की महिलाओं में कम देखने को मिलता है।

अगर किसी को रात में बहुत ज्यादा पसीना आता है, साथ में बुखार, कंपन या कमजोरी महसूस होती है, तो यह भी चिंता की बात हो सकती है। ये लक्षण लिम्फोमा नाम के कैंसर से जुड़े हो सकते हैं। यह एक ऐसा कैंसर है, जो शरीर के प्रतिरोधक तंत्र को प्रभावित करता है। शरीर में अगर गांठ या सूजन दिखाई दे तो डॉक्टर की तुरंत सलाह लेनी चाहिए।कुछ और लक्षण भी हो सकते हैं, जो कैंसर की ओर इशारा करते हैं। जैसे बिना वजह शरीर का कोई हिस्सा नीला पड़ना, बार-बार इंफेक्शन होना या बहुत थकावट महसूस होना, ये ल्यूकेमिया (खून का कैंसर) के लक्षण हो सकते हैं। अगर हड्डियों में दर्द या शरीर में अजीब तकलीफ हो तो यह सारकोमा नाम के कैंसर का संकेत हो सकता है। आंखों की रोशनी में बदलाव, सिरदर्द या पीठ में दर्द दिमाग या रीढ़ की हड्डी के कैंसर की निशानी हो सकते हैं। बिना कोशिश के वजन कम होना, पेट में दर्द, दर्द का पीठ तक फैलना और कभी-कभी त्वचा का पीला पड़ जाना या पेशाब का गहरा रंग होना, यह सब पैंक्रियाज (अग्न्याशय) कैंसर हो सकता है। यह बीमारी 50 साल से कम उम्र के लोगों में भी बढ़ रही है। अगर ऐसे कोई लक्षण दिखें तो डॉक्टर से जांच कराना जरूरी है।

# लारा दत्ता के पिता एलके दत्ता का निधन

**मुंबई,** 31 मई (एजेंसियां)। बॉलीवुड एक्ट्रेस लारा दत्ता के पिता विंग कमांडर एल.के. दत्ता का निधन हो गया है, जिससे फिल्म जगत और उनके प्रशंसकों में शोक की लहर है। लारा शनिवार सुबह अपने पति टेनिस स्टार महेश भूपति के साथ मुंबई में पिता के अंतिम संस्कार में शामिल हुईं। इस दौरान वह बेहद भावुक नजर आईं। उनकी कुछ तस्वीरें सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही हैं। फैंस न सिर्फ उनके पिता को श्रद्धांजलि दे रहे हैं, बल्कि इस कठिन समय में लारा को हिम्मत भी बंधा रहे हैं। लोग सोशल मीडिया पर संवेदना व्यक्त कर रहे हैं। लारा के पिता वायुसेना में विंग कमांडर के पद से सेवानिवृत्त थे। उनके सम्मान और समर्पण को याद करते हुए लोग उन्हें नमन कर रहे हैं। गत 12 मई को एक्ट्रेस ने अपने पिता का जन्मदिन सेलिब्रेट किया था। यह तारीख लारा के लिए बेहद खास है। इंस्टाग्राम पर पोस्ट शेयर कर उन्होंने बताया कि 12 मई का दिन उनकी जिंदगी के दो बेहद खास पलों से संबंधित है। इस दिन उन्हें मिस यूनिवर्स का खिताब मिला था और इसी दिन उनके पापा का जन्मदिन भी आता है।



- पति महेश भूपति संग अंतिम संस्कार में शामिल

इंस्टाग्राम पर तस्वीरें शेयर करते हुए लारा ने कैप्शन में लिखा, कल भावनाओं के उतार-चढ़ाव से भरा दिन था 12 मई... मेरे जीवन का एक महत्वपूर्ण दिन! सिर्फ मेरे पिताजी का जन्मदिन ही नहीं, बल्कि 25 साल पहले इसी दिन मैंने मिस यूनिवर्स का खिताब भी जीता था! समय बहुत तेजी से आगे निकल जाता है। कल मैंने अपने पिता के जन्मदिन के अवसर पर पूजा की। मैं जानती हूं कि यह जीवन बहुत नाजुक है, तो यूनिवर्स ने हमें जो भी उपहार दिया है, उसे खुशी-खुशी स्वीकार कर उसके लिए आभारी होना जरूरी है। पिछले 25 वर्षों से आपके प्यार और साथ के लिए धन्यवाद।

वर्कफ्रंट की बात करें तो लारा जल्द ही फिल्म 'वेलकम' के तीसरे पार्ट 'वेलकम टू द जंगल' में नजर आएंगी। फिल्म में उनके साथ अक्षय कुमार, दिशा पटानी, रवीना टंडन, फरदीन खान समेत अन्य स्टार्स प्रमुख भूमिकाओं में हैं।

# भारी बारिश के बीच उर्मिला मातोंडकर ने कामाख्या देवी के किए दर्शन

**मुंबई,** 31 मई (एजेंसियां)। अभिनेत्री उर्मिला मातोंडकर शनिवार को असम स्थित कामाख्या मंदिर पहुंचीं, जहां उन्होंने पूजा-अर्चना की। अभिनेत्री ने सोशल मीडिया पर पोस्ट करके फैंस को झलक दिखाई, जिसमें वह भक्ति में डूबी नजर आईं। इंस्टाग्राम पर मंदिर के प्रांगण से तस्वीरें शेयर करते हुए उर्मिला ने बताया कि वह नो मेकअप लुक और ग्लैमर से दूर और भक्ति में लीन हैं। उन्होंने कैप्शन में लिखा कि कामाख्या मंदिर झमाझम बारिश, रास्ते बंद... शहर ठप पर दर्शन तो करने थे तो जिंदगी की अन्य चीजों की तरह यह भी मां पर छोड़ दिया और मां का बुलावा आ गया और दर्शन भी हुए। नो मेकअप, नो ग्लैमर... बस भक्ति । उर्मिला ने तस्वीरें शेयर कीं, जिसमें वह दीपक जलाती और हाथ जोड़े भक्ति में लीन नजर आईं। तस्वीरों में वह माथे पर रोली लगाए और हाथ में प्रसाद स्वरूप चुनरी को पकड़े नजर आईं। असम में देवी कामाख्या का मंदिर है। गुवाहाटी में नीलांचल पहाड़ियों में स्थित, मंदिर में अंबुबाची मेला आयोजित किया जाता है,



जो देवी कामाख्या के मासिक धर्म का जश्न मनाने वाला एक वार्षिक उत्सव है। उर्मिला के अभिनय करियर पर नजर डालें तो वह हिंदी के साथ ही तमिल, तेलुगू, मलयालम और मराठी समेत कई भाषाओं की फिल्मों में काम कर चुकी हैं।

# भारत ने हमेशा पाकिस्तान के साथ समस्याओं को सुलझाने की पहल की : जावेद अख्तर

**मुंबई,** 31 मई (एजेंसियां)। पाकिस्तान पर निशाना साधते हुए गीतकार और पटकथा लेखक जावेद अख्तर ने कहा कि भारत ने हमेशा अपने पड़ोसी देशों के साथ अपने रिश्ते को बेहतर बनाने की पहल की। लेकिन, पड़ोसी देश ने ऐसा कभी नहीं किया। जावेद अख्तर अपनी पत्नी शबाना आजमी के साथ मुंबई के अंधेरी पश्चिम इलाके में आयोजित एक पुस्तक विमोचन समारोह में शामिल हुए, जहां उन्होंने यह बात कही।

कार्यक्रम में पहुंचे जावेद अख्तर ने कहा कि भारत ने हमेशा पाकिस्तान के साथ रिश्ते बेहतर बनाने के लिए प्रयास किए हैं। हमने पाकिस्तान और उसके



कलाकारों के साथ सांस्कृतिक चैनल खोले। लेकिन, आप एक हाथ से ताली नहीं बजा सकते, पाकिस्तान ने कभी भी बेहतर रिश्ते बनाने के लिए ठोस प्रयास नहीं किए। उन्होंने आगे कहा कि कश्मीर को लेकर भारत कभी भी आक्रामक नहीं रहा। लेकिन, पाकिस्तान ने हमेशा आक्रामकता दिखाई। उन्होंने कहा कि कश्मीर एक बड़ा मुद्दा है। हमारे दावे के बावजूद, हम कभी भी आक्रामक नहीं रहे। कई लोगों को शिकायत भी रहती है कि आप आक्रामक क्यों नहीं हैं? हम ऐसे नहीं हैं। लेकिन, पाकिस्तान ने इस मुद्दे या विवाद को सुलझाने की कोशिश नहीं की, बल्कि हमेशा आक्रामकता दिखाई। कार्यक्रम में जावेद और शबाना ने पुस्तक के अंश भी पढ़े। उन्होंने विस्थापित लोगों के पलायन के दर्द के बारे में बात की। पुस्तक के लेखक का परिवार विभाजन के बाद भारत आ गया था। जावेद ने यह भी कहा कि दोनों देशों की सरकारों को शरणार्थियों को एक साथ बैठाने और उनके अलगाव की कहानियों को साझा करने का प्रयास करना चाहिए था।

# माजूफल आयुर्वेद का चमत्कारी खजाना

- चूर्ण या काढ़ा मुंह के छाले, मसूड़ों की सूजन में कारगर
- मूत्र मार्ग संक्रमण व बालों के झड़ने में भी असरदार

**नई दिल्ली,** 31 मई (एजेंसियां)। माजूफल एक शक्तिशाली आयुर्वेदिक औषधि है। यह ओक के पेड़ों पर कीटों के कारण बनने वाली गॉल्स से बनता है और अपने कसैले, एंटी-बैक्टीरियल, एंटी-फंगल और एंटी-ऑक्सीडेंट गुणों के लिए जाना जाता है। आइए, आसान भाषा में जानते हैं माजूफल के फायदे और इसे इस्तेमाल करने के नुस्खे। माजूफल पेट की समस्याओं जैसे दस्त, पेचिश और आंतों के रोगों में राहत देता है। इसका कसैला गुण पेट को मजबूत करता है। माजूफल का पाउडर दालचीनी के साथ मिलाकर लेने से बार-बार शौच और चिपचिपे मल की समस्या कम होती है। रोजाना इसका काढ़ा पीने से पाचन तंत्र मजबूत रहता है। माजूफल का चूर्ण या काढ़ा मुंह के छाले, मसूड़ों की सूजन और दांतों से खून बहने में कारगर है। इसे फिटकरी या सुपारी के साथ मंजन की तरह इस्तेमाल करें तो मुंह की दुर्गंध और छाले ठीक होते हैं। यह दांतों के दर्द और पायरिया में भी राहत देता है। माजूफल का लेप त्वचा के घाव, मुंहासे, खुजली और झाइयों को ठीक करता है। इसे सिरके के साथ मिलाकर चेहरे पर लगाने से निशान और झाइयां कम होती हैं। इसके एंटी-माइक्रोबियल गुण त्वचा को स्वस्थ और चमकदार बनाते हैं।

माजूफल महिलाओं की कई समस्याओं में फायदेमंद है। 100 ग्राम माजूफल, 50 ग्राम जैतून का सूखा फल और 20 ग्राम गुलाबी फिटकरी को पीसकर पाउडर बनाएं। दो-तीन ग्राम पाउडर को सुबह खाली पेट गुनगुने पानी और नींबू के साथ लें। यह ओवेरियन सिस्ट और बच्चेदानी की गांठों को खत्म करने में मदद करता है। ल्यूकोरिया (सफेद पानी) के लिए माजूफल, लोधरा छाल, चुनिया गोंद, मोचरस, नागकेसर, सूखा सिंघाड़ा और मिश्री को पीसकर पाउडर बनाएं। इसे एक चम्मच सुबह-शाम खाने के बाद लें। यह ल्यूकोरिया को जड़ से खत्म करता है। माजूफल का काढ़ा गरारे करने से गले की खराश और टॉन्सिलाइटिस में आराम मिलता है। बवासीर के दर्द और सूजन में इसका काढ़ा मलद्वार धोने के लिए या लेप के रूप में उपयोग करें। यह जलन और दर्द को कम करता है। माजूफल रक्त शर्करा को नियंत्रित करता है और मधुमेह रोगियों के लिए फायदेमंद है। इसका चूर्ण या काढ़ा घावों को जल्दी भरता है और रक्तस्राव रोकता है। यह मूत्र मार्ग संक्रमण और बालों के झड़ने में भी असरदार है।



# रीढ़ को लचीलापन देता है 'शशांकासन'

- मन को शांत और तनाव दूर करने में कारगर
- खाली पेट या भोजन के 3-4 घंटे बाद ही इसका अभ्यास करें
- शशांकासन योग शरीर को खरगोश जैसी आकृति बनाएगा
- मुद्रा में 20-30 सेकंड तक रहें या अपनी सहजता के अनुसार समय बढ़ाएं

**नई दिल्ली,** 31 मई (एजेंसियां)। 'योग' न केवल शारीरिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाता है, बल्कि मानसिक शांति और आत्मिक संतुलन भी प्रदान करता है। ऐसे में आज हम आपको एक योगासन के बारे में बताते हैं, जो आज के तनावपूर्ण जीवन में वरदान साबित हो रहा है। यहां बात हो रही है 'शशांकासन' की, जिसे 'खरगोश मुद्रा' भी कहा जाता है। यह आसन न केवल रीढ़ को लचीलापन देता है, बल्कि मन को शांत करने और तनाव को कम करने में भी मदद करता है। आइए, जानते हैं 'शशांकासन' करने का सही तरीका और इसके फायदों के बारे में।

'शशांकासन' एक सरल और प्रभावी योग मुद्रा है, जिसे शुरुआती और अनुभवी योगी दोनों आसानी से कर सकते हैं। इस आसन में शरीर की स्थिति एक खरगोश की तरह हो जाती है। इसे करने के लिए ढीले और आरामदायक कपड़े पहनें। साथ ही खाली पेट या भोजन के 3-4 घंटे बाद ही इसका अभ्यास करें।

सबसे पहले वज्रासन में बैठें और अपने घुटनों को मोड़कर, नितंबों को एड़ियों पर टिकाएं। रीढ़ सीधी रखें और दोनों हाथ घुटनों पर हल्के से रखें। कंधों को ढीला रखें और सांस को सामान्य करें। इसे करने के दौरान गहरी सांस लें और दोनों हाथों को धीरे-धीरे सिर के ऊपर की ओर उठाएं। इस दौरान हथेलियां एक-दूसरे की ओर होनी चाहिए। धीरे-धीरे सांस छोड़ते हुए, शरीर को आगे की ओर झुकाएं और अपने माथे को जमीन से टच करने की कोशिश करें।

इस दौरान दोनों हाथों को जमीन पर फैलाएं, हथेलियां नीचे की ओर हों। आपका पेट जांघों को छूना चाहिए और नितंब एड़ियों पर टिके रहें। इस स्थिति में, आपका शरीर खरगोश जैसी आकृति बनाएगा, इसलिए इसे 'खरगोश मुद्रा' भी कहा जाता है।

इस मुद्रा में 20-30 सेकंड तक रहें या अपनी सहजता के अनुसार समय बढ़ाएं। सांस को सामान्य और गहरी रखें। अपनी श्वास पर ध्यान केंद्रित करें। इस दौरान मन को शांत रखने के लिए आंखें बंद कर सकते हैं। साथ ही सांस लेते हुए धीरे-धीरे शरीर को ऊपर उठाएं और वापस वज्रासन में आएं। इसके अलावा, हाथों को फिर से घुटनों पर रखें और कुछ सेकंड के लिए सामान्य सांस लें। आवश्यकतानुसार इसे दो या तीन बार दोहराएं।

यह आसन रीढ़ को मजबूत और लचीला बनाता है, जिससे पीठ दर्द में राहत मिलती है। साथ ही माथे को जमीन पर टिकाने से मस्तिष्क में रक्त संचार बढ़ता है, जो तनाव और चिंता को कम करता है और पेट पर हल्का दबाव पड़ने से पाचन तंत्र बेहतर होता है और कब्ज की समस्या में राहत मिलती है। इसके अलावा, यह ध्यान और एकाग्रता को बढ़ाने में मदद करता है। साथ ही वज्रासन की स्थिति में बैठने से घुटनों और टखनों की मांसपेशियां मजबूत होती हैं। यह आसन पिट्यूटरी और पाइनियल ग्रंथियों को उत्तेजित करता है, जो हार्मोनल संतुलन में मदद करते हैं।



# मैं अपना सबकुछ ईश्वर पर छोड़ चुकी हूं : ममता कुलकर्णी

**मुंबई,** 31 मई (एजेंसियां)। अभिनेत्री ममता कुलकर्णी जल्द ही श्री कल्किधाम में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होंगी। अभिनेत्री ने कस मानना है कि ईश्वर हर किसी को एक प्रयोजन के साथ धरती पर भेजते हैं। उन्होंने कहा कि जगत जननी ने मुझे पुण्य कर्मों के लिए भेजा है। ममता कुलकर्णी ने बताया कि मेरा मानना है कि ईश्वर हम लोगों को एक खास प्रयोजन के साथ दुनिया में भेजते हैं और मेरा जन्म भी खास प्रयोजन या इसी तरह के पुण्य कर्मों के लिए हुआ है। कल्कि धाम जाने के लिए उत्साहित ममता कुलकर्णी ने कहा कि जगत जननी ने मुझे इसी काम के लिए भेजा है। वे पहले महाकुंभ में स्नान करने गई थीं। लेकिन, वे वहां से महामंडलेश्वर बनकर लौटीं। अभिनेत्री ने कहा कि मैं प्रयागराज में आयोजित महाकुंभ मेला में स्नान करने गई थी। लेकिन, वहां से महामंडलेश्वर बनकर लौटी। यह समझना मुश्किल है कि भगवान किस उद्देश्य से और कहां जाने का आदेश देते हैं। मैं इसे भगवान की इच्छा पर छोड़ देती हूं, भगवती की इच्छा या किसी विशेष प्रयोजन से प्रेरित है। यह आध्यात्मिकता और भगवान के प्रति समर्पण को दिखाता है। शायद भगवती का आदेश हो या उनका एक प्रयोजन हो कि मुझे श्री कल्किधाम जाकर वहां शिला दान मेरे हाथ से हो, इसलिए मैं वहां जा रही हूं। इससे पहले ममता कुलकर्णी ने 'ऑपरेशन सिंदूर' के बारे में बात करते हुए राहुल गांधी पर तंज कसा। उन्होंने कहा था कि अगर उन्हें सबूत चाहिए, तो 10 दिन के लिए पाकिस्तान चले जाएं।



# उपमुख्यमंत्री जिला स्तरीय सतगुरू कबीर साहब के 627वें प्राकट्य उत्सव एवं संत समागम समारोह में शामिल हुए

## उपमुख्यमंत्री ने कवर्धा शहर के लोहरा रोड़ में कबीर साहब का भव्य चौक बनाने की घोषणा की

**कवर्धा**, 31 मई (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा कबीरधाम जिले के आचार्य पंथ श्रीगृन्धमुनि नाम साहब शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय परिसर में स्थित इंडोर स्टेडियम में आयोजित जिला स्तरीय श्री सतगुरू कबीर साहब के 627वें प्राकट्य उत्सव एवं संत समागम समारोह में शामिल हुए। इस भव्य आयोजन में संत-महात्मा, अनुयायी, एवं श्रद्धालु एकत्र हुए थे। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने श्री सतगुरू कबीर साहब के तैल्य चित्र में पूजा-अर्चना, पुष्प अर्पण कर बंदगी किया। उन्होंने श्रद्धा के साथ सतगुरु के आदर्शों को नमन करते हुए पंथ श्री हुजूर नवोदित वंशाचार्य उदित मुनि नाम साहब से आशीर्वाद प्राप्त किया। इस दौरान उन्होंने प्रदेश सहित विशेष रूप से कबीरधाम जिले की शांति, समृद्धि और खुशहाली की मंगलकामना की। समारोह के दौरान पंथ उदित मुनि नाम साहब ने उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा से कबीरपंथियों की मांग पर कवर्धा शहर में कबीरदास जी का एक स्मृति-चिह्न स्वरूप चौक बनाए जाने का आग्रह किया। इस पर त्वरित निर्णय लेते हुए उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने लोहारा रोड कवर्धा में एक अत्यंत सुंदर एवं भव्य चौक निर्माण की घोषणा की। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने आगे घोषणा की कि आचार्य पंथ श्रीगृन्धमुनि नाम साहब शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय परिसर में स्थित इंडोर स्टेडियम को अब आचार्य पंथ श्री हकनाम साहब बहुउद्देशीय स्टेडियम के नाम से जाना जाएगा। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे। संत कबीर साहब के आदर्शों को आत्मसात करने और सामाजिक समरसता के संदेश को आगे बढ़ाने का यह समारोह प्रदेश में आध्यात्मिक एकता और सांस्कृतिक गौरव का प्रतीक बना।



इंडोर स्टेडियम को अब आचार्य पंथ हकनाम साहब बहुउद्देशीय स्टेडियम के नाम से जाना जाएगा

उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने बेहद भावुक और गर्व से भरे शब्दों में कबीरधाम जिले की पहचान और संत कबीर साहब के प्रति लोगों की आस्था को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि आपने सबके मन की बात कही है, और मैं आज कबीरधाम जिलेवासियों की मन की बात कह रहा हूँ। उन्होंने गर्व के साथ कहा कि जब जिले का कोई व्यक्ति बाहर जाता है और अपने परिचय में कहता है कि मैं कबीरधाम से आया हूँ, तो उसमें केवल एक भौगोलिक पहचान नहीं, बल्कि एक आध्यात्मिक गौरव और संत कबीर साहब के चरणों में जुड़ाव का भाव होता है। उपमुख्यमंत्री ने इस बात पर विशेष जोर दिया कि कबीरधाम केवल एक जिला नहीं है, बल्कि यह एक आध्यात्मिक चेतना का केंद्र है, जो संत कबीर साहब के विचारों, शिक्षाओं और उनके सामाजिक क्रांति के संदेश से प्रेरित है। उन्होंने कहा कि च्दुनिया में शायद ही कोई ऐसा जिला होगा, जिसके लोग इतने गर्व से अपनी पहचान 'कबीरधामवासी' के रूप में करते हों। इस दौरान पंथ श्री उदितमुनि नाम साहब ने अपने प्रवचनों में संत कबीर साहब के वचनों की महिमा का विस्तार से वर्णन किया।

उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने बताया कि कबीरधाम जिले का शासकीय महाविद्यालय भी संत परंपरा से गहराई से जुड़ा हुआ है। इस महाविद्यालय का नाम आचार्य पंथ श्री गृन्धमुनि नाम साहब के नाम पर रखा गया है, जो कबीर पंथ की ज्ञान परंपरा के अग्रदूतों में से एक हैं। यह नामकरण विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा का स्त्रोत है और शिक्षा के साथ-साथ आध्यात्मिक चेतना का वाहक भी है। अपने संबोधन में श्री शर्मा ने संत कबीरदास जी के आदर्शों पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि संत कबीर साहब ने समाज को जात-पात, ऊँच-नीच, और बाह्य आडंबर से ऊपर उठकर मानवता, समानता और भक्ति के मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि कबीर साहब की वाणी आज भी उतनी ही प्रासंगिक है जितनी सदियों पहले थी। उनके दोहे, उनके विचार हमें सच्चे अर्थों में एक आदर्श समाज की ओर ले जाते हैं। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि कबीरधाम जिले की जनता के दिल में संत कबीर साहब का घर है। यहाँ की माटी में उनकी महक है, और यहाँ के लोगों की जीवनशैली में उनके विचार बसे हुए हैं।

# बिजली सुधारते समय अचानक ट्रांसफार्मर में करंट से विद्युत कर्मी वेद प्रकाश साहू झुलस गया

**फिंगेश्वर,** 31 मई (देशबन्धु)। आज प्रात: 10:00 बजे के लगभग पुराना आरा मिल के पास ट्रांसफार्मर में चडकर लाइन सुधारते समय बिजली विभाग कर्मी वेद प्रकाश साहू उम्र 27 वर्ष ग्राम सेंदर निवासी अचानक करंट सप्लाई की वजह से झुलस गया प्रत्यक्ष दर्शीयों ने देखा उसके पैर ट्रांसफार्मर से चिपके हुए थे आग और धुंआ निकलना शुरू हो गया और वह उल्टा लटक गया मुख्य मार्ग से लगे ट्रांसफार्मर के बाजू में देवार पारा मोहल्ला है सामने रह रहे निवासी, आने जाने वाले लोग की भीड़ हजारों की तादाद मैं इकट्ठी हो गई, घटना इतनी तीव्र गति से घटी की कोई कुछ कर नहीं पाया उसके साथी द्वारा किसी तरह विद्युत विभाग से लाइन अवरोध करा कर तीव्र गति से उपर चढ़कर उसे कंधे में लेकर उतर गया उस समय तक वह जीवित होने के वजह से पास से गुजर रहे पुलिस की गाड़ी के जवानों में परमानंद साहू एवं सहयोगी ललित के द्वारा तत्परता दिखाते हुए पुलिस गाड़ी में डालकर तुरंत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्राथमिक चिकित्सा के लिए ले जाया गया जहां प्राथमिक उपचार के बाद तुरंत रायपुर रिफर कर दिया गया उक्त व्यक्ति के दोनों पैर नीचे हिस्से से जल चुके थे अन्य स्थान पर भी शरीर में जलने के निशान दिखे थाना प्रभारी से प्राप्त जानकारी अनुसार मामले की गंभीरता देखते हुए विद्युत विभाग की लापरवाही का नतीजा हो सकता है कहां फिलहाल मरिज एवं उसके सहयोगी के बयान से मामले की जांच होगी विद्युत विभाग के अधिकारी श्री साहू ने इस मामले पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए पूरी जांच के बाद जानकारी देने की बात कही इस हृदय विदारक घटना से प्रत्यक्ष दर्शी एकदम से सहम गए घटना के समय हल्की बारिश भी जारी थी



गंभीर रूप से घायल साहू को रायपुर रिफर किया गया

घटना के संबंध में जन चर्चा है कि रात्रि 12:00 बजे के बाद से वार्ड नंबर 9 वार्ड नंबर 10 के बस्ती लाइन लो वोल्टेज के कारण बंद चालू हो रही थी विद्युत कर्मी को बनाने भेजा गया था रात भर गर्मी के मौसम में लाइट गोल होती रहती है आए दिन उक्त ट्रांसफार्मर के मरम्मत एवं सही सुधार की आवश्यकता को लेकर वार्ड वासियों द्वारा लगातार शिकायत विद्युत विभाग में की जाती है किंतु विभाग के अधिकारियों द्वारा इसे हल्के में लिया जाता है टेंमपरेरी सुधार कर चले जाते हैं जिसका परिणाम आज एक बड़ी घटना ने नवयुवक विद्युत कर्मी को अपनी चपेट में ले लिया सही मूल कारण की जानकारी पीड़ित व्यक्ति से बयान के बाद ही होगी नगर में आए दिन अघोषित कटौती की जाती है लगातार शिकायत के बाद भी कोई निराकरण नहीं है विद्युत विभाग में कंप्लेंट के लिए स्वयं जाना पड़ता है रात्रि में 12 से 2:00 बजे जाने में असुविधा होती है कई वर्षों से फोन की व्यवस्था भी नहीं की गई फोन का डब्बा बंद पड़ा रहता है

देशबंधु प्रतिनिधि ने स्वयं विद्युत कार्यालय के मशीनों से युक्त कमरे को देखा जहां टीन के सेट से पानी लीकेज होकर बह रहा है मरम्मत की सख्त आवश्यकता होने के बाद भी खतरे को मोल लेकर रात्रि कालीन कर्मचारी ड्यूटी देते हैं मीटर के तार ऐसे खुले पड़े रहते हैं जानो मौत को दावत दे रहे हो कभी भी अप्रत्याशित घटना घट सकती है कुल मिलाकर विद्युत विभाग की लापरवाही अधिकारियों के गले का कांटा बन चुकी है नगर में विद्युत व्यवस्था में सुधार की सख्त आवश्यकता है आसपास के गांव में तो अगर रात में लाइट चली जाए तो भगवान ही मालिक है जब नगर में रात-रात भर बिना किसी आंधी तूफान बारिश के बावजूद व्यवस्था में सुधार नहीं होता है ऐसे अनेक विषयों पर संयुक्त बैठक बुलाकर नगर पार्षदों द्वारा जनप्रतिनिधियों द्वारा नगर के हित में कदम उठाने की सख्त आवश्यकता है।

# नवापारा के लोगों ने फिर रोकी रेत गाड़ियां

**नवापारा राजिम,** 31 मई (देशबन्धु)। नगर के मुख्य मार्ग गंज रोड से रेत के वाहनों के गुजरने को लेकर एक बार फिर नगरवासियों का गुस्सा फूट पड़ा। शुक्रवार की रात नगरवासियों ने नगर पालिका चौक के पास रेत से भरे 4 हाइवा वाहनों को रोक लिया। मामले की जानकारी प्रशासनिक अधिकारियों को दी गई।

विदित हो कि नवापारा के गंज रोड से सुबह 6 बजे से रात 10 बजे तक रेत वाहनों के प्रवेश पर रोक लगाई गई है। इसके बावजूद प्रतिबंधित समय में रेत वाहन निकाले जा रहे थे। शुक्रवार को भी प्रतिबंधित समय में रेत वाहनों को गुजरता देख लोगों ने नगर पालिका चौक के पास वाहनों को रोक दिया। रात करीब 9.30 बजे एक-एक कर रेत से भरे 4 हाइवा को रोका गया। मामले की जानकारी थाना प्रभारी को दी गई।




अधिकारियों के आश्वासन के बाद प्रतिबंधित समय में निकल रही रेत गाड़ियां

**रेत खदान संचालकों के गुर्गों भीड़ में घुसे और गुंडागर्दी करते हुए पुलिस के सामने एक रेत वाहन लेकर निकल गया। पुलिस मूकदर्शक बनी देखती रही:** इस दौरान रेत खदान संचालकों के गुर्गों ने भीड़ के साथ मौके पर पहुंचकर गुंडागर्दी करते हुए पुलिस के सामने ही एक रेत वाहन को लेकर निकल गए। पुलिस मूकदर्शक बनी देखती रही। पुलिस ने वाहन को रोकने के लिए कोई कार्रवाई नहीं की।

आपको बता दें कि इसके पहले 10 मई और 16 मई को भी रहवासियों ने रेत से भरे हाइवा वाहनों को रोककर विरोध जताया था। जिसके बाद अधिकारियों के आश्वासन और रेत वाहनों पर कार्रवाई के चलते रहवासी शांत हुए थे। इस दौरान अधिकारियों ने आश्वासन दिया था कि प्रतिबंधित समय में रेत वाहनों को शहर में प्रवेश नहीं करने दिया जाएगा। इसके लिए नगर पालिका का अमला और पुलिसकर्मी तैनात रहेंगे। अधिकारियों के आश्वासन के बावजूद प्रतिबंधित समय में रेत वाहनों का आवागमन होना अधिकारियों की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर रहा है।

# पत्नी की प्रेम कथा सुनकर प्रेमी से शादी कराने ले गया पति लेकिन मुकर गया आरोपित युवक

**खरोरा,** 31 मई (देशबन्धु)। खरोरा थाना क्षेत्र में पत्नी की प्रेम कथा सुनकर पति बाकायदा उसके प्रेमी से शादी कराने के लिए भी तैयार हो गया। इसके बाद पति ने अपनी पत्नी के प्रेमी से बात की और दोनों की शादी कराने के लिए तैयार हो गया और उसने समाज के बीच जाकर दोनों की शादी के लिए सबको मनाया भी। पत्नी जैसे ही पति से अलग होकर अपने प्रेमी के साथ रहने के लिए पहुंची तो आरोपित युवक शादी से ही मुकर गया। इसके बाद महिला दोबारा अपने पति के पास पहुंची और थाने में एफआइआर दर्ज कराई, जिसके बाद आरोपित को पुलिस ने जेल भेजा।



जानकारी के मुताबिक खरोरा थाना क्षेत्र में रहने वाली एक युवती की शादी इसी वर्ष मई में दुर्ग जिले में हुई थी। शादी के चार दिन बाद ही आरोपित दीपक वर्मा ने नवविवाहिता को फोन और मैसेज करना शुरू कर दिया। पति को जब इस बात की भनक लगी तो उसने अपनी पत्नी से बात की। नवविवाहिता ने अपने संबंधों की पूरी सच्चाई बता दी। इस पर पति ने महिला के प्रेमी से फोन पर बात की।

आरोपित दीपक वर्मा ने अपने और युवती के बीच तीन सालों तक शारीरिक संबंध रहने की बात बताई और महिला को रखने के लिए राजी हो गया। इसके बाद पति ने पत्नी के मायके और ससुराल वालों के बीच एक सामाजिक बैठक बुलाई, जिसमें सामाजिक रीति-रिवाज के अनुसार दोनों अलग हो गए। विवाह विच्छेद होने के बाद, आरोपित के

**शादी का झांसा देकर तीन साल तक करता रहा यौन शोषण, आरोपित गया जेल:** आश्वासन पर अपने मायके आ गाई। इसके बाद दीपक वर्मा ने महिला से बातचीत करना ही बंद कर दिया और शादी से भी मुकर गया। महिला की शिकायत के बाद पुलिस ने आरोपित को जेल भेज क दिया है।

**मैसेज कर बरगलाता था:** आरोपित = आरोपित दीपक वर्मा ने महिला को उसके पति से संबंध बनाने से भी मना किया था। महिला को वह लगातार फोन मैसेज कर बरगलता रहा और भरोसा देता रहा कि वह उसका आखिर तक साथ देगा। महिला भी उसके झांसे में आ गई और उसके साथ जाने के लिए तैयार भी हो गई। प्रेमी के चककर में उसने अपने पति को भी छोड़ दिया था।

**थाने में महिला को छोड़कर फरार हुआ आरोपित :** सात जन्मों का साथ देने की कसमें खाने वाला आरोपित आखिर में महिला को था थाने में छोड़कर फरार हो गया। घटना के बाद महिला को उसके स्वजन अपनाने के लिए तैयार नहीं थे। आरोपित दीपक वर्मा महिला के भाई के साथ उसे थाने में छोड़कर फरार हो गया। इसके बाद, पुलिस ने मनीषा को सखी वन स्टाप सेंटर (नारी निकेतन) के सुपुर्द कर दिया। इस पूरी कहानी के बाद पीड़िता ने 27 मई को खरोरा थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई। वहीं अब महिला अपने मायके में रह रही है।

*आरोपित को जेल भेज दिया गया है। शादी का झांसा देकर आरोपित ने उसकी शादी तुड़वाई फिर शादी से इन्कार कर दिया।*

***- दीपक पासवान***
***थाना प्रभारी, खरोरा***

# बोर्ड परीक्षा में 10 विद्यार्थियों को मिला स्काउट गाइड राज्य पुरस्कार का 10 अंक बोनस



**धमतरी,** 31 मई (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा जारी 10वीं व 12वीं बोर्ड परीक्षा परिणाम शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भोथली धमतरी का उत्कृष्ट रहा। 12वीं कला शत प्रतिशत, 12वीं विज्ञान 83त्न, 12वीं वाणिज्य 83त्न व दसवीं का परीक्षा परिणाम 76.66 प्रतिशत रहा 12वीं का कुल परीक्षा परिणाम 89.76 प्रतिशत रहा। कक्षा 12वीं के 6 विद्यार्थी लाकेश कुमार, प्रेम सागर, सतीश साहू, प्रियंका, लोमिन व दसवीं के चार विद्यार्थी वेदिका साहू, रूमा, देवेंद्र बंजारे, तन्मय को बोर्ड परीक्षा में भारत स्काउट गाइड राज्यपाल पुरस्कार का 10-10 अंक बोनस प्राप्त हुआ है, जिससे इनके परीक्षा परिणाम व प्रतिशत की वृद्धि हुई है। प्रभारी स्काउट मास्टर गणेश प्रसाद साहू, मंजूषा साहू, गाइड कैप्टन, स्काउट गाइड के छात्र-छात्राओं को सदैव प्रेरित कर आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। विद्यालय के प्राचार्य श्रीमती एस रामटेके के कुशल मार्गदर्शन में विषय शिक्षकों ने काफी मेहनत कर उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम लाने में अपना योगदान दिया है। 12वीं प्रथम विकास 83.4 प्रतिशत, द्वितीय विवेक 81.6 प्रतिशत, तृतीय होमेंद्र 76.6 प्रतिशत रहा, दसवीं में प्रथम स्थान वेदिका साहू 90.66 प्रतिशत, द्वितीय सोनम 79 प्रतिशत, तृतीय अंकिता 74.8 प्रतिशत अंक लाकर विद्यालय व ग्राम को गौरवान्वित किया है। सभी उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं को प्राचार्य एस. रामटेके, शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के अध्यक्ष त्रिभुवन सन्हरा, अशोक सिन्हा, गुहलेद सन्हरा, बलीराम साहू, गंभीर साहू, नवलख साहू, दिलीप सेन जनपद सदस्य, सरपंच शिवरात्रि ध्रुव, व्याख्यातागण एल. एन. साहू, गणेश प्रसाद साहू, रामशरण मिश्रा, धनंजय सोनकर, राकेश कुमार साहू, लक्ष्मीनाथ शांडिल्य, गोविंद सिन्हा, गोपेश साहू, राहुल सोनकर, विनोद ध्रुव, डोमन ध्रुव, महेंद्र साहू, रेखा देहारी, मंजूषा साहू, रेणुका ध्रुव, स्वाति शोरी, दीप्ति शुक्ला, दुर्गा साहू, किशोरी कश्यप, विमला साहू, लखन्तीन एवं समस्त ग्राम वासियों ने बधाई व शुभकामनाएं दी है।

# पुल के नीचे युवक की लाश मिलने से कसेकेरा गांव में फैली सनसनी

**बागबाहरा,** 31 मई (देशबन्धु)। कोमाखान थाना क्षेत्र के अंतर्गत कसेकेरा टोंगोपानी मार्ग में स्थित एक पुलिया के नीचे में युवक की लाश मिलने से गांव में सनसनी फैल गई। पुलिस को घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचकर लाश का बारिकी से जाँच पड़ताल कर पोस्टमार्टम हेतु बागबाहरा के चीरघर लाया गया। जहाँ शव का शनिवार की सुबह पोस्टमार्टम कराकर अंतिम संस्कार हेतु उनके परिजनों को सौंप दिया गया। पुलिस ने इस मामले में थाने में मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।



कोमाखान थाना प्रभारी निरीक्षक नितेश सिंह ठाकुर ने बताया कि कल शुक्रवार की शाम 5 बजे ग्रामीणों से सूचना मिली कि कसेकेरा टोंगोपानी मार्ग में स्थित एक पुलिया के नीचे में युवक की लाश पड़ी हुई है। यह सूचना मिलते ही घटनास्थल पर पुलिस दल बल के साथ पहुंचकर बारिकी से जांच पड़ताल किया। तथा फोरेंसिक टीम को भी निरीक्षण के लिए बुलाया गया। शव का बारिकी से जांच पड़ताल करने के बाद पता चला कि यह लाश ग्राम कसेकेरा के लगभग 45 वर्षीय निवासी नारायण ठाकुर की है। जो कल शुक्रवार की शाम को टोंगोपानी रोड में स्थित पुलिया के ऊपर शराब के नशे में धुत्त होकर बैठा हुआ था। जो असंतुलित होकर पुलिया के नीचे पानी में गिरकर डूबने से उसकी मौत हो गई। इस घटना की जानकारी ग्रामीणों को मिलते ही गांव में सनसनी फैल गई। तथा युवक के लाश को देखने के लिए लोगों की भीड़ लग गई।

कुछ दिनों पूर्व इसी मार्ग में नुआपाडा ओड़िशा के एक फॉर्मासिस्ट युवक की हत्या कर उसकी लाश को फेंककर हत्यारे फरार हो गए थे। जिसे कोमाखान पुलिस एवं सायबर सेल टीम ने अपनी सूझबूझ, तत्परता एवं सक्रियता के साथ कार्य कर अंधे क़त्ल के गुत्थी को सुलझाकर चार आरोपियों को दो दिनों के भीतर रंगेहाथ गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस की इस कार्यवाही की ग्रामीणों ने सर्वस्त्र प्रशंसा की है।


## कार्यालय नगर पंचायत सहसपुर लोहारा, जिला-कबीरधाम (छ.ग.)

क्रमांक/766/लो.नि.वि./न.पं./2025-26 सहसपुर लोहारा, दि. 30.05.2025

### मैनुअल निविदा (प्रथम) आमंत्रण सूचना

नगर पंचायत सहसपुर लोहारा द्वारा लोक निर्माण विभाग में एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों/फर्मों/अधिकृत/विक्रेताओं/दुकानदारों से निम्नलिखित कार्यों हेतु त्रि-लिफाफा पद्धति से प्रपत्र ए में **pwd (BUILDING/ROAD) SOR 01.01.2015** कम/समान/अधिक प्रतिशत दर पर एवं प्रपत्र स आईटम दर पर निम्नलिखित तिथि अनुसार पंजीकृत डाक/स्पीड पोस्ट के माध्यम से निविदा आमंत्रित की जाती है-

| क्र. | कार्य का विवरण | कुल अनुमानित लागत (लाख में) |
|---|---|---|
| 1 | 1. आंगनबाड़ी केन्द्रों में अपूर्ण शौचालय निम्राण 2. ट्यूबवेल में जल शुद्धिकरण संयंत्र कार्य | 3.55 |
| | लोक निर्माण/विद्युत/पेयजल एवं नलजल/सफाई एवं स्वच्छता सामाग्री/उपकरण, विभिन्न प्रारूप मुद्रण/छपाई, विभिन्न स्टेशनरी एवं कम्प्यूटर सामाग्री प्रदाय व मरम्मत सामाग्री प्रदाय, सिविल कार्य लघु मूलक मरम्मत-निर्माण/टेण्ड सामाग्री किराया, पंप मरम्मत/संधारण/रिवाईडिंग कार्य वार्षिक निविदा (वित्तीय वर्ष 2025-26) | 36.50 |

**नोट**-निविदा संबंधी नियम व शर्तें कार्यालयीन दिवस में कार्यालय में उपस्थित होकर एवं संचालनालय नगरीय प्रशासन एवं विकास की वेबसाईट **http:/www.uad.cg.gov.in** / में देखी जा सकती है।

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर पंचायत, सहसपुर लोहारा**

**न्यायालय तहसीलदार कसडोल जिला बलौदाबाजार भाटापारा (छ.ग.)**

**सूचना**

**क्रमांक/वा./तह./2025**
**कसडोल दिनांक 28.05.2025**
**प्रति,**
**अशोक कुमार पिता स्व. रामेश्वर मिश्रा, अखिल कुमार पिता स्व. रामेश्वर मिश्रा, कौशिल्या देवी बेवा स्व. रामेश्वर सभी कास्तकार ग्राम कोट तहसील कसडोल जिला बलौदाबाजार भाटापारा छ.ग. प.ह.नं. 12**
**विषय- पेशी में उपस्थित होने बाबत।**

उपरोक्त विषयांतर्गत आपको सूचित किया जाता है कि इस न्यायालय का रा.प्र.क्रं. 202307210700041 अ/27 वर्ष 2022-23 के अनुसार आवेदक विपीन कुमार, अजय कुमार ग्राम खर्वे प.ह.नं. 10 रा.नि.मं. वो तहसील कसडोल जिला बलौदाबाजार भाटापारा छ.ग. द्वारा खाता विभाजन के संबंध में संबंध में आवेदन प्रस्तुत की गयी है कि ग्राम खर्वे तहसील कसडोल स्थित भूमि कुल खसरा नं. 18 कुल रकबा 11.982 हे. भूमि विपिन कुमार, अजय कुमार, वीणा पिता रामगोपाल नाम पर राजस्व अभिलेख में दर्ज हैं उक्त भूमि के संबंध में नामांतरण/खाता विभाजन/अन्य का प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधिन है।

जिसमें आपको दिनांक 10.06.2025 को अनिवार्य रूप से उपस्थित होना है। अतएव उक्त संबंध में आपको दावा आपत्ति प्रस्तुत किया जाना हो तो स्वत: इस न्यायालय में उपस्थित होकर या अपने अभिभाषक के माध्यम से नियत दिनांक 10.06.2025 को दावा आपत्ति कर सकते है। नियत दिनांक पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा। तथा आप नियत दिनांक में यदि उपस्थित नही होंने की स्थिति में प्रकरण में आगे की कार्यवाही कर दी जावेगी।

आज दिनांक 28.05.2025 को मेरे हस्ताक्षर तथा पद मुद्रा के द्वारा सूचना जारी किया गया।

सील **तहसीलदार**
**कसडोल**

**न्यायालय कार्यपालिक दण्डाधिकारी निपनिया जिला बलौदाबाजार भाटापारा (छत्तीसगढ़)**

**ईश्तहार**

**रा.प्र.क्र.....ब/121 वर्ष 2024-2025**
**ग्राम का नाम खैरा**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक लहुर पटेल पिता श्री भैयाराम पटेल जाति मरार निवासी ग्राम खैरा प0ह0नं0 31 तहसील भाटापारा जिला बलौदाबाजार भाटापारा (छत्तीसगढ़) के द्वारा अपने माता श्रीमती रमशिल बाई पटेल पति श्री भैयाराम पटेल की मृत्यु दिनांक 01.10.2019 (स्थान) ग्राम खैरा का पंजीयन करने हेतु रजिस्ट्रार जन्म/मृत्यु सचिव ग्राम पंचायत खैरा तहसील भाटापारा जिला बलौदाबाजार भाटापारा (छत्तीसगढ़) को जन्म/मृत्यु रजिस्ट्रीकरण अधिनियम 1969 एवं छ0ग0 जन्म/मृत्यु रजिस्ट्रीकरण नियम 2001 के नियम 9 (3) के तहत निर्देश देने हेतु शपथपत्र, अनुपलब्धता प्रमाण पत्र एवं सरपंच प्रमाण पत्र सहित आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है तथा दिनांक 16/06/25 को सुनवाई हेतु नियत है।

अत: उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को किसी प्रकार की कोई दावा/आपत्ति पेश करना हो तो नियत पेशी तारीख 16/06/25 तक स्वयं या अपने अभिभाषक या वैध प्रतिनिधि के माध्यम से दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत अवधि के पश्चात् प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक 30/05/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर सहित जारी किया।

सील **कार्यपालिका दण्डाधिकारी**
**निपनियानि (छत्तीसगढ़)**

**न्यायालय अपर कलेक्टर एवं विशेष विवाह अधिकारी, जिला बालोद (छ.ग.)**
**फार्म-अ**
**सार्वजनिक सूचना**
**(नियम-6 देखिये)**

सर्वसाधारण की जानकारी के लिए यह अधिसूचित किया जाता है कि आवेदक विपीन कुमार साहू आ. श्री बलराम साहू उम्र 26 वर्ष जाति तेली निवासी ग्राम धोबनपुरी थाना-गुरूर, तह. गुरूर जिला बालोद (छ.ग.) एवं नेहा पिता श्री बृजलाल मालेकर उम्र 28 वर्ष जाति मोची निवासी मिनीमाता वार्ड अंतागढ़ थाना व तह. अंतागढ़ जिला उ.ब. कांकेर (छ.ग.) द्वारा विशेष विवाह अधिनियम, 1954 की धारा 05 के अधीन अपने विवाह के लिए आवेदन-पत्र प्रस्तुत किया है।

प्रस्तावित विवाह के विरूद्ध आपत्ति करने के इच्छुक कोई भी व्यक्ति इस संबंध में दिनांक 23.06.2025 के पूर्व अधोहस्ताक्षरी के समक्ष आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित तिथि के पश्चात् प्राप्त आपत्ति पर कोई सुनवाई नहीं होगी तथा वह शून्य माना जावेगा।

आज दिनांक 27.05.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा सहित जारी।

आगामी तिथि 23.06.2025

**अपर कलेक्टर**
**एवं विशेष विवाह अधिकारी**
मुहर **जिला-बालोद (छ.ग.)**

**PUBLIC NOTICE FOR CHANGE OF NAME**

I. Dulari Sahu, D/o Santosh Sahu and a resident of House no. 352 Ward no.15, Champa Jhar, Champaran, Abhanpur, Raipur, Chhattisgarh, wish to inform the public of my official name correction to Dulari Sahu D/o Santosh Sahu which I have done through a solemn affirmation. I hereby formally relinquish and abandon my previous wrong name Noor D/o Santosh Sahu and, from this day forward, will be recognized by New correct Name: Dulari Sahu. I kindly request that everyone henceforth address my name and recognize me as Dulari Sahu. I will now go by the name Dulari Sahu in all circumstances, including records, legal documents, personal interactions, and government and Non-governments records. This change is effective immediately and will be upheld on all occasions henceforth.
Abhanpur, Raipur, Chhattisgarh.
Date:

**Dulari Sahu**
D/o Santosh Sahu
House no. 352 Ward no.15,
Champa Jhar, Champaran,
Abhanpur, Raipur, Chhattisgarh

**NAME CHANGE**

It is informed to the general public that I, AAFRFFN VIRANI D/O FAROOK VIRANI resident of HNO.62, WARD NO.04, SURDONGAR, KESHKAL, KONDAGAON, 494331, (C.G.) have changed my old name AAFRFFN VIRANI D/O FAROOK VIRANI so in future I should be recognized by my new name that is AAFREEN VIRANI D/O FAROOK VIRANI in all Government and other documents.

**AAFREEN VIRANI**
HNO.62, WARD NO.04,
SURDONGAR, KESHKAL,
KONDAGAON, 494331, (C.G.)

**NAME CHANGE**

It is informed to the general public that I, KALPANA KUMARI TAMBOLI W/O RITESH MAHOBIA resident of PLOT NO.-02, STREET -17, NEAR KUSUM KANAN PARK,MOTILAL NEHRU NAGAR EAST BHILAI DISTT.-DURG (C.G.) 490020 have changed my old name KALPANA KUMARI TAMBOLI W/O RITESH MAHOBIA so in future I should be recognized by my new name that is KALPANA MAHOBIA W/O RITESH MAHOBIA in all Government and other documents.

**KALPANA MAHOBIA**
PLOT NO.-02, STREET -17,
NEAR KUSUM KANAN
PARK,MOTILAL NEHRU
NAGAR EAST BHILAI DISTT.-
DURG (C.G.) 490020

# 'विकसित छत्तीसगढ़' के रोडमैप पर रखें फोकस: मुख्यमंत्री

- खरीफ फसल की तैयारी और किसानों को आधुनिक तकनीकों से जोड़ने के निर्देश
- देरी से न्याय मिलना, न्याय नहीं मिलने के बराबर है
- डिजिटल गवर्नेंस को बढ़ावा दें और समय प्रबंधन पर रखें ध्यान




**धमतरी,** 31 मई (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज धमतरी में आयोजित समीक्षा बैठक में 'विकसित छत्तीसगढ़' का मंत्र दिया। उन्होंने कहा कि 'विकसित छत्तीसगढ़' के लिए तैयार किया गया विजन डाक्यूमेंट एक रोडमैप की तरह है, जिसमें लक्ष्य और दिशा-निर्देश स्पष्ट हैं। अधिकारी विकसित छत्तीसगढ़ के लक्ष्य को साकार करने के लिए पूरी तन्मयता और जिम्मेदारी के साथ इसे परिणाम तक ले जाएं। मुख्यमंत्री साय आज रायपुर और धमतरी जिले में योजनाओं के क्रियान्वयन की स्थिति की समीक्षा कर रहे थे।

मुख्यमंत्री ने सुशासन तिहार के समापन पर कहा कि लोगों की समस्याओं के समाधान का यह सिलसिला थमना नहीं चाहिए। जन-जन से संवाद और उनकी समस्याओं का समाधान निरंतर जारी रहना चाहिए। अधिकारी कड़ी मेहनत और नवाचारी तरीकों से लोगों की समस्याओं का समाधान करें। आम जनता को देरी से न्याय मिलना, न्याय नहीं मिलने के बराबर है। उन्होंने कहा कि राजस्व त्रुटि सुधार जैसे कामों में अधिकारियों-कर्मचारियों से ही गलती होती है, लेकिन इसका नुकसान आम लोगों को होता है और उन्हें ही परेशान होना पड़ता है।

मुख्यमंत्री ने राजस्व विभाग में डिजिटल गवर्नेंस को बढ़ावा देने और समय प्रबंधन पर ध्यान देने की बात कही। उन्होंने कहा कि सक्रिय तहसीलदारों वाले क्षेत्रों में राजस्व प्रकरण कम लंबित रहते हैं। साथ ही, अधिकारियों को जनता के साथ अच्छा व्यवहार करने और उनके कार्यों को न्यूनतम समय में गुणवत्तापूर्वक पूरा करने का निर्देश दिया।

मुख्यमंत्री ने केंद्र और राज्य सरकार की फ्लैगशिप योजनाओं, जैसे प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, पीएम आवास, और जल जीवन मिशन को प्राथमिकता देने का निर्देश दिया। उन्होंने बताया कि फसल बीमा योजना के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए छत्तीसगढ़ को राष्ट्रीय स्तर पर दूसरा सर्वश्रेष्ठ राज्य चुना गया है। साथ ही, नीति आयोग की बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निर्देशानुसार धमतरी और रायपुर में पर्यटन स्थल विकसित करने की संभावनाओं को तलाशने को कहा।

मुख्यमंत्री ने जिले में शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने के निर्देश दिए। उन्होंने दंतेवाड़ा का उदाहरण देते हुए बताया कि वहां डीईओ के बेहतर प्रदर्शन के कारण दसवीं और बारहवीं के परिणाम शानदार रहे, जिसकी प्रधानमंत्री ने 'मन की बात' में प्रशंसा की। स्वास्थ्य विभाग में सतत मॉनिटरिंग और संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित करने, साथ ही कृषि प्रधान धमतरी और रायपुर जिले में खरीफ फसल की तैयारी और किसानों को आधुनिक तकनीकों से जोड़ने पर बल दिया।

मुख्यमंत्री ने जोर देकर कहा कि सरकारी योजनाओं का लाभ बिना किसी बाधा के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचना चाहिए। उन्होंने अधिकारियों से विभागीय लक्ष्यों को प्राप्त करने में आने वाली कठिनाइयों को साझा करने को कहा, ताकि राज्य स्तर पर सहायता प्रदान की जा सके। उन्होंने यह भी बताया कि अधिकारियों के कार्यों की निरंतर मॉनिटरिंग की जा रही है और प्रत्येक जिले का रिपोर्ट कार्ड उनके पास है। उन्होंने कहा कि सुशासन तिहार के दौरान अधिकारियों ने बड़ी संख्या में आए आवेदनों का समयबद्ध समाधान किया, जिसके लिए वे बधाई के पात्र हैं। उन्होंने कहा कि अधिकारियों और कर्मचारियों को अच्छा काम करने पर पुरस्कार और काम नहीं करेंगे तो उनकी खैर नहीं होगी।

इस मौके पर वन मंत्री केदार कश्यप, राजस्व मंत्री टंक राम वर्मा, सांसद श्रीमती रूप कुमारी चौधरी, विधायक अजय चंद्राकर, विधायक ओंकार साहू, महापौर रामू रोहरा, जिला पंचायत अध्यक्ष अरुण सार्वा, पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष नेहरू निषाद, अपर मुख्य सचिव श्रीमती रेणु जी. पिल्ले, मुख्य सचिव सुबोध कुमार सिंह, मुख्यमंत्री के सचिव बसव राजु एस. सहित रायपुर और धमतरी के अधिकारी उपस्थित थे।

# अतिशेष प्रधान पाठकों और सहायक शिक्षकों की काउंसिलिंग प्रक्रिया प्रारंभ



- अतिशेष प्रधानपाठकों की काउंसलिंग की प्रक्रिया पूरी हुई
- काउंसिलिंग में भाग लेने वालों को तत्काल दिया जा रहा चयनित स्कूल में पदस्थापना का आदेश पत्र

**रायपुर,** 31 मई (देशबन्धु)। राज्य शासन के दिशा निर्देशानुसार कलेक्टर अजीत वसंत की उपस्थिति में आज कोरबा जिले के अतिशेष प्रधान पाठकों और सहायक शिक्षकों की पदस्थापना के लिए काउंसिलिंग की प्रक्रिया राजीव गांधी आडिटोरियम टांसपोर्ट नगर में चल रही है। प्रथम चरण में वरिष्ठता के आधार पर अतिशेष प्रधानपाठकों की काउंसलिंग की गई। सहायक शिक्षकों की काउंसिलिंग प्रक्रिया जारी है। काउंसिलिंग प्रक्रिया में प्रधानपाठकों द्वारा रिक्त स्थानों में से अपने पसंद के विद्यालयों का चयन किया। सहायक शिक्षकों द्वारा भी काउंसिलिंग में सम्मिलित होकर निर्धारित सूची में से पसंद के विद्यालयों का चयन किया जा रहा है।

कलेक्टर अजीत वसन्त ने शासन के निर्देशों के अंतर्गत पारदर्शिता के साथ काउंसिलिंग की प्रकिया अपनाए जाने की बात कही है। उन्होंने कहा है कि जिले में शिक्षक विहीन विद्यालयों और एकल शिक्षकीय विद्यालय में अतिशेष शिक्षकों का समायोजन होने से दूरस्थ क्षेत्रों के विद्यार्थियों को नियमित शिक्षक उपलब्ध होंगे। इसके साथ ही विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिलेगी। काउंसिलिंग में सम्मिलित शिक्षकों द्वारा चयनित विद्यालय में तत्काल नवीन पदस्थापना आदेश भी जारी किया जा रहा है।

## शिक्षिका ने जताई संतुष्टि

काउंसिलिंग में सम्मिलित होकर निर्धारित सूची में से पसंद का स्कूल चयन कर नवीन विद्यालय में जाने वाली प्राथमिक शाला जेन्जरा की शिक्षिका श्रीमती देकुमारी साहू ने काउंसिलिंग की प्रक्रिया की सराहना करते हुए कहा कि उन्हें खुशी है कि अब नवीन विद्यालय ढेलवाडीह में शिक्षक का दायित्व निर्वहन करेंगी। उन्होंने काउंसिलिंग में पसन्द के विद्यालय मिलने पर खुशी प्रकट की।

### खैरागढ में नल-जल योजना की खुली पोल

# कीड़े-कंकड़ वाला पानी पीने को लोग मजबूर

- पालिका प्रशासन की कार्यशैली पर उठ रहा सवाल

**खैरागढ़,** 31 मई (देशबन्धु)। खैरागढ़ जिला मुख्यालय में संचालित नल-जल योजना की गुणवत्ता पर बड़ा सवाल खड़ा हो रहा है। नगर के जमातपारा, अमलीपारा, गंजीपारा व बरेठपारा सहित कई वार्डों में पानी की सप्लाई हो रही है। गंदा पानी अब बीमारियों की जड़ बनने जा रहा है। हालात इतने गंभीर हो गए हैं कि नल से निकलने वाले पानी में कंकड़, कीड़े और गंदगी साफ तौर पर देखा जा सकता है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि पिछले कई दिनों से उन्हें गंदा और बदबूदार पानी मिल रहा है। इस पानी को पीना तो दूर उपयोग करना भी खतरे से खाली नहीं है। एक ओर भीषण



गर्मी का प्रकोप है दूसरी ओर साफ पानी के लिए लोगों को जूझना पड़ रहा है। गंदा पानी पीने से बच्चों और बुजुर्गों में पेट संबंधी बीमारियों का खतरा तेजी से बढ़ रहा है। जमातपारा के निवासी बताते हैं कि शिकायत करने के बाद भी जिम्मेदार अफसरों के कानों पर जूं तक नहीं रेंग रहा है। स्वास्थ्य संकट के इस हालात में भी प्रशासन का गैरजिम्मेदार रवैया लोगों में भारी आक्रोश पैदा कर रहा है। इधर गंजीपारा निवासियों का कहना है नल से साफ पानी की उम्मीद थी लेकिन अब तो यह जानलेवा बन गया है। नल खोलते ही कीड़े और कंकड़ निकलते हैं। अमलीपारा की महिलाओं ने बताया कि उन्हें घर के कामों के लिए भी अब टैंकरों पर निर्भर रहना पड़ रहा है। नल-जल योजना की निगरानी की जिम्मेदारी नगर पालिका प्रशासन की है लेकिन फील्ड निरीक्षण हो या पानी की गुणवत्ता की जांच किसी भी स्तर पर गंभीरता नहीं दिखाई दे रही है। वार्ड पार्षदों ने भी इस पर चुप्पी साध रखी है जिससे लोगों का गुस्सा और बढ़ता जा रहा है।

खैरागढ़ में नल-जल योजना का उद्देश्य नागरिकों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराना था लेकिन आज यह योजना खुद एक बड़ी समस्या बन गई है।

# स्कूल फीस के नाम पर अभिभावकों से लाखों की ठगी, फरार आरोपी लेखापाल गिरफ्तार

**बिलासपुर,** 31 मई (देशबन्धु)। स्कूल फीस के नाम पर लाखों रुपये की ठगी करने वाले लेखापाल को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी ने सेंट जेवियर हाई स्कूल में पढ़ने वाले 27 छात्रों के अभिभावकों से करीब 8 लाख रुपये अपने निजी खाते में ट्रांसफर करवा लिया था और फिर फरार हो गया था। स्कूल प्रबंधन की शिकायत पर पुलिस ने धारा 408,420 भा. द.वि.66(घ) आई. टी.एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुए आरोपी को पकड़ा। यह मामला कोटा थाना क्षेत्र का है। जानकारी के अनुसार, कोटा के रानीसागर स्थित सेंट जेवियर हाइ स्कूल के प्राचार्य ने थाने में शिकायत किया, कि पूर्व में स्कूल में पदस्थ लेखापाल जाशिल एस.एम. जेहान निवासी मध्य नगरी चौक बिलासपुर के द्वारा स्कूल में पढ़ने वाले 27 विद्यार्थी के अभिभावकों से स्कूल फीस के नाम पर ठगी की गई है, आरोपी अपने खाते में करीब 8 लाख 2 हजार रु स्कूल फीस के नाम पर ली, लेकिन रकम स्कूल में जमा नहीं की और पैसे लेकर फरार हो गया है। मामले की रिपोर्ट पर कोटा पुलिस ने आरोपी जाशिल एस.एम. जेहान को कोटा पुलिस ने उसके घर मध्य नगरी चौक से गिरफ्तार किया है और उसके खिलाफ कार्रवाई की जा रही है।



**देशबन्धु पाठकों के लिए**

माह मई 2025 का अखबार बिल

| दिन | दर | रू.पै. |
|---|---|---|
| 31 दिन | 4.00 | = 124.00 |
| कुल 31 दिन | | 124.00 |

कृपया अपने अभिकर्ता को उपरोक्तानुसार 10 जून 2025 तक बिल का भुगतान करें।

प्रसार व्यवस्थापक

**NECC**

| 01.06.2025 | अंडा | मुर्गी | काकरेल |
|---|---|---|---|
| फार्म | 515 | 80 | 170 |
| चिल्हर | 6.50 | 100 | 195 |

डिलीवरी 530 सैकड़ा
दर्जन अंडा 75 रु.
मुर्गी खाद प्रति ट्राली 1000 रु.
CSPFA







प्रकाशक, मुद्रक- राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि. के लिए देशबन्धु परिसर रामसागरपारा रायपुर से प्रकाशित एवं मुद्रित। सम्पादक- राजीव रंजन श्रीवास्तव। प्रेस पंजीयन- 6072/59
फोन- (0771) 4077750, 4077760, email id: deshbandhuraipur@gmail.com, website:deshbandhu.co.in

उल्टा पुल्टा

पत्नी से परेशान पति एक दिन पंडित जी के पास पहुंचा और बोला- पंडित जी एक बात बताइए कि ये जनम-जनम का साथ वाली बात क्या सही है। पंडित जी- सौ फीसदी सही है।

# अहिल्याबाई के चरित्र को अपने जीवन में उतारे : राजबहादुर

## भारत देश सनातन परंपराओं का देश है : सांसद

## जिसका चिंतन किया उसका क्रियान्वयन भी किया : शिवनारायण

**जगदलपुर,** 31 मई (देशबन्धु)। रानी अहिल्याबाई होलकर की 300 वीं जयंती पर नगर निगम द्वारा शनिवार को डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी टाउन हॉल में संगोष्ठी, प्रदर्शनी व सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर बस्तर सांसद महेश कश्यप, मुख्य वक्ता राज बहादुर सिंह राणा, अध्यक्षता महापौर संजय पाण्डे, विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व विधायक संतोष बाफना, लच्छू राम कश्यप, पीएससी के पूर्व सदस्य शिव नारायण पांडे, जिला अध्यक्ष वेद प्रकाश पांडे, पूर्व जिला अध्यक्ष विद्याशरण तिवारी उपस्थित रहे। आयोजन में स्वच्छता दीदीयों, नगरीय निकाय के अंतर्गत स्वास्थ्य एवं महिला बाल विकास विभाग में उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मचारियों को सम्मानित भी किया गया। मुख्य वक्ता राजबहादुर सिंह राणा ने कहा रानी अहिल्याबाई के जीवनी का हम सबको अध्ययन करना चाहिए अब उसे अपने जीवन में लागू करना चाहिए। वह एक महान मराठा शासिका और रानी थी जो मालवा राज्य में होलकर राजवंश की शासिका के रूप में जानी जाती थी। अपने परोपकार और न्याय के लिए वह प्रसिद्ध थी इसलिए उन्हें लोकमाता भी कहा जाता है। पति की मृत्यु के बाद अहिल्याबाई ने मालवा राज्य की बागडोर संभाली। उनके ससुर के मृत्यु के बाद उन्हें आधिकारिक रूप से रानी घोषित किया गया।



बस्तर सांसद महेश कश्यप ने कहा भारत देश सनातन परंपराओं का देश है। हमें देश के महान विभूतियों के बारे में जानकारी प्राप्त होनी चाहिए। साहसी, न्यायप्रिय और परोपकारी शासिका थी अहिल्याबाई।अहिल्याबाई ने अपने राज्य को आक्रमणकारियों से बचाने के लिए बहुत प्रयास किया। उन्होंने सेना का नेतृत्व किया और कई युद्धों में महत्वपूर्ण भूमिका भी निभाई। वरिष्ठ भाजपा नेता व पीएससी के पूर्व सदस्य शिव नारायण पांडे ने कहा

अहिल्याबाई ने अपने जीवन में जो चिंतन किया उसका क्रियान्वयन भी किया। पुरे भारत में लोकमाता के नाम से भी उनको जाना जाता है। उन्होंने समाज में सुधार के लिए कई काम किए जैसे शिक्षा, स्वास्थ्य और आर्थिक विकास को बढ़ावा देना। महापौर संजय पाण्डे ने कहा रानी अहिल्याबाई का जीवन एक साधारणफ़ कन्या से लेकर एक असाधारण सम्राज्ञी बनने की यात्रा है। एक ऐसी वीरांगना जिन्होंने अपने पति की मृत्यु के पश्चात ना केवल शासन संभाला, बल्कि अपने अद्वितीय न्याय, धर्मपरायणता और प्रशासनिक कुशलता से इंदौर राज्य को सुव्यवस्थित और समृद्ध बनाया। उन्होंने भारत के कोने-कोने में मंदिरों और घाटों का निर्माण करवाया, बल्कि काशी विश्वनाथ मंदिर से लेकर रामेश्वरम तक का पुनर्निर्माण करवा कर भारत की सांस्कृतिक एकता को सुदृढ़ किया। तीन सौ वर्षों बाद भी रानी अहिल्याबाई होल्कर का व्यक्तित्व हमें यह सिखाता है कि नेतृत्व शक्ति में नहीं, सेवा में है, शासन में नहीं समर्पण में है। उनका जीवन एक दीप है जो आज भी नारी शक्ति, धर्मनिष्ठा और देशभक्ति का मार्ग आलोकित कर रहा है। जिला अध्यक्ष वेद प्रकाश पांडे ने कहा कि 1725 में जन्मी अहिल्याबाई को रानी के रूप में जाना जाता है। उन्होंने हमेशा गरीबों और कमजोरों की मदद की और उनके साथ न्याय किया।एमआईसी सदस्य लक्ष्मण झा ने कहा 31 मई सन 1925 में अहिल्याबाई का जन्म हुआ। सभी समाज में इनकी महती भूमिका थी। कोई भी समाज इनसे अछूता नहीं था। कार्यक्रम में नगर निगम अध्यक्ष खेमसिंह देवांगन, श्रीनिवास मिश्रा, आनंद मोहन मिश्रा, एमआईसी सदस्य निर्मल पानीग्रही, सुरेश गुप्ता, संग्राम सिंह राणा, राणा घोस, संजय विश्वकर्मा, त्रिवेणी रंधारी, कलावती कसेर, पूर्व जिला अध्यक्ष रूपसिंह मंडावी, नगर अध्यक्ष प्रकाश झा, पार्षद श्यामसुंदर बघेल, बसंती समरथ, गायत्री बघेल, पूनम सिन्हा, उर्मिला यादव, गीता नाग, महेश्वरी ठाकुर, ममता पोटाई, कौशल्या साहू, कुसुम परिहार, रंजीता पानीग्राही, किरण दीवान, नगर निगम आयुक्त प्रवीण कुमार वर्मा, गोपाल भारद्वाज, विनय श्रीवास्तव, राकेश यादव सहित भाजपा कार्यकर्ता, स्वास्थ्य एवं महिला बाल विकास विभाग के कर्मचारी उपस्थित रहे।

### इन्हें किया गया सम्मानित

स्वच्छता दीदी दामिनी ठाकुर, सफाई कामगार तुलसी केशबो, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता मीना शुक्ला, पूनम ठाकुर, ज्योति, आंगनबाड़ी सहायिका गायत्री नामदेव, रोजा दुबे, सुमित्रा बघेल, नगर निगम कार्यालय भृत्य तुलसी कश्यप, पाकली कश्यप, स्वास्थ्य कर्मी एवं मितानिन टीलेश्वरी कश्यप, रानू साहू, मुकेस्वरी सोरी, ममता कच्छ शैलेंद्री बघेल, जुबेदा बेगम, स्व सहायता समूह से प्रतिभा चेट्टी, आशा महापात्र, ममता विशाल को सम्मानित किया गया। इसके अलावा विभिन्न प्रतियोगिता में सफल प्रतिभागी प्रिया, भाविका, अनिकेत, पूर्वांश, प्रियानी झा, लेमिता पांडे को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। वही स्वच्छता केंद्र की महिलाओं को कीट दिया गया, जिसमें सरीता यादव, सुमित्रा बघेल, संजोता नाग, संगीता, सरीता, कंचन, आरती सिंह, संतोषी, पूनम विश्वकर्मा, तुलसा भारती, मीना, माधवी, योगिता, साधना आदि शामिल रहे। कार्यक्रम का संचालन एमआईसी सदस्य संग्राम सिंह राणा ने किया।

# मप्र के अंग्रेजी शराब की अवैध बिक्री करने वाले पुलिस गिरफ्त में



**जगदलपुर,** 31 मई (देशबन्धु)। मुखबीर से सूचना प्राप्त हुआ की ग्राम एर्राकोट पदरगुड़ापारा के पास लखेश्वर भैंस अपने घर के बाड़ी में प्लास्टिक बोरी में अवैध अंग्रेजी शराब बिक्री हेतु रखा है कि सूचना पर थाना परपा से टीम गठित कर कार्यवाही हेतु रवाना किया गया। उक्त टीम के द्वारा ग्राम एर्राकोट पदरगुडा जाकर लखेश्वर भैंस के घर के बाड़ी में बिक्री हेतु रखे 2 प्लास्टिक बोरी में 88 नग मध्यप्रदेश गोवा व्हीस्की अंग्रेजी शराब कुल जुमला शराब 15 लीटर 840 मि.ली. मौके पर जप्त किया गया, जिसका बाजार मूल्य 10,000 से अधिक है। आरोपी को अपराध धारा 34 (2) आबकारी एक्ट का पाये जाने से आरोपी लखेश्वर भैंस को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया।

**कुल जप्ती शराब मध्यप्रदेश गोवा की 15 लीटर 840 मिली कुल कीमती 10,120 रूपया**

## तीन माह का चांवल आबंटन का एकमुश्त वितरण

**जगदलपुर,** 31 मई (देशबन्धु)। खाद्य विभाग द्वारा सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम एवं छ.ग. खाद्य पोषण सुरक्षा अधिनियम तथा मुख्यमंत्री खाद्यान्न सहायता योजना के राशनकार्डधारी परिवारों को माह जून से अगस्त 2025 के राशन सामग्री वितरण के एकमुश्त भण्डारण एवं वितरण किये जाने के निर्देश जारी किये गये हैं, जिसके परिपालन में अंत्योदय, प्राथमिकता, एकल निराश्रित तथा नि:शक्तजन राशन कार्डधारियों को माह जून 2025 में उन्हें उचित मूल्य दुकान के माध्यम से जून माह के नियमित खाद्यान्न सामग्री के साथ माह जुलाई एवं अगस्त 2025 >> शेष पृष्ठ 9 पर >

# जिले में अवैध शराब के विरुद्ध कार्यवाही करते आबकारी विभाग ने 87.96 बल्क लीटर किया जप्त

**जगदलपुर,** 31 मई (देशबन्धु)। प्रभारी आबकारी आयुक्त एवं प्रबंध संचालक श्याम धावड़े एवं कलेक्टर हरिस एस के निर्देशानुसार जिले में अवैध शराब के विरुद्ध लगातार आबकारी विभाग कार्यवाही कर रही है। आबकारी जाँच दल ने 30 मई को ग्राम तोयर सिरहापारा थाना मारडूम के निवासी बामन राम वेट्टी के किराना दुकान से उड़ीसा राज्य में निर्मित 11 भूरे रंग के कार्टूनों में रखा 132 कांच की बोतलों में किंगफिशर प्रीमियम लेगर बीयर (मात्रा 85.80 बल्क लीटर) तथा एक प्लास्टिक की झिल्ली में रखा 12 नग गोवा स्पेशल व्हिस्की छ.ग. निर्मित (मात्रा 2.16 बल्क लीटर) कुल मात्रा 87.96 बल्क लीटर जप्त किया गया जिसका बाजार मूल्य 25,200 रुपए है। जप्त की गई कीमत अवैध शराब को छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम की धारा 34 (1) (क),34 (2),36 व 59-क के तहत प्रकरण कायम कर आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल दाखिल किया गया। उक्त कार्यवाही आबकारी उपायुक्त आशीष कोसम एवं ज़िला आबकारी अधिकारी अमन सिंह के मार्गदर्शन में आबकारी उपनिरीक्षक अंकित सिंह राठौर के नेतृत्व में आबकारी मुख्य आरक्षक शिवप्रसाद सिन्हा,आरक्षक ललित ठाकुर, शैलेश कुमार पांडेय तथा महिला नगर सैनिक संगीता व संगीता ध्रुव और वाहन चालक हेमराज बघेल का विशेष योगदान रहा।




# बालाजी मंदिर क्षेत्र की चौड़ी नाली, पानी पाउच पानी की बोतल एवं पॉलीथिन के कचरों से पटी

**जगदलपुर,** 31 मई (देशबन्धु)। शहर को साफ सुथरा रखने की महापौर संजय पाण्डेय की शानदार पहल को सफल बनाने पार्षदों का सहयोग भी अति आवश्यक है। वार्ड के कुछ इलाकों से निकलने वाले कचरे को नगर निगम की नालियों में भर दिया गया है। कचरे से नालियां चोक हो गई हैं और बरसात के दौरान आसपास के इलाके में जल भराव की समस्या पैदा हो सकती है तब लोग दोष महापौर पर मढ़ेंगे इसलिए पार्षद भी पूरी सक्रियता के साथ वार्ड में सफाई व्यवस्था को संचालित करे तभी शहर स्वच्छ होगा।

**अब तक नहीं हुई इस नाली की सफाई, बारिश में सारा कचरा दलपत सागर में पहुंचने का है खतरा**

विदित हो कि महापौर संजय पाण्डेय ने अपने कार्यकाल की शुरुआत नगर की स्वच्छता से की थी। मेयर की मंशा है कि जगदलपुर शहर साफ सुथरा रहे, निकास नालियां हमेशा क्लीन रहें, कहीं भी कचरा नजर न आए। महापौर संजय पाण्डेय ने इस दिशा में नगर निगम अमले को अलर्ट मोड पर ला दिया है। यही नहीं महापौर पाण्डेय स्वयं भी रानी अहिल्या बाई होल्कर के जयंती वर्ष पर लगातार स्वच्छता अभियान चला रहे हैं। मेयर पाण्डेय स्वयं हाथों में झाड़ू थामकर हर हफ्ते एक चिन्हित स्थान पर नागरिकों के साथ सफाई अभियान चलाते हैं। आज ही महापौर और नागरिकों ने लालबाग मैदान पर स्वच्छता अभियान चलाया है, लेकिन अभी विभिन्न क्षेत्रों में स्वच्छता अभियान चलाया जाना आवश्यक प्रतीत हो रहा है पिछले कई दिनों से बालाजी मंदिर के सामने से निकली नाली पर प्लास्टिक के पाउच पानी की बोतल एवं अन्य पॉलिथीन कचरा से नलिपटा हुआ है जिसकी सफाई अब तक नहीं हुई है और इस नाली का कचरा और पानी अत्यधिक बारिश होने पर दिल पर सागर में जाकर समा जाता है। यह कृत्य दलपत सागर के लिए भी घातक है। महापौर संजय पाण्डेय दलपत सागर को नया जीवन देने के लिए भी तरह तरह के जतन कर रहे हैं। वार्ड की स्वच्छता के प्रति पार्षद नरसिंह राव की उदासीनता को देखते हुए प्रतीत होता है कि वे स्वच्छ, सुंदर, मनभावन जगदलपुर की परिकल्पना में भागीदार नहीं बनना चाहते, इससे शहर को स्वच्छ रखने और तालाब को खूबसूरत बनाने की दिशा में महापौर द्वारा की जा रही पहल को आघात पहुंच रहा है।



# अहिल्या बाई होलकर की 300वीं जयंती पर लालबाग मैदान में सफाई अभियान





**जगदलपुर,** 31 मई (देशबन्धु)। रानी देवी अहिल्या बाई होलकर की 300 वीं जयंती पर शनिवार को सुबह लालबाग मैदान में सफाई अभियान चलाया गया। इस अवसर पर महापौर संजय पाण्डे, निगम अध्यक्ष खेमसिंह देवांगन, शहर के गणमान्य नागरिक, स्वच्छता एंबेसडर्स, निगम कर्मचारी एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। विदित हो कि महापौर संजय पाण्डे के नेतृत्व में देवी अहिल्या बाई होल्कर की 300 वीं जयंती पर लगातार सफाई अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में शनिवार को शहर के लालबाग मैदान में श्रमदान कर सफाई अभियान चलाया गया। संजय पाण्डे ने कहा कि सप्ताह में एक दिन चिन्हित स्थान पर सफाई अभियान चलाया जाएगा। हम पुरे शहर को स्वच्छ बनाना चाहते हैं, लेकिन इस अभियान में सभी लोगों के सहयोग की आवश्यकता पड़ेगी। जगदलपुर शहर में हरियाली लाना मुख्य उद्देश्य है। सफाई अभियान के साथ-साथ आगामी दिनों में पेड़ पौधे भी लगाए जाएंगे। सभी लोगों के योगदान से शहर हरा भरा एवं स्वच्छ हो यही हमारा उद्देश्य है। सफाई अभियान में पूर्व महापौर सफिरा साहू, एमआईसी सदस्य लक्ष्मण झा, निर्मल पानीग्राही, संजय विश्वकर्मा, राणा घोष, त्रिवेणी रंधारी, पार्षद हरिश पारेख, यशवंत ध्रुव, दिगंबर राव, किरण दीवान, अनिल लुक्कड़, कोटेश्वर नायडू, रतन व्यास, विधुशेखर झा, राजीव निगम, वाय एन कुकड़े, डीके पाराशर, सतीश बाजपेई, रोशन झा, धर्मेंद्र चौहान, वीरेन्द्र जोशी, विनायक बेहरा, सुप्रीयो मुखर्जी, दिलीप सुंदरानी, बृजेश शर्मा, विवेक जैन, अनिल दास, अरुण देवांगन, धीरेन्द्र सिंह, नगर निगम आयुक्त प्रवीण कुमार वर्मा सहित अनेक लोग स्थित थे।

# विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर निकाली जागरूकता रैली

**जगदलपुर,** 31 मई (देशबन्धु)। राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत शनिवार 31 मई को विश्व तंबाकू निषेध दिवस मनाया गया इसके अंतर्गत प्रात: 10 बजे महारानी अस्पताल परिसर से शासकीय नर्सिंग कॉलेज की छात्राओं के द्वारा एक रैली का आयोजन किया गया जो शहर के मुख्य मार्ग से होते हुए वापस महारानी अस्पताल के शाहिद गुंडाधुर सभागार में समाप्त हुई। वहां पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य रूप से सिविल सर्जन सह अस्पताल अधीक्षक महारानी अस्पताल डॉ. संजय प्रसाद, वरिष्ठ सर्जन डॉक्टर एस एन अग्रवाल, जिला कार्यक्रम अधिकारी डॉ रीना लक्ष्मी और तंबाकू रोग नियंत्रण कार्यक्रम के हनी गाडलिब और उमाशंकर साहू के साथ महारानी अस्पताल के दंत चिकित्सक डॉ. तिवारी और डॉ दिवान भी उपस्थित रहे। इस अवसर पर नर्सिंग कॉलेज की छात्राओं द्वारा नुक्कड़ नाटक के माध्यम से तंबाकू और अन्य नशीली चीजों से समाज और परिवार के साथ साथ व्यक्ति के स्वयं के स्वास्थ्य पर पड़ने वाले विपरीत प्रभाव के बारे में संदेशपरक प्रस्तुति दी गई। इस दौरान सभी प्रतिभागी और सम्मिलित छात्राओं को ओरल किट प्रदान >> शेष पृष्ठ 9 पर >




**सांसद महेश ने प्रचार रथ को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना**

# काष्ठ रथ पर सवार होंगे भगवान जगन्नाथ

**दंतेवाड़ा,** 31 मई (देशबन्धु)। जिला मुख्यालय दंतेवाड़ा में 27 जून को श्री गोंचा रथयात्रा आयोजित होगी। इस संबंध में जगन्नाथ मंदिर परिसर में विभिन्न समाजों के पदाधिकारियों की उपस्थिति में बैठक शनिवार को हुई, जिसमें आयोजन की तैयारी समेत अन्य विषयों पर विचार मंथन किया गया। दंतेवाड़ा में श्री जगन्नाथ रथयात्रा आयोजन का यह पांचवां वर्ष होगा। पहली बार वर्ष 2021 में इसकी शुरुआत हुई थी। रथयात्रा के लिए काष्ठ रथ के निर्माण की प्रक्रिया बसंत पंचमी से शुरू हो जाती है।

**आयोजन समिति का हुआ गठन:** रथयात्रा के सुचारू आयोजन के लिए समिति का गठन किया गया। जिपं अध्यक्ष नन्दलाल मुड़ामी को सर्व सम्मति से आयोजन समिति का अध्यक्ष मनोनीत किया गया। इस आयोजन के लिए संरक्षक हरेंद्र नाथ जिया, प्रधान पुजारी माँ दंतेश्वरी मंदिर दंतेवाड़ा, चैतराम अटामी विधायक, दिवाकर भुइँया, सत्यनारायण महापात्र, सुनीता भास्कर जनपद अध्यक्ष संरक्षक होंगे।

अन्य पदाधिकारियों में उपाध्यक्ष तूलिका कर्मा, मनोज सुराना, मुकुंद सिंह ठाकुर, सचिव राकेश मिश्रा, आशीष मालवीय, कोषाध्यक्ष अजय महापात्र, सह कोषाध्यक्ष निरंजन मिश्रा, गुप्त कैलाश मिश्रा मनोनीत किए गए। इसके अलावा कार्यकारिणी सदस्य गोवर्धन दास बैरागी, सुमित सिंह भदौरिया, नागेश जायसवाल, प्रमोद गुप्ता, प्रशांत अग्रवाल, त्रिनाथ सिंह ठाकुर, सत्यनारायण ठाकुर, सुभाष दास, संतोष महापात्र, नीलम ठाकुर, शैलेन्द्र ठाकुर, अरुण दास, गयाप्रसाद विश्वकर्मा, बीरबल सिंह ठाकुर, राजाराम ठाकुर, सत्या पटेल, लक्ष्मीनाथ पोड़ियाम, राम कुमार महंती, शिव चंद्र कतियार, समीर दास, नरेंद्र साहू, धर्मेंद्र श्रीवास्तव, सुशील सेठिया, महादेव ठाकुर, कुमदो राम सोलंकी, चरण सिंह ठाकुर, रघुनाथ देवांगन, नवीन मिश्रा, राजीव मिश्रा, लक्ष्मण भास्कर, शिव नरेश, अजय सेठिया, विनोद यादव शामिल किए गए हैं। श्री जगन्नाथ मंदिर के प्रधान पुजारी पं केदारनाथ मिश्रा ने बताया कि पूजन समिति व अन्य समितियों का गठन 8 जून को होने वाली अगली बैठक में किया जाएगा।



- जगन्नाथ रथयात्रा की तैयारी शुरू
- नंदलाल मुड़ामी बने आयोजन समिति के अध्यक्ष
- 27 जून को होगी रथयात्रा

# बादल में एक माह के समर कैंप का समापन




**जगदलपुर,** 31 मई (देशबन्धु)। बस्तर एकेडमी आफ डांस, आर्ट एंड लिटरेचर (बादल) आसान में एक माह के समर कैंप समापन कार्यक्रम का आयोजन 31 मई को किया गया। इस समर कैंप में कुल 89 प्रशिक्षणार्थियों ने विभिन्न विधाओं में प्रशिक्षण प्राप्त किया। प्रशिक्षण के अन्तर्गत गायन, वादन, नृत्य, अभिनय, चित्रकला हस्तकला ट्री बार्क आर्ट, धान आर्ट, पुट्टी आर्ट, क्लॉथ पेंटिंग और कुशन मेकिंग का प्रशिक्षण प्रदान किया गया। समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में जगदलपुर नगर पालिक निगम के महापौर संजय पांडे एवं जिला पंचायत बस्तर के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रतीक जैन उपस्थित थे। इस अवसर पर महापौर ने बादल संस्थान को संबोधित करते हुए कहा कि गर्मी की छुट्टियों में समर कैंप बच्चों के लिए नया हुनर सीखने का सही समय होता है। बादल के माध्यम से परंपरागत वाद्ययंत्र, स्थानीय भाषा हल्बी एवं गोंडी, लोकगायन, चित्रकला एवं हस्तकला और अन्य विधाओं में प्रशिक्षण दिया जा रहा है, जो सराहनीय कदम है। हमें सीखने का कार्य निरंतर करना चाहिए। कार्यक्रम में नगर पालिक निगम के सभापति खेमसिह देवांगन, आसान ग्राम पंचायत की सरपंच प्रेमबती बघेल और अन्य जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति रही। इस अवसर पर बच्चों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम के अंत में सभी प्रशिक्षणार्थी और प्रशिक्षकों को प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। इस कार्यक्रम में बादल प्रशासक आशुतोष ठाकुर के अलावा बादल के कर्मचारी और अभिभावकों की उपस्थिति रही।

# सुशासन तिहार के अंतर्गत बड़े बचेली में समाधान शिविर आयोजित

## विधायक अटमी सहित जनप्रतिनिधियों की गरिमामयी उपस्थिति




**बड़े बचेली,** 31 मई (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं उपमुख्यमंत्री अरुण साव के नेतृत्व में प्रदेशव्यापी सुशासन तिहार 2025 का आयोजन तीन चरणों में किया जा रहा है। इसका उद्देश्य शासन की योजनाओं एवं सेवाओं को आम नागरिकों तक सुगमता से पहुंचाना है। इसी क्रम में आज बड़े बचेली नगर में अंतिम चरण के समाधान शिविर का आयोजन नगर के बीआरसी भवन में किया गया।

नगर पालिका परिषद बड़े बचेली द्वारा आयोजित इस शिविर में नगर के वार्ड क्रमांक 16, 17 एवं 18 से प्राप्त कुल 102 आवेदनों का 100 प्रतिशत निराकरण किया गया। यह शिविर नगर के सभी 18 वार्डों से प्राप्त 391 जन आवेदनों में से शेष बचे आवेदनों के समाधान हेतु आयोजित किया गया था। इससे पूर्व नगर में 7 शिविरों के माध्यम से अन्य वार्डों के आवेदनों का सफलतापूर्वक निपटारा किया जा चुका है।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में क्षेत्रीय विधायक श्री चैतराम अटमी उपस्थित रहे। साथ ही जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्री अरविंद कुंजाम, नगर पालिका उपाध्यक्ष श्री सतीश प्रेमचंदानी भी शिविर स्थल पर उपस्थित होकर निरीक्षण किया एवं स्थानीय नागरिकों से संवाद स्थापित किया।

उन्होंने नगर में चल रहे विकास कार्यों, शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं तथा हितग्राही मूलक कार्यक्रमों की जानकारी आम नागरिकों को दी।

शिविर में राजस्व विभाग, स्थानीय प्रशासन, स्वास्थ्य विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, विद्युत विभाग तथा आधार अपडेट टीम सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा इस अवसर पर अन्न प्राशन एवं गोद भराई जैसे पारंपरिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिसमें विधायक श्री अटमी ने विशेष रूप से भाग लेकर माताओं एवं बच्चों को आशीर्वाद प्रदान किया।

नगर पालिका के मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्री कृष्णा राव, उप अभियंता श्री संतोष नेगी सहित नगरपालिका के अधिकारी-कर्मचारी भी सक्रिय भूमिका में उपस्थित रहे।

# आज भोंगापाल बुद्ध महोत्सव, मुख्यमंत्री साय होंगे मुख्य अतिथि

**नारायणपुर,** 31 मई (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ राज्य के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की मौजूदगी में 1 जून 2025 को बस्तर संभाग के भोंगापाल में राज्य स्तरीय भोंगापाल बुद्ध महोत्सव का आयोजन हो रहा है। भोंगापाल बुद्ध महोत्सव के आयोजक नीलकंठ टेकाम विधायक केशकाल विधायक ने बताया कि बस्तर में युद्ध नहीं बुद्ध की शांति के ऐतिहासिक, पुरातात्विक, सांस्कृतिक और आध्यात्मिक विरासत को दृष्टिगत रखते हुए भोंगापाल बुद्ध महोत्सव के इस राज्य स्तरीय आयोजन में अद्भुत, अद्वितीय और अनुपम बौद्ध शांति पार्क निर्माण करने की भी पहल की जाएगी। उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ राज्य में महासमुंद जिले के सिरपुर में अंतरराष्ट्रीय बौद्ध स्थल अपनी पूरी ऐतिहासिकता और समृद्ध पुरातात्विक विरासत के साथ मौजूद है। इसके पश्चात छत्तीसगढ़ प्रदेश का दूसरा सबसे बड़ा बौद्ध स्थल बस्तर अंचल के भोंगापाल में है जहां पर पुरातात्विक ऐतिहासिक महत्व की बौद्ध कालीन अनेक मूर्तियां और अवशेष क्षेत्र में बिखरे हुए हैं। इसे संरक्षित और संवर्धित करने के लिए तथा श्रेष्ठ श्रेणी का पुरातत्व स्थल घोषित करने के लिए भोंगापाल बुद्ध महोत्सव आयोजन समिति केंद्रीय पुरातत्व विभाग सहित छत्तीसगढ़ शासन व पुरातत्व विभाग को प्रस्ताव भेजेगी।

भोंगापाल बुद्ध महोत्सव के संयोजक अनिल खोबरागड़े भोंगापाल बुद्ध चैत्यगृह हमारी सांस्कृतिक धरोहर है ,भगवान बुद्ध आज और ज्यादा प्रासंगिक है। आदिकाल से ही भोंगापाल क्षेत्र का समृद्धशाली इतिहास रहा है। विश्व को प्रज्ञा,शील, करूणा एवं शांति का संदेश



- **विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह करेंगे अध्यक्षता**
- **भोंगापाल में बनेगा छत्तीसगढ़ का प्रथम बुद्ध शांति पार्क**

देने वाले भगवान गौतम बुद्ध आज भी प्रासंगिक है, बुद्ध ज्यादा ज्ञानी थे वैज्ञानिक थे । सभी लोगों के सहयोग से बुद्ध के इस प्रतिज्ञा स्थल चैत्य गृह भोंगापाल को पुर्नजीवित करेंगे ।सिरपुर,भोंगापाल जैसे अन्य क्षेत्रों की कलाकृति एवं निर्माण की अवधि एक समान है। हर काल एवं समय में अलग अलग तकनीक होती है। यह क्षेत्र हमारी सांस्कृतिक धरोहर है। छठी शताब्दी में भी हमारे पूर्वज समृद्ध शाली थे ।गौतम बुद्ध कहते हैं कि आज के बारे में सोचो , तृष्णा को पार करने से मोक्ष बन जाता है। 15 सौ साल पहले यह क्षेत्र बुद्धिजम का क्षेत्र रहा होगा ।बस्तर वासियों का विचार बुद्ध के विचार से मिलता है। छत्तीसगढ़ बौद्ध समाज के प्रदेश अध्यक्ष एवं कार्यक्रम के संयोजक अनिल खोबरागड़े ने बताया कि भोंगापाल बुद्ध महोत्सव में मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय होंगे एवं अध्यक्षता विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह जी करेंगे। विशिष्ट अतिथि के रूप में छत्तीसगढ़ शासन के उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा, मंत्री केदार कश्यप, मंत्री रामविचार नेताम, भोजराज नाग सांसद कांकेर, महेश कश्यप सांसद बस्तर उपस्थित रहेंगे। विशेष अतिथि के रूप में किरण सिंह देव विधायक जगदलपुर ,सुश्री लता उसेंडी विधायक कोंडागांव , विक्रम उसेंडी विधायक अंतागढ़, आशाराम नेताम विधायक कांकेर, विनायक गोयल विधायक चित्रकूट, चैतराम अट्टामी विधायक दंतेवाड़ा, लखेश्वर बघेल विधायक बस्तर, विक्रम मंडावी विधायक बीजापुर, श्रीमती सावित्री मनोज मंडावी विधायक भानुप्रतापपुर सहित समस्त पंचायत पदाधिकारी एवं नगरीय निकाय पदाधिकारी बस्तर संभाग उपस्थित रहेंगे।

# सलूजा परिवार का गौरव सिदक सलूजा

**भाटापारा,** 31 मई (देशबन्धु)। नगर के प्रतिष्ठित नागरिक मनमीत सिंह रविन्दर सलूजा की सुपुत्री सिदक कौर सलूजा ने एकेडमिक वर्ल्ड स्कूल बेमेतरा से सीबीएसई बोर्ड की कक्षा 12 वीं में 95.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर नगर सहित समाज को गौरान्वित किया है । सिदक ने अपनी इस सफ लता का श्रेय अपने माता.पिता एवं स्कूल को दिया है क्योंकि मेरे माता.पिता और स्कूल ने मुझे कड़ी मेहनत के लिए प्रेरित किया था उनकी इस सफलता के लिए बधाई देने वालों में नरेन्द्र सिंह बाली,राजू चावला,हरभगवान सिंह गुम्बर,त्रिलोक सिंह सलूजा,राजा गुम्बर,राजा टूटेजा,प्रेम सेठी,कन्हैया सेठी,सोनू छाबड़ा,उच्चा आनंद,सुशील सेठी,डाबी सलूजा,कुलवंत गुम्बर,हरीश छाबड़ा,गुरबक्स गुम्बर,मनेन्द्र सिंह गुम्बर,श्याम शर्मा,नरेश शर्मा,तंजीव अरोरा,जोन्टी गुम्बर,सिरजन गुम्बर,गगन आनंद आदि ने उनके उज्वल भविष्य की कामना करते हुए बधाई दी है ।



# 11 गर्भवती महिलाओं को पोषण आहार वितरित



**भिलाईनगर,** 31 मई (देशबन्धु)। सुशासन तिहार समाधान शिविर का समापन आज गुडडीचा मंच सेक्टर 10 में किया गया। जिसमें शासन के सभी विभाग के काउंटर लगे थे। प्रमुख रूप से राजस्व विभाग, शिक्षा विभाग, स्वास्थ्य विभाग, आधार कार्ड, आयुष्मान कार्ड, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, राशन कार्ड, यातायात विभाग से ड्राइविंग लाइसेंस, महिला एवं बाल विकास विभाग, श्रम विभाग, प्रधानमंत्री आवास विभाग, विद्युत विभाग, जल विभाग आदि सभी सरकारी विभाग के अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहे। छत्तीसगढ़ शासन का यही उद्देश्य था की जनता के समस्याओं का समाधान उनके वार्ड स्तर में जाकर अधिकारी, कर्मचारी करें। जिससे उन्हें किसी प्रकार की भी परेशानी ना हो। आवेदन का प्रथम चरण में सभी समस्याओं एवं मांगों से संबंधित आवेदन प्राप्त किया गया। दूसरे चरण एक माह तक चलाए जिसमें नागरिकों से प्राप्त आवेदन का निराकरण किया गया। तीसरा चरण 5 मई से शुरू होकर 31 मई तक चलाए जिसमें निराकृत किए गए सभी आवेदनों के बारे में नागरिकों को बताया गया। अगर किसी के पास कोई अन्य समस्या बची थी उसका भी समाधान पेटी में आवेदन लिया गया। आज नगर पालिक निगम भिलाई के महापौर नीरज पाल स्वयं पहुंचकर 11 गर्भवती महिलाओं को पोषण आहार एवं 08 बच्चों को खिलौना प्रदान किया गया। सभी काउंटर में जाकर अधिकारियों, कर्मचारियों से शासन की योजनाओं के बारे में जानकारी प्राप्त किये। स्वास्थ्य विभाग के काउंटर में पहुंचकर के अपना बीपी, शुगर आदि का जांच करवाएं। शिविर के दौरान कुल 80 आवेदन प्राप्त हुए। जिसमें 20 मांग, 55 शिकायत, 12 ड्राइविंग लाइसेंस, 8 आधार कार्ड, 3 आयुष्मान कार्ड, 48 नवीन राशन कार्ड, हितग्राहियों का स्वास्थ्य परीक्षण एवं दवाई वितरण किया गया। शिविर में एमआईसी सदस्य सीजू एन्थोनी, आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय, जोन अध्यक्ष राजेश चौधरी, जनप्रतिनिधि धर्मेन्द्र यादव, जोन आयुक्त कुलदीप गुप्ता, चिकित्सा अधिकारी पीयाम सिंह, कार्यपालन अभियंता अनिल सिंह, वरिष्ठ स्वास्थ्य अधिकारी व्ही. के. सैमुअल, सहायक अभियंता दीपक देवांगन, श्वेता महेश्वर, सागर दुबे आदि उपस्थित रहे।

# प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के तहत मृतक की पत्नी को एसबीआई द्वारा 20 लाख का चेक प्रदान




**चारामा,** 31 मई (देशबन्धु)। भारतीय स्टेट बैंक शाखा चारामा में आज प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के तहत मृतक बीमा धारक स्व नरेश यादव पिता नारायण यादव नगर पंचायत चारामा निवासी वार्ड क्रमांक 13 जिसका की एसबीआई ब्रांच शाखा चारामा में बैंक एकाउंट खाता है जिसका प्रधानमंत्री बीमा(श्चद्वद्भद्वद्ध4) योजना के तहत कियोस्क बैंक दरगाहन के संचालक त्रिलोक देवांगन द्वारा किया गया था जिसके देहांत पश्चात उनकी धर्मपत्नी (नॉमिनी) श्रीमती अन्नपूर्णा यादव को 200000 (दो लाख) का चेक जनपद पंचायत चारामा के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री गोपाल सिंह कवंर,अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री बेनूराम सुकदेवे, एस बी आई ब्रांच मैनेजर श्री पवन कुमार सिन्हा के द्वारा मृतक की पत्नी को चेक प्रदान किया गया। ज्ञात हो की प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना ऐसा जनकल्याणकारी बीमा योजना है जिसका दो लाख रु जोखिम कवरेज है। जिसका प्रतिवर्ष 432 रु प्रीमियम है जो किसी कारण वश बीमा धारक की मृत्यू होने पर उनके परिजनो को राहत प्रदान करती है इस अवसर पर एस बीआई से निवेदिता कुशवाह असिस्टेंट मैनेजर ,पंकज वर्मा.प्रणय राजपूत.सत्यकला सेवता, रोमेंद्र साहू,मुकेश पटेल,कियोस्क बैंक संचालक त्रिलोक देवांगन,महेश देवांगन,देवकुमार केमरो, धनेश यादव, मनोज नांगवंशी एवं ब्राच के अन्य कर्मचारी उपस्थित थे।

# संयंत्र के जर्जर आवास में निगम देगा प्रबंधन को पत्र



**भिलाईनगर,** 31 मई (देशबन्धु)। भिलाई स्टील प्लांट क्षेत्र के सेक्टर 6 सेक्टर 7 व स्थानों पर जहां पर पुराने जर्जर मकान है वह खतरे का संकेत को देखते हुए निगम भिलाई संयंत्र प्रबंधन के पत्र प्रेषित करेगा। आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय नियमित भ्रमण के दौरान जोन-5 के आयुक्त कुलदीप गुप्ता के साथ में दौरा कर रहे थे। उन्होनें देखा कि भिलाई स्टील प्लांट द्वारा लगभग सभी तीन मंजिला के मकान पर लिख दिया गया है। मकान रहने लायक नहीं है। उसमें भी बहुत सारे लोग निवास कर रहे हैं। जबकि मकान एकदम जर्जर स्थिति में है। कभी भी अनहोनी हो सकता है। कुछ लोग अवैध कब्जा करके भी वहां निवास कर रहे हैं। किसी प्रकार की अनहोनी ना हो पहले से ही सबको हटा दिया जाए। इस परिपेक्ष में आयुक्त ने जोन आयुक्त को सभी ऐसे मकान का सर्वे करके भिलाई स्टील प्लांट को पत्र लिखने को निर्देशित किए हैं। पत्र के कॉपी से जिला प्रशासन को भी दी जानकारी जाएगी। कुछ ऐसे भी मकान मिले की नीचे से टूट गए हैं फ़िर भी लोग छत पर अवैध कब्जा करके रह रहे हैं। निगम के उप अभियंता श्वेता महेश्वर एक हफ्ते के अंदर सभी जर्जर मकान का सर्वे करके निगम आयुक्त को रिपोर्ट को रिपोर्ट प्रस्तुत करेंगी। उसे परिपेक्ष में कार्रवाई की जाएगी। कुछ ऐसे भी मकान मिले जहां पर मजदूरों द्वारा बिना सुरक्षा का ध्यान दिए ईटा, खिड़की निकाला जा रहा था। जब उनसे पूछा गया कि किसके परमिशन से निकल रहे हो उसने बोला जैन साहब निकलवा रहे हैं। कुछ स्थानी लोगों द्वारा बताया गया यहां पर असामाजिक तत्वों का भी बसेरा रहता है। कुछ लोग बाहर से आकर भी निवास कर रहे हैं। इसका संज्ञान लेना बहुत जरूरी है। भ्रमण के दौरान स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली, जोन स्वास्थ्य अधिकारी के वी के सेमुल, प्रभारी सागर दुबे आदि उपस्थित रहे। निगमए भिलाई जर्जर मकान बिना खिड़की निकाला जा रहा था।

# रिसाली के चंद्राकर परिवार को किया डिजिटल अरेस्ट

**भिलाईनगर,** 31 मई (देशबन्धु)। भिलाई के चंद्राकर परिवार के साथ करीब 54 लाख रुपए की साइबर ठगी का मामला सामने आया है। इस दौरान सीबीआई की मुंबई ब्रांच का तथाकथित अफ्सर बनकर चंद्राकर परिवार को डिजिटल अरेस्ट कर झूठे मामले में फ्साने की धमकी देते हुए एक माह में कई वीडियो कॉल एवं अलग.अलग बैंक खातों से आरटीजीएस करा कर वसूली की गई। नेवई पुलिस के द्वारा शिकायत पर से अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है। नेवई पुलिस के मुताबिक प्रार्थी नम्रता 45 साल पता आजाद मार्केट प्रगति नगर रिसाली में के साथ रहती है। 29 अप्रैल को अज्ञात व्यक्ति नें मोबाईल नंबर से विडियों वाटसअप कॉल कर पापा को बोला कि सीबीआई कार्यालय मुंबई से बोल रहा है। पापा के नाम का केनरा बैंक का खाता मुंबई में नरेश नामक व्यक्ति के कब्जे से बरामद किया गया है। उक्त खाते में 2 करोड रुपय का मनी लाड्रिंग हुआ है इस संबंध में पापा का आधार कार्ड भी दिखाये और नरेश द्वारा पापा से उक्त खाते को 5 लाख रू में खरीदना बताये इस सबंध में नरेश का स्टेटमेंट भी दिखाये, तथाकथित सीबीआई अफ्सर ने पापा को आरोपी बताते हुए गिरफ्तार करने आएंगे नहीं तो आप लोग हमारा विडियो कॉल में सहयोग करने बोले चंद्राकर परिवार राजी हो गये। तथाकथित उपसरने वीडियो कॉल में चंद्राकर परिवार के सभी खाते का डिटेल कितना रकम जमा है, कितना जमीन जायदाद, सोना चांदी सभी की जानकारी ले लिये थे। वे बताये कि उक्त फर्जी खाते में कई गरीब लोगो का रकम जमा करा मनी लाड्रिंग किये है आप लोगों को जेल हो सकती है। तब चंद्राकर परिवार के द्वारा डर के कारण अलग.अलग बैंक खातों से 29 अप्रैल से 29 मई तक पापा व मम्मी को विडियो कॉल कर 54,90.000 छलपूर्वक आरटीजीएस कराकर ठगी किये है।

# सीएमओ बक्शी ने बड़े नाले का किया निरीक्षण



**भिलाईनगर,** 31 मई (देशबन्धु)। नगर पालिका परिषद जामुल क्षेत्र में सुशासन तिहार के अंतर्गत समाधान शिविर का आयोजन सुरडुंग के मंगल भवन में आयोजन किया गया। वार्ड-19 एवं 20 के वार्डवासियों के समस्याओं का निराकरण किया गया। समाधान शिविर का समापन नपा अध्यक्ष ईश्वर सिंह ठाकुर ने गर्भवती महिलाओं को सुपोषण टुकनी प्रदान कर किया और कहा कि राज्य शासन द्वारा आयोजित सुशासन तिहार अंतर्गत समाधान शिविर में विभागीयवार प्राप्त आवेदनों का निराकरण किया गया है। समाधान शिविर के अंतर्गत या पालिका से संबंधित कोई समस्या आती है। तो इसका समाधान भी शीघ्र ही करेंगें, ताकि जनता को शीघ्र ही लाभ मिलें। समधान शिविर के समापन अवसर में आभार प्रदर्शन मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्रीमती सीमा बख्शी ने किया। आयोजित शिविर में प्रमुख रूप से महामंत्री प्रेमलाल साहू, विजेन्द्र सिंह विशेष रूप से उपस्थित थें। शिविर आयोजन के पूर्व सुबह से ही मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्रीमती बख्शी द्वारा वार्डो के सफाई का निरीक्षण किया गया। जिसमें बरसात जल्दी आने की संभावना को देखते हुए जल निकासी के लिए चल रहें बड़े नालों का निरीक्षण किया गया एव कार्यस्थल पर उपस्थित सफाई सुपरवाईजर को निर्देशित किया गया कि पालिका क्षेत्र के सभी प्रमुख नालों की सफाई बरसात पूर्व करा लेवें कहीं पर भी जल भराव की स्थिति नहीं आना चाहिए। वाड-8, 11, 12, 13, 14 के नालियों का प्रमुख निकासी नाला सफाई का निरीक्षण किया गया। उसके बाद वार्ड 10 में चल रहें सफाई कार्य को शीघ्र पूर्ण करने निर्देश दिया गया। तत्पश्चात समाधान शिविर वार्ड-19, 20 का जायजा सीएमओ द्वारा लिया गया।

## शिविर में प्राप्त आवेदनों का तत्काल हो निराकरण

**भिलाईनगर,** 31 मई (देशबन्धु)। जिला कांग्रेस कमेटी भिलाई के प्रवक्ता जावेद खान ने सुशासन तिहार के तहत सेक्टर 10 में लगाए गए समाधान शिविर को महज शासकीय कार्यक्रम की औपचारिकता के तहत खानापूर्ति और ढकोसला क़रार दिया है रूटिन के कार्य जो दफ्तर मे बैठ कर किए जा सकते है उनको निपटाने के लिये शिविर का सहारा लिया जा रहा है। इसके अलावा हर आवेदक को उसके आवेदन पर भले ही कोई कार्यवाही नही की गई हो लेकिन गोल मोल जवाब दे कर उसके आवेदन को निराकरण की श्रेणी मे डालने का आरोप लगाया है। उन्होने लिखित जारी बयान में बताया कि हुडको वार्ड क्रमांक 69 के एक आवेदक ने आवेदन मे जो जानकारी चाही उसका उन्हें सही जवाब नही मिल सका। श्री जावेद ने बताया कि हुड़को क्षेत्र मे एम डी पी पाईप लाईन मे कई स्थानों पर पंचर है।

# सेक्टर-1 में जनसंपर्क विभाग होगा हस्तांतरित

**भिलाईनगर,** 31 मई (देशबन्धु)। सेक्टर-1, सड़क-8 और 10 के मध्य स्थित सामुदायिक विकास कार्यालय (पुराना तारघर) में भिलाई इस्पात संयंत्र के संपर्क, प्रशासन एवं जनसंपर्क विभाग को औपचारिक रूप से सुपुर्द कर दिया गया। बताया गया कि कुछ माह बाद अब नया जनसम्पर्क कार्यालय इस भवन में स्थानांरित हो जायेगा। इस अवसर पर संपर्क प्रशासन एवं जनसंपर्क विभाग के वरिष्ठ अधिकारियो महाप्रबंधक संपक प्रशासन एवं जनसंपर्क अमूल्य प्रियदर्शी, महाप्रबंधक जनसंपर्क प्रशांत तिवारी, महाप्रबंधक संपर्क, प्रशासन एवं जनसंपर्क सौमिक डे, सहायक महाप्रबंधक जनसंपर्क श्रीमती अपर्णा चंद्रा तथा सहायक महाप्रबंधक जनसंपर्क जवाहर बाजपेयी ने भवन परिसर का अधिग्रहण किया और स्थानांतरण गतिविधियों के शुभारंभ हेतु भूमि पूजन किया। उल्लेखनीय है कि एलए एवं पीआर विभाग के कुछ कार्यालयों का स्थानांतरण इस सीडीओ जनगणना भवन परिसर में किया जा चुका है। कार्रवाई के दौरान संपदा न्यायलय के कार्यपालक मजिस्ट्रेट, भट्टी थाना के वरिष्ठ पुलिस अधिकारी, महाप्रबंधक टीएसडी प्रवर्तन के.के. यादव, उपमहाप्रबंधक टीएसडी सुरजीत मलिक, सहायक प्रबंधक टीएसडी राजस्व पंकज कुमार सिंह, सहायक प्रबंधक एस्टेट कोर्ट, दीपक कुमार विश्वकर्मा, सहायक प्रबंधक सम्पदा देवानंद चौहान तथा सहायक प्रबंधक टीएसडी.जन स्वास्थ्य विभाग, मुकुंद दास माणिकपुरी भी उपस्थित रहे। उल्लेखनीय है कि 4 अप्रैल 2025 को एस्टेट कोर्ट के डिक्री आदेश 27 मार्च 2025 के अनुपालन में जनगणना भवन का अतिक्रमण हटाया गया था। इसके पश्चात एस्टेट कोर्ट के 28 मई 2025 के आदेश के अनुसार सील किए गए परिसर को 30 मई की सुबह औपचारिक रूप से खोला गया। इस प्रक्रिया में प्रवर्तन विभाग, भूमि अनुभाग, एस्टेट कोर्ट, जन स्वास्थ्य विभाग, सुरक्षा कर्मियों महिला गार्ड सहित और भट्टी थाना की पुलिस सहित लगभग 150 अधिकारियों और कर्मचारियों की टीम शामिल रही। इस अवसर पर संपदा न्यायलय के कार्यपालक मजिस्ट्रेटए भट्टी थाना के पुलिस अधिकारी और सम्पदा विभाग के अधिकारियों ने न्यायालय के निर्देशानुसार जेपी सीमेंट के प्रतिनिधि को कुछ आवश्यक सामग्री पंचनामा बनाकर सुपुर्द किया। यह पंचनामा संध्याकाल न्यायालय में प्रस्तुत कर दिया गया। न्यायालय के निर्देशानुसार पूर्ववर्ती कब्जाधारियों की निजी वस्तुओं की पहचान कर उन्हें दस्तावेज़ीकृत करते हुए उनकी सुपुर्दगी की गई। शेष वस्तुओं को भवन के निर्धारित कक्षों में सुरक्षित रूप से समाहित कर गवाहों एवं साक्ष्यों की उपस्थिति में पुन: सील किया गया। संपूर्ण प्रक्रिया का फोटोग्राफी एवं वीडियोग्राफी के माध्यम से जनसंपर्क विभाग द्वारा दस्तावेजीकरण किया गया।



# दुकान में चोरी करने के आरोप में तीन गिरफ्तार



**भिलाईनगर,** 31 मई (देशबन्धु)। जामुल पुलिस ने दुकान में चोरी के आरोप में तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि प्रार्थी खम्हन सिंह ठाकुर निवासी नाकापारा जामुल ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि शिवपुरी जामुल में फर्नीचर दुकान कों 24 मई की रात्रि दुकान बंद कर घर चला गया था। 26 मई को सुबह जब प्रार्थी दुकान आया तो दुकान के उपर लगे सीट उठा हुआ था। सामान चेक करने पर पता चला कि 1 नग रेंदा मशीन, 1 कटर मशीन,1 नग ड्रील मशीन, ग्रेंडर मशीन एवं पाना पेंचिस को अज्ञात आरोपी द्वारा चोरी कर ले गया है कि रिपोर्ट पर थाना जामुल में अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। इसी दौरान मुखबीर द्वारा सूचना एवं हुलिया के आधार पर संदेही हीरा सिंह से पूछताछ किया गया जो अपने साथी आरोपी चंदन के साथ मिलकर प्रार्थी के दुकान में चोरी करना स्वीकार किया तथा चोरी की गई मशीन आरोपी कारू साव के पास बिक्री करना बताये। आरोपियों से चोरी गई की गई मशरूका रेंदा मशीन, कटर मशीन, ड्रील मशीन, ग्रेंडर मशीन एवं पाना पेंचिस कुल कीमती 15000 रूपये जप्त किया गया है। इस कार्यवाही में थाना प्रभारी जामुल निरीक्षक राजेश मिश्रा, सउनि बेनी सिंह राजपूत, आरक्षक चेतमान गुरूंग, रत्नेश शुक्ला, चन्द्रभान यादव, रूपनारायण बाजपेयी, चंदन सिंह का विशेष योगदान रहा।

## प्रादेशिकी का शेष...

### विश्व तंबाकू निषेध दिवस ...

किया गया। इस अवसर पर कोटपा अधिनियम के संचालन एवं चालानी कार्रवाई हेतु गठित विभिन्न विभागों के कर्मचारियों द्वारा बनाई गई टीम के सदस्य जिसमें समाज कल्याण विभाग से श्री मानिकपुरी और नगर पालिका निगम की ओर से श्री साहू उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम के उपरांत दोपहर को सांसद बस्तर महेश कश्यप के द्वारा तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर एक प्रचार वाहन को भी मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ संजय बसाक और जिला कार्यक्रम अधिकारी डॉ रीना लक्ष्मी के साथ हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया । इस अवसर पर सभी विभागीय अधिकारी-कर्मचारी भी उपस्थित रहे।

# सुशासन तिहार का उद्देश्य डेढ़ वर्ष के कार्यों का फीड बैक लेना : मुख्यमंत्री


**कोण्डागांव**, 31 मई (देशबन्धु)। प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने सुशासन तिहार के तीसरे चरण में 30 मई को बस्तर संभाग के कोंडागांव, बस्तर और सुकमा जिले में संचालित विकास कार्यों की समीक्षा की। कोंडागांव जिला कार्यालय के प्रथम तल में स्थित सभा कक्ष में आयोजित बैठक में मुख्य मंत्री ने अधिकारियों से कहा कि सुशासन तिहार का उद्देश्य डेढ़ वर्ष के कार्यों का फीड बैक लेना है। आगे कहा कि सरकार जनता की सेवक है तथा जनता को बेहतर सेवाएं देना उसका दायित्व है। प्रशासनिक अधिकारी नियमित रूप से प्रवास करें और आम जनता की समस्याओं को त्वरित निराकृत करें। जिन गांवों में जल के स्रोत उपलब्ध नहीं हैं, वहां मल्टी विलेज स्कीम बनाकर जलापूर्ति सुनिश्चित करें।

मुख्य मंत्री ने बैठक में सुशासन तिहार के तहत प्राप्त आवेदनों का निराकरण की स्थिति, तीनों जिलों में मुख्य मंत्री जनदर्शन के आवेदनों निराकरण की स्थिति, लंबित राजस्व प्रकरणों की स्थिति, राजस्व रिकॉर्ड की समीक्षा, स्वामित्व योजना अंतर्गत अधिकार अभिलेख वितरण की स्थिति, प्रधान मंत्री आवास योजना (ग्रामीण), प्रधान मंत्री आवास योजना (शहरी), राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, आयुष्मान भारत योजना के तहत कार्ड निर्माण की स्थिति, संस्थागत प्रसव की स्थिति, सिकल सेल स्क्रीनिंग की स्थिति, जल जीवन मिशन के तहत पेयजल की स्थिति, पेयजल की स्थिति, ई डिस्ट्रिक समीक्षा, आय, जाति, निवास प्रमाण पत्र की स्थिति, सड़क संरचना का विकास दस करोड़ से अधिक राशि के कार्य (पीडब्ल्यूडी, पीएमजीएसवाय), पीएमजीएसवाय के दस करोड़ से अधिक के विकास कार्य, पीएमजीएसवाय के दस करोड़ से कम के विकास कार्य, जिले के प्रमुख प्रोजेक्ट्स एक से पच्चीस करोड़ तक के (प्रगतिरत), जिले के प्रमुख प्रोजेक्ट्स पच्चीस करोड़ से अधिक तक के (प्रगतिरत), जन औषधि केंद्रों की स्थिति, फसल चक्र परिवर्तन, खाद बीज भंडारण एवं वितरण की स्थिति, मौसमी बीमारियों की रोकथाम हेतु कार्य योजना, पेंशन प्रकरण का निराकरण की स्थिति, आश्रम छात्रावास, पीएमश्री स्कूलों की व्यवस्था, शिक्षा गुणवत्ता की समीक्षा, शालाओं और अतिशेष शिक्षकों की युक्तियुक्तकरण, तीन नए कानून, रोड सेफ्टी की व्यवस्था, आपराधिक आंकड़े सहित अन्य विषयों पर विस्तृत समीक्षा की। वन उत्पाद के संबंध में मुख्य मंत्री ने समीक्षा करते हुए कहा कि बस्तर में इमली का सर्वाधिक उत्पादन होता है और इस पर नए इनिशिएटिव कार्य किए जा सकते हैं। साथ ही रेशम के ककून पर भी अच्छी संभावनाएं हैं, इन्हें प्रमोट करने के लिए रणनीति बनाएं। वनोत्पाद पर वैल्यू एडिशन पर मुख्य मंत्री ने जोर दिया, ताकि यहां के लोगों को अधिकाधिक रोजगार मुहैया हो सके। फॉरेस्ट प्रोड्यूस बेस्ड रेशम, मधुमक्खी पालन, लाख उत्पादन सहित अन्य उत्पादों पर और बेहतर कार्य करने की जरूरत है। स्थानीय स्तर पर होने वाले वस्तुओं का व्यापक प्रचार-प्रसार करते हुए उन्नत स्तर का उत्पादन कर व्यावसायिक गतिविधियों को बढ़ावा दिया जाए। मुख्य मंत्री ने कहा कि सुशासन तिहार में उज्ज्वला योजना का आवेदन मिलना एक सुखद प्रभाव है। इस योजना के तहत रिफिलिंग का प्रतिशत बढ़ाएं, साथ ही गैस रिफिलिंग सब्सिडी के बारे में अधिक से अधिक प्रचार-प्रसार करवाएं। राजस्व के प्रकरण में सीमांकन से संबंधित लंबित प्रकरणों को 15 जून से पहले निराकृत करने के निर्देश मुख्य मंत्री ने दिए, क्योंकि बारिश के बाद सीमांकन का कार्य नहीं किया जा सकता। कृषि उत्पादन में चर्चा के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि बस्तर संभाग की प्रमुख फसल मक्का है। इसकी उत्पादकता में वृद्धि करने और तकनीकी खेती से जोड़ने पर फोकस करें। साथ ही सुगंधित धान की खेती (जैविक खेती) के लिए भी कलेक्टर व्यक्तिगत रुचि लें। साथ ही मार्केटिंग, ब्रांडिंग के लिए सर्टिफिकेशन के लिए भी प्रयास करें। प्रमुख सचिव सुबोध सिंह त्रुटि सुधार के मामले में कहा कि शब्दावली से संबंधित त्रुटियों को सुधारने में विलम्ब ना करें, यह काम जल्द करवा लें। पीएम आवास योजना के तहत कोंडागांव जिले में अप्रारंभ आवासों की संख्या अधिक होने की वजह जानकार इसके लिए आवास का लक्ष्य लंबित प्रकरणों को जल्दी निराकृत करने कहा गया। जिलों में राजमिस्त्री की कमी होने पर युवाओं को प्रशिक्षित करने के निर्देश दिए, ताकि इससे लोगों को रोजगार के अवसर भी मुहैया हो सके। मुख्य मंत्री ने बताया कि बीजापुर में आत्मसमर्पित माओवादियों को राजमिस्त्री का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इसी प्रकार की पहल अन्य जिलों में किया जाना चाहिए। प्रमुख सचिव ने राष्ट्रीय राजमार्ग के मार्गों को जल्द पूर्ण करने के लिए कहा, जो समस्या है उन्हें जल्दी निराकरण किया जाए। साथ फॉरेस्ट क्लियरेंस, पुनर्निविदा की प्रक्रिया में भी तेजी लाएं और मुआवजे के प्रकरणों में शीघ्रता से कार्रवाई करें। इस अवसर पर बस्तर सांसद महेश कश्यप, विधायक केशकाल नीलकंठ टेकाम, मुख्य मंत्री के प्रमुख सचिव सुबोध कुमार सिंह, मुख्य मंत्री के सचिव डॉ.बसव राजू एस., कमिश्नर डोमन सिंह, आईजी सुंदरराज पी, तीनों जिलों के कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक, सीईओ जिला पंचायत, वन मंडलाधिकारी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।



**सुशासन तिहार के तहत मुख्यमंत्री ने ली तीन जिले का समीक्षा बैठक**

# छग आवास मित्र अनियमित कर्मचारी संघ ने सीएम से की मुलाकात अपनी मांगों को लेकर



**कोण्डागांव**, 31 मई (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ आवास मित्र अनियमित कर्मचारी संघ जिला कोंडागांव के पदाधिकारी, मुख्य मंत्री के कोण्डागांव आगमन पर अपनी मांगों को लेकर मुख्य मंत्री से मुलाकात किया। छत्तीसगढ़ आवास मित्र अनियमित कर्मचारी संघ जिला कोंडागांव के छत्तीसगढ़ आवास मित्र अनियमित कर्मचारी संघ जिला कोंडागांव ने उनके द्वारा किए जा रहे कार्यों का 8 माह तक मानदेय राशि नहीं मिलने और मानदेय हेतु दोबारा अलग-अलग आवास मित्र मॉनिटरिंग एप में पुन: जिओ टेग करना पड़ रहा है, जो कि बहुत जटिल है। जबकि संपूर्ण आवासों की जानकारी जिला पंचायत व जनपद पंचायत में उपलब्ध है। जो कि पुन: जिओ टेग करने का स्पष्ट कारण नहीं है। इस संबंध में मुख्य मंत्री आगमन पर हेलीपैड में आवास मित्रों ने मुख्य मंत्री से मुलाकात कर आवेदन सौंपा और अपनी समस्याओं को बताया। आवास मित्र अनियमित कर्मचारी संघ जिला कोंडागांव जिला अध्यक्ष मंजू दीवान, जिला सचिव सुकमन नेताम एवं बलराम दीवान, चूमनलाल प्रधान, संजय कोर्राम, धनंजय पांडे, गुड्डू कुमार, सुखदास नेताम, जनता सोरी, भागीरथी मरकाम, परदेसी नेताम, बलिराम मरकाम उपस्थित रहे।

# विश्व तम्बाकू निषेध दिवस पर विधिक साक्षरता शिविर




**कोण्डागांव**, 31 मई (देशबन्धु)। 31 मई 2025 को विश्व तम्बाकू निषेध दिवस के अवसर पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोण्डागांव, श्रीमती किरण चतुर्वेदी के मार्गदर्शन एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोण्डागांव सुश्री गायत्री साय के नेतृत्व में प्रतिधारक अधिवक्ता कोण्डागांव सुरेन्द्र भट्ट के द्वारा जिला परियोजना लाईवलीहुड कॉलेज कोण्डागांव में विधिक जागरूकता कार्यक्रम का किया आयोजन।

विश्व तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर आयोजित इस शिविर का मुख्य उद्देश्य छात्रों एवं आम नागरिकों के प्रति जागरूक करना तथा तंबाकू निषेध से संबंधित कानूनी प्रावधानों के बारे में लोगों को शिक्षित करना रहा। प्रतिधारक अधिवक्ता ने संबोधन में कहा कि तंबाकू न केवल व्यक्ति की शारीरिक और मानसिक सेहत के लिए हानिकारक है, बल्कि यह सामाजिक और आर्थिक स्तर पर भी एक गंभीर चुनौती है। उन्होंने बताया कि भारत में तंबाकू निषेध से संबंधित विभिन्न कानून जैसे सिगरेट और अन्य तंबाकू उत्पादक सार्वजनिक स्थलों पर धूम्रपान पर प्रतिबंध के संबंध में जानकारी प्रदान की गई। शिविर में छात्रों को विधिक अधिकारों, स्वास्थ्य संबंधी कानूनों एवं नशामुक्ति के साथ-साथ छात्र-छात्राओं के प्रति विधिक जागरूकता लाने हेतु उनके अधिकारों को बताते हुए बालिकाओं के लिए बनी कानूनी संरक्षण, साइबर सुरक्षा, बाल विवाह निषेध अधिनियम, पॉक्सो एक्ट अधिनियम, यातायात अधिनियम तथा नि:शुल्क विधिक सहायता जैसी योजनाओं की जानकारी प्रदान की गई।

# रेजांगला पवित्र मिट्टी कलश यात्रा का महासमुंद एवं बागबाहरा में भव्य स्वागत

**बागबाहरा**, 31 मई (देशबन्धु)। 22 तारीख से लेकर 30 तारीख तक रेजांगला पवित्र रज कलश यात्रा छत्तीसगढ़ प्रदेश के प्रवास पर रही है। इसी कड़ी में 28 तारीख को दोपहर 3ः00 बजे यह कलश यात्रा महासमुंद पहुंची। जहां पर सैकड़ो यदुवंशी भाइयों ने वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष अखिल भारत वर्षीय यादव महासभा रामआसरे यादव एवं जिला अध्यक्ष विनोद यादव के नेतृत्व में राजीम मोड से वीर शहीद अहीर रेजांगला रज कलश यात्रा का पटाखे फोड़ कर एवं फूल माला से भव्य स्वागत किया गयाद्ध




तत्पश्चात महासमुंद के सभी यादव भाइयों के द्वारा बाइक रैली के माध्यम से कलश यात्रा को नगर प्रवेश कराया गया तथा बस स्टैंड से वापस बरोंडा चौक होते हुए रज कलश यात्रा केंद्रीय विद्यालय के सामने सभा स्थल पहुंची। जहां पर रेजांगला रज कलश यात्रा का सम्मान कार्यक्रम रखा गया था। कलश यात्रा में बड़ी संख्या में महासमुंद के यादव समाज के प्रमुख जन,,युवा साथी एवं यदुवंशी बहने शामिल रहे। कलश यात्रा में पधारे समस्त अतिथियां का महासमुंद के सामाजिक जनों द्वारा स्वागत सत्कार फूल माला से किया गया..... कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में रेजांगला कलश यात्रा के राष्टीय सह संयोजक किरण यादव ने अपने उदबोधन में रेजांगला कलश यात्रा के प्रमुख तीन उद्देश्यों के बारे में विस्तार पूर्वक बताया। रिजांगला कलश यात्रा मुख्य रूप से अहीर रेजिमेंट की मांग एवं पूरे राष्ट्र के अंदर सर्व समाज के लोगों को राष्ट्र रक्षा हेतु सेना में भागीदारी हेतु जागृत करना है। साथ ही साथ राष्ट्र के अंदर जातिगत जनगणना एवं यादव समाज के अंदर सामाजिक राजनीतिक एवं सांस्कृतिक चेतना एवं एकता का भाव पैदा करना है। कार्यक्रम को रामआसरे यादव, राजू यादव बहमनी, देव यादव रायपुर, जनक यादव रायपुर,एवं प्रदेश संयोजक संजय यादव ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला अध्यक्ष महिला विंग सावित्री यादव, जीवन यादव. काशी यादव सतीश यादव. अवधेश यादव.संजय यादव. आनंद यादव. उमाशंकर यादव, हेमंत यादव,मिलाप यादव, शंभू यादव,,मनोज यादव,नीलकंठ यादव,संतोष यादव, एस के हंस,मनोहर यादव, राजकुमार यादव, अमित यादव,किरण यादव,मधु यादव, झरना यादव, मोतीराम यादव अगेश्वर यादव,पुष्कर यादव, एवं आप पार्टी पूर्व जिला अध्यक्ष संजय यादव मुख्य रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम का आभार प्रदर्शन वरिष्ठ समाज सेवी भुनेश्वर यादव ने किया। रात्रि विश्राम पश्चात 29 तारीख को कलश यात्रा दोपहर 2ः00 बजे बागबाहरा पहुंचा.. बागबाहरा नगर पालिका के पास विधायक द्वारकाधीश यादव एवं जिला अध्यक्ष विनोद यादव के नेतृत्व में कलश यात्रा का बागबाहरा के यदुवंशियों ने भी भव्य स्वागत किया। नगर पालिका बागबाहरा से बाइक एवं कार रैली के माध्यम से कलश यात्रा को नगर भ्रमण कराया गया जो की बस स्टैंड से वापस होते हुए बागबाहरा विश्रामगृह पहुंची। रैली के दौरान पूरे समय अहीर रेजिमेंट हक है हमारा. अहीर रेजिमेंट लेकर रहेंगे..भारतीय सेना जिंदाबाद... यादवी एकता जिंदाबाद भारत माता की जय.. रिजांगला पवित्र मिट्टी की जय...के नारो से गूंजायमान होता रहा.... विश्राम गृह पहुंचने पर वहां पर भी रेजांगला पवित्र माटी कलश यात्रा के सम्मान मे एक सभा आयोजित की गई थीं .... जिसके मुख्य अतिथि पीतांबर दास राष्टीय उपाध्यक्ष अखिल भारतवर्ष यादव महासभा.. विशिष्ट तिथि प्रफुल्ल दास उड़ीसा,, राष्टीय महिला अध्यक्ष श्रीमती मंजू प्रदीप यदु एवं कलश यात्रा के राष्टीय संयोजक ब्रिगेडियर प्रदीप यदु रहे.... कार्यक्रम की अध्यक्षता स्थानीय विधायक द्वारकाधीश यादव ने की।

# वाहन चालक मधुसूदन दास को दी गई विदाई




**कोण्डागांव**, 31 मई (देशबन्धु)। नगर पालिका परिशद् कोण्डागांव में कार्यरत वाहन चालक मधुसूदन दास को सेवानिवृत्त होने पर विदाई दी गई। विदित हो कि मधुसुदनदन 40 वर्षों से नगर पालिका परिशद् वाहन चालक के पद पर कार्य थे। 31 मई को नगर पालिका परिशद् कोण्डागांव के सभा कक्ष में नगर पालिका अध्यक्ष नरपति पटेल, उपाध्यक्ष जसकेतु उसेण्डी, पार्शदगण, सीएमओ दिनेष डे सहित नगर पालिका परिशद् के अन्य अधिकारी-कर्मचारीगण की मौजुदगी में मधुसूदन दास को सेवानिवृत्त होने पर विदाई दी गई।

# आज भोंगापाल में मुख्यमंत्री करेंगे शिलान्यास

**कोण्डागांव**, 31 मई (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय रविवार एक जून को कोण्डागांव जिले के फरसगांव विकास खण्ड के भोंगापाल में कोण्डागांव जिलेवासियों के विकास के लिए 94 करोड़ रूपए से अधिक राशि की लागत से होने वाले 51 विकास कार्यों के लिए लोकार्पण, भूमि पूजन व षिलान्यास करेंगे। 51 विकास कार्यों में 28 करोड़ 51 लाख रूपए से अधिक के 28 लोकार्पण कार्य तथा 65 करोड़ 66 लाख रूपए से अधिक के 23 भूमिपूजन एवं शिलान्यास कार्य शामिल हैं। मुख्यमंत्री द्वारा भोंगापाल में बुद्ध शांति पार्क के शुभारंभ के साथ ही धनसुली में 76 लाख 44 हजार रूपए, नालाझर 94 लाख 87 हजार रूपए, अमरावती में 1 करोड़ 11 लाख 55 हजार रूपए, गारावंडी 1 करोड़ 80 लाख 58 हजार रूपए, सिरसीकलार 1 करोड़ 26 लाख 61 हजार रूपए, पिटेचुंआ 1 करोड़ 55 लाख 19 हजार रूपए तथा कलेपाल में 21 लाख 26 हजार रूपए की लागत से निर्मित जल जीवन मिशन के कार्यों का लोकार्पण करेंगे। इसके साथ ही मुख्य मंत्री 02 करोड़ 93 लाख 66 हजार रूपए की लागत से खरगांव से जबरूडीह तक तीन किलोमीटर लम्बी सड़क, 06 करोड़ 34 लाख 47 हजार रूपए की लागत से ग्राम छिंदली से डोंडरापाल तक बनी 6 किलो मीटर लम्बी सड़क, 4 करोड़ 32 लाख 89 हजार रूपए की लागत से जैतपुरी से गिरोला तक बनी सड़क, 75 लाख 23 हजार रूपए की लागत से केशकाल के कोहकामेटा में निर्मित हाई स्कूल भवन, 1 करोड़ 21 लाख 16 हजार रूपए की लागत से चिपावण्ड में निर्मित हायर सेकेण्डरी स्कूल भवन, 1 करोड़ 67 लाख 11 हजार रूपए की लागत से परोदा से परिपथ मार्ग तक बनी साढ़े चार किलो मीटर लम्बी सड़क, 1 करोड़ 41 लाख रूपए की लागत से खाले मुरवेण्ड में बनी प्री-मैट्रिक कन्या छात्रावास, 28 लाख 51 हजार रूपए की लागत से कोरकोटी में निर्मित उपस्वास्थ्य केन्द्र भवन, 27 लाख 73 हजार रूपए की लागत से बबई में बनी उपस्वास्थ्य केन्द्र भवन, 16 लाख 36 हजार रूपए की लागत से बांसकोट में बनी आयुष औषधालय भवन, 37 लाख 36 हजार रूपए की लागत से ग्राम चिंगनार के ऑयल पॉम रोपण प्रक्षेत्र में चौनलिंक फैंसिंग और गेट निर्माण कार्य, 77 लाख रूपए की लागत से जनपद पंचायत केशकाल के विभिन्न 9 स्थानों पर निर्मित पुलिया व 32 लाख 75 हजार रूपए की लागत से अनतपुर में निर्मित पुलिया का लोकार्पण करेंगे। इसके साथ ही मुख्य मंत्री 4 करोड़ 65 लाख 84 हजार रूपए की लागत से विश्रामपुरी में बनने वाले महाविद्यालय भवन, 4 करोड़ 96 लाख 50 हजार रूपए की लागत से बनने वाली कोहकामेटा से सिदावण्ड तक 5 किलो मीटर लम्बी सड़क, 5 करोड़ 56 लाख 24 हजार रूपए की लागत से सिलाटी से बंजोड़ा तक बनने वाली 5 किलो मीटर लम्बी सड़क, 4 करोड़ 65 लाख 84 हजार रूपए की लागत से माकड़ी में बनने वाले महाविद्यालय भवन, 75 लाख 23 हजार- 75 लाख 23 हजार रूपए की लागत से कोण्डागांव नगर पालिका के वार्ड क्रमांक 03 और तमरावण्ड में बनने वाले हाई स्कूल भवन, एक करोड़ 21 लाख 16 हजार लुभा बनने वाली हायर सेकेण्डरी स्कूल भवन, एक करोड़ 21 लाख 16 हजार बफना बनने वाली हायर सेकेण्डरी स्कूल भवन, एक करोड़ 21 लाख 16 हजार एवं छिनारी में बनने वाली हायर सेकेण्डरी स्कूल भवन, 4 करोड़ 61 लाख 93 हजार रूपए की लागत से कोपाबेड़ा से शिवमंदिर तक मार्ग चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण सड़क कार्य, 4 करोड़ 35 लाख 91 हजार रूपए की लागत से वन उसरी में राष्टीय राजमार्ग 30 से नारंगी नदी तक बनने वाले पुल-पुलिया सहित 4 किलो मीटर लम्बे मार्ग का डामरीकरण, 4 करोड़ 12 लाख 43 हजार रूपए की लागत से बड़ेकनेरा में नरेश पोयाम घर से डोंगरीगुड़ा तक 10 किलो मीटर लम्बे मार्ग का डामरीकरण, 3 करोड़ 75 हजार रूपए की लागत से लेमड़ी से शामपुर मुख्य मार्ग तक पुल-पुलिया सहित सड़क डामरीकरण, 2 करोड़ 20 लाख 75 हजार रूपए की लागत से बड़े बेन्दरी प्रज्ञा तालाब से बाखरा पहुंच मार्ग तक 5 किलो मीटर लम्बे सड़क निर्माण, 2 करोड़ 56 लाख 27 हजार रूपए की लागत से करंजी मुख्य मार्ग स्कूल पारा तक पुल-पुलिया सहित 3 किलो मीटर लम्बे मार्ग का निर्माण 5 करोड़ 20 लाख 35 हजार रूपए की लागत से भीरावण्ड से बोलबोला तक साढ़े तीन किलो मीटर लम्बे मार्ग का निर्माण, 4 करोड़ 2 लाख 49 हजार रूपए की लागत से बिंजोली से बिंजागुड़ा तक 3 किलो मीटर लम्बे मार्ग का निर्माण, 2 करोड़ 47 लाख 79 हजार रूपए की लागत से 2 किलो मीटर लम्बी डोंगरीपारा जोबा मार्ग का निर्माण।

**94 करोड़ से अधिक राशि के विकास कार्यों का**

# सुशासन तिहार के समाधान शिविर में 30 हितग्राहियों के आवास का सपना हुआ पूरा

**कोण्डागांव**, 31 मई (देशबन्धु)। सुशासन तिहार 2025 अंतर्गत विकास खण्ड फरसगांव के ग्राम पंचायत बोरगांव पूर्वी में क्लस्टर स्तरीय समाधान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में केशकाल विधायक नीलकंठ टेकाम के द्वारा प्रधान मंत्री आवास के 30 नवीन हितग्राहियों को आवास स्वीकृति प्रमाण पत्र प्रदान किया गया।




शिविर का शुभारंभ केशकाल विधायक नीलकंठ टेकाम, मानकु राम नेताम अध्यक्ष जनपद पंचायत फरसगांव, प्रशांत पात्र अध्यक्ष नगर पंचायत फरसगांव, श्रीमती कल्ता मण्डावी जिला पंचायत सदस्य विक्की दास जनपद सदस्य, श्रीमती अगरबत्ती नेताम जनपद सदस्य, श्रीमती चन्द्रकला सरकार सरपंच बोरगांव पूर्वी एवं 08 ग्राम पंचायत सरपंच, पंच गांयता पुजारी के द्वारा किया गया। शिविर में कुल 173 आवेदन प्राप्त हुये जिनमें से 28 आवेदनों को मौके पर निराकरण किया गया शेष आवेदनों को संबंधित विभाग के द्वारा किया जा कर आवेदकों को सूचित किया जावेगा। विधायक के द्वारा दृष्टिबाधित बालिका मोनिका कक्षा 9 वीं हाई स्कूल उरन्दाबेड़ा को स्मार्ट फोन किय बेन्ड का वितरण किया गया जिसके माध्यम से उसे शाला का पाठ्यकम पढ़ाया जाएगा। साथ ही जनप्रतिनिधियों के करकमलों से ग्रामीणों को 30 आवास स्वीकृति आदेश, 22 जॉब कार्ड, 28 राशन कार्ड, 09 किसान क्रेडिट कार्ड, 12 मच्छरदानी, 15 सब्जी मिनी किट, 22 जाति प्रमाण पत्र, 3 जन्मप्रमाण पत्र, 3 श्रम कार्ड का अतिथियों से प्राप्त हुआ। शिविर में विभिन्न विभागों के जिला एवं ब्लाक स्तरीय अधिकारी/कर्मवारी, पंच, सरपंच, आम ग्रामीण जन उपस्थित थे। ग्रामीणों के द्वारा विभिन्न विभागों के योजनाओं की जानकारी प्राप्त की गई। कृषि विभाग के द्वारा विकसित संकल्प अभियान के रथ के माध्यम से कृषि विभाग के योजनाओं की जानकारी दी गई।

## भोंगापाल के लोकर्पण व शिलान्यास कार्यक्रम में मुख्यमंत्री साय होंगे मुख्य अतिथि

**कोण्डागांव**, 31 मई (देशबन्धु)। विकास खण्ड फरसगांव के ऐतिहासिक एवं पुरातात्विक महत्व के ग्राम भोंगापाल में लोकार्पण और शिलान्यास कार्यक्रम रविवार एक जून को आयोजित किया जाएगा। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मुख्य मंत्री विष्णु देव साय शामिल होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता विधान सभा अध्यक्ष डॉ.रमन सिंह करेंगे। इस कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में उप मुख्य मंत्री विजय शर्मा, जिले के प्रभारी मंत्री लखन लाल देवांगन तथा वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री केदार कश्यप, बस्तर सांसद महेश कश्यप, कांकेर सांसद भोजराज नाग, कोण्डागांव विधायक सुश्री लता उसेण्डी, केशकाल विधायक नीलकंठ टेकाम तथा जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती रीता सोरी शामिल होंगी।

# बारदा नदी में डूबे एक ग्रामीण का शव 24 घंटे बाद मिला



**कोण्डागांव**, 31 मई (देशबन्धु)। कोण्डागांव जिले के बारदा नदी में डूबे एक ग्रामीण का शव 24 घंटे बाद मिलने का मामला सामने आया है। घटना बयानार थाना क्षेत्र के देवधरा घाट का है। मृतक की पहचान लक्ष्मण सोबराय नेताम के रूप में हुई है, जो बयानार गांव का निवासी था। स्थानीय परंपरा के अनुसार किसी भी शादी समारोह के पश्चात 'मांडो झाड़ने' की रस्म होती है, जिसमें लोग नदी या जल स्रोत में स्नान करते हैं या प्रतीकात्मक रूप से शरीर से बुराइयों को हटाते हैं। इसी परंपरा का पालन करते हुए लक्ष्मण सोबराय देवधरा घाट गया था। स्नान के दौरान वह गहरे पानी में चला गया और डूब गया। जब परिजनों को लक्ष्मण नहीं मिला तो उन्होंने तुरंत बयानार थाना पुलिस को सूचना दी। पुलिस और स्थानीय गोताखोरों की मदद से 24 घंटे की खोजबीन के बाद उसका शव बरामद किया गया। बयानार पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है। प्रारंभिक जांच में किसी तरह की साजिश या अपराध का संकेत नहीं मिला है, लेकिन पुलिस सभी पहलुओं से मामले की पड़ताल कर रही है। पुलिस और प्रशासन ने लोगों से नदी या अन्य जल स्रोतों में जाते समय सावधानी बरतने की अपील की है, खासकर ऐसे समय जब जल स्तर गहरा हो या स्थान अपरिचित हो।

# नक्सलवाद के अंत की ठोस योजना, 31 मार्च 2026 तक बस्तर से होगा सफाया : मुख्यमंत्री

**कोण्डागांव**, 31 मई (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने शुक्रवार को कोण्डागांव में आयोजित प्रेस वार्ता में नक्सलवाद, विकास और सुरक्षा को लेकर बड़ा बयान दिया। उन्होंने कहा कि राज्य में भाजपा सरकार के 18 महीने के कार्यकाल में नक्सल विरोधी अभियान तेज़ी से चलाए गए हैं और जवानों ने बहादुरी के साथ मोर्चा संभालते हुए कई महत्वपूर्ण सफलताएं प्राप्त की हैं।




मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह ने यह संकल्प लिया है कि 31 मार्च 2026 तक पूरे देश से नक्सलवाद का समूल नाश किया जाएगा। उन्होंने कहा कि बस्तर और विशेषकर अबूझमाड़ जैसे पिछड़े इलाकों में अब विकास की बयार बह रही है।

**बस्तर में खुलेगा पर्यटन का नया द्वार**

मुख्यमंत्री साय ने बताया कि अबूझमाड़ क्षेत्र करीब 5000 वर्ग किलोमीटर में फैला है, जिसे अब विकास की मुख्य धारा से जोड़ा जा रहा है। उन्होंने कहा कि बस्तर क्षेत्र में जलप्रपात, पहाड़ियां और हरियाली पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए विशेष रूप से अनुकूल हैं। धूडवा रास में बंबू राफ्टिंग जैसी साहसिक गतिविधियाँ शुरू की जा रही हैं, जिससे न केवल पर्यटक आकर्षित होंगे बल्कि स्थानीय युवाओं को रोज़गार के अवसर भी प्राप्त होंगे।

**नक्सल प्रभावित जिलों का पुनर्गठन**

मुख्यमंत्री ने बताया कि भारत सरकार द्वारा नक्सल प्रभावित जिलों का नया वर्गीकरण किया गया है। छत्तीसगढ़ में अब केवल चार जिले अति नक्सल प्रभावित की श्रेणी में हैं- बीजापुर, कांकेर, नारायणपुर और सुकमा। वहीं कम नक्सल प्रभावित जिलों में दंतेवाड़ा, गरियाबंद, मानपुर-मौला और अंबागढ़ चौकी शामिल किए गए हैं।

उन्होंने गर्वपूर्वक कहा कि पहले जिन जिलों को नक्सल प्रभावित माना जाता था, उनमें से कई अब नक्सलमुक्त घोषित किए जा चुके हैं। इनमें बस्तर, धमतरी, गरियाबंद, खैरागढ़-छुईखदान-गंडई, कोंडागांव और राजनांदगांव प्रमुख हैं।

**बस्तर ही नहीं, पूरा छत्तीसगढ़ विकास की राह पर**

मुख्य मंत्री ने जोर देकर कहा कि अब बस्तर को केवल संघर्ष का प्रतीक नहीं, बल्कि समृद्धि और विकास का मॉडल बनाना है। उन्होंने कहा कि सरकार की योजनाओं का उद्देश्य अब न केवल सुरक्षा स्थापित करना है, बल्कि शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, रोजगार और पर्यटन को नए आयाम देना है।

उन्होंने विश्वास जताया कि आने वाले वर्षों में बस्तर ही नहीं, बल्कि संपूर्ण छत्तीसगढ़ एक नए युग में प्रवेश करेगा, जहाँ नक्सलवाद केवल इतिहास की बात बनकर रह जाएगा।

# दो ट्रकों के बीच फंसी कार, बड़ा हादसा टला



**कोण्डागांव**, 31 मई (देशबन्धु)। कोण्डागांव नेशनल हाईवे पर 31 मई की सुबह एक सड़क हादसा हुआ जिसमें कार पर सवार बाल-बाल बच गए। उक्त सड़क हादसा पीछे से आती ट्रक के टक्कर से एक कार सामने जाती ट्रक से टकरा जाने से हुई। ऐसे जोरदार टक्कर से कार के परखच्चे उड़ गए, लेकिन किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई। कार में सवार तीनों व्यक्ति सुरक्षित हैं। जानकारी के अनुसार कार भानपुरी से रायपुर की ओर जा रही थी। नेशनल हाईवे पर एक कार के सामने ट्रक चल रही थी, तभी पीछे से आती ट्रक चालक ने कार को टक्कर मार दी और कार सामने जा रही ट्रक से टकरा गई। जिससे कार का अगला और पीछला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया, लेकिन कार में सवार तीनों सवारों में से किसी को कोई गंभीर चोट नहीं आई। स्थानीय लोगों और राहगीरों की सहायता से तीनों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। इस हादसे के कारण हाईवे पर कुछ समय के लिए ट्रैफिक जाम हो गया। घटना की सूचना मिलते ही कोण्डागांव पुलिस मौके पर पहुंची और यातायात व्यवस्था को सुचारू किया। पुलिस ने एक ट्रक व चालक को कब्जे ले लिया है तथा दुर्घटना के कारणों की जांच की जा रही है।

लड़का- पापा मेरी कोई गर्लफ्रेंड नहीं बन रही है मैं क्या करूं।
पापा- लम्बी सांस खींचते हुए बोले- बेटा, ये सुख हमारे खानदान में लिखा ही नहीं है।



# जेठ में ही लगी सावन सी झड़ी

## मूसलाधार बारिश से राजधानी के कई हिस्सों में जल-भराव



**रायपुर**, 31 मई (देशबन्धु)। आज सुबह से हो रही झमाझम बारिश और तेज हवाओं के कारण राजधानी रायपुर समेत प्रदेश के कई इलाकों में सावन की झड़ी सी लग गई जेठ के तपते महीने में अचानक हुई मूसलाधार बारिश ने जहां लोगों को गर्मी से राहत दी वहीं शहर के निचले इलाकों में जलभराव की समस्या ने जनजीवन को प्रभावित कर दिया राजधानी के कई प्रमुख इलाकों की सड़कों पर पानी भर गया है लगातार हो रही बारिश से सड़कों पर पानी भर गया है जिससे यातायात धीमा हो गया है और राहगीरों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है दफ्तर जाने वालों के लिए परेशानी बढ़ गई है् रायपुर के अलावा दुर्ग राजनांदगांव बिलासपुर और बस्तर संभाग के कई जिलों में भी बारिश ने मौसम का मिजाज बदल दिया है।

छत्तीसगढ़ में सुबह से बदले मौसम के मिजाज को लेकर मौसम वैज्ञानिक चिंदालोहरे ने बताया कि राजनांदगांव से लेकर महासमुंद तक मध्य छत्तीसगढ़ के जिलों में हो रही बारिश कनविक्टिव डेवलपमेंट के कारण है उन्होंने बताया कि यह एक स्थानीय मौसमी प्रक्रिया लोकल फेनोमेना है जिसके चलते इन क्षेत्रों में बारिश हो रही है उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि फ्लिहाल मानसून नारायणपुर और कोण्डागांव से आगे नहीं बढ़ा है अगर आप भी घर के काम दफ्तर के लिए निकलने वाले हैं तो सावधान हो जाइये।

मौसम विभाग ने कई जिलों के लिए अगले तीन घंटे तक अलर्ट जारी किया है कोंडागांव, उत्तर बस्तर कांकेर, धमतरी,बालोद, राजनांदगांव, गरियाबंद, महासमुंद, रायपुर, बलौदा बाज़ार, जांजगीर.चांपा, रायगढ़, बिलासपुर, कोरब, दुर्ग,बेमेतर, मुंगेली के लिए अलर्ट जारी किया गया है,इन इलाकों में बादल गरजने, आकाशीय बिजली, अचानक तेज हवा ;30.40 किमी प्रति घंटे, के साथ मध्यम वर्षा की संभावना है,इन इलाकों में ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है इसके अलावा बस्तर नारायणपुर कोंडागांव उत्तर बस्तर कांकेर राजनांदगांव महासमुंद जांजगीर.चांपा रायगढ़ बिलासपुर कोरबा जशपुर बेमेतर कबीरधाम मुंगेली में हलकी वर्षा की संभावना जताई गई है इन क्षेत्रों में येलो अलर्ट जारी है।

# यादव समाज ने भाजपा के खिलाफ खोला मोर्चा

## समाज की उपेक्षा का लगाया आरोप, कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन



**रायपुर**, 31 मई (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ में यादव समाज की बड़ी आबादी और राज्य के विकास में उनके महत्वपूर्ण योगदान के बावजूद, प्रदेश सरकार के मंत्रिमंडल और विभिन्न निगम-मंडलों में उनके अपर्याप्त प्रतिनिधित्व पर यादव समाज ने गहरी चिंता व्यक्त की है। छत्तीसगढ़ (ठेठवार) यादव समाज महासभा के प्रांताध्यक्ष गुलेन्द्र कुमार यादव ने इस स्थिति पर कड़ा विरोध जताया है। आज, सर्व यादव समाज के नेतृत्व में राजिम महासभा के आदेशानुसार, रायपुर कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह को राज्यपाल और मुख्यमंत्री के नाम विरोध स्वरूप ज्ञापन सौंपा गया।

यादव ने आज जारी एक बयान में कहा, च्च्यह स्थिति न केवल यादव समाज के राजनीतिक अधिकारों को कमजोर करती है, बल्कि सरकार की समावेशी नीतियों पर भी गंभीर सवाल खड़े करती है।ज्ज उन्होंने आगे कहा कि यादव समाज दशकों से छत्तीसगढ़ में सामाजिक, सांस्कृतिक और राजनीतिक रूप से सक्रिय रहा है। कृषि, व्यापार और अन्य क्षेत्रों में महत्वपूर्ण योगदान देने के साथ-साथ, इस समाज ने प्रत्येक चुनाव में राजनीतिक दलों को समर्थन देकर लोकतंत्र को मजबूत किया है।

प्रांताध्यक्ष ने इस बात पर जोर दिया कि सत्ता में भागीदारी की बात आते ही यादव समाज को बार-बार नजरअंदाज किया जाता है, जबकि गणना के अनुसार यादव समाज छत्तीसगढ़ में पिछड़े वर्ग की जातियों में दूसरे स्थान पर आता है। उन्होंने




सवाल उठाया, च्च्क्या भाजपा की नजरों में यादव समाज से कोई भी ऐसा योग्य प्रतिनिधि नहीं है, जिसे निगम-मंडल में शामिल किया जा सके ?ज्ज यादव ने बताया कि वर्तमान सरकार ने अपने मंत्रिमंडल और विभिन्न निगम-मंडलों में कई समुदायों को प्रतिनिधित्व दिया है, लेकिन यादव समाज को इससे जानबूझकर दूर रखा गया है।

**यादव समाज की अनदेखी के खिलाफ कड़ा विरोध और भविष्य की रणनीति**

प्रदेश मीडिया प्रभारी शशिकांत यदु ने जानकारी दी है कि समाज ने सरकार को एक सप्ताह की समय-सीमा दी है। यदि यादव समाज को इस अवधि में मंत्रिमंडल या निगम-मंडलों में उचित स्थान नहीं मिलता है, तो जून में पूरे छत्तीसगढ़ से यादव समाज इकट्ठा होकर सरकार का घेराव करेगा।आज के इस ज्ञापन कार्यक्रम में रायपुर राज अध्यक्ष संतोष यदु, महासचिव मनीराम यादव, कोषाध्यक्ष शोभाराम यादव, रमेश यदु, राजेश यदु, प्रांतीय महिला प्रकोष्ठ ललिता यदु, गोकुल यदु, राजिम महासभा संरक्षक रामा यादव, राजिम महासभा उपाध्यक्ष बेलर पार अध्यक्ष हीराराम, रमेश चंपारण पार अध्यक्ष शोभाराम यादव, उपकोषाध्यक्ष लव यदु, पिंटा यादव, तेंदुवा पार सचिव ईश्वर यदु, रायपुर राज महिला प्रकोष्ठ महासचिव केशरी यदु, युवा प्रकोष्ठ चंपारण पार अध्यक्ष ताकेश यदु, परमेश्वर यदु, और संजू यदु सहित कई प्रमुख सदस्य उपस्थित रहे।

# छत्तीसगढ़ के स्टार धावक अनिमेष ने रचा इतिहास



- 200 मीटर फाइनल में जीता कांस्य पदक
- अपने नाम किया नया राष्ट्रीय रिकॉर्ड

**रायपुर**, 31 मई (देशबन्धु)।मंजिल उन्हीं को मिलती है जिनके सपनों में जान होती है पंख से कुछ नहीं होता हौसलों से उड़ान होती है। छत्तीसगढ़ के युवा स्टार धावक अनिमेष कुजूर ने इस शेर को अपनी कामयाबी का मूलमंत्र बनाया है। जशपुर जिले के एक छोटे से गांव घुईटांगर के रहने वाले 21 वर्षीय अनिमेष ने दक्षिण कोरिया में आयोजित 26वीं एशियाई एथलेटिक्स चैंपियनशिप में पुरुषों की 200 मीटर फाइनल में कांस्य पदक जीतकर न सिर्फछत्तीसगढ़ बल्कि देश का नाम भी रौशन किया है।

**कुजूर ने अपने नाम किया नया राष्ट्रीय रिकॉर्ड**-कुजूर ने पुरुषों की 200 मीटर दौड़ में शानदार प्रदर्शन करते हुए 20.32 सेकंड का नया राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाते हुए कांस्य पदक जीता।इस 21 वर्षीय खिलाड़ी ने 20.40 सेकंड का अपना पिछला रिकॉर्ड बेहतर किया जो उन्होंने इस वर्ष की शुरुआत में राष्ट्रीय फेडरेशन सीनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप में बनाया था। जापान के तोवा उजावा ने 20.12 सेकंड के समय के साथ स्वर्ण पदक जबकि सऊदी अरब के अब्दुलअजीज अताफी ;20.31 सेकंड ने रजत पदक जीता।

**पिता डीएसपी और मां इंस्पेक्टर**

अनिमेष कुजूर के पिता अमृत कुजूर वर्तमान में बलौदा बाजार जिले में ट्रैफिक डीएसपी है और उनकी मां भी एसपी ऑफिस में इंस्पेक्टर है। अनिमेष ने अपनी पढ़ाई अंबिकापुर के सैनिक स्कूल में रहकर की है। उनका एक छोटा भाई अनिकेत कुजूर है जो रायपुर में रहकर कम्प्यूटर साइंस सेकंड ईयर की पढ़ाई कर रहा है।

**रायपुर में करते थे प्रैक्टिस**

अनिमेष के शुरुआती कोच दिनेश टांडी हैं जो रायपुर में रविशंकर यूनिवर्सिटी में उन्हें प्रैक्टिस कराते थे।अनिमेष रायपुर में अपने मौसा समीर कुजूर और मौसी अनिमा एस कुजूर के घर रहकर दौड़ की तैयारियां कर रहे थे।

**कोच मार्टिन ओबियंस ने प्रतिभा को पहचाना**

साल 2023 में रिलायंस के कोच मार्टिन ओबियंस ने अनिमेष की प्रतिभा पहचानी और उन्हें लेकर ओडिशा चले गए जहां अनिमेष को खुद पर और अच्छी तरह से काम करने का मौका मिला और उन्होंने मार्टिन की निगरानी में जीतोड़ मेहनत करना शुरू कर दिया।

**ओडिशा के सीएम मांझी ने दी बधाई**-उसकी इस उपलब्धि ने उन्हें भारत के शीर्ष धावकों में शामिल कर दिया है उनकी इस ऐतिहासिक जीत ने ओडिशा और पूरे देश में खुशी की लहर दौड़ा दी है। मुख्यमंत्री माझी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर अपनी बधाई संदेश में लिखा ओडिशा के धावक को दक्षिण कोरिया में में 200 मीटर दौड़ में 20.32 सेकंड का समय निकालकर कांस्य पदक जीतने और नया राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाने पर बधाई। इस उपलब्धि ने पूरे देश को गौरवान्वित किया है। मैं उनके खेल करियर में नई ऊंचाइयों को छूने की कामना करता हूं। भविष्य के आयोजनों के लिए शुभकामनाएं।

# सांसद बृजमोहन अग्रवाल को नई जिम्मेदारी

## बने एफसीआई छत्तीसगढ़ परामर्शदात्री समिति के अध्यक्ष



**रायपुर**, 31 मई (देशबन्धु)।सांसद बृजमोहन अग्रवाल को केंद्र सरकार की तरफ से नई और महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है उन्हें उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालय के अंतर्गत भारतीय खाद्य निगम (स्नष्टद्ब) की छत्तीसगढ़ राज्य परामर्शदात्री समिति का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। यह नियुक्ति संसदीय कार्य मंत्रालय द्वारा जारी अधिसूचना और पूर्व निर्धारित प्रक्रिया के तहत की गई है।यह दायित्व उन्हें तत्काल प्रभाव से सौंपा गया है।

श्री अग्रवाल ने इस दायित्व के लिए भारत सरकार, उपभोक्ता मामले मंत्रालय तथा पार्टी नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त किया है।उन्होंने कहा है कि, यह नियुक्ति मेरे लिए गर्व और उत्तरदायित्व दोनों का विषय है। छत्तीसगढ़ के किसानों, उपभोक्ताओं और खाद्य वितरण व्यवस्था को सशक्त एवं पारदर्शी बनाने की दिशा में हर संभव प्रयास करूंगा। स्नष्टद्ब जैसी महत्वपूर्ण संस्था के परामर्शदात्री निकाय का नेतृत्व कर पाना मेरे लिए सेवा का एक और माध्यम है।

पूर्व में छत्तीसगढ़ शासन में कई महत्वपूर्ण मंत्रालयों का कुशलतापूर्वक संचालन कर चुके श्री अग्रवाल प्रशासनिक अनुभव और जनहित की समझ के साथ इस नई भूमिका को निभाने के लिए तत्पर हैं।

यह नियुक्ति छत्तीसगढ़ के लिए भी गौरव का विषय है, जिससे राज्य के खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण से जुड़े मुद्दों को राष्ट्रीय स्तर पर मजबूती से उठाने और समाधान दिलाने में सहायता मिलेगी।

# एबीवीपी ने विगत वर्ष 60 लाख सदस्य बनाकर संगठनात्मक विस्तार का रचा नया कीर्तिमान



**रायपुर**, 31 मई (देशबन्धु)। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने अपने वार्षिक सदस्यता अभियान में लगभग 60 लाख सदस्य जोड़कर संगठनात्मक विस्तार एवं जनसंपर्क की दृष्टि से एक ऐतिहासिक उपलब्धि प्राप्त की है। रायपुर में चल रही अभाविप की राष्ट्रीय कार्यकारी परिषद बैठक के दूसरे दिन इस महत्वपूर्ण उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त करते हुए आगामी दिशा कार्यनीतियों और कार्यक्रमों पर गहन चिंतन.मंथन किया गया। बैठक में संगठन के इकाई स्तर से लेकर प्रांत व राष्ट्रीय स्तर तक की गतिविधियोंए सदस्यता अभियानों एवं छात्र हितैषी कार्यों की समीक्षा के साथ.साथ संगठनात्मक संरचना को और अधिक प्रभावशाली बनाने परिषद के आयामों को नए संदर्भों में विकसित करने तथा भारतीय मूल्य.आधारित शिक्षा एवं छात्र चेतना को आगे बढ़ाने के लिए ठोस रणनीतियाँ तैयार की गईं। साथ ही अप्रैल माह में गुजरात के द्वारका में संपन्न विचार बैठक के बिंदुओं पर भी चिंतन व मंथन हुआ। बैठक में इस बात पर विशेष बल दिया गया कि अभाविप न केवल छात्र राजनीति तक सीमित ह अपितु यह एक व्यापक सामाजिक.सांस्कृतिक आंदोलन है जो विद्यार्थियों की विविध रुचियों और क्षमताओं को दिशा देने का कार्य करता है।परिषद द्वारा उच्च शिक्षा की विभिन्न शाखाओं दृ मेडिकल इंजीनियरिंग मानविकी विधि कृषि एवं फार्मेसी में अध्ययनरत छात्रों के लिए विशिष्ट कार्यक्षेत्र एवं मंच विकसित किए गए हैं। जैसे कि मेडिकल के छात्रों के लिए मेडिविजन फार्मेसी के लिए फार्माविजन कृषि विश्वविद्यालयों के लिए एग्रीविजन उद्यमिता एवं नवाचार में रुचि रखने वालों के लिए सविष्कार तथा सामाजिक कार्यों पर्यावरण व सेवा कार्यों से जुड़े विद्यार्थियों के लिए सेवार्थ विद्याथी व विकासार्थ विद्यार्थी आदि के माध्यम से युवाओं को न केवल संगठन से जोड़ा जा रहा है बल्कि उन्हें राष्ट्रीय विचारधारा एवं सामाजिक उत्तरदायित्व के साथ प्रशिक्षण भी दिया जा रहा है। अभाविप के राष्ट्रीय अध्यक्ष डा राजशरण शाही ने कहा श्विद्यार्थी परिषद एक विचार है जो केवल सदस्यता तक सीमित नहीं अपितु राष्ट्र निर्माण के लिए संस्कारशील विचारशील और कर्तव्यनिष्ठ छात्र तैयार करने का एक सशक्त माध्यम है। परिषद का यह संगठनात्मक विस्तारए भारतीय मूल्यनिष्ठा पर आधारित छात्र चेतना के जागरण का प्रमाण है। विविध क्षेत्रों में रुचि रखने वाले विद्यार्थियों को विचार और उनकी रुचि आधारित मंच देना हमारी प्रतिबद्धता है।

# निगम ने हटाए अवैध कब्जे



**रायपुर**, 31 मई (देशबन्धु)।टीम प्रहरी के अभियान के अंतर्गत नगर निगम मुख्यालय नगर निवेश उड़न दस्ता की टीम और नगर निगम जोन क्रमांक 9 के नगर निवेश विभाग एवं निगम मुख्यालय नगर निवेश उडनदस्ता की टीम ने जोन कमिश्नर श्री संतोष पाण्डेय के निर्देश पर उप अभियंता श्री अबरार खान की उपस्थिति में जोन 9 क्षेत्र में विधानसभा मार्ग में शंकर नगर टर्निंग से जीरो पॉइंट विधानसभा मुख्य मार्ग तक लगातार दूसरे दिन अभियान चलाकर सड़क पर कब्जा जमाकर व्यवसाय कर रही अवैध गुमटियों को हटाकर विधानसभा मार्ग में सुगम और सुव्यवस्थित सड़क यातायात जनहित में जनसुविधा की दृष्टि से कायम किया. टीम प्रहरी के अभियान के अंतर्गत नगर निवेश मुख्यालय उड़न दस्ता और सम्बंधित जोन के नगर निवेश विभाग की टीम द्वारा आज पचपेड़ीनाका मुख्य मार्ग को अवैध कब्जों से मुक्त कर सुगम यातायात कायम किया गया. वहीं आमापारा चौक में सड़क मार्ग से अवैध ठेलों और गुमटियों को हटाने की कार्यवाही की गयी. नगर निगम जोन 10 क्षेत्र के विभिन्न मुख्य मार्गों में और सड्डू और मोवा मुख्य मार्ग में मार्ग विभाजकों के मध्य चौक - चौराहों में, विद्युत पोलों में लगाए गये अवैध बैनरों और पोस्टरों को हटाने की कार्यवाही की गयी. टीम प्रहरी का अभियान आगे भी जारी रहेगा।

# दपूमरे की पूजा ने 800 मीटर दौड़ में कांस्य जीतकर रचा इतिहास



- एशियाई एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2025 में दूसरी बार दिलाया देश को गौरव

**रायपुर**, 31 मई (देशबन्धु)। दक्षिण कोरिया के गुमी में चल रही 26वीं एशियाई एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2025 में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे की प्रतिभाशाली एथलीट पूजा ने आज एक और शानदार प्रदर्शन करते हुए महिलाओं की 800 मीटर दौड़ में कांस्य पदक जीतकर देश और रेलवे का नाम रोशन किया है।

यह पूजा का इस चैंपियनशिप में दूसरा पदक है।इससे पहले उन्होंने 1500 मीटर दौड़ में रजत पदक हासिल किया था। लगातार दो स्पर्धाओं में पदक जीतना उनकी मेहनत, फिटनेस और समर्पण का प्रमाण है।

बिलासपुर रेल मंडल में टिकट कलेक्टर सह वाणिज्य लिपिक के पद पर कार्यरत पूजा, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के लिए गौरव का प्रतीक बन गई हैं।

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के महाप्रबंधक तरुण प्रकाश ने पूजा को इस दोहरी उपलब्धि के लिए बधाई दी तथा भविष्य में और भी उच्च स्तर पर प्रदर्शन करते हुए भारत और दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे का नाम रोशन करने की शुभकामनाएँ दीं।

# अहिल्या बाई होलकर त्रिशताब्दी जयंती पर सामाजिक महिलाओं को सम्मानित किया



**रायपुर**, 31 मई (देशबन्धु)। पुण्यश्लोका महारानी अहिल्या बाई होलकर को 300 वीं जन्म जयंती को भारतीय जनता पार्टी द्वारा भारत के प्रत्येक राज्य के सभी जिलों में आयोजित किए गए अहिल्या बाई होलकर जयंती पर भाजपा शहर जिला द्वारा विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए जिसमें कार्यशाला , चित्रकला , और रंगोली निर्माण जैसे कार्यक्रम मंडल स्तर तक आयोजित किए गए इसी कड़ी में शनिवार शाम राजधानी रायपुर स्थित एकात्म परिसर में भाजपा रायपुर शहर जिला द्वारा अध्यक्ष रमेश सिंह ठाकुर के नेतृत्व में सामाजिक महिला सम्मान समारोह और मंडल अध्यक्षों का सम्मान समारोह आयोजन किया गया।

आयोजित कार्यक्रम में विशेष रूप से विधायक गण , आयोग अध्यक्ष और प्रदेश भाजपा और शहर जिला के पदाधिकारियों सहित बड़ी संख्या में रायपुर शहर जिला के कार्यकर्ता उपस्थित थे उक्त कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भारतीय जनता पार्टी प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव उपस्थित थे उन्होंने सर्वप्रथम रायपुर शहर की सम्मानित महिला सामाजिक कार्यकर्ताओं को शॉल श्रीफल और प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया।

**सनातन धर्म प्रतीकों की शक्तिशाली रक्षक थीं महारानी अहिल्या बाई होलकर : किरण सिंहदेव**

उन्होंने उपस्थित विभिन्न समाज वर्ग की सम्मानित महिलाओं को सम्मानित करते हुए कहा आपको सम्मानित करते हुए हम सभी गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं । हमने ल कमाता अहिल्या बाई होलकर की त्रिशताब्दी जयंती पर लगातार कार्यक्रम आयोजित किए जिसमें संगोष्ठी , चित्रकला , रंगोली जैसे कार्यक्रम किए गए । उन्होंने आगे कहा इस कार्यक्रम की आवश्यकता क्यों पड़ी यह भी जानना आवश्यक है इसका मूल कारण समाज में अपना बहुमूल्य योगदान दें रही है सरकारी , सामाजिक और धार्मिक क्षेत्रों में हमारी नारीशक्ति ने स्वयं को अपने परिवार को और साथ ही साथ देश को स्थापित करने में महत्वपूर्ण योगदान हमारी मातृशक्ति का रहा है और हम इस तरह के कार्यक्रमों के माध्यम से उनका गाहे बगाहे सम्मान करते हैं ।हमारा देश मातृशक्ति का देश है पूरे विश्व में केवल हमारा देश है जिसे माता का दर्जा दिया जाता है ।

सत्रहवीं शताब्दी में लोकमाता अहिल्या बाई होलकर का जन्म सामान्य गरड़िया परिवार में हुआ और विवाह राज परिवार में हुआ अल्प आयु में उनके वर देवलोक गमन कर गए उसके पश्चात उन्होंने 26 वर्ष का शासन किया और अपने शासन में जनता के विकास पर प्रमुखता से कार्य किया जिसमें धार्मिक पुनरुद्धार , सामाजिक पुनरुद्धार प्रमुखता से है और यदि आप देखेंगे तो आज हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी उनसे प्रेरित होकर अपने कार्यकाल का निर्वहन किया और अपनी योजनाओं में उनकी प्रेरणा को प्रमुखता से रखा ।

हमारा दुर्भाग्य है कि कुछ ताकतों ने अपने राजनीतिक उद्धार के लिए भारत भूमि की पुण्य आत्माओं को उनके योगदान को लगभग धूमिल करने दबाने का प्रयास किया और हमारी युवा पीढ़ी को अपने असली इतिहास से अनभिज्ञ रखा गया ।

धर्म के क्षेत्र में लोकमाता अहिल्या बाई होलकर का योगदान अविस्मरणीय है हिमालय से लेकर कन्या कुमारी तक उन्होंने लगभग 130 मंदिरों का पुनरुद्धार का बीड़ा उठाकर उसे पूर्ण किया और सनातन धर्म के प्रतीकों की पुर्नस्थापना की और यह उस समय की बात है जब आधुनिक संसाधनों की उपलब्धता नहीं थी लेकिन लक्ष्य निर्धारित था और मन में दृण निश्चय सामाजिक कुरीतियों को समाज से निकलने में उनकी भूमिका अदभुत और अविस्मरणीय है ।समाज को शिक्षित करने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रही ।

यदि उनके जीवन को पूर्ण रूप से संक्षिप्त में बताना हो तो न्यायपूर्ण राज्य का सर्वोत्तम उदाहरण पुण्य श्लोका लोकमाता अहिल्या बाई होलकर जी का शासन काल रहा है न्याय पूर्ण कहना इसलिए भी आवश्यक है कि उन्होंने न्याय के लिए अपने परिवार को भी जनमानस की तरह ही न्याय करा दण्डित भी किया ।

## विद्युत करंट लगने से 55 वर्ष की व्यक्ति की मौत

**सिमगा,** 31 मई। ग्राम पंचायत चौरेंगा निवासी कार्तिक राम गोड़ पिता साखाराम गोड़ उम्र 55 वर्ष जो 30 मई को दोपहर 1.30 बजे अपने घर के आंगन में नहा रहा था कि अचानक वहां पर लगे बिजली होल्डर को पकड़ लिया था । जिससे उसको जोरदार विघुत करंट लगने से घटना स्थल पर ही मृत्यु हो गई ।



# व्यापारी हित में कार्य करने सबके सहयोग की जरूरत : सतीश थारानी

**रायपुर**, 31 मई (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स कार्यालय, रायपुर में चेंबर के नवगठित पदाधिकारियों का परिचय सम्मेलन तथा प्रमाण पत्र वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। चेंबर अध्यक्ष ने संरक्षक मंडल से सलाह लेकर इसे कार्यकारिणी की पहली बैठक भी घोषित की।




इस दौरान चेंबर के कर्मचारियों के वेतन में 10 प्रतिशत की वार्षिक वृद्धि भी की गई तथा चेंबर में 200 से अधिक नए सदस्यों को जोड़ा गया।

कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स के नवगठित पदाधिकारियों को नियुक्ति पत्र वितरित कर सभी को बधाई देते हुए चेंबर अध्यक्ष सतीश थौरानी जी ने कहा कि छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स हमेशा व्यापारियों के हित में कार्य करता आया है आगे भी हम सब पूरी ताकत के साथ व्यापारी वर्ग के हितों की रक्षा और उसे मजबूत बनाने की दिशा में कार्य करेंगे और इसके लिए मुझे सभी नवगठित पदाधिकारीगण और व्यापारी साथियों के साथ की जरूरत है, मुझे विश्वास है कि आप सभी का सहयोग और समर्थन मुझे मिलता रहेगा। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि छोटे और मध्यम वर्गीय व्यापारी साथियों को शासन की बहुत सी सुविधाओं का लाभ जानकारी के अभाव में नहीं मिल पाता है इसके लिए हम आने वाले समय में चेंबर में कार्यशाला का आयोजन करते रहेंगे जिससे सभी व्यापारियों को आवश्यक जानकारियां मिलती रहें और चेंबर से न केवल समस्याओं के समाधान की दिशा में कार्य हो बल्कि व्यापार और व्यापारियों के विकास के लिए भी हर संभव प्रयास हो सके। साथ ही उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने वोकल फॉर लोकल को स्पोर्ट करने का आव्हान किया है जो निश्चित ही विकसित भारत के निर्माण में अहम भूमिका निभाएगा, हमारे छत्तीसगढ़ में व्यापार की अपार संभावनाएं हैं, यह भ्रम है कि यहां केवल स्टील फैक्ट्री, राईस मिल और दाल मिल का ही व्यापार सफल हो सकता है जबकि छत्तीसगढ़ में हर क्षेत्र में व्यापार की सफलताओं की खूब संभावनाएं हैं, हम सभी को साथ मिलकर सही रणनीति के साथ कार्य करना है और विकसित भारत विकसित छत्तीसगढ़ के निर्माण में अपना योगदान देना है।

### नामित पदाधिकारियों को नियुक्त पत्र सौंपा गया

चेम्बर संरक्षक पूरनलाल अग्रवाल ने कहा कि चेम्बर व्यापारियों एवं सरकार के मध्य सदैव ही व्यापारिक हित में सेतु का काम करता है। चेम्बर संरक्षक श्रीचन्द सुन्दरानी ने कहा कि चेम्बर अध्यक्ष श्री सतीश थौरानी ने वरिष्ठ एवं युवाओं की बहुत ही मजबूत टीम बनाई है जिसके लिये वे धन्यवाद के पात्र हैं। उन्होंने कहा कि मैं हमेशा व्यापारियों के साथ खड़ा हूं। बैठक में सांसद बृजमोहन अग्रवाल एवं चेम्बर के पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष योगेश अग्रवाल के पिताश्री रामजी लाल अग्रवाल के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए दो मिनट मौन रखकर श्रद्धांजली अर्पित की गई। चेम्बर का संचालन प्रदेश महामंत्री अजय भसीन ने किया। इस अवसर पर काफी संख्या में चेम्बर के पदाधिकारी व सदस्य उपस्थित थे।

# घोटाले को दबाने के लिए 3 माह का चावल एक साथ दिया जा रहा : चौबे

**रायपुर,** 31 मई (देशबन्धु)। खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग द्वारा प्रदेश के राशन कार्ड धारियों को माह जून में तीन माह का अनाज एक साथ देने के निर्णय को तुगलकी निर्णय बताते हुए हमर संगवारी के अध्यक्ष राकेश चौबे ने इसे पुरानी सरकार द्वारा किए गए घोटाले पर पर्दा डालने का षड्यंत्र बताया है।

बताया गया है कि राज्य के गोदामों में चांवल रखने की जगह नहीं है जिसके कारण समर्थन मूल्य पर खरीदे गए धान का निराकरण नहीं हो रहा है। बरसात के मौसम में धान के खराब होने की संभावना को देखते हुए तीन महीने का चांवल एक साथ देने का निर्णय लिया गया है। प्रदेश की तेरह हजार राशन दुकानों में 2022 से 2025 की अवधि में लगभग 48लाख मीट्रिक टन चांवल बचत के रूप में पहले से ही रखा हुआ है। यदि इस मात्रा में घोटाला हुआ है तो विभाग राशन दुकानदारो से राशि वसूल करने के लिए राजस्व विभाग से वसूली करने के लिए पत्र लिख रहा है। वास्तविकता ये है कि प्रदेश में राजस्व वसूली के माध्यम से राशि जमा नहीं हो रही है। खाद्य संचालनालय का एक पूर्व अपर संचालक मातहत अधिकारियों से अवैधानिक रूप से बाजार से चांवल खरीदवा कर रखवाने का काम अलग से कर रहा है।

खाद्य मंत्रालय के सूत्रों के अनुसार एक अधिकारी ने धान के नुकसान को बचाने के लिए तीन माह का चांवल एक साथ बंटवाने का आदेश निकलवाया है। इसके पहले के सालों में मार्च महीने से ही दो माह का चांवल वितरण करवा कर गोदामों की समस्या का निराकरण किया जाता था। इस बार ऐसा क्यों नहीं किया गया जांच का विषय है।

प्रदेश की 13 हजार राशन दुकानों में से शहरी क्षेत्र में जो राशन दुकानें है उनके गोदाम बहुत छोटे है जिसमें बमुश्किल 50से 100 क्विंटल चांवल ही रखा जाता है। वे एक महीने का चांवल एक साथ न उठा कर दो तीन बार में उठाते हैं। तीन गुना चांवल देने पर चांवल कहां रखा जाएगा इसका कोई तरीका नहीं है।

विभागीय सूत्रों का कहना है कि दुकानदार अस्थाई रूप से गोदाम किराया लेकर रखेगा और इसकी सूचना खाद्य/राजस्व विभाग के अधिकारी को लिखित रूप से देगा।

राकेश चौबे ने आग्रह किया है कि इस नियम का गंभीरता के साथ पालन करवाने की जिम्मेदारी खाद्य /राजस्व विभाग की है।जिस पर निगरानी रखी जाएगी।

सूत्रों की माने तो खाद्य मंत्रालय द्वारा अप्रैल 2025 में कराए गए भौतिक सत्यापन में पांच हजार से अधिक राशन दुकानों में अरबों का चांवल गायब पाया गया है। उन्होंने संभावना व्यक्त किया है कि राशन चांवल बचत घोटाले को दबाने के लिए और विधानसभा जांच समिति का ध्यान भटकाने के लिए आम जनता को परेशानी में डाला जा रहा है।

# तेंदूपत्ता संग्राहकों को हो रहा है भारी नुकसान : दीपक बैज

**रायपुर**, 31 मई (देशबन्धु)। प्रदेश में तेंदूपत्ता संग्रहण में कमी को भाजपा सरकार का आदिवासी विरोधी षडयंत्र करार देते हुए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा है कि भाजपा की सरकार नहीं चाहती थी बस्तर के आदिवासियों से पूरा तेंदूपत्ता खरीदा जाए। यही कारण है कि सरकार ने वन प्रबंधन समितियां के माध्यम से खरीदी को बंद करके, सीधे वन विभाग के माध्यम से खरीदने का फैसला किया और समितियां से जुड़े आदिवासियों को पूरी प्रक्रिया से बाहर कर दिया। बस्तर संभाग के चार प्रमुख जिलों बस्तर, दंतेवाड़ा, बीजापुर और सुकमा में तेंदूपत्ता संग्रहण का कार्य लक्ष्य से मात्र 45 प्रतिशत है। पिछले साल इन्हीं चार जिलों के ही संग्राहकों को 155 करोड रुपए के पारिश्रमिक दिया गया था, लेकिन इस वर्ष इन जिलों में कुल भुगतान आधे से भी कम है। श्री बैज ने कहा है कि साय सरकार की आदिवासी विरोधी षड़यंत्र का प्रमाण इसी सरकार के द्वारा प्रदर्शित आंकड़ों से स्पष्ट है। बस्तर संभाग के चार जिलों बस्तर, दंतेवाड़ा, बीजापुर और सुकमा के लिए इस वर्ष 2 लाख 70 हजार 600 मानक बोरा तेंदूपत्ता संग्रहण का लक्ष्य रखा गया था जिसमें से अब तक मात्र 46 प्रतिशत ही खरीदी हो पाई है। इस वर्ष जो सरकार की अकर्मण्यता से खरीदी धीमी कर दी गई और समय पूर्व आंधी बारिश के चलते आदिवासियों को भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है। एक तरफ सरकार तेंदूपत्ता खरीद नहीं रही, ऊपर से मौसम की मार, आदिवासी दोनों तरफ से नुकसान उठाने बाध्य है।



उन्होंने कहा है कि इस सरकार की मंशा पूरी तरह से आदिवासी विरोधी है। सरकार द्वारा किए जा रहे तेंदूपत्ता संग्रहण के दौरान बेवजह संग्राहकों को परेशान किया गया। गुणवत्ता में कमी और आदिवासियों द्वारा संग्रहीत तेंदूपत्ते की मोटाई ज्यादा बता कर बंडल के बंडल को खारिज किया जा रहा है। आदिवासियों के मेहनत को अपमानित करने का काम भाजपा की सरकार कर रही है। खुद के द्वारा तय लक्ष्य को भी यह सरकार पूरा नहीं कर पा रही है।बस्तर संभाग के ही तेंदूपत्ता संग्राहकों को इस बार सरकार की बदनीयती, दुर्भावना, उपेक्षा के चलते कम से कम 100 करोड़ से अधिक का नुकसान हुआ है। कांग्रेस पार्टी मांग करती है कि बस्तर के आदिवासियों के द्वारा संग्रहीत पूरे का पूरा तेंदूपत्ता बिना शर्त और किंतु परंतु के तत्काल खरीदी की व्यवस्था करें और लंबित पारिश्रमिक का तत्काल भुगतान करे सरकार।

# देवी अहिल्या बाई होल्कर की 300वीं जयंती पर विविध गतिविधियां



रायपुर, 31 मई (देशबन्धु)। देवी अहिल्या बाई होल्कर की 300वीं जयन्ती के अवसर पर छत्तीसगढ़ राज्य नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के निर्देश के परिपालन में नगर निगम रायपुर की महापौर श्रीमती मीनल चौबे, संस्कृति विभाग अध्यक्ष श्री अमर गिदवानी, आयुक्त श्री विश्वदीप के निर्देश पर नगर निगम संस्कृति विभाग और जोनों के माध्यम से दिनांक 21 मई से 31 मई 2025 तक विविध सकारात्मक गतिविधियाँ की जा रही हैं. इस क्रम में आज नगर निगम जोन क्रमांक 1 द्वारा जोन 1 कार्यालय के समीप वीर शिवाजी उद्यान परिसर में नगर निगम जोन 1 जोन अध्यक्ष श्री गज्जू साहू के निर्देश पर नगर निगम जोन क्रमांक 1 की टीम द्वारा वीर शिवाजी वार्ड क्रमांक 16 के वार्ड पार्षद प्रतिनिधि जोन 1 जोन कमिश्नर डॉक्टर दिव्या चंद्रवंशी, कार्यपालन अभियंता श्री डी. के. पैकरा जोन अधिकारियों, कर्मचारियों ने उद्यान परिसर के भीतर सुरक्षित स्थान पर समाजहित में पर्यावरण संरक्षण की दृष्टि से पौधरोपण किया और लगाए गए पौधों के वृक्ष बनते तक उनमें आवश्यकतानुसार खाद, पानी डालकर उनकी समुचित देखभाल और संरक्षण करने सहभागिता दर्ज करवाने की अपील नागरिकों से की।

- वीर शिवाजी उद्यान खमतराई में पौधे रोपित किए
- आवश्यक खाद, पानी देकर वृक्ष बनते तक उनकी समुचित देखभाल करने की अपील की

### स्वच्छता दीदियों का सम्मान बच्चों को पुरस्कार दिए गए

देवी अहिल्या बाई होल्कर की 300वीं जयन्ती के अवसर पर छत्तीसगढ़ राज्य नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के निर्देश के परिपालन में नगर निगम रायपुर की महापौर श्रीमती मीनल चौबे, संस्कृति विभाग अध्यक्ष श्री अमर गिदवानी, आयुक्त विश्वदीप के निर्देश पर नगर निगम संस्कृति विभाग और जोनों के माध्यम से 21 मई से 31 मई तक विविध सकारात्मक गतिविधियाँ की गयी है। इस क्रम में आज नगर निगम जोन क्रमांक 6 द्वारा नगर निगम जोन 6 जोन अध्यक्ष बद्री प्रसाद गुप्ता, जोन कमिश्नर हितेन्द्र यादव, कार्यपालन अभियंता अतुल चोपड़ा की उपस्थिति में नगर निगम जोन क्रमांक 6 द्वारा जोन क्षेत्र के अंतर्गत स्वसहायता समूहों की महिलाओं स्वच्छता दीदियों को सम्मानित किया गया. रंगोली स्पर्धा रखी गयी, देवी अहिल्या बाई होल्कर की जीवनी पर सुन्दर रंगोली उकेरी गयी. बच्चों को प्रोत्साहित कर पुरस्कृत किया गया। नगर निगम जोन क्रमांक 10 द्वारा जोन अध्यक्ष सचिन बी. मेघानी एवं जोन कमिश्नर विवेकानंद दुबे, कार्यपालन अभियंता दिनेश सिन्हा के निर्देश पर जोन क्षेत्र की महिला स्वसहायता समूहों की महिलाओं स्वच्छता दीदियों के मध्य देवी अहिल्या बाई होल्कर की 300वीं जयन्ती पर उनकी जीवनी पर आधारित निबंध लेखन एवं चित्रकला स्पर्धा रखी गयी, जिसमें स्वच्छता दीदियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।




# दुर्गम पहाड़ियों का सीना चीरकर बनेगी नई राह

**कुसुमकसा/दल्लीराजहरा,** 31 मई (देशबन्धु)। जिले की अंतिम छोर पर बसे दो विकास खंडो की मिटेगी दूरियां 30 किलोमीटर के लंबे सफर को महज 4 किलोमीटर के चंद फासले पर लाकर जोड़ने की मुख्यमंत्री विष्णु देव की सुशासन सरकार की घोषणा मिल का पत्थर साबित होगी। ग्रामीणों के लगातार 30 वर्षों के मेहनत को मिलेगी नई दिशा, इस विकास की नई इबारत लिखने में आदिवासी अंचल के लोकप्रिय प्रदेश भाजपा प्रवक्ता देवलाल ठाकुर के लगातार आदिवासियों के बीच पकड़ को मजबूती प्रदान करता है, विष्णु देव की सुशासन सरकार ने सुशासन तिहार पर बालोद जिले के आगमन पर कई वर्षों से जनता की मांग वह पूर्व जनपद सदस्य संजय बैस ने ग्रामीणों का समर्थन करते हुए उनकी जायज मांगों का आवेदन पत्र सोपा था। जिसे मूर्त रूप देने में देवलाल ठाकुर मुख्यमंत्री चर्चा कर चंद मिनट के प्रयास से सार्थक पहल की, जिसका परिणाम आज पूरे डौडी से लेकर



- 30 किलो मीटर का सफर महज 4 किलोमीटर में होगी पूरी
- मुख्यमंत्री साय, भाजपा नेता देवलाल संजय बैस का ग्रामीणों ने माना आभार

डौडी लोहारा विधानसभा की जनता को मुख्यमंत्री जुनवानी से चिखली सड़क निर्माण के लिए 11करोड़ 47 लाख स्वीकृती की घोषणा क्षेत्र के जनता के लिए ऐतिहासिक घोषणा है। क्षेत्र के ग्रामीणों ने अपनी प्रतिक्रिया राज्य के मुख्यमंत्री को हृदय से धन्यवाद दिये। हमने बनाया है हम ही सवारेंगे इस कथन को विष्णु देव सायकी घोषणा ने सच का साबित कर दिया है, साथ ही साथ देवलाल ठाकुर व संजय बैस का भी हृदय से आभार व्यक्त किया। ग्रामीणों ने बताया कि जब देव लाल ठाकुर जिला पंचायत के अध्यक्ष थे तब भी इस सड़क के लिए 84 लाख रुपए की राशि स्वीकृति किए थे लेकिन नरेगा से काम होने के कारण बड़े बड़े चट्टानों को तोड़ना मजदूरों से संभव नहीं था लेकिन देवलाल ठाकुर सोच के रखे थे इस सड़क को बना के रहेंगे। जिस पर मुख्यमंत्री इस सड़क के लिए राशि स्वीकृति प्रदान किए हैं जिसके लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय व भाजपा नेता संजय बैस को साधुवाद दिये है।

# राज्य सरकार मांगें करें पूरी नहीं तो करेंगे आंदोलन

**रायपुर,** 31 मई (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ राज्य में सुशासन त्यौहार लगातार एक माह जारी रहा। जिसमें तेज धूप व बरसते पानी में प्रदेश के अधिकारी कर्मचारियों ने शासन के इस जनआकांक्षी योजना व कार्यक्रम को जी जान से सफल बनाया है। अब राज्य सरकार की बारी है कि वह कर्मचारियों अधिकारियों की बड़ी मांगों को पूरा करें। अन्यथा कर्मचारी आंदोलन की राह पर अग्रसर होंगे। कर्मचारी नेता विजय कुमार झा ने बताया है कि प्रदेश के शासकीय कर्मचारी एवं पेंशनर्स महंगाई की मार को झेल रहे हैं। वहीं केंद्रीय कर्मचारियों के समान महंगाई भत्ता नहीं मिल रहा है। केंद्रीय कर्मचारी व विद्युत मंडल मंडल के कर्मचारी 55त्न तथा राज्य सरकार के कर्मचारी व पेंशनर 53 प्रतिशत महंगाई भत्ता प्राप्त कर रहे हैं। इसी प्रकार कर्मचारियों के कार्य क्षमता में वृद्धि के लिए पांच दिवसीय सप्ताह की घोषणा की गई थी। जो केंद्रीय कर्मचारियों के लिए भी लागू है। किंतु अब राज्य सरकार उसे निरस्त कर 6 दिवसीय सप्ताह करने की तैयारी में है। पुलिस मुख्यालय में यह लागू भी हो गया है। राज्य सरकार यदि भूपेश बघेल सरकार की नीतियों को बदलना चाहती है तो अनुकंपा नियुक्ति की नीति, एनपीएस की नीति, 1 अप्रैल 2022 से लागू पुरानी पेंशन योजना की जमा राशि की वापसी, शिक्षकों के युक्तियुक्तकरण, पेंशनरों के 15 मई को जारी तीन प्रतिशत महंगाई भत्ता वृद्धि के आदेश के बाद भी बैंकों में अभी भी बढ़े हुए महंगाई भत्ता से राहत पेंशन का भुगतान नहीं हो रहा है, इनको बदलकर कर्मचारियों को उसका लाभ प्रदान करें। प्रदेश का अनियमित कर्मचारी ऑपरेशन सिंदूर को हृदय से स्वीकार कर रहा है, किंतु अनियमित कर्मचारियों के लिए नियमितीकरण, अनुकंपा नियुक्ति कल्याण संघ की विधवा बहनों के मांग का सिंदूर उजड़ा उनके जीवन में दीप जलाने,कर्मचारी नियमितीकरण ऑपरेशन कब संपन्न होगा। यह प्रश्न वाचक चिन्ह है। श्री झा ने कहा है कि इन मांगों पर जो मूलभूत व बड़ी मांगे हैं। राज्य सरकार से अधिकारी कर्मचारी अपेक्षा करते है कि इन मांगों पर चर्चा के माध्यम से निराकरण होना चाहिए। ऐसा न होने पर जून माह में आंदोलन की स्थिति निर्मित होगी।

## श्रद्धांजलि

### रामजीलाल अग्रवाल

**रायपुर,** 31 मई। श्री महावीर गौशाला प्रांगण में शनिवार को शाम 4 बजे श्री महाबीर गौशाला समिति के पूर्व अध्यक्ष गौसेवक रामजी लालजी अग्रवाल के निधन पर शोक सभा का आयोजन किया गया। हसभी सदस्यो ने गहरा शोक व्यक्त करते हुए कहा की गौसेवक रामजी लालजी अग्रवाल गौशाला के लिएअपूरणीय क्षति है। हमने सच्चे गौसेवक को खो दिया है। सभी सदस्यों ने उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए कहा गौमाता गौलोक धाम में उन्हें स्थान प्रदान करें तथा प्रभु परिवार को दु:ख सहने की शक्ति दें। इस दौरान 2 मिनट का मौन रखकर श्रध्दाजली अर्पित की गई। शोकसभा में अध्यक्ष सियाराम अग्रवाल, सचिव सत्यनारायण सिंघानिया, कोषाध्यक्ष गोकुलदास डागा, सहसचिव श्रीराम अग्रवाल, तथा समिति के सदस्य शिवराज भंसाली, अजय खेतान, नंदकिशोर अग्रवाल, अशोक अग्रवाल नवीन भुषनिया व अनेक नागरिक उपस्थित थे।

# मेटेनेंस के बाद भी समस्या बरकरार, रात में घंटों बिजली गुल, लोग परेशान

**डोंगरगढ़,** 31 मई (देशबन्धु)। बिजली कंपनी के रोजाना मेंटेनेंस के दावों के बाद भी लगातार बिजली गुल की समस्या बनी हुई है। शहर से लेकर गांवों तक किसी भी समय मेटेनेंस के नाम पर कटौती तो की जा रही है। इसके बाद भी अचानक किसी भी समय बिजली गुल हो रही है। मानसून के पूर्व मेटेनेंस के नाम पर रोजाना घंटो बिजली बंद रखी जा रही है। फिर भी रात में खराबी सामनें आ रही है। शुक्रवार की रात 11.15 बजें शहर के कई हिस्सों में बिजली बंद हो गई। इसके बाद लोग बिजली कंपनी के शिकायत नंबर पर लगातार कॉल करतें रहे। लेकिन कुछ देर में खराबी दूर हो जानें का आश्वासन दिया गया। फिर भी रात 2 बजें तक शहर के अधिकतर वार्ड अंधेरे में रहे। लोग गर्मी से हलाकान होकर अपनें घरों से बाहर निकलें और बिजली कंपनी के रवैये को लेकर आक्रोश जताया। बता दे कि अभी मानसून ने पूरी तरह से दस्तक भी नहीं दिया है और न ही वर्तमान में आंधी-तूफान की स्थिति है। इसके बाद भी किसी भी समय अघोषित बिजली कटौती व अफसरों की मनमानी जारी है।



शहर में रोजाना अलग-अलग क्षेत्रों में मेंटेनेंस के नाम पर कटौती, फिर भी गुल हो रही बिजली- * शहर के अलग-अलग क्षेत्रों में रोजाना मेंटेनेंस का हवाला देकर कई घंटो तक बिजली बंद रखी जाती है। इसके बाद भी जिन हिस्सों में मेंटेनेंस का दावा किया जाता है, उन्हीं इलाकों में कुछ न कुछ खराबी सामनें आती है और फिर से समस्या को सुधारनें के लिए अघोषित कटौती कर दी जाती है। अब सवाल उठता है कि कंपनी के दावों के बावजूद लगातार खराबी क्यों आ रही है। बिजली से चलनें वाले उपकरण बंद होनें से व्यवसाय पर भी सीधा असर पड़ रहा है। डोंगरगढ़ ऐसा शहर जहां मानसून के अलावा त्यौहार व पर्व के नाम पर भी करतें है मेंटेनेंस- * पर्यटन क्षेत्र होनें की वजह से सालभर बाहरी लोगों की आवाजाही बनी रहती है। चैत्र व चार नवरात्र के पूर्व मेंटेनेंस के नाम पर आपूर्ति बंद रखी जाती है। इसके अलावा होली व दीपावली के पूर्व भी बंद कर मेंटेनेंस का हवाला दिया जाता है। तभी बारिश के पूर्व मेंटेनेंस के नाम पर अलग-अलग इलाकों बिजली कटौती की जा रही है। इससे लोग खासे परेशान है।

# श्री कृष्ण जन्मोत्सव पर झूम उठे भक्तजन

**रायपुर,** 31 मई (देशबन्धु)। खाटू श्याम मंदिर समता कॉलोनी में आयोजित भागवत कथा के चतुर्थ दिवस भगवान श्री कृष्ण के जन्मोत्सव ,वामन अवतार, ध्रुव चरित्र का भक्त जनों ने भरपूर आनंद लिया। श्री कृष्ण जन्मोत्सव पर सभागार झूमने लगा ,सभी को बधाइयां और प्रसाद वितरित किया गया । आज कथा स्थल में ही नारायण सेवा संस्थान के सहयोग से दो दिव्यांगों को ट्राइसिकल भी प्रदान की गई। कार्यक्रम संयोजक विष्णु गोयल, क्षितिज अग्रवाल, नितेश अग्रवाल, पंकज अग्रवाल और श्रीमती संध्या अग्रवाल ने बताया कि सोमवार को रुक्मणी विवाह का भव्य आयोजन होगा।



श्रीधाम वृंदावन से आए डॉ संजय कृष्ण सलिल महाराज ने आज कथा के चतुर्थ दिवस की कथा में बताया उत्तानपद की दो पत्नियाँ एक का नाम सुरुचि और सुनीति, सुरुचि के पुत्र का नाम उत्तम और सुनिति के पुत्र का नाम ध्रुव था।ध्रुव पाँच वर्ष के बालक थे खेलते खेलते आए पिता के महल में जैसे ही पिता की गोद में बैठना चाहते थे जैसे ही सुरुचि ने हाथ पकड़ के धक्का दे दिया और कहा ये ध्रुव भजन कर नारायण का तुम्हें ये गोदी क्या तुम्हें परमात्मा की गोदी मिल जाएगी ।इससे बड़ी कोई बात हो नहीं सकती, ध्रुव जी रोते रोते माँ के पास आए और कुछ बोलते नही है। ध्रुव जी ने सोचा अगर मैंने कुछ कह दिया उस पर भी माता की निंदा हो जाएगी और मुझे तो माँ ने सिखाया है कभी किसी की निंदा नही करनी चाहिए।

ध्रुव जंगल की ओर चल दिए, नारद ने ध्रुव को चेला बनाया और कान में मंत्र फूक दिया ओम नमो भगवते वासुदेवाओ, ध्रुव ने नारद जी से पूछा मै किस आसन पर बैठू, नारद जी ने अपना कृपा आसन दिया और ध्रुव जी मधुवन में आए और घनघोर तप किया। छड़े महीने आते आते ध्रुव ने श्वास को रोक लिया इंद्र को लगा कन्ही मेरा सिंहासन तो नही छिन ले इंद्रजी ने बज्र का प्रहार किया लेकिन बज्र माला के रूप बदल गया ।सारे के सारे देवता भगवान के पास जाते हैं और पूछते हैं कौन है ये बालक भगवान ने कहा ये मेरा बालक है और आज भगवान ने बोला ध्रुव जी को दर्शन देने नही ध्रुव का दर्शन करने जाऊँगा। और आज भगवान ध्रुव के सामने आये और दर्शन दिए। शंख बजाया और कपोल पर लगाया। ध्रुव को दिव्य ज्ञान की प्राप्ति हो गई और ध्रुवलोक प्रदान किया।

### खाटू श्याम मंदिर में कथा का चौथा दिन

भक्त अजामिल संसार्गीक दोष के कारण पतित हो जाता है संतों की कृपा निमित्त बनती है पुत्र के नाम के कारण प्रभु के धाम की प्राप्ति होती है। प्रभु के नाम से संसार के बंधन कट जाते हैं। चतुर्थ पुरुषार्थ की प्राप्ति होती है यमदूत कुछ बिगाड़ नहीं सकते हैं। किसी भी प्रकार से मन को कृष्ण के चरणों में लगा देना चाहिए। आगे की कथा में महाराज ने गजेंद्र मोक्ष, बलि वामन चरित्र और कृष्ण जन्म की कथा सुनाई।

आज ठाकुर जी के जन्म और वामन अवतार की जीवंत झांकी के साथ भक्त झूम उठे । आज की कथा के यजमान नंदकिशोर अग्रवाल, आशीष अग्रवाल एवं महेश अग्रवाल थे । कल कथा में भगवान श्री कृष्ण की बाललीला और गिरिराजधरण लीला और होली महोत्सव होगा। कथा शाम 4 बजे से शाम 7 बजे तक चलेगी।

# हॉलीवुड फिल्में देखकर 9 मिनट में चुराए 17 फोन

**रायपुर,** 31 मई (देशबन्धु)। रायपुर में कारोबारी के बेटे ने हॉलीवुड फिल्में देखकर कम समय में सफाई से चोरी करने का तरीका सीखा फिर रिलायंस डिजिटल स्टोर से 9 मिनट में 17 आईफोन चोरी कर लिए। उससे जिस.जिस ने चोरी के सस्ते आईफोन खरीदे वो एक.एक कर गिरफ्तार होते गए। मामला सरस्वती नगर थाने का है। सरस्वती नगर थाना प्रभारी रविंद्र यादव के मुताबिकए जीई रोड अनुपम गार्डन के सामने स्थित रिलायंस रिटेल लिमिटेड में 25.26 मई की दरमियानी रात करीब डेढ़ बजे एक चोर स्टोर का फ्रंट कांच तोड़कर अंदर घुसा। वो एप्पल के काउंटर के पास पहुंचकर करीब 17 सील पैक आईफोन थैले में भरकर भाग गया। युवक मयंक दीक्षित चौबे कॉलोनी का निवासी है। बिना बिल आईफोन बेचने निकला आसपास से गुजर रहे लोगों ने उसे भागते देखा तो पुलिस को सूचना दी। क्राइम ब्रांच और सरस्वती नगर पुलिस की सयुंक्त टीम ने छानबीन शुरू की। पुलिस को मौके पर एक स्कूटी भी मिली जिसे चोर अपने साथ लेकर आया था। भागने के दौरान चाबी गिरने से वो स्कूटी छोड़ दिया था। शुरुआती जांच में पता चला कि यह स्कूटी चौबे कॉलोनी से चुराई गई है। पुलिस सीसीटीवी कैमरे की मदद से चोर के भागने के रूट की जांच की। इस बीच पुलिस को सूचना मिली कि एक युवक शहर में सील पैक आईफोन बेचने की फिराक में है। पुलिस कई लोगों से पूछताछ करते हुए आरोपी तक पहुंच गई। पता चला कि वो चौबे कॉलोनी का निवासी मयंक दीक्षित है। उसके पिता कारोबारी हैं। जिनका क्रेन और हैवी मशीनरी से जुड़ा काम है। पुलिस को आश्चर्य हुआ कि इस संपन्न घर के युवक ने आखिर चोरी क्यों की




### हॉलीवुड फिल्में देखकर लगा चोरी आसान है

पुलिस ने बताया किए युवक को हॉलीवुड फिल्में देखने का शौक है। उसे लगा कि चोरी करना आसान है। इसके लिए उसने इंटरनेट से भी चोरी के कई पैटर्न देखे। उसने कम समय में किस तरह चोरी की जाए इसकी साजिश रची। रिलायंस स्टोर घर से करीब थाए इसलिए उसे टारगेट मिल गया। रिलायंस स्टोर के बाजू में एक अन्य शोरूम में रिपेयरिंग काम चल रहा था। जहां जमीन से लेकर ऊपर तक बांस बंधा था। तो वह बांस के सहारे पहली मंजिल पर पहुंच गया। फिर एक हथौड़ी की मदद से सामने का कांच तोड़ा और शोरूम के उपरी मंजिल से नीचे ग्राउंड फ्लोर में उतरकर चोरी की। बताया जा रहा है कि युवक जिस स्कूटी में आया था वो भी उसी की थी। हालांकि इस बात की फिलहाल पुष्टि नहीं हुई है।

### 21 लाख का माल बरामद

आरोपी ने स्टोर से करीब 17 आईफोन चोरी किए थे। जिसे बेचने के लिए वो शहर के कई दुकानदारों और लोगों से संपर्क किया। इन्हीं में से एक व्यक्ति ने पुलिस को सूचना दे दी जिससे आरोपी फंस गया। इसके अलावा जिन.जिन लोगों ने आरोपी के पास से आईफोन खरीदा उनमें कई दुकानदार भी हैं। पुलिस ने कुल 5 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। फिलहाल पुलिस ने 21 लाख रुपए का माल बरामद कर लिया है।

# राजधानी में नाबालिग का अपहरण, रेप के मामले बढ़े

**रायपुर,** 31 मई (देशबन्धु)। राजधानी में नाबालिग का अपहरण रेप के मामले बढ़ गए हैं। हर दूसरे दिन एक नाबालिग का अपहरण हो रहा है। मई महीने में सर्वाधिक दो दर्जन नाबालिगों का अपहरण हुआ। इनमें ज्यादातर 15 से 17 साल की लड़कियां है। वहीं महीने भर में तीन के साथ रेप का मामला भी प्रकाश में आया है। इनमें कल गंज इलाके में 30 वर्षी युवती ने रेप का मामला दर्ज कराई है। पीडिता एमपी की रहने वाली है। फेसबुक के माध्यम से उसका परिचय रायपुर के विवेक बंशकार के साथ हुआ था। विवेक ने फेस बुक पर युवती का प्रोफाइल देखा और फ्रेंड रिक्वेस्ट भेज कर दोस्ती किया। इसके बाद दोनों के बीच बातें हुआ करती थी। इस बीच विवेक ने युवती को शादी का झांसा देकर अपने घर सिमगा बुलाया था। जहां से युवती को अपने साथ होटल के कमरे में ले जाकर उसके साथ रेप किया। फिर युवती के साथ शादी करने से मुकर गया। युवती के फोन पर संपर्क करने पर भी कोई जवाब नहीं दिया गया। युवती ने इसकी रिपोर्ट रायपुर आकर गंज में दर्ज कराई। ऐसा ही मामला दो दिन पहले खरोरा और राजेंद्र नगर थाना में दर्ज हुआ। दीपक यादव नाम के लड़के ने युवती को शादी का झांसा देकर तीन साल तक उसके साथ रेप किया। पीडिता की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफबीएनएस 376 ;2द्ध एन का अपराध दर्ज किया है। पुलिस के मुताबिक पीडिता नै रिपोर्ट दर्ज कराई कि आरोपी से तीन साल पहले मुलाकात हुई थी। परिचय का होने के कारण दोनों में आपस में बातचीत करते थे। इस दौरान दीपक युवती को पसंद करने लगा। और पीड़िता को शादी करने की बात कर उसे अपने साथ ले जाकर उसके साथ रेप करता रहा। तीन साल बीत जाने के बाद जब पीडिता ने शादी का दबाव बनाने लगी तो दीपक यादव शादी करने से मुकर गया। और युवती के साथ बात करना बंद कर दिया। युवती के बार.बार फोन करने पर भी उसके द्वारा कोई जवाब नहीं दिया गया। इसके बाद आरोपी ने अपना मोबाइल भी बंद कर दिया। तब युवती ने इस बात की शिकायत खरोरा थाना में दर्ज कराई। पुलिस ने पीडिता की शिकायत पर दीपक के खिलाफ376 ;2 एन का अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया है। वहीं राजेंद्र नगर इलाके की एक युवती के साथ प्रवीण मिश्रा नाम के युवक ने रेप की घटना को अंजाम दिया। चार साल पहले हुए मुलाकात के बाद युवक ने पीडिता को शादी झांसा देकर रायपुर और अन्य जगहों पर ले जाकर रेप किया। युवक के शादी करने से मुकरने के बाद पीडित युवती ने आरोपी के खिलाफरेप का मामला दर्ज कराई है। पुलिस ने बीएनएस 67 और 376 ;2द्ध एन का अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया। उधर महीनेभर में टिकरापारा इलाके से 4 खमतराई से 4 मंदिर हसौद से 3 गुढियारी से 2 राजेंद्र नगर से 2 कोतवाली राखी आजादचौक मोवा आमानाका खम्हारडीह विधानसभा इलाके से एक.एक नाबालिग लड़कियों के अपहरण हुए है।

**मई माह में सर्वाधिक दो दर्जन मामले दर्ज किए गए**

# सांई प्रसाद प्रापर्टीज कंपनी का डायरेक्टर पुणे से गिरफ्तार

**रायपुर,** 31 मई (देशबन्धु)। लाखों रूपये की धोखाधड़ी कर छह साल से फरार चले रहे सांई प्रसाद प्रापर्टीज लिमिटेड कंपनी का डायरेक्टर शैलेष अमृत भोईर को पुलिस ने पुणे से गिरफ्तार कर लिया गया है। इसके खिलाफन्यू राजेन्द्र नगर में धारा 420 34 भादवि 6,10 छ,ग,के निक्षेपकों के हितों का संरक्षण अधि0 2005, 3, 4, 5, 6 द प्राईज चिट्स एंड मनी सर्कुलेशन स्कीम,पाबंदी,अधिनियम का प्रकरण दर्ज था।



न्यू राजेन्द्र नगर स्थित अशोका मिलेनियम स्थित सांई प्रसाद प्रापर्टीज लिमिटेड कंपनी के डायरेक्टर बाला साहब भापकर वंदना भापकर शशांक भापकरए शैलेष अमृत भोईर एवं ने प संतोष कुमार साहू अन्य आवेदकों को अपनी चिटफण्ड कम्पनी में निवेश करने हेतु विभिन्न तरह से लोक लुभावन स्कीम बता कर राशि जमा करने पर अधिक ब्याज देने व साढ़े छ वर्ष में दोगुना लाभ देने का प्रलोभन दिया था। इस पर प्रार्थी तथा अन्य आवेदकों के लाखों रूपये कम्पनी में निवेश कराकर निवेशको से छलकपट धोखाधड़ी कर राशि लेकर कम्पनी के डायरेक्टर एवं अन्य कर्मचारी फरार हो गये थे। पूर्व में उपरोक्त चिटफण्ड कम्पनी के डायरेक्टर बाला साहब भापकर वंदना भापकर शशांक भापकर को गिरफ्तार किया जा चुका है। घटना में संलिप्त कम्पनी के अन्य डायरेक्टर घटना के बाद से लगातार फरार चल रहे थे। इसी दौरान शैलेष अमृत भोई की उपस्थिति पुणे महाराष्ट्र में होने की जानकारी मिली। वहां भेजी गई टीम ने शैलेष को पकड़ा।

# चरित्र शंका में प्रेमिका को फिनाइल पिलाकर की हत्या

**रायपुर,** 31 मई (देशबन्धु)। अपराधों पर प्रभावी अंकुश लगाने व शारीरिक संबंधी गंभीर अपराधों के ऊपर कार्रवाई हेतु चलाए जा रहे हैं अभियान के तहत हत्या कर विगत तीन महीने से फरार आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त हुई 13 फरवरी सूचक तोमन लाल निषाद पिता आनंद राम निषाद उम्र 40 वर्ष निवासी ब्लॉक नंबर 12 बीएसयूपी कॉलोनी भाटागांव थाना पुरानी बस्ती जिला रायपुर छत्तीसगढ़ सूचना दिया कि ब्लॉक नंबर 12 मकान नंबर 32 के दरवाजे बाहर से लगा है और अंदर से बदबू आ रहा है की सूचना पर तत्काल तस्दीक हेतु घटनास्थल पर रवाना हुआ घटना स्थल पर पहुंच कर रूम के दरवाजा को खोलकर देखा तो एक महिला मृत अवस्था में पड़ी है मृत शरीर को देखकर ऐसा लग रहा था कि दो.तीन दिन पूर्व उसकी मृत्यु हुई है मृत शरीर को एम्स हॉस्पिटल रायपुर ले जाकर पंचनामा कर पीएम कराया पीएम पश्चात बिसरा प्रिजर्व होने से रासायनिक परीक्षण हेतु राज्य न्यायालयिक विज्ञान प्रयोगशाला रायपुर छत्तीसगढ़ भेजी गई मर्ग जांच दौरान पीएम करता डॉक्टर साहब से पी एम रिपोर्ट प्राप्त कर व विज्ञान प्रयोगशाला द्वारा प्रेषित रिपोर्ट तथा घटनास्थल के निरीक्षण से स्पष्ट हुआ कि मृतिका को अधिक शराब सेवन व एसिड फिनायल पिलाकर हत्या की गई है। गवाहों के कथन से ज्ञात हुआ कि आरोपी रमेश गुप्त श्रीमती गीता यादव को अतिरिक्त शराब व एसिड फिनायल पिलाकर हत्या करना बताया। अपराध पंजीबद्ध विवेचना में लिया गया विवेचना दौरान आरोपी की पता चला हेतु थाना क्षेत्र में मुखबिर लगाई गई मुखबिर से सूचना मिला की रमेश गुप्ता बस स्टैंड भाटा गांव में घूम रहा है की सूचना पर तत्काल बस स्टैंड पहुंचकर आरोपी को घेराबंदी कर पकड़ कर थाना लाया गया। आरोपी को कड़ाई से पूछताछ करने पर बताया कि इसके और मृतिका गीता यादव आपस में प्रेम संबंध था व बीएसयूपी कॉलोनी में दोनों एक साथ रहते थे 12 फरवरी को दोनों एक साथ मिलाकर शराब पी चरित्र की शंका में दोनों के मध्य वाद विवाद हुआ जिससे आरोपी मृतिका को अत्यधिक शराब व एसिड फिनायल पिलाकर गला घोटकर हत्या करना बताया आरोपी के विरुद्ध पर्याप्त सबूत पाए जाने पर आरोपी को को गिरफ्तार किया गया है न्यायिक अभिरक्षा में भेजी जाती है।



**फरार आरोपी पकड़ाया**

# राजधानी से लगे ग्राम नकटी में विधायक कॉलोनी का विरोध

**रायपुर,** 31 मई (देशबन्धु)। राजधानी से लगे ग्राम सम्मानपुर (नकटी) में विधायक कालोनी बनाए जाने को लेकर ग्रामीणों ने शनिवार को विरोध में प्रदर्शन किया। यहां पर चरागाह की जमीन को विधायक कालोनी के लिए आबंटित किया गया है प्रशासन ने बस्ती को तोड़ने का आदेश भी जारी कर दिया है। यहां पर 40 सालों से ग्रामीण रह रहे है।

प्रधानमंत्री आवास योजना में बने गरीबों का आशियाना तोड़कर विधायक कॉलोनी बनाने नोटिस दिया गया है।

पूर्व राज्यसभा सांसद छाया वर्मा पूर्व विधायक अनीता शर्मा पूर्व जनपद अध्यक्ष राजेंद्र पप्पू बंजारे पिछड़ा वर्ग कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष भावेश बघेल ने आज सम्मानपुर नकटी के निवासियों से मुलाकात कर भाजपा शासन द्वारा गरीबों की आशियाना हटाए जाने का विरोध करते हुए उनके आंदोलन का समर्थन किया। राजधानी से लगे सम्मानपुर नकटी में सामिलात चारागाह जमीन में ग्राम सभा एवं पंचायत प्रस्ताव पारित कर प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत बने मकान में गरीब परिवार 20 वर्षो से निवासरत है। जिसे भाजपा शासन ने तहसीदार द्वारा 11 अप्रैल 25 को आदेश जारी कर गरीबो को हटाने नोटिश जारी कर दिया है। पूर्व राज्यसभा सांसद छाया वर्मा एवं पूर्व विधायक अनीता शर्मा ने कहा कि एक तरफ भारतीय जनता पार्टी की सरकार गरीबी हटाने की बात करती है। वहीं दूसरी तरफ सम्मानपुर नकटी के निवासियों के आशियाने को बेदखलकर गरीबों को हटाने तुगलगी फरमान जारी किया गया है वहीं भाजपा सरकार पंचायती राज को सशक्त बनाने की बात करती लेकिन दूसरी तरफ पंचायती राज व्यवस्था का खुला उल्लंघन करते हुए सम्मानपुर नकटी के ग्राम सभा एवं ग्राम पंचायत के प्रस्ताव को दरकिनार कर विधायक कॉलोनी बनाने गरीबों का आशियाना उजाड़ने की कार्यवाही भाजपा सरकार कर रही है।

पूर्व राज्यसभा सदस्य छाया वर्मा पूर्व विधायक अनीता शर्मा पूर्व जनपद अध्यक्ष राजेंद्र पप्पू बंजारे पिछड़ा वर्ग कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष भावेश बघेल रायपुर नगर निगम के पूर्व पार्षद कामरान अंसारी ने एक स्वर में कहा कि भाजपा सरकार झुग्गी-झोपड़ी वालों के आशियाने उजाड़कर गरीब विरोधी होने का सबूत दे रही। भाजपा ने सत्ता में आते ही पहले से ही कमरतोड़ महंगाई और रिकार्ड बेरोजगारी झेल रहे गरीबों पर लगातार प्रहार शुरू कर दिया है। आजीविका का अधिकार एक मौलिक अधिकार होने के बावजूद भाजपा गरीबों का आशियाना छिनने का काम कर रही है।



**चारागाह की जमीन पर 40 वर्षों से बसे हैं ग्रामीण**

# सीसीपीएल 2025 में दर्शकों की बल्ले-बल्ले! फ्री वीआईपी टिकट

**रायपुर,** 31 मई (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ राज्य क्रिकेट संघ ने क्रिकेट प्रेमियों के लिए एक शानदार तोहफा तैयार किया है। छत्तीसगढ़ क्रिकेट प्रीमियर लीग CCPL 2025 का आयोजन 6 जून से 15 जून तक नवा रायपुर स्थित शहीद वीर नारायण सिंह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में किया जाएगा। खास बात यह है कि इस बार दर्शकों को स्टेडियम में निशुल्क प्रवेश मिलेगा। सिर्फ इतना ही नहीं ङ्क हर दिन पहले 500 बुकिंग कराने वाले दर्शकों को VIP गैलरी में बैठने का मौका दिया जाएगा, वो भी बिलकुल फ्री। VIP टिकट पाने वालों को फ्री फूड, बेस्ट सीटिंग अरेंजमेंट और स्पेशल सुविधाएं भी मिलेंगी। यानी एक क्रिकेट मैच का मजा बिल्कुल शाही अंदाज में।



**मुफ्त भोजन और स्पेशल सीटिंग, मिलेगा सुनहरा मौका**

**30 मई से शुरू होगी टिकट बुकिंग-** छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ ने जानकारी दी है कि VIP टिकटों की बुकिंग 30 मई से शुरू हो जाएगी। इसके लिए दर्शकों को Ticketgenie मोबाइल ऐप डाउनलोड कर अपने मोबाइल नंबर से लॉगिन करना होगा। बुकिंग के दौरान मैच की तिथि चुनकर टिकट आरक्षित किया जा सकेगा। हर दिन पहले 500 दर्शकों को फ्री VIP टिकट मिलेंगे। एक व्यक्ति अधिकतम 2 टिकट तक ही बुक कर सकता है। बुकिंग के बाद त्तक्र कोड जनरेट होगा, जिससे स्टेडियम में प्रवेश दिया जाएगा।

**6 जून को होगा उद्घाटन मुकाबला-** टूर्नामेंट का पहला मुकाबला 6 जून को खेला जाएगा, जिसमें रायपुर रायनोज और बिलासपुर बुल्स आमने-सामने होंगी। सभी मुकाबले नवा रायपुर स्टेडियम में होंगे, जो पहले ही अंतरराष्ट्रीय स्तर के आयोजन के लिए चर्चित है।

# परेड के दौरान अच्छे टर्न आऊट, अच्छे ड्रिल, अच्छे कमाण्ड पर कर्मियों को किया गया पुरुस्कृत



**सुव्यवस्थित यातायात पर कार्यवाही के दिए स्पष्ट निर्देश**

**रायपुर,** 31 मई (देशबन्धु)। 28 मई को उप पुलिस महानिरीक्षक एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, रायपुर डॉ0 लाल उमेद सिंह (भा0पु0से0) के द्वारा वार्षिक निरीक्षण के दौरान रक्षित केंद्र रायपुर में परेड, एम0टी0 परेड, पुलिस दरबार, तथा पुलिस लाईन के शाखाओं का निरीक्षण किया गया। वार्षिक निरीक्षण में सर्वप्रथम पुलिस परेड ग्राऊण्ड में निरीक्षण परेड, एम0टी0 परेड में राजपत्रित अधिकारी-17, निरीक्षक-37, उप निरीक्षक-12, सहायक उप निरीक्षक 18, प्रधान आरक्षक-46, आरक्षक/महिला आरक्षक-231 कुल 360 अधिकारी/कर्मचारी सम्मिलित हुये। परेड में सम्मिलित 360 अधिकारी/कर्मचारियों का टर्न आऊट चेक किया गया तत्पश्चात् ड्रिल, कमाण्ड का परीक्षण, निरीक्षण मार्च पास्ट का आकर्षक प्रदर्शन किया गया। परेड में अच्छे टर्न आऊट तथा अच्छे कमाण्ड हेतु अधिकारी/कर्मचारियों को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, रायपुर के द्वारा पुरुस्कृत किया गया जिनके टर्न आऊट ठीक नहीं थे उन्हे सुधार हेतु समझाईश दिया जाकर चेतावनी दी गई। परेड पश्चात् एम0टी0 परेड का निरीक्षण किया गया, जिसमें वाहनों के रखरखाव तथा व्यवसायिक ज्ञान के बारे में जानकारी प्राप्त की गई, इसमें ऐसे वाहन चालक जो वाहनों के रख-रखाव तथा मेन्टेनेंस ठीक ढंग से रखते हैं निरीक्षण परेड के दौरान पूछे गये वाहनों से संबंधित प्रश्नों के सही जवाब देने पर वाहन चालकों को पुरूस्कृत किया गया। एम0टी0 परेड पश्चात् पुलिस दरबार का आयोजन किया गया, मंच का संचालन करते हुए उप पुलिस अधीक्षक, लाईन निलेश कुमार द्विवेदी ने सर्वप्रथम अपने परिचयात्मक उद्बोधन में कहा कि किसी भी जिले के कानून व्यवस्था ड्यूटी, विशिष्ट व्यक्ति एवं प्रतिष्ठानों की सुरक्षा ड्यूटी, जिले में अपराध की रोकथाम एवं अपराधो की विवेचना में उस जिले की पुलिसिंग में पुलिस लाईन के द्वारा किये जाने वाले कार्य की अत्यंत महत्ता है। इसी परिप्रेक्ष्य में प्रत्येक वर्ष पुलिस लाईन का निरीक्षण माननीय पुलिस महानिरीक्षक रेंज तथा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जैसे वरिष्ठ अधिकारियों के द्वारा किया जाता रहा है, वहीं आज उप पुलिस अधीक्षक, लाईन की पदस्थापना भी पुलिस लाईन में की गई है। उन्होंने बताया कि पुलिस लाईन के सभी शाखाएं कम बल तथा कम संसाधन में भी रायपुर जिले में बेहतर एवं प्रभावी पुलिसिंग का कार्य कर रही है।

# शासकीय दंत चिकित्सा महाविद्यालय में जागरूकता अभियान

**रायपुर,** 31 मई (देशबन्धु)। शासकीय दंत चिकित्सा महाविद्यालय, रायपुर के सार्वजनिक स्वास्थ्य दंत चिकित्सा विभाग ने डेंटल काउंसिल ऑफ इंडिया द्वारा निर्धारित 20 मई से 5 जून 2025 तक के च्विश्व तंबाकू निषेध दिवसज्ज के उपलक्ष्य में विविध जनजागरूकता गतिविधियों का आयोजन किया. इस वर्ष की थीम च्अनमास्किंग अपील- तंबाकू और निकोटिन उत्पादों पर उद्योग की रणनीतियों का खुलासाज्ज रही, जिसका उद्देश्य समुदाय में दंत स्वास्थ्य और मौखिक स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाना था.




आयोजन की सफलता में प्राचार्य डॉ. वीरेन्द्र वाढेर के मार्गदर्शन में विभागाध्यक्ष डॉ. मिलिंद वासनीक, डॉ. अमित वस्ती, डॉ. सोपान सिंह, डॉ. रामकृष्ण चेव्वुरी, डॉ. अभिनव पारख, डॉ. मनीष राठौड़, डॉ. शिल्पा जैन, पीजी छात्रों डॉ. पूनम नारंग, डॉ. आरुही सिन्हा, डॉ. नेहा रानी, डॉ. रिया गर्ग, डॉ. रश्मि राठौर, डॉ. जी. नव्या, साथ ही इंटर्न्स, प्रथम से अंतिम वर्ष के छात्रों और कर्मचारियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा. डॉ. शिल्पा जैन ने कॉलेज में स्थापित नशा मुक्त केंद्र के बारे में जानकारी दी.

महाविद्यालय परिसर में रंगोली, पोस्टर और रील प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें छात्रों ने रचनात्मक ढंग से तंबाकू निषेध का संदेश प्रस्तुत किया. इसके साथ ही, छात्रों और दंत चिकित्सकों ने महाविद्यालय परिसर से मेकाहारा, ऑक्सिजोन और कलेक्टर कार्यालय तक एक जागरूकता रैली निकाली, जिसमें तंबाकू के हानिकारक प्रभावों के बारे में लोगों को जागरूक किया गया.

परिसर में एक नुक्कड़ नाटक का आयोजन भी हुआ, जिसमें छात्रों ने प्रभावशाली अभिनय के माध्यम से तंबाकू और निकोटिन उत्पादों से जुड़ी सामाजिक व स्वास्थ्य समस्याओं को उजागर किया. नाटक के बाद शपथ ग्रहण समारोह आयोजित हुआ, जिसमें रोगियों, छात्रों, शिक्षकों और स्वास्थ्य कर्मियों ने तंबाकू मुक्त जीवन की शपथ ली.

31 मई को आरंग में एक विशेष मौखिक स्वास्थ्य परीक्षण और परामर्श शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिकों ने भाग लिया. 5 जून तक अन्य स्थानों पर भी ऐसे शिविर आयोजित किए जाएंगे, जिनका उद्देश्य तंबाकू उपयोगकर्ताओं को परामर्श और सहायता प्रदान करना है. इन गतिविधियों का लक्ष्य तंबाकू और निकोटिन उत्पादों की हकीकत को उजागर करना, उद्योग द्वारा फैलाए गए भ्रम को दूर करना और विशेष रूप से युवाओं को सुरक्षित और जागरूक बनाना है.

# माधुरी मृगे को राष्ट्रीय गौरव सम्मान

**रायपुर,** 31 मई (देशबन्धु)। समाज सेवा के क्षेत्र में राष्ट्रीय गौरव रत्न सम्मान से अनुकंपा संघ के प्रांतअध्यक्षा प्रमुख माधुरी मृगे को सम्मानित किया गया श्रीमती माधुरी मृगे को यह सम्मान उनके द्वारा अनुकंपा से वंचित अनुकंपा के अधिकार की लड़ाई निरंतर लड़ते रहने की वजह से प्रदान किया गया है।



छत्तीसगढ़ पत्रकार जन कल्याण समिति एवं अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार, अपराध नियंत्रण संस्था के द्वारा वृंदावन हाल में आयोजित कार्यक्रम में उन्हें सम्मानित किया गया मंच पर इस सम्मान को प्राप्त करते हुए माधुरी मृगे अपने संगठन के समस्त सहयोगी को इस सम्मान और भेंट में मिले प्रतीक चिन्ह में भागीदार बताया माधुरी मृगे ने बताया कि पूर्ववर्ती सरकार में 307 दिन अनुकंपा नियुक्ति के लिए आंदोलन करती रही प्रदेश में पहला आंदोलन के तौर पर इन्हें ये सम्मान से सम्मानित किया गया लगातार आज भी सरकार से अनुकंपा नियुक्ति को लेकर संघर्ष जारी हैं माधुरी ने बताया कि लगातार सरकार से बातचीत के माध्यम से पात्र परिजनों का निराकरण कराया गया है उन्होंने बताया कि शेष बचे जितने अनुकंपा पीड़ित परिवार है उनको भी न्याय दिलानाहै उनमें वे खुद भी पीड़ित परिवार का हिस्सा हैं उनका संघर्ष अभी भी जारी है।

जल्द सरकार से बातचीत के माध्यम से शेष बचे पीड़ित परिवार का निराकरण जल्द करवाकर रहेंगे।

अनुकंपा संघ की शांति साहू जिसने अपने केश त्यागकर अनुकंपा की लड़ाई में हमेशा साथ दी उनको भी प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया, कुमुदिनी साहू को भी प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।

उल्टा पुल्टा

लड़का- पापा मेरी कोई गर्लफ्रेंड नहीं बन रही है मैं क्या करूं।
पापा- लम्बी सांस खींचते हुए बोले- बेटा, ये सुख हमारे खानदान में लिखा ही नहीं है।

# कुर्मी समाज की कर्मठता, कृषि परम्परा, सामाजिक एकजुटता देश की रीढ़ रही : ओपी चौधरी

## चंद्रनाहू कुर्मी क्षत्रीय समाज अधिवेशन के प्रथम दिवस में शामिल हुए वित्त मंत्री




**दुर्ग,** 31 मई (देशबन्धु)। वित्त मंत्री ओ.पी.चौधरी ने यहा कहा है कि कुर्मी समाज की कर्मठता, कृषि परम्परा और सामाजिक एकजुटता देश की रीढ़ रही है। श्री चौधरी आज ग्राम कोलिहापुरी के 36 फोर्ट में आयोजित चंद्रनाहू कुर्मि क्षत्रिय समाज दुर्ग राज के 55 वें वार्षिक अधिवेशन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने यहां अपने मोटिनेशनल स्पीच के रूप में उपरोक्त टिप्पणी की और कहा कि कुर्मी समाज अपने मजबूत पारिवारिक और सामाजिक मूल्यों के लिये जाना जाता है जिसने सदैव शिक्षा, सेवा स्वावलंबन और राष्ट्रहित को प्राथमिकता दी है।

श्री चौधरी ने मोटिवेशनल स्पीच के रूप में आज बच्चों के समक्ष अपने संघर्ष के दिनों को साझा करते हुए बताया अल्पकाल में ही पिता जी की मृत्यु हो गयी थी पेंशन के लिए भटकना पड़ा कलेक्टर के काम से प्रभावित होने कलेक्टर बनने तक का सफ़र बताया। उन्होंने कहा कि कोई भी लक्ष्य चाहे वह कितना भी कठिन क्यों न हो, मनुष्य के साहस और दृढ़ संकल्प के सामने टिक नहीं सकता। हार केवल उन्हें मिलती है जो प्रयास ही नहीं करते। आगे वित्त मंत्री चौधरी ने ओबीसी जातियों के अधिकारों और उनके विकास के लिए आवश्यक जानकारी साझा की। उन्होंने कहा कृषि, वेतन और पेंशन की आय क्रीमी लेयर श्रेणी में नहीं आती। यह हमारे समाज के लिए एक सकारात्मक संकेत है। श्री चौधरी ने महिलाओं को शिक्षा के प्रति जागरूक करने की अपील भी की और इस बात पर जोर दिया कि तकनीकी क्षेत्र में देश के विकास की अपार संभावनाएं हैं।

दुर्ग सांसद विजय बघेल ने आज के इस महत्वपूर्ण आयोजन के लिए हार्दिक शुभकामनाएं दी और युवाओं को शिक्षा के साथ साथ समाज क्षेत्र में भी आगे बढ़ना है समाज के नैतिक मूल्यों को समझना होगा युवा देश का समाज का भविष्य है।

➢➢ शेष पृष्ठ 9 पर ➢

# नारी शक्ति का प्रतिदिन सम्मान किया जाना चाहिए : बघेल

## दुर्ग निगम में मनाई गई महारानी अहिल्या बाई की जयंती, विभिन्न क्षेत्रों में कार्य कर रही महिलाओं का किया गया सम्मान




**दुर्ग,** 31 मई (देशबन्धु)। होल्कर वंश की महारानी अहिल्या बाई होल्कर की 3 सौ जयंती पर नगर निगम के सभागार में एक कार्यक्रम कर नगर निगम क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं का सम्मान किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांसद विजय बघेल सहित सभी अतिथियों विधायक गजेन्द्र यादव, ललित चंद्राकर, महापौर अलका बाघमार जिला भाजपा अध्यक्ष सुरेन्द्र कौशिक, पूर्व अध्यक्ष जितेन्द्र वर्मा ने महारानी अहिल्या देवी के जीवन वृत्त पर प्रकाश डाला। नारी शक्ति के सशक्तिकरण की दिशा में भाजपा सरकार के प्रयासों पर भी प्रकाश डाला। कार्यक्रम के प्रारंभ में सांसद सहित सभी अतिथियों ने भारत माता के चित्र पर दीप प्रज्वलन व रानी अहिल्या देवी के चित्र पर माल्यार्पण किया। महापौर अलका बाघमार एवं आयुक्त सुमित अग्रवाल ने मुख्य अतिथि एवं अतिथियों का स्वागत किया। इस अवसर पर पीएम आवास बीएलसी घटक के तहत 15 हितग्राहियों को स्वीकृति पत्र दिया गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि सांसद विजय बघेल ने रानी अहिल्या बाई द्वारा किये गये कार्यो को अनुकरणीय बताते हुए कहा कि नारी शक्ति का प्रतिदिन सम्मान किया जाना चाहिए। विधायक गजेन्द्र यादव, महारानी अहिल्या बाई जयंती के आयोजन के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि अहिल्या बाई ने काशी विश्वनाथ मंदिर का पुर्ननिर्माण कराया। महापौर अलका बाघमार ने महारानी अहिल्या बाई को न्याय की देवी निरूपित किया। आयुक्त सुमित अग्रवाल ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया।

इस अवसर पर स्वच्छता दीदी व विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं का शाल व श्रीफल मोमेटों एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मान किया गया। इनके अलावा नीलू सिंह महिला शिक्षा, कनिका चंद्राकर, चंद्राकर खेल, वेणी चंद्राकर निर्माण कार्य, भारती चंद्राकर महिला सशक्तिकरण, शारदा यादव, रोशनी साहू रंगोली आर्टिस्ट, निगम कर्मचारी मुगे सेन्द्रे, माधुरी पात्रो, को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन एवं आभार प्रदर्शन सभापति श्याम शर्मा ने किया। कार्यक्रम में एमआईसी देवनारायण चन्द्राकर, नरेंद्र बंजारे, शेखर चन्द्राकर, लीना देवांगन, ➢➢ शेष पृष्ठ 9 पर ➢

# अग्रवाल दंपत्ति ने की देहदान की घोषणा

**दुर्ग**, 31 मई (देशबन्धु)। स्टील कालोनी भिलाई निवासी सेवानिवृत्त इंजीनियर तपन अग्रवाल एवं उनकी पत्नी पुष्पलता अग्रवाल ने अपने देहदान की घोषणा कर




नवदृष्टि फाउण्डेशन के कुलवंत भाटिया एवं राजेश पारख को इससे संबंधित वसीयत सौंपी। वसीयतनामा सौंपने के बाद श्री अग्रवाल ने कहा है कि उनके लिये यह संतुष्टि का विषय है कि उन पति पत्नी की आंखों से चार लोगों को नई रोशनी मिलेगी। मृत जेह का अध्ययन कर डाक्टर नई रिसर्च कर सकेगें।

अग्रवाल दंपत्ति के इस निर्णय का स्वागत करते हुए रितेश जैन एवं पियूष मालवीय ने कहा कि नवदृष्टि फाउण्डेशन के लगातार प्रयास से लोगों की सोच में परिवर्तन आया है। लोग रक्तदान, नेत्रदान, देहदान के बाद त्वचादान के लिये भी आगे आ रहे है। उन्होंने बताया कि त्वचादान को लेकर लोग नवदृष्टि फाउण्डेशन के सदस्यों से मार्गदर्शन व सहयोग प्राप्त कर सकते है।

# महिला स्मगलर सहित चार आरोपी नशीली गोलियां बेचते रंगे हाथ पकड़ाए



**दुर्ग,** 31 मई (देशबन्धु)। नशे के विरूद्ध अभियान के तहत नशीली टेबलेट अवैध रूप से बिक्री करने वाले चार आरोपियों को दुर्ग पुलिस ने धर दबोचा। इन नशे के सौदागरों के पास से प्रतिबंधित नशीली कैप्सूल टेबलेट 319 नग एवं बिक्री रकम 700 रूपये नगद जप्त की गई है। घटना में प्रयुक्त 3 नग मोबाइल एवं दुपहिया वाहन को भी जप्त किया गया।

जिला पुलिस प्रवक्ता पद्मश्री तंवर ने बताया कि अवैध मादक पदार्थ के विरुद्ध दुर्ग पुलिस व्दारा अभियान एक युद्ध नशे के विरूद्ध चलाया जा रहा है। संयुक्त टीम गठित को बिक्री करने वालो के सूचना मिलने पर लूक एण्ड साईन फैमिली सेलून के पास कातुलबोर्ड भिलाई के पास मुखबिर व्दारा बताए। हुलियानुसार व्यक्तियों की पहचान कर घेरा बंदी करते हुए आरोपी संतोष चंद्राकर पिता भुरवा चंद्राकर उम्र 43 साल सा. सिन्धी धर्मशाला के पीछे वार्ड 24 सिन्धी कालोनी दुर्ग थाना मोहन नगर जिला दुर्ग, सोमनाथ पाण्डेय पिता स्व. अयोध्या पाण्डेय उम्र 24 साल सा. रजत होम के सामने वार्ड न. 59 हरि नगर दुर्ग थाना मोहन नगर जिला दुर्ग, लिंगराज उर्फसोनू यादव पिता हेम राज यादव उम्र 23 साल सा. रजत होम के सामने वार्ड नं 59 हरि नगर दुर्ग थाना मोहन नगर जिला दुर्ग, मनीषा मखीजा पति अमित मखीजा उम्र 38 साल सा. शनि मंदिर के सामने वार्ड 10 शंकर नगर दुर्ग थाना मोहन नगर जिला दुर्ग को पूछताछ किए जाने पर आरोपियों ने मनीषा माखीजा के एकाउंट में रकम ट्रांसफर करना बताया।

आरोपियों को पकड़कर तलाशी लिए जाने पर आरोपियों के कब्जे से एक एक्टीवा ग्रे कलर क्रमांक सी जी 07 बी आर 6209 किमती 40,000 रूपये, स्पा.ट्रेन कन प्लस नशीली प्रतिबंधित कैप्सूल कुल 35 स्ट्रीप में 274 नग कैप्सूल रेपर किमती 4 हजार 600 रूपये, 3 स्ट्रीप नशीली अल्प्राजोलम टेबलेट कुल 45 नग किमती 450 रूपय, बिक्री से प्राप्त नगदी रकम 700 रूपये 05, 3 नग विभिन्न कम्पनी के मोबाईल किमती 30 हजार रूपये को जप्त कर किया जाकर आरोपियों के विरूद्ध 22 (ख), 27 (क) एनडीपीएस एक्ट के ➢➢ शेष पृष्ठ 9 पर ➢

# विश्व पर्यावरण दिवस पर नगर निगम में अनेक कार्यक्रम

- 3 को पोस्टर प्रतियोगिता
- 5 जून को साइकिल रैली वृक्षारोपण एवं संगोष्ठी का आयोजन


**दुर्ग,** 31 मई (देशबन्धु)। नगर निगम द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस पर 3 और 5 जून को पर्यावरण पर आधारित कार्यक्रम किये जायेगें। इसके अंतर्गत 3 जून को नगर निगम के सभागार में पोस्टर प्रतियोगिता तथा 5 जून को साईकिल रैली निकाली जायेगी तथा वृहत पैमाने पर वृक्षारोपण कर पर्यावरण का संदेश दिया जायेगा। पर्यावरण दिवस की तैयारियों को लेकर महापौर अलका बाघमार ने एमआईसी प्रभारियों एवं निगम अधिकारियों के साथ बैठक कर कार्यक्रम की रूपरेखा तय की।

नगर निगम की बैठक में निर्णय लिया गया कि 3 जून को नगर निगम के सभागार में प्लास्टिर प्रदूषण के दुष्प्रभाव एवं समाधान विषय पर पोस्टर प्रतियोगिता की जायेगी। इसमें मिडिल स्कूल के बच्चों को भागीदारी निभाने की पात्रता तय की गई है। प्रतियोगिता की समय सीमा डेढ़ घंटे रखी गयी है। प्रतियोगिता सुबह 8 बजे से शुरू होगी। प्रतियोगिता में शामिल होने के इच्छुक छात्र-छात्राएं नगर निगम में पुरूषोत्तम साहू एवं मनीष ताम्रकार से संपर्क कर सकते है।

महापौर श्रीमती बाघमार ने बताया कि 5 जून को पर्यावरण दिवस पर साइकिल रैली निकाली जायेगी। रैली महाराजा चौक से शुरू होकर बोरसी के प्रगति मैदान में जाकर समाप्त होगी। साइकिल रैली के बाद संगोष्ठी होगी। संगोष्ठी में ही पोस्टर स्पर्धा के विजेताओं को पुरस्कार दिये जायेगें।

बैठक में महापौर के अलावा आयुक्त सुमित अग्रवाल, पर्यावरण प्रभारी कांशीराम कोसरे, ➢➢ शेष पृष्ठ 9 पर ➢

# पाकिस्तान अपनी बेजा हरकतें बंद कर गिरेबां में झांके : डॉ. रौनक



- अपने यहां पाल रहे आतंकियों से तौबा कर भारत के हवाले करें

**दुर्ग,** 31 मई (देशबन्धु)। ख्यातिप्राप्त उर्दू साहित्यकार और चिंतक डॉ. रौनक जमाल ने पाकिस्तान अपनी आजादी से लेकर अभी तक हरकतों पर हरकतें कर अपने ही देश का नुकसान कर रहा है। सन् 65, 71 के बाद कारगिल युद्ध और अभी पहलगाम में आतंकी हमले के बाद भारत की जवाबी कार्रवाही से पाकिस्तान की कमर टूट गई और उसकी अर्थव्यवस्था भी चरमरा गई है।

इधर भारत लगातार आर्थिक, औद्योगिक व अन्य क्षेत्रों से तरक्की कर रहा है। रौनक जमाल ने कहा कि उसकी खास वजह भारत को पं. नेहरू से लेकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तक अच्छे प्रधानमंत्री मिले। इसके विपरीत पाकिस्तान को बेनजीर भुट्टों के अलावा कोई भी अच्छा नेतृत्व नहीं मिला।

डॉ. जमाल ने कहा कि विगत 75 वर्षों में आजादी के बाद पाकिस्तान ने भारत से जीतने भी युद्ध किये और आतंकी हमले कराये है उन सभी में पाकिस्तान ने बहुत कुछ खोया है। 71 में उसके दो टुकड़े हो गये और उनसे कटकर अलग बंगला देश बन गया। उसे बेनजीर भुट्टों जैसी बुद्धिमान व शिक्षित नेता से हाथ धोना पड़ा है। पाकिस्तान को जो प्रधानमंत्री मिले है उन्हें उनकी ही सेना ने बंधक बनाकर रखा है। हालत यह है कि आज पूरी दुनिया ने पाकिस्तान को आतंकवादी देश मानने लगी है। डॉ. जमाल ने पाकिस्तान के हुक्मरानों से कहा है कि वे अब अपनी फिजूल की हरकतें छोड़ दें। अपने देश में पल रहे आतंकवादियों से तौबा कर लें और अपने मुल्क की तरक्की पर ध्यान देकर कार्य करें।

# मुख्य सड़क मार्ग से मिलने वाली ग्रामीण सड़कों पर बनाए जाएं स्पीड ब्रेकर : कलेक्टर





## कलेक्टर ने ली सड़क सुरक्षा समिति की बैठक

**दुर्ग**, 31 मई (देशबन्धु)। जिले में यातायात नियमों के प्रभावी क्रियान्वयन और सड़क दुर्घटनाओं पर रोकथाम हेतु आवश्यक व्यवस्था के संबंध में आज कलेक्टोरेट सभा कक्ष में जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित की गई। कलेक्टर अभिजीत सिंह की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल भी शामिल हुए। कलेक्टर श्री सिंह ने कहा कि जिले में यातायात नियमों का कड़ाई से पालन कराने सहित सड़क दुर्घटनाओं को रोकन, प्रभावी उपाय किया जाए।

उन्होंने कहा कि मुख्य सड़क मार्ग से मिलने वाली ग्रामीण सड़कों पर स्पीड ब्रेकर बनायी जाए। कलेक्टर ने इस संबंध में पीडब्ल्यूडी, पीएमजीएसवाई एवं सीएमजीएसवाई के अधिकारियों को संबंधित सड़कों पर स्पीड ब्रेकर निर्माण उपरान्त इस संबंध में प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने के निर्देश दिये। बैठक में सड़कों पर मवेशियों के कारण होने वाली दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए मवेशी मालिकों को चिन्हांकित कर उन्हें खुले में मवेशी नहीं छोड़ने की समझाईश दी जाए। सड़कों पर मवेशी पाये जाने पर मालिकों के विरूद्ध नियमत: कड़ी कार्यवाही की जाएगी। कलेक्टर श्री सिंह ने कहा कि यातायात नियमों का पालन नहीं करने वाले वाहन चालकों का लायसेंस निलंबित किया जाए। साथ ही लायसेंस निलंबन तिथि व अवधि की जानकारी रखी जाए।

उन्होंने राष्ट्रीय राजमार्ग व अन्य सड़कों पर चिन्हांकित ब्लैक स्पॉट्स पर सुधारात्मक कार्य की जानकारी ली। साथ ही जल्द पूरा करने के निर्देश दिये। दुर्घटना से बचने के लिए दुपहियां वाहन चालकों को अनिवार्य रूप से हेलमेट लगाने व कार चालकों को शीट बेल्ट लगाने अवगत कराया जाए। बैठक में जिले की सड़कों में यातायात सुरक्षा को और पुख्ता करने के लिए विभिन्न सुझावों पर विचार विमर्श कर कई महत्वपूर्ण निर्णय भी लिये गये। कलेक्टर ने जिले में घटित हिट एण्ड रन सड़क दुर्घटना के प्रकरण भी बैठक के एजेण्डा में शामिल करने पर जोर दिया। ताकि पीड़ित गंभीर घायल मृतक के कानूनी प्रतिनिधि की मुआवजा राशि हेतु दावा निपटान प्रक्रियाओं को शीघ्र निपटायी जा सकें।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री अग्रवाल ने जिले के संभावित दुर्घटना क्षेत्रों को चिन्हांकित कर सड़क सुरक्षा की दृष्टि से व्यापक इंतजाम करने के निर्देश दिये। उन्होंने सड़क दुर्घटना पर रोक लगाने हेतु राष्ट्रीय राजमार्गो को सहायक सड़कों से जोड़ने वाले पॉइंट पर गति अवरोधक रम्बल्ड स्ट्रिप बनाने को कहा। इस हेतु राष्ट्रीय राजमार्ग, लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को चिन्हांकित स्थानों में आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने के लिए कहा।

बैठक में नगर निगम दुर्ग के आयुक्त सुमीत अग्रवाल, नगर निगम भिलाई चरोदा के आयुक्त डी. राजपूत, नगर निगम रिसाली की आयुक्त मोनिका वर्मा, संयुक्त कलेक्टर लता उर्वशा, हरवंश सिंह मिरी, डिप्टी कलेक्टर लवकेश ध्रुव एवं महेश राजपूत, आरटीओ एस.एल.लकड़ा, ट्रेफिक डीएसपी सहित लोक निर्माण विभाग, एन.एच.ए.आई., बीएसपी, विद्युत, स्वास्थ्य एवं संबंधित अन्य विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

# साईंस कालेज के 14 सहायक प्राध्यापक पदोन्नत होकर बने प्राध्यापक

**दुर्ग,** 31 मई (देशबन्धु)। शासकीय विश्वनाथ यादव तामस्कर स्नातकोत्तर स्वशासी महाविद्यालय, दुर्ग के विभिन्न विषयों के 14 सहायक प्राध्यापक पदोन्नत होकर प्राध्यापक बनाये गये हैं। उच्चशिक्षा विभाग छत्तीसगढ़ शासन द्वारा अवर सचिव राकेष कुमार ध्रुव द्वारा 29 मई के अनुसार कुल 302 सहायक प्राध्यापकों की पदोन्नति हुई है, जिसमें दुर्ग जिले से 42 सहायक प्राध्यापक, पदोन्नति के पश्चात् प्राध्यापक बनाये गये है। इन 42 सहायक प्राध्यापकों में से साईंस कालेज, दुर्ग के 14 सहायक प्राध्यापकों को पदोन्नति का लाभ मिला है।

पदोन्नत होने वाले सहायक प्राध्यापकों में भूगर्भशास्त्र के डॉ. एस.डी.देशमुख, डॉ. प्रशांत कुमार श्रीवास्तव, वनस्पति शास्त्र की डॉ. प्रज्ञा कुलकर्णी, इतिहास विभाग के डॉ. अनिल कुमार पाण्डेय तथा डॉ. कुमार राकेश रंजन सिंह, गणित विभाग के डॉ. राकेश तिवारी एवं डॉ. प्राची सिंह, रसायन शास्त्र की डॉ. सुनीता मैथ्यू तथा डॉ. अनुपमा कश्यप प्राणीशास्त्र की डॉ. दिव्या कुमुदिनी मिंज, मानव विज्ञान की डॉ. संध्या अग्रवाल, अंग्रेजी विभाग की डॉ. मर्सी जॉर्ज, राजनीति शास्त्र के डॉ. शकील हुसैन अर्थशास्त्र विभाग की डॉ. के. पद्मावती शामिल है। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अजय कुमार सिंह ने समस्त पदोन्नत प्राध्यापकों को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है। उल्लेखनीय है, कि ये सभी सहायक प्राध्यापक लगभग 30 वर्ष से अधिक की शासकीय सेवा पूर्ण कर चुके है तथा लगभग सभी मध्य प्रदश, लोक सेवा आयोग द्वारा पूर्व में सहायक प्राध्यापक के पद पर चयनित हुये थे।

# भोरमदेव शक्कर कारखाना से 10 लाख की चोरी का खुलासा, दो आरोपी गिरफ्तार

- चोरी का सामान बरामद, कबाड़ व्यवसायी पर भी कार्रवाई

**कवर्धा**, 31 मई (देशबन्धु)। पुलिस टीम द्वारा भोरमदेव शक्कर कारखाना से हुई बड़ी चोरी की घटना का त्वरित खुलासा किया गया है।

30 मई को प्रार्थी धनसिंह पिता बैसाखु सिंह द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि दिनांक 29 मई 2025 की रात्रि को शक्कर कारखाना से दो नग हार्ड वाटर पंप (पीएसपी कंपनी) तथा एक नग मदर एंड प्लाट कंपनी का पानी पंप, कुल अनुमानित मूल्य 10 लाख रुपये, अज्ञात चोरों द्वारा चोरी कर लिए गए हैं। रिपोर्ट पर अपराध क्रमांक 28/2025 धारा 117(2), 117(4), 117(5) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया।

विवेचना के दौरान मुखबिर सूचना पर संदेही अर्जुन राजपूत को पकड़ा गया। पूछताछ में उसने बताया कि यह चोरी उसने अपने साथी अजय टंडन (वर्तमान में फरार) के साथ मिलकर की थी। चोरी का एक पंप मुस्ताकुद्दीन खान उर्फ मन्ना कबाड़ी को 25 रुपये प्रति किलो की दर से 850 रुपये में बेचा गया था।

अर्जुन राजपूत की निशानदेही पर दो पंप (पीएसपी और मदर एंड प्लाट कंपनी) को गवाहों के समक्ष बरामद कर जब्त किया गया। इसके साथ ही आरोपी मुस्ताकुद्दीन खान उर्फ मन्ना कबाड़ी निवासी पोंडी को भी गिरफ्तार किया गया है। मुस्ताकुद्दीन खान की दुकान से करीब 1010 किलो अवैध लोहे का कबाड़ जब्त किया गया, जिसके संबंध में वह कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका।

गिरफ्तार आरोपी

1. अर्जुन राजपूत पिता कालू राजपूत, उम्र 29 वर्ष, निवासी राम्हेपुर कला

2. मुस्ताकुद्दीन खान उर्फ मन्ना कबाड़ी पिता अजबुद्दीन खान, निवासी पोंडी फरार आरोप की गिरफ्तारी के लिए विशेष टीम गठित कर लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। इस कार्रवाई में थाना पोंडी से संदीप चौबे एवं टीम एवं तकनीकी विश्लेषण टीम की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# नीति आयोग के आकांक्षी विकासखंड कार्यक्रम से बदलेगा बोड़ला का भविष्य : विजय शर्मा

- उपमुख्यमंत्री ने डंगनिया में किया निर्माण कार्यों का निरीक्षण
- जल संरक्षण की दिशा में तेजी से बढ़ रहे हैं कदम, 23 ग्राम पंचायतों में बने तालाबो का जीर्णोद्धार



**कवर्धा**, 31 मई (देशबन्धु)। जिले में यातायात नियमों के प्रभावी क्रियान्वयन और सड़क दुर्घटनाओं पर रोकथाम हेतु आवश्यक व्यवस्था के संबंध में आज कलेक्टोरेट सभा कक्ष में जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित की गई। कलेक्टर अभिजीत सिंह की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल भी शामिल हुए। कलेक्टर श्री सिंह ने कहा कि जिले में यातायात नियमों का कड़ाई से पालन कराने सहित सड़क दुर्घटनाओं को रोकन, प्रभावी उपाय किया जाए।

उन्होंने कहा कि मुख्य सड़क मार्ग से मिलने वाली ग्रामीण सड़कों पर स्पीड ब्रेकर बनायी जाए। कलेक्टर ने इस संबंध में पीडब्ल्यूडी, पीएमजीएसवाई एवं सीएमजीएसवाई के अधिकारियों को संबंधित सड़कों पर स्पीड ब्रेकर निर्माण उपरान्त इस संबंध में प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने के निर्देश दिये। बैठक में सड़कों पर मवेशियों के कारण होने वाली दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए मवेशी मालिकों को चिन्हांकित कर उन्हें खुले में मवेशी नहीं छोड़ने की समझाईश दी जाए। सड़कों पर मवेशी पाये जाने पर मालिकों के विरूद्ध नियमत: कड़ी कार्यवाही की जाएगी। कलेक्टर श्री सिंह ने कहा कि यातायात नियमों का पालन नहीं करने वाले वाहन चालकों का लायसेंस निलंबित किया जाए। साथ ही लायसेंस निलंबन तिथि व अवधि की जानकारी रखी जाए।

उन्होंने राष्ट्रीय राजमार्ग व अन्य सड़कों पर चिन्हांकित ब्लैक स्पॉट्स पर सुधारात्मक कार्य की जानकारी ली। साथ ही जल्द पूरा करने के निर्देश दिये। दुर्घटना से बचने के लिए दुपहियां वाहन चालकों को अनिवार्य रूप से हेलमेट लगाने व कार चालकों को शीट बेल्ट लगाने अवगत कराया जाए। बैठक में जिले की सड़कों में यातायात सुरक्षा को और पुख्ता करने के लिए विभिन्न सुझावों पर विचार विमर्श कर कई महत्वपूर्ण निर्णय भी लिये गये। कलेक्टर ने जिले में घटित हिट एण्ड रन सड़क दुर्घटना के प्रकरण भी बैठक के एजेण्डा में शामिल करने पर जोर दिया। ताकि पीड़ित गंभीर घायल मृतक के कानूनी प्रतिनिधि की मुआवजा राशि हेतु दावा निपटान प्रक्रियाओं को शीघ्र निपटायी जा सकें।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री अग्रवाल ने जिले के संभावित दुर्घटना क्षेत्रों को चिन्हांकित कर सड़क सुरक्षा की दृष्टि से व्यापक इंतजाम करने के निर्देश दिये। उन्होंने सड़क दुर्घटना पर रोक लगाने हेतु राष्ट्रीय राजमार्गो को सहायक सड़कों से जोड़ने वाले पॉइंट पर गति अवरोधक रम्बल्ड स्ट्रिप बनाने को कहा। इस हेतु राष्ट्रीय राजमार्ग, लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को चिन्हांकित स्थानों में आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने के लिए कहा।

बैठक में नगर निगम दुर्ग के आयुक्त सुमीत अग्रवाल, नगर निगम भिलाई चरोदा के आयुक्त डी. राजपूत, नगर निगम रिसाली की आयुक्त मोनिका वर्मा, संयुक्त कलेक्टर लता उर्वशा, हरवंश सिंह मिरी, डिप्टी कलेक्टर लवकेश ध्रुव एवं महेश राजपूत, आरटीओ एस.एल.लकड़ा, ट्रेफिक डीएसपी सहित लोक निर्माण विभाग, एन.एच.ए.आई., बीएसपी, विद्युत, स्वास्थ्य एवं संबंधित अन्य विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

# महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने में अहिल्या की विशेष भूमिका : विधायक



**भिलाईनगर**, 31 मई (देशबन्धु)। महिलाओं के लिए गुणात्मक व्यापार और उन्हें शिक्षा से जोड़ने अहिल्या बाई होलकर ने तीन सौ वर्ष पहले की थी। उक्त बाते दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने रिसाली निगम के सभागार में कही। देवी अहिल्या बाई होलकर जयंती सम्मान समारोह में वें शामिल हुए स्वच्छता दीदी और निगम में उतकृष्ट कार्य करने वाली महिला कर्मचारियों का सम्मान महापौर शशि सिन्हा और विधायक ललित चंद्राकर ने शॉल, श्रीफल, पुष्पगुच्छ और सम्मान पत्र देकर किया। दुर्ग ग्रामीण विधायक ने कहा कि मंच पर महिलाओं का सम्मान एक प्रतीक है। असल में हम सभी मातृशक्ति का सम्मान करते है। उन्होंने अहिल्या बाई होलकर द्वारा किए कार्यो को अनुकरणीय कहा। दुर्ग ग्रामीण विधायक ने कहा कि अहिल्या देवी सामान्य मध्यम वर्गीय परिवार में जन्म लेकर एक कुशल न्याय प्रिय शासक की भूमिका और महिलाओं के उत्थान के लिए किए गए कार्यो को महत्वपूर्ण निरूपित किया। साथ ही उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाली सैन्य अधिकारी के कार्यो को रेखांकित किया। इस अवसर पर सभापति केशव बंछोर, नेता प्रतिपक्ष शैलेन्द्र साहू, पार्षद माया यादव, शीला नारखेड़े, रमा साहू ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर एमआईसी जहीर अब्बास, अनिल देशमुख, संजू नेताम, पार्षद सुनंदा चंद्राकर, सारिका साहू, सरिता देवांगन, राहुल राय, मण्डल अध्यक्ष अनुपम साहू, राजू जंघेल आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम का आभार प्रदर्शन नगर पालिक निगम रिसाली की आयुक्त मोनिका वर्मा और संचालन चन्द्रपाल हरमुख ने किया। नारी का सम्मान इस अवसर पर नगर पालिक निगम रिसाली की महापौर शशि सिंहा ने कहा कि हर दिन हो सम्मान समारोह की शुरूआत में रिसाली महापौर शशि सिन्हा ने कहा कि नारी शक्ति का प्रतीक है। नारी का सम्मान उत्सव धर्मिता न हो। सम्मान प्रत्येक दिन हो। उन्होंने नारी की शक्ति को देवी रूप निरूपित की। अपने उद्बोधन में उन्होने सम्मानित होने वाली कर्मियों को बधाई दी। इस अवसर पर एस.एल.आर.एम. सेंटर रूआबांधा की सुपरवाइजर माधुरी, डुण्डेरा सुपरवाइजर पूजा यादव, सिटी मिशन प्रबंधक अरूणा धृतलहरे, संपत्तिकर विभाग की वर्षा देशमुख, लोक निर्माण विभाग की मंगा रेड्डी, पेंशन शाखा की निशु रजक और जल कार्य विभाग की कविता साहू का सम्मान किया गया है।

### शंकर पारा पहुंची महापौर शशि

रिसाली महापौर शशि सिन्हा अपने परिषद के सदस्यों के साथ शंकर पारा स्टेशन मरोदा पहुंची। सुबह विजिट के दौरान महापौर शशि सिन्हा ने वार्ड में तैनात सफाई दरोगा से स्वास्थ कर्मचारियों की उपस्थिति का ब्योरा मांगा। इस दौरान अनुपस्थित कर्मचारियों का नाम अलग लिख अनुपस्थित करने निर्देश दिए। महापौर शशि सिन्हा वार्ड 20 में सफाई कार्य का निरीक्षण की। उन्होंने कुल 20 सफाई कर्मी की जगह 13 को काम करते पाया। महापौर ने सफाई दरोगा को आवश्यक दिशा निर्देश भी दी। उन्होंने साप्ताहिक बाजार में पानी निकासी की उचित व्यवस्था करने भी कहा। नगर पालिक निगम की महापौर की इस कार्यवाही से हड़कंप मच गया। लोगों ने इस कार्यवाही का स्वागत भी किया कि अचानक इस तरह की कार्यवाही से हकीकत सामने आ जाती है। भ्रमण के दौरान महापौर परिषद के सद्स्य संजू नेताम, जहीर अब्बास, अनिल देशमुख, पार्षद विनय नेताम, राहूल राय आदि उपस्थित थे।

# प्राण घातक हमला करने वाले 3 आरोपी गिरफ्तार



**भिलाईनगर**, 31 मई (देशबन्धु)। प्रार्थी अर्जुन साहू थाना बेरला का रिपोर्ट दर्ज कराया कि प्रार्थी का दोस्त मुतर्जरर खिलावन ग्राम गुधेली घुमने के लिए आया था जिसे प्रार्थी अपने मोटर साटकिल से छोडने के लिए खिलावन पाठक को उसके घर ग्राम मलपुरी कला ले जा रहा था कि 30 मई को रात करीबन 8 बजे मलपूरी कला चौक के आगे तालाब के पास खिलावन पाठक का जमीन है वहां पर खडे होकर आपस में बातचीत कर रहे थे उसी समय मलपूरीकला बस्ती तरफसे भूपेन्द्र, भोला, अजय एवं पीयुष आये और मोबाईल छीनने लगे और मुतर्जररों के मना करने आरोपीयानों द्वारा प्रार्थी व मुतर्जरर सदर खिलावन पाठक को हत्या करने की नियत से सभी एक राय होकर प्राण घातक हमला करते हुए अपने हाथ में रखे शराब की शीशी एवं धारदार लोहे की वस्तु से चोट पहुचाये है। कायमी उपरांत आरोपीगण का पता तलाश कर आरोपीयानो को हिरासत में लेकर पूछताछ पर अपराध स्वीकार कर घटना में प्रयुक्त आलाजरप को बरामद कराने पर समक्ष गवाहन जप्त कर कब्जा पुलिस लिया। के विरूद्ध धारा सदर का अपराध घटित करना सबूत पाये जाने से आज 31 मई को गिरफ्तार न्यायालय में पेश किया गया। नंदिनी पुलिस ने धारा 109, 3(5)बीएमएस के तहत भूपेन्द्र 20 साल, भोला धीवर 19 साल, अजय देवदास 18 साल को गिरफ्तार किया गया।

### लूट का आरोपी गिरफ्तार

27 मई को आहत मोहित कोल अपने छोटे भाई रोहित कोल के साथ दोपहर करीबन 11.30 बजे अपने मोटर सायकल से जामगांव एम देशी शराब भट्ठी गये थे। शराब लेकर घर वापस आ रहे थ. उसी दौरान इनकी मोटर सायकल का चेन टुट गया तब ये और छोटा भाई मोटर सायकल को ढकेलते आ रहे थे। आहत थक गया तो मुरूम खदान भाठागांव कापसी के पास नहर पुलिया के पास बैठ गया और छोटा भाई मोटर सायकल को ढकेलते हुये घर चला गया। लगभग 2.15 बजे शराब भट्ठी जामगांव तरफ से एक लाल काला कलर की स्कूटी मे तीन लोग आये उसमे से दो लड़के उतर कर आहत के पास आये और एक लड़का स्कूटी चालू कर बैठा थाए जो दो लड़के आहत के पास आये उसमे से एक लड़का आहत के हाथ से इनफिनिक्स कम्पनी का मोबाईल को लूटने लगे आहत द्वारा विरोध किया तो दूसरा लड़का पीछे से आहत का हाथ पकड़ लिया जो लड़का मोबाईल लूटने की कोशिश कर रहा था वह अपने पेंट के जेब से चाकू जैसे धारदार हथियार निकालकर आहत के पेट मे और बायें तरफ कमर के उपर चाकू जैसे धारदार हथियार से प्राण घातक हमला किया आहत के हाथ मोबाईल और आहत के शर्ट के जेब से दो हजार रूपये को लूट लिये उसके बाद तीनो लड़के गाड़ी मे बैठकर झीट तरफभाग गये।' आहत वहीं मुर्छित अवस्था मे पड़ा रहा। होस आया तो एक लड़के से लिफ्ट लेकर उसके मोटर सायकल मे बैठकर झीट तक आया और घटना के बारे मे पत्नी किरण कोल को बताया थोड़ी देर बाद झीट अस्पताल लेकर गये वहां से रिफर करने पर आहत को मेकाहारा अस्पताल रायपुर लेकर आये उपचार हेतु भर्ती किये आहत के साथ लूटपाट करने वालो तीनो लड़को को देखकर पहचान लूंगा कि रिपोर्ट पर धारा 311 बीएनएस पंजीबध्द कर विवेचना कार्यवाही मे लिया गया। घटना की गंभीरता को देखते हुये 'प्रकरण में सम्मिलित आरोपियों नोहर लाल 23 साल राजू सिन्हा 23 वर्ष गिरफ्तार किया गया जिनके कब्जे से घटना मे प्रयुक्त कैंची, स्कूटी और लूटे गये मोबाईल एवं 2000 रूपये नगदी को बरामद कर मुताबिक जप्ती पत्रक गवाहो के समक्ष जप्त किया गया है। कार्यवाही दौरान एसडीओपी पाटन, थाना प्रभारी अमलेश्वर उनि रामनारायण सिंह ध्रुव हमराह स्टाफए आरक्षक कुलेश्वर साहू, गौकरण बघेल, अजय सिंह, हसन अली की विषेष भूमिका रही।

# 11 गर्भवती महिलाओं को पोषण आहार वितरित



**भिलाईनगर**, 31 मई (देशबन्धु)। सुशासन तिहार समाधान शिविर का समापन आज गुडडीचा मंच सेक्टर 10 में किया गया। जिसमें शासन के सभी विभाग के काउंटर लगे थे। प्रमुख रूप से राजस्व विभाग, शिक्षा विभाग, स्वास्थ्य विभाग, आधार कार्ड, आयुष्मान कार्ड, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, राशन कार्ड, यातायात विभाग से ड्राइविंग लाइसेंस, महिला एवं बाल विकास विभाग, श्रम विभाग, प्रधानमंत्री आवास विभाग, विद्युत विभाग, जल विभाग आदि सभी सरकारी विभाग के अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहे। छत्तीसगढ़ शासन का यही उद्देश्य था की जनता के समस्याओं का समाधान उनके वार्ड स्तर में जाकर अधिकारी, कर्मचारी करें। जिससे उन्हें किसी प्रकार की भी परेशानी ना हो। आवेदन का प्रथम चरण में सभी समस्याओं एवं मांगों से संबंधित आवेदन प्राप्त किया गया। दूसरे चरण एक माह तक चलाए जिसमें नागरिकों से प्राप्त आवेदन का निराकरण किया गया। तीसरा चरण 5 मई से शुरू होकर 31 मई तक चलाए जिसमें निराकृत किए गए सभी आवेदनों के बारे में नागरिकों को बताया गया। अगर किसी के पास कोई अन्य समस्या बची थी उसका भी समाधान पेटी में आवेदन लिया गया। आज नगर पालिक निगम भिलाई के महापौर नीरज पाल स्वयं पहुंचकर 11 गर्भवती महिलाओं को पोषण आहार एवं 08 बच्चों को खिलौना प्रदान किया गया। सभी काउंटर में जाकर अधिकारियों, कर्मचारियों से शासन की योजनाओं के बारे में जानकारी प्राप्त किये। स्वास्थ्य विभाग के काउंटर में पहुंचकर के अपना बीपी, शुगर आदि का जांच करवाएं। शिविर के दौरान कुल 80 आवेदन प्राप्त हुए। जिसमें 20 मांग, 55 शिकायत, 12 ड्राइविंग लाइसेंस, 8 आधार कार्ड, 3 आयुष्मान कार्ड, 48 नवीन राशन कार्ड, हितग्राहियों का स्वास्थ्य परीक्षण एवं दवाई वितरण किया गया। शिविर में एमआईसी सदस्य सीजू एन्थोनी, आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय, जोन अध्यक्ष राजेश चौधरी, जनप्रतिनिधि धर्मेन्द्र यादव, जोन आयुक्त कुलदीप गुप्ता, चिकित्सा अधिकारी पीयाम सिंह, कार्यपालन अभियंता अनिल सिंह, वरिष्ठ स्वास्थ्य अधिकारी व्ही. के. सैमुअल, सहायक अभियंता दीपक देवांगन, श्वेता महेश्वर, सागर दुबे आदि उपस्थित रहे।

# मकान मालिकों को किराएदार की पूर्ण जानकारी थाना में देंवे

**भिलाईनगर**, 31 मई (देशबन्धु)। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी अभिजीत सिंह ने दुग भिलाई, रिसाली, भिलाई-चरोदा, कुम्हारीए जामुल व निकटवर्ती नगरीय क्षेत्रों व नगर बाह्य क्षेत्रों के निवासियों की सुरक्षाए शांति एवं जनहित को दृष्टिगत रखते हुए तत्कालिक तौर पर मकान मालिकों एवं प्रतिष्ठानों के द्वारा किराये पर भवन देने व मकान लेने के पूर्व तथा पूर्व से ही किराएदार के रूप में रह रहे व्यक्तियों का पूर्ण विवरण निकटतम थाना प्रभारियों को देने कहा है। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्री सिंह द्वारा भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 में प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए दुर्ग, भिलाई, रिसाली, भिलाई-चरोदा, कुम्हारी, जामुल व निकटवर्ती नगरीय क्षेत्रों व नगर बाह्य क्षेत्रों के लिए पारित आदेश के अनुसार सभी मकान मालिकों के लिए किराएदारों की सूचना देना अनिवार्य है। कोई भी मकान मालिक उस समय तक अपना मकान या उसका कोई भाग किराये पर नहीं देंगे। जब तक किराएदार का पूर्ण विवरण संबंधित थाना प्रभारी को प्रस्तुत नहीं कर देंते। संबंधित थाना प्रभारी को जानकारी दिये बगैर कोई व्यक्ति प्रतिष्ठान भवन किराए पर दे या ले नहीं सकेगा। आदेश जारी दिनांक के पूर्व से ही जो व्यक्ति किराएदार की हैसियत से रह रहे हैं, उनके मकान मालिक भी थाना प्रभारी को किराएदारों के संबंध में तत्काल सूचित करेंगे। किसी भी व्यक्ति को वैध पहचान पत्र के बिना आवास किराये पर न दिया जाए। सभी किराएदार का नाम, पता, मोबाईल नंबर, पहचान क्रमांक सभी मकान मालिक अनिवार्य रूप से दर्ज करेंगे तथा संबंधित थाना प्रभारी को दी गई सूचना में इसका उल्लेख अनिवार्यतः करेंगे। किराएदार द्वारा अथवा उनके यहां पर किसी भी आगन्तुक द्वारा किसी भी संदिग्ध गतिविधि या व्यक्ति की जानकारी तुरंत निकटतम पुलिस थाना, चौकी में देंगे। आदेश का उल्लंघन भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 223 के अधीन दण्डनीय अपराध होगा।

# संयंत्र के जर्जर आवास में निगम देगा प्रबंधन को पत्र



**भिलाईनगर**, 31 मई (देशबन्धु)। भिलाई स्टील प्लांट क्षेत्र के सेक्टर 6 सेक्टर 7 व स्थानों पर जहां पर पुराने जर्जर मकान है वह खतरे का संकेत को देखते हुए निगम भिलाई संयंत्र प्रबंधन के पत्र प्रेषित करेगा। आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय नियमित भ्रमण के दौरान जोन-5 के आयुक्त कुलदीप गुप्ता के साथ में दौरा कर रहे थे। उन्होनें देखा कि भिलाई स्टील प्लांट द्वारा लगभग सभी तीन मंजिला के मकान पर लिख दिया गया है। मकान रहने लायक नहीं है। उसमें भी बहुत सारे लोग निवास कर रहे हैं। जबकि मकान एकदम जर्जर स्थिति में है। कभी भी अनहोनी हो सकता है। कुछ लोग अवैध कब्जा करके भी वहां निवास कर रहे हैं। किसी प्रकार की अनहोनी ना हो पहले से ही सबको हटा दिया जाए। इस परिपेक्ष में आयुक्त ने जोन आयुक्त को सभी ऐसे मकान का सर्वे करके भिलाई स्टील प्लांट को पत्र लिखने को निर्देशित किए हैं। पत्र के कॉपी से जिला प्रशासन को भी दी जानकारी जाएगी। कुछ ऐसे भी मकान मिले की नीचे से टूट गए हैं फिर भी लोग छत पर अवैध कब्जा करके रह रहे हैं। निगम के उप अभियंता श्वेता महेश्वर एक हफ्ते के अंदर सभी जर्जर मकान का सर्वे करके निगम आयुक्त को रिपोर्ट को रिपोर्ट प्रस्तुत करेंगी। उसे परिपेक्ष में कार्रवाई की जाएगी। कुछ ऐसे भी मकान मिले जहां पर मजदूरों द्वारा बिना सुरक्षा का ध्यान दिए ईटा, खिड़की निकाला जा रहा था। जब उनसे पूछा गया कि किसके परमिशन से निकल रहे हो उसने बोला जैन साहब निकलवा रहे हैं। कुछ स्थानी लोगों द्वारा बताया गया यहां पर असामाजिक तत्वों का भी बसेरा रहता है। कुछ लोग बाहर से आकर भी निवास कर रहे हैं। इसका संज्ञान लेना बहुत जरूरी है। भ्रमण के दौरान स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली, जोन स्वास्थ्य अधिकारी के वी के सेमुल, प्रभारी सागर दुबे आदि उपस्थित रहे। निगमए भिलाई जर्जर मकान बिना खिड़की निकाला जा रहा था।

# रिसाली के चंद्राकर परिवार को किया डिजिटल अरेस्ट

**भिलाईनगर**, 31 मई (देशबन्धु)। भिलाई के चंद्राकर परिवार के साथ करीब 54 लाख रुपए की साइबर ठगी का मामला सामने आया है। इस दौरान सीबीआई की मुंबई ब्रांच का तथाकथित अफसर बनकर चंद्राकर परिवार को डिजिटल अरेस्ट कर झूठे मामले में फसाने की धमकी देते हुए एक माह में कई वीडियो कॉल एवं अलग.अलग बैंक खातों से आरटीजीएस करा कर वसूली की गई। नेवई पुलिस के द्वारा शिकायत पर से अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है। नेवई पुलिस के मुताबिक प्रार्थी नम्रता 45 साल पता आजाद मार्केट प्रगति नगर रिसाली में के साथ रहती है। 29 अप्रैल को अज्ञात व्यक्ति नें मोबाईल नंबर से विडियों वाटसअप कॉल कर पापा को बोला कि सीबीआई कार्यालय मुंबई से बोल रहा है। पापा के नाम का केनरा बैक का खाता मुंबई में नरेश नामक व्यक्ति के कब्जे से बरामद किया गया है। उक्त खाते में 2 करोड रुपय का मनी लाड्रिंग हुआ है इस संबंध में पापा का आधार कार्ड भी दिखाये और नरेश द्वारा पापा से उक्त खाते को 5 लाख रू में खरीदना बताये इस सबंध में नरेश का स्टेटमेंट भी दिखाये, तथाकथित सीबीआई अफसर ने पापा को आरोपी बताते हुए गिरफ्तार करने आएंगे नहीं तो आप लोग हमारा विडियो कॉल में सहयोग करने बोले चंद्राकर परिवार राजी हो गये। तथाकथित उपसरने वीडियो कॉल में चंद्राकर परिवार के सभी खाते का डिटेल कितना रकम जमा है, कितना जमीन जायदाद, सोना चांदी सभी की जानकारी ले लिये थे। वे बताये कि उक्त फर्जी खाते में कई गरीब लोगो का रकम जमा करा मनी लाड्रिंग किये है आप लोगों को जेल हो सकती है। तब चंद्राकर परिवार के द्वारा डर के कारण अलग.अलग बैंक खातों से 29 अप्रैल से 29 मई तक पापा व मम्मी को विडियो कॉल कर 54,90.000 छलपूर्वक आरटीजीएस कराकर ठगी किये है।

# सीएमओ बक्शी ने बड़े नाले का किया निरीक्षण



**भिलाईनगर**, 31 मई (देशबन्धु)। नगर पालिका परिषद जामुल क्षेत्र में सुशासन तिहार के अंतर्गत समाधान शिविर का आयोजन सुरडुंग के मंगल भवन में आयोजन किया गया। वार्ड-19 एवं 20 के वार्डवासियों के समस्याओं का निराकरण किया गया। समाधान शिविर का समापन नपा अध्यक्ष ईश्वर सिंह ठाकुर ने गर्भवती महिलाओं को सुपोषण टुकनी प्रदान कर किया और कहा कि राज्य शासन द्वारा आयोजित सुशासन तिहार अंतर्गत समाधान शिविर में विभागीयवार प्राप्त आवेदनों का निराकरण किया गया है। समाधान शिविर के अंतर्गत या पालिका से संबंधित कोई समस्या आती है। तो इसका समाधान भी शीघ्र ही करेंगें, ताकि जनता को शीघ्र ही लाभ मिलें। समधान शिविर के समापन अवसर में आभार प्रदर्शन मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्रीमती सीमा बख्शी ने किया। आयोजित शिविर में प्रमुख रूप से महामंत्री प्रेमलाल साहू, विजेन्द्र सिंह विशेष रूप से उपस्थित थें। शिविर आयोजन के पूर्व सुबह से ही मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्रीमती बख्शी द्वारा वार्डो के सफाई का निरीक्षण किया गया। जिसमें बरसात जल्दी आने की संभावना को देखते हुए जल निकासी के लिए चल रहें बड़े नालों का निरीक्षण किया गया एव कार्यस्थल पर उपस्थित सफाई सुपरवाईजर को निर्देशित किया गया कि पालिका क्षेत्र के सभी प्रमुख नालों की सफाई बरसात पूर्व करा लेवें कहीं पर भी जल भराव की स्थिति नहीं आना चाहिए। वाड-8, 11, 12, 13, 14 के नालियों का प्रमुख निकासी नाला सफाई का निरीक्षण किया गया। उसके बाद वार्ड 10 में चल रहें सफाई कार्य को शीघ्र पूर्ण करने निर्देश दिया गया। तत्पश्चात समाधान शिविर वार्ड-19, 20 का जायजा सीएमओ द्वारा लिया गया।

# शिविर में प्राप्त आवेदनों का तत्काल हो निराकरण

**भिलाईनगर**, 31 मई (देशबन्धु)। जिला कांग्रेस कमेटी भिलाई के प्रवक्ता जावेद खान ने सुशासन तिहार के तहत सेक्टर 10 में लगाए गए समाधान शिविर को महज शासकीय कार्यक्रम की औपचारिकता के तहत खानापूर्ति और ढकोसला क़रार दिया है रूटिन के कार्य जो दफ्तर मे बैठ कर किए जा सकते है उनको निपटाने के लिये शिविर का सहारा लिया जा रहा है। इसके अलावा हर आवेदक को उसके आवेदन पर भले ही कोई कार्यवाही नही की गई हो लेकिन गोल मोल जवाब दे कर उसके आवेदन को निराकरण की श्रेणी मे डालने का आरोप लगाया है। उन्होने लिखित जारी बयान में बताया कि हुडको वार्ड क्रमांक 69 के एक आवेदक ने आवेदन मे जो जानकारी चाही उसका उन्हें सही जवाब नही मिल सका। श्री जावेद ने बताया कि



हुड़को क्षेत्र मे एम डी पी पाईप लाईन मे कई स्थानों पर पंचर है। जिससे शुद्ध पेयजल की समस्या बनी हुई है। जिसकी शिकायत करने पर भी इसका संधारण कार्य नही किया जा रहा है। इस कार्य के लिये शिविर में आवेदन दिया गया है, उस पर कोई जवाब नही मिल सका है। कांग्रेस प्रवक्त ने जावेद ने बताया कि वार्ड क्रमांक 69 मे पानी का वाल्व खोला ही नही जा रहा है। इस बात को बताने का तात्पर्य यह है कि आवेदक का सवाल कुछ है और निराकरण और समाधान की रेटिंग बढाने के लिए उसको जवाब कुछ और दे कर यह जतलाया जा रहा है। उन्होनें कहा कि इस तरह के शिविर में लोगों को बहुत विश्वास रहता है। इसलिये शिविर में प्राप्त आवेदनों पर तत्काल निराकरण किया जावे।

# सेक्टर-1 में जनसंपर्क विभाग होगा हस्तांतरित

**भिलाईनगर**, 31 मई (देशबन्धु)। सेक्टर-1, सड़क-8 और 10 के मध्य स्थित सामुदायिक विकास कार्यालय (पुराना तारघर) में भिलाई इस्पात संयंत्र के संपर्क, प्रशासन एवं जनसंपर्क विभाग को औपचारिक रूप से सुपुर्द कर दिया गया। बताया गया कि कुछ माह बाद अब नया जनसम्पर्क कार्यालय इस भवन में स्थानांरित हो जायेगा। इस अवसर पर संपर्क प्रशासन एवं जनसंपर्क विभाग के वरिष्ठ अधिकारियो महाप्रबंधक संपक प्रशासन एवं जनसंपर्क अमूल्य प्रियदर्शी, महाप्रबंधक जनसंपर्क प्रशांत तिवारी, महाप्रबंधक संपर्क, प्रशासन एवं जनसंपर्क सौमिक डे, सहायक महाप्रबंधक जनसंपर्क श्रीमती अपर्णा चंद्रा तथा सहायक महाप्रबंधक जनसंपर्क जवाहर बाजपेयी ने भवन परिसर का अधिग्रहण किया और स्थानांतरण गतिविधियों के शुभारंभ हेतु भूमि पूजन किया। उल्लेखनीय है कि एलए एवं पीआर विभाग के कुछ कार्यालयों का स्थानांतरण इस सीडीओ जनगणना भवन परिसर में किया जा चुका है। कार्रवाई के दौरान संपदा न्यायलय के कार्यपालक मजिस्ट्रेट, भट्टी थाना के वरिष्ठ पुलिस अधिकारी, महाप्रबंधक टीएसडी प्रवर्तन के.के. यादव, उपमहाप्रबंधक टीएसडी सुरजीत मलिक, सहायक प्रबंधक टीएसडी राजस्व पंकज कुमार सिंह, सहायक प्रबंधक एस्टेट कोर्ट, दीपक कुमार विश्वकर्मा, सहायक प्रबंधक सम्पदा देवानंद चौहान तथा सहायक प्रबंधक टीएसडी.जन स्वास्थ्य विभाग, मुकुंद दास माणिकपुरी भी उपस्थित रहे। उल्लेखनीय है कि 4 अप्रैल 2025 को एस्टेट कोर्ट के डिक्री आदेश 27 मार्च 2025 के अनुपालन में जनगणना भवन का अतिक्रमण हटाया गया था। इसके पश्चात एस्टेट कोर्ट के 28 मई 2025 के आदेश के अनुसार सील किए गए परिसर को 30 मई की सुबह औपचारिक रूप से खोला गया। इस प्रक्रिया में प्रवर्तन विभाग, भूमि अनुभाग, एस्टेट कोर्ट, जन स्वास्थ्य विभाग, सुरक्षा कर्मियों महिला गार्ड सहित और भट्टी थाना की पुलिस सहित लगभग 150 अधिकारियों और कर्मचारियों की टीम शामिल रही। इस अवसर पर संपदा न्यायलय के कार्यपालक मजिस्ट्रेटए भट्टी थाना के पुलिस अधिकारी और सम्पदा विभाग के अधिकारियों ने न्यायालय के निर्देशानुसार जेपी सीमेंट के प्रतिनिधि को कुछ आवश्यक सामग्री पंचनामा बनाकर सुपुर्द किया। यह पंचनामा संध्याकाल न्यायालय में प्रस्तुत कर दिया गया। न्यायालय के निर्देशानुसार पूर्ववर्ती कब्जाधारियों की निजी वस्तुओं की पहचान कर उन्हें दस्तावेज़ीकृत करते हुए उनकी सुपुर्दगी की गई। शेष वस्तुओं को भवन के निर्धारित कक्षों में सुरक्षित रूप से समाहित कर गवाहों एवं साक्ष्यों की उपस्थिति में पुनः सील किया गया। संपूर्ण प्रक्रिया का फोटोग्राफी एवं वीडियोग्राफी के माध्यम से जनसंपर्क विभाग द्वारा दस्तावेजीकरण किया गया।



# दुकान में चोरी करने के आरोप में तीन गिरफ्तार



**भिलाईनगर**, 31 मई (देशबन्धु)। जामुल पुलिस ने दुकान में चोरी के आरोप में तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि प्रार्थी खम्हन सिंह ठाकुर निवासी नाकापारा जामुल ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि शिवपुरी जामुल में फर्नीचर दुकान कों 24 मई की रात्रि दुकान बंद कर घर चला गया था। 26 मई को सुबह जब प्रार्थी दुकान आया तो दुकान के उपर लगे सीट उठा हुआ था। सामान चेक करने पर पता चला कि 1 नग रेंदा मशीन, 1 कटर मशीन,1 नग ड्रील मशीन, ग्रेंडर मशीन एवं पाना पेंचिस को अज्ञात आरोपी द्वारा चोरी कर ले गया है कि रिपोर्ट पर थाना जामुल में अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। इसी दौरान मुखबीर द्वारा सूचना एवं हुलिया के आधार पर संदेही हीरा सिंह से पूछताछ किया गया जो अपने साथी आरोपी चंदन के साथ मिलकर प्रार्थी के दुकान में चोरी करना स्वीकार किया तथा चोरी की गई मशीन आरोपी कारू साव के पास बिक्री करना बताये। आरोपियों से चोरी गई की गई मशरूका रेंदा मशीन, कटर मशीन, ड्रील मशीन, ग्रेंडर मशीन एवं पाना पेंचिस कुल कीमती 15000 रूपये जप्त किया गया है। इस कार्यवाही में थाना प्रभारी जामुल निरीक्षक राजेश मिश्रा, सउनि बेनी सिंह राजपूत, आरक्षक चेतमान गुरूंग, रत्नेश शुक्ला, चन्द्रभान यादव, रूपनारायण बाजपेयी, चंदन सिंह का विशेष योगदान रहा।

## विद्युत करंट लगने से 55 वर्ष की व्यक्ति की मौत

**सिमगा,** 31 मई। ग्राम पंचायत चौरेंगा निवासी कार्तिक राम गोड़ पिता साखाराम गोड़ उम्र 55 वर्ष जो 30 मई को दोपहर 1.30 बजे अपने घर के आंगन में नहा रहा था कि अचानक वहां पर लगे बिजली होल्डर को पकड़ लिया था। जिससे उसको जोरदार विघुत करंट लगने से घटना स्थल पर ही मृत्यु हो गई।



# प्राकृतिक स्थलों को पर्यटन क्षेत्र में डेवलपमेंट करने गणमान्य नागरिकों की राय, ली बैठक

**डोंगरगढ़,** 31 मई (देशबन्धु)। मां बम्लेश्वरी तीर्थ क्षेत्र होनें से डोंगरगढ़ में साल भर बाहरी लोगों की आवाजाही रहती है। इसलिए क्षेत्र के प्राकृतिक स्थलों को पर्यटन क्षेत्र में डेवलपमेंट कर पर्यटकों की संख्या बढ़ानें की दिशा में पहल शुरु हो गई है। जल्द ही सरकार द्वारा डूंगरगढ़ में पर्यटन के क्षेत्र में विकास कार्य कराए जाएंगे जिससे कि यहां आने वाले श्रद्धालुओं को हर बुनियादी सुविधा उपलब्ध हो सके। शनिवार को जिला कलेक्टर सर्वेश्वर नरेंद्र भूरे के आदेश पर अनुविभागीय अधिकारी राजस्व मनोज मरकाम ने नगर पालिका सभागार में शहर के गणमान्न नागरिकों की बैठक लेकर सुझाव मांगे गए। एसडीएम श्री मरकाम ने बताया कि कलेक्टर की मंशा है कि डोंगरगढ़ शहर के अलावा आस-पास के 25-30 किलोमीटर के दायरें में स्थित प्राकृतिक स्थल व अन्य धार्मिक स्थल भी जुड़े। ताकि बाहर से आनें वालें पर्यटक स्टे कर सुविधाओं से रूबरू हो। स्थानीय लोगों को इससे रोजगार उपलब्ध हो। वर्तमान में बम्लेश्वरी मंदिर, प्रज्ञागिरी व चंद्रगिरी आनें वालें दर्शनार्थी दर्शन कर उसी दिन वापस चलें जातें है। इन्हें रोकनें के लिए अन्य स्थलों का विकास कर सुविधा मुहैया करानी होगी। विधायक हर्षिता स्वामी बघेल ने कहा कि क्षेत्र में पर्यटन की काफी संभावनाएं है। यहां पर प्राकृतिक स्थलों की कमी नहीं है। लेकिन लोगों तक जानकारी नहीं होनें से दूर है। इसलिए ऐसे क्षेत्रों को चिन्हित करके डेवलपमेंट कर प्रचार-प्रसार करना चाहिए। बैठक में कई पार्षदों को सूचना नहीं दिए. जानें को लेकर बहसबाजी भी हुई। पर्यटन मंडल के श्रीनिवास राव ने सभी से सुझाव लिए और आने वालें समय में दोबारा बैठक कर सुझाव पर अमल की बात कही। बागनदी से लेकर ढारा तक डोंगरगढ़ का जंगल फैला हुआ है। यहां पर कई जंगली जानवरों की मौजूदगी भी है। इसे जंगल सफारी के रूप में डेवलप कर पर्यटकों को सैर कराया जा सकता है। इसके अलावा ट्रैकिंग, नाइट स्टे कैम्प कराकर बाहर के पर्यटकों को रोका जा सकता है। जंगल व जलाशयों में कई दुर्लभ विदेशी पक्षी भी देखें जा सकतें है। यह शुरु होनें से स्थानीय ग्रामीणों को रोजगार भी मिलेगा। मड़ियान से लेकर



पनियाजोब, राउरकसा, कोलारघाट, भर्रीटोला, निगो देवकट्टा व ढारा डंगबोरा जैसे कई जलाशय है। यहां पर पहुंचना भी आसान है। इसलिए वाटर बॉडी में एडवेंचर शुरु किया जा सकता है। इसके अलावा कयाकिंग, बैम्बू राफ्टिंग व बोटिंग आदि चालू करनें से आय के स्रोत तो बढ़ेगा ही साथ ही रोजगार के अवसर बढ़ेंगे। ऐसी नई सुविधाएं बाहर से आनें वालें लोगों को आकर्षित करेगी। इसके लिए पूर्व में प्रस्ताव भेजा गया था। लेकिन अमल नहीं हो सका। ट्रेन व अन्य साधनों से आनें वालें लोगों को अन्य प्राकृतिक व धार्मिक स्थलों तक पहुंचानें के लिए पर्यटन बस की सुविधा शुरु करने का सुझाव भी आया। ताकि लोग बस में सवार होकर आनंद उठा सके। इसके लिए महाराष्ट्र के हाजरा फाल से लेकर करेला की भवानी मंदिर को भी शामिल किया जा सकता है। इसके अलावा शहर में टॉय ट्रेन की सुविधा शुरु करके एक नई उपलब्धि हासिल की जा सकती है। टॉय ट्रेन के लिए नैरोगेज कोच देनें के लिए रेलवे सहमति जता चुकी है। फिर भी जमीन को लेकर अब तक सहमति नहीं बन सकी है। बैठक में इसके अलावा स्वच्छ्ता को लेकर काफी शिकायतें आई। महावीर तालाब के सौंदर्यीकरण करनें को लेकर भी सुझाव मिलें। प्रज्ञागिरी ट्रस्ट के सचिव शैलेन्द्र डोंगरे ने नए मास्टर प्लान को लेकर अपनी बात रखी। पार्षद अमित जैन ने परिक्रमा पथ से चंद्रगिरी तीर्थ को शामिल करनें की मांग की। नगर पालिका अध्यक्ष रमन डोंगरे, उपाध्यक्ष उमा महेश वर्मा, सांसद प्रतिनिधि तरुण हथेल, प्रकाश चौरड़िया, चीकू जैन, लक्ष्मी नारायण अग्रवाल, विजयराज सिंह, विनीत यादव, अनिल गट्टानी, सहित अन्य लोगों ने भी पर्यटन क्षेत्र में विकास को लेकर अपनें-अपनें सुझाव रखें। इस दौरान सभापति देवेंद्र साखरे, डी एकेश राव, सुमित ताम्रकार, ड्रा रेखा राघवते, पार्षद अनीश निर्मलकर, शारदा यादव, बबीता मलागार, शिवानी साखरे, भूपेंद्र मरकाम, राजेंद्र सेन, मेनका राजेश कंडर, महिला मोर्चा अध्यक्ष सविता दरगढ़, उपाध्यक्ष लक्ष्मी यादव, अनीता इंदुरकर, महावीर मंदिर से साकेत बिहारी, गुरविंदर सिंह भाटिया, तुलसी मिश्रा सहित नायब तहसीलदार कमल किशोर साहू, वन विभाग एसडीओ पूर्णिमा सिंह राजपूत, सिंचाई विभाग एसडीओ श्री सिद्धकी, नगर पालिका अधिकारी चंद्रकांत शर्मा, विनोद वर्मा, विजय कोटागले, अमर करसे सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित थे।

# कुरलु समाधान शिविर में पहुंचे विधायक

**परपोड़ी,** 31 मई (देशबन्धु)। साजा विधानसभा अंतर्गत ग्राम पंचायत कुरलू मैं अंतिम समाधान शिविर का आयोजन किया गया था जिसमें क्षेत्र के विधायक ईश्वर साहू, जिला पंचायत उपाध्यक्ष प्रतिनिधि बलराम वर्मा, जिला पंचायत सदस्य अनिल वर्मा, जनपद उपाध्यक्ष नारद वर्मा, जनपद पंचायत सभापति रघुवीर नेताम, खम्हरिया मडंल अध्यक्ष केशव पटेल, ग्राम पंचायत सरपंच अनिल वर्मा, जनपद पंचायत अध्यक्ष जितेंद्र साहू वरिष्ठ भाजपा नेता नथमल कोठारी, सरपंच प्रतिनिधि हेमंत कौशल, महामंत्री सतीश जैन, युवा मोर्चा अध्यक्ष भोज सिन्हा, सहित 9 पंचायत के सरपंच सचिव एवं स्टाल लगा कर बैठे शासकीय कर्मचारी गण सहित जनता जनार्दन बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। साजा विधायक ईश्वर साहू ने 3100 सौ में भाजपा शासन धान खरीदा है। भाजपा ने महतारी वंदन योजना में महिलाओं को प्रतिवर्ष 12 हजार प्रदान किया है। सुशासन तिहार नागरिकों के समस्या के समाधान के लिए है। छत्तीसगढ़ में 18 लाख पीएम आवास भाजपा सरकार में स्वीकृत किया गया है। किसानों को 2 साल का बोनस मिला है। किसानों को अंतर की राशि एक मुश्त मिला है। पीएम मोदी ने गरीबों के आवास निर्माण के सपने को पूरा किया। गरीब के ईलाज के लिए 5 लाख का आयुष्मान योजना पीएम मोदी ने दिया। छत्तीसगढ़ में विकास के गंगा बह रहा है। उसी उपक्रम में जिला पंचायत उपाध्यक्ष प्रतिनिधि बलराम वर्मा कहा कि ग्राम विकास से जिला विकास, जिला विकास से राज्य विकास और राज्य विकास देश का विकास होगा। तब प्रधानमंत्री मोदी का विकसित भारत का सपना साकार होगा। उसी क्रम मे जनता को संबोधित करते हुवे जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 10 के सभापति अनिल वर्मा ने कहा कि सुशासन तिहार क्लस्टर के माध्यम से चल रहा है। आम लोगों के बीच अधिकारियों के माध्यम से निराकरण किया जा रहा है इस प्रकार 90 प्रतिशत समस्या का निराकरण हो गया है। इस प्रकार सुशासन तिहार का समापन आज हो गया।



# मेटेनेंस के बाद भी समस्या बरकरार, रात में घंटों बिजली गुल, लोग परेशान

**डोंगरगढ़,** 31 मई (देशबन्धु)। बिजली कंपनी के रोजाना मेंटेनेंस के दावों के बाद भी लगातार बिजली गुल की समस्या बनी हुई है। शहर से लेकर गांवों तक किसी भी समय मेटेनेंस के नाम पर कटौती तो की जा रही है। इसके बाद भी अचानक किसी भी समय बिजली गुल हो रही है। मानसून के पूर्व मेटेनेंस के नाम पर रोजाना घंटो बिजली बंद रखी जा रही है। फिर भी रात में खराबी सामनें आ रही है। शुक्रवार की रात 11.15 बजें शहर के कई हिस्सों में बिजली बंद हो गई। इसके बाद लोग बिजली कंपनी के शिकायत नंबर पर लगातार कॉल करतें रहे। लेकिन कुछ देर में खराबी दूर हो जानें का आश्वासन दिया गया। फिर भी रात 2 बजें तक शहर के अधिकतर वार्ड अंधेरे में रहे। लोग गर्मी से हलाकान होकर अपनें घरों से बाहर निकलें और बिजली कंपनी के रवैये को लेकर आक्रोश जताया। बता दे कि अभी मानसून ने पूरी तरह से दस्तक भी नहीं दिया है और न ही वर्तमान में आंधी-तूफान की स्थिति है। इसके बाद भी किसी भी समय अघोषित बिजली कटौती व अफसरों की मनमानी जारी है।



शहर में रोजाना अलग-अलग क्षेत्रों में मेंटेनेंस के नाम पर कटौती, फिर भी गुल हो रही बिजली-

* शहर के अलग-अलग क्षेत्रों में रोजाना मेंटेनेंस का हवाला देकर कई घंटो तक बिजली बंद रखी जाती है। इसके बाद भी जिन हिस्सों में मेंटेनेंस का दावा किया जाता है, उन्हीं इलाकों में कुछ न कुछ खराबी सामनें आती है और फिर से समस्या को सुधारनें के लिए अघोषित कटौती कर दी जाती है। अब सवाल उठता है कि कंपनी के दावों के बावजूद लगातार खराबी क्यों आ रही है। बिजली से चलनें वाले उपकरण बंद होनें से व्यवसाय पर भी सीधा असर पड़ रहा है। डोंगरगढ़ ऐसा शहर जहां मानसून के अलावा त्यौहार व पर्व के नाम पर भी करतें है मेंटेनेंस-

* पर्यटन क्षेत्र होनें की वजह से सालभर बाहरी लोगों की आवाजाही बनी रहती है। चैत्र व चार नवरात्र के पूर्व मेंटेनेंस के नाम पर आपूर्ति बंद रखी जाती है। इसके अलावा होली व दीपावली के पूर्व भी बंद कर मेंटेनेंस का हवाला दिया जाता है। तभी बारिश के पूर्व मेंटेनेंस के नाम पर अलग-अलग इलाकों बिजली कटौती की जा रही है। इससे लोग खासे परेशान है।

# दुर्गम पहाड़ियों का सीना चीरकर बनेगी नई राह

**कुसुमकसा/दल्लीराजहरा,** 31 मई (देशबन्धु)। जिले की अंतिम छोर पर बसे दो विकास खंडो की मिटेगी दूरियां 30 किलोमीटर के लंबे सफर को महज 4 किलोमीटर के चंद फासले पर लाकर जोड़ने की मुख्यमंत्री विष्णु देव की सुशासन सरकार की घोषणा मिल का पत्थर साबित होगी। ग्रामीणों के लगातार 30 वर्षों के मेहनत को मिलेगी नई दिशा, इस विकास की नई इबारत लिखने में आदिवासी अंचल के लोकप्रिय प्रदेश भाजपा प्रवक्ता देवलाल ठाकुर के लगातार आदिवासियों के बीच पकड़ को मजबूती प्रदान करता है, विष्णु देव की सुशासन सरकार ने सुशासन तिहार पर बालोद जिले के आगमन पर कई वर्षों से जनता की मांग वह पूर्व जनपद सदस्य संजय बैस ने ग्रामीणों का समर्थन करते हुए उनकी जायज मांगों का आवेदन पत्र सोपा था। जिसे मूर्त रूप देने में देवलाल ठाकुर मुख्यमंत्री चर्चा कर चंद मिनट के प्रयास से सार्थक पहल की, जिसका परिणाम आज पूरे डौडी से लेकर डौडी लोहारा विधानसभा की जनता को मुख्यमंत्री जुनवानी से चिखली सड़क निर्माण के लिए 11करोड़ 47 लाख स्वीकृती की घोषणा क्षेत्र के जनता के लिए ऐतिहासिक घोषणा है। क्षेत्र के ग्रामीणों ने अपनी प्रतिक्रिया राज्य के मुख्यमंत्री को हृदय से धन्यवाद दिये। हमने बनाया है हम ही सवारेंगे इस कथन को विष्णु देव सायकी घोषणा ने सच का साबित कर दिया है, साथ ही साथ देवलाल ठाकुर व संजय बैस का भी हृदय से आभार व्यक्त किया। ग्रामीणों ने बताया कि जब देव लाल ठाकुर जिला पंचायत के अध्यक्ष थे तब भी इस सड़क के लिए 84 लाख रुपए की राशि स्वीकृति किए थे लेकिन नरेगा से काम होने के कारण बड़े बड़े चट्टानों को तोड़ना मजदूरों से संभव नहीं था लेकिन देवलाल ठाकुर सोच के रखे थे इस सड़क को बना के रहेंगे। जिस पर मुख्यमंत्री इस सड़क के लिए राशि स्वीकृति प्रदान किए हैं जिसके लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय व भाजपा नेता संजय बैस को साधुवाद दिये है।



- 30 किलो मीटर का सफर महज 4 किलोमीटर में होगी पूरी
- मुख्यमंत्री साय, भाजपा नेता देवलाल संजय बैस का ग्रामीणों ने माना आभार

## कार्यकर्ताओं ने केक काटकर मनाया जन्मदिन



**डोंगरगढ़,** 31 मई (देशबन्धु)। शहर के वरिष्ठ कांग्रेस कार्यकर्ता अनिल मेश्राम के जन्मदिन पर कार्यकर्ताओं ने उन्हें बधाई और शुभकामनाएं दी है। इस दौरान मोहला मानपुर के विधायक इंद्र शाह मांडवी, डोंगरगढ पूर्व विधायक भुनेश्वर शोभाराम बघेल, रूपेश दुबे, नगर पालिका पूर्व अध्यक्ष धीरज मेश्राम ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ग्रामीण अध्यक्ष सुरेश सिंहा महामंत्री राजू सिंह राजपूत रिमी भाटिया शिशुपाल भारती प्रकाश महानदी प्रजेश सहारे दिनेश साखरे ने स्थानीय स्वागतम होटल में केक काटकर श्री मेश्राम को जन्मदिन की बधाई दी है।

## शिक्षकों की काउंसलिंग 2 व 3 जून को की जावेगी

**बालोद,** 31 मई। युक्तियुक्तकरण के तहत शिक्षकों की काउंसलिंग 2 जून व 3 जून को की जावेगी। युक्तियुक्तकरण की प्रक्रिया के तहत अतिशेष हुए सहायक, शिक्षक, शिक्षक प्रधान पाठक, प्राथमिक शाला, पूर्व माध्यमिक शाला व्याख्यता के काउंसलिंग की समय सारणी जिला शिक्षा अधिकारी बालोद द्वारा जारी की गई। जिसके तहत कार्यालय जिला पंचायत बालोद में 2 जून व 3 जून को काउंसलिंग तिथि निर्धारित की गई है। जिला शिक्षा अधिकारी ने उक्त तिथियां में नियत समय स्थान पर उपस्थित होने की निर्देशित किया है।

## सलूजा परिवार का गौरव सिदक सलूजा

**भाटापारा,** 31 मई (देशबन्धु)। नगर के प्रतिष्ठित नागरिक मनमीत सिंह रविन्दर सलूजा की सुपुत्री सिदक कौर सलूजा ने एकेडमिक वर्ल्ड स्कूल बेमेतरा से सीबीएसई बोर्ड की कक्षा 12 वीं में 95.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर नगर सहित समाज को गौरान्वित किया है। सिदक ने अपनी इस सफ लता का श्रेय अपने माता.पिता एवं स्कूल को दिया है क्योंकि मेरे माता.पिता और स्कूल ने मुझे कड़ी मेहनत के लिए प्रेरित किया था उनकी इस सफलता के लिए बधाई देने वालों में नरेन्द्र सिंह बाली, राजू चावला, हरभगवान सिंह गुम्बर, त्रिलोक सिंह सलूजा, राजा गुम्बर, राजा टूटेजा, प्रेम सेठी, कन्हैया सेठी, सोनू छाबड़ा, उच्चा आनंद, सुशील सेठी, डाबी सलूजा, कुलवंत गुम्बर, हरीश छाबड़ा, गुरबक्स गुम्बर, मनेन्द्र सिंह गुम्बर, श्याम शर्मा, नरेश शर्मा, तंजीव अरोरा, जोन्टी गुम्बर, सिरजन गुम्बर, गगन आनंद आदि ने उनके उज्वल भविष्य की कामना करते हुए बधाई दी है।



## पिथौरा के हेमंत खुटे का शतरंज में सम्मान



**पिथौरा,** 31 मई। विप्र महाविद्यालय रायपुर में आयोजित आशीष शर्मा स्मृति राज्य स्तरीय ओपन शतरंज स्पर्धा में पिथौरा के हेमंत खुटे को शतरंज के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान हेतु स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया गया। स्मृति चिन्ह भेंट करते टूर्नामेंट डायरेक्टर नवीन शुक्ला व फीडे आर्बिटर रोहित याद। ज्ञात हो कि हेमंत खुटे शतरंज के खिलाड़ी, निर्णायक, कोच, मैनेजर, ट्रेनर, लेखक व इवेंट आर्जनेजर है तथा 30 सालों से शतरंज जगत में सक्रिय है।

# तृतीय चरण समाधान शिविर टिंकरीपारा गंडई में आयोजित

**गंडई पंडरिया,** 31 मई (देशबन्धु)। शासन के निर्देशानुसार नगर पंचायत गंडई क्षेत्रांतर्गत सुशासन तिहार-2025 एवं तृतीय चरण समाधान शिविर दिनांक 28 मई 2025 को वार्ड क्रमांक 08 से 15 तक के लिए पी.एम. श्री प्राथमिक शाला वार्ड क्रमांक 11 टिंकरीपारा गंडई में समय प्रात: 10.00 से अपरांह 3.00 बजे तक आयोजित की गई। शिविर में 128 नये आवेदन प्राप्त हुए है। लाल टारकेश्वर शाह खुशरो अध्यक्ष नगर पंचायत गंडई, तामेश्वर साहू पार्षद वार्ड कमांक 01, अमन सोनी पार्षद वार्ड कमांक 05, दिलीप ओगरे पार्षद वार्ड कं. 15, मोहसीन खान पार्षद प्रतिनिधि वार्ड कमांक 09, नारायण चतुर्वेदी पार्षद प्रतिनिधि वार्ड कमांक 14 के कर कमलो द्वारा भारत माता एवं छत्तीसगढ़ महतारी के तैल चित्र पर पुष्पहार अर्पण कर, पूजा अर्चना कर समाधान शिविर का शुभारंभ किया गया।

विकांत सिंह उपाध्यक्ष जिला पंचायत खैरागढ़, पुष्पा प्रकाश वर्मा अध्यक्ष जनपद पंचायत छुईखदान, राजू जंघेल उपाध्यक्ष जनपद पंचायत छुईखदान, श्यामपाल ताम्रकार उपाध्यक्ष नगर पंचायत गण्डई, राकेश ठाकुर मंडल अध्यक्ष, राजेश मेहता पूर्व मंडल अध्यक्ष, यातिश कुंजाम पार्षद वार्ड क्रमांक 11, मनीषा मरकाम पार्षद वार्ड क्रमांक 12, सावत देवांगन पार्षद वार्ड क्रमांक 13, प्रकाश पटेल पार्षद वार्ड कमांक 10, अशोक पटेल पार्षद वार्ड कमांक 03, रवि भावनानी, टेकन देवांगन पूर्व अध्यक्ष नगर पंचायत गंडई, नारायण प्रसाद शर्मा पूर्व पार्षद वार्ड कमांक 04, मंगल जैन एवं अन्य जनप्रतिनिधि समाधान शिविर में उपस्थित रहे। जनप्रतिनिधियों ने राशन कार्ड वितरण 02, गर्भवती 06 महिलाओ को गोद भराई, 06 माह से अधिक 02 बालक-बालिकाओं को अन्न प्रसान्न तथा 35 किशोरियों को स्वच्छता कीट प्रदाय किया गया। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र गण्डई द्वारा ओ.पी. डी. 60, सिक्लीन टेस्ट-35, आयुष्मान कार्ड पंजीयन 08, आयुष्मान कार्ड वितरण 300, खून जांच 35, आयुष विभाग द्वारा टेस्ट एवं दवा वितरण 75, श्रम विभाग द्वारा पंजीयन एवं वितरण 16, लोक सेवा केन्द्र द्वारा 10 हितग्राहियों का लरनिंग लाईसेस का पंजीयन किया गया। समाधान शिविर में 128 नये आवेदन प्राप्त हुए है।

शिविर में गंडई - छुईखदान अनुविभाग अंतर्गत सभी विभागों के द्वारा बैनर, पोस्टर लगाया गया था। सभी विभाग के अधिकारी / कर्मचारी उपस्थित रहा कर जानकारी दिए। हितग्राहियों को उनके आवेदनों के सबंध में विभागों द्वारा जानकारी दी गई, जिसमें हितग्राहियों द्वारा प्रस्तुत आवेदनों के कार्यवाही के सबंध में जानकारी प्राप्त किए।

सुशासन तिहार-2025 समाधान शिविर में जिला नोडल अधिकारी डी.पी. तिवारी जिला प्रबंधक, छ.ग. सिविल सप्लाईज कार्पोरेशन लिमिटेड खैरागढ़ एवं अविनाश देवांगन मुख्य नगपालिका अधिकारी नगर पंचायत गण्डई के मार्गदर्शन में समाधान शिविर का कियान्वयन किया गया। कमल किशोर नेताम, सहा. राज. निरी. नगर पंचायत गण्डई द्वारा शिविर का मंचीय संचालन किया गया।



**शिविर में 128 नए आवेदन प्राप्त हुए**

# रानी अहिल्या की जयंती पर डौण्डी नगर में स्वच्छता पर विशेष कार्यक्रम

**डौण्डी,** 31 मई (देशबन्धु)। नगर पंचायत डौण्डी के सीएमओ संतोष देवांगन के मार्ग दर्शन में देवी अहिल्या बाई होलकर की 300 वी जयंती के उपलक्ष्य में स्वच्छता के प्रति विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर नगर के वार्ड नंबर 6 दुर्गा मंच, राम मंदिर के पास, वार्ड नंबर 06 सहित नगर डौण्डी के आस पास सफाई कार्य कर श्रम दान किया गया। इस अवसर पर सीएमओ देवांगन ने कहा की अहिल्या बाई होलकर को उनके न्यायप्रियता दूरदर्शिता और कुशल प्रशासन के लिए याद किया जाता है। अहिल्या बाई होलकर अपने परोपकार और कुशाल सुशासन और धर्म निष्ठा के लिए जानी जाती है।आज से कई सालों पूर्व रानी अहिल्या अपने प्रजा के लिए उस वक्त जनहित कार्य स्वस्थ्य, प्याऊ घर साफ सफाई योजना चल कर पुरे देश में एक सूत्र में लोगों को बंधने का संदेश दी थी।आज हम सभी को उनके बताये मार्ग पर चल कर देश व समाज के प्रति जन सेवा भाव लाना होगा तभी हम देश के साथ नगर व समाज को प्रगति की ओर ले जाने में सक्षम होंगे। कार्यक्रम में नगर पंचायत अध्यक्षा मोहंतिन चौरका, उपाध्यक्ष संजीव मानकर, समस्त पार्षदगण, कुमार देवांगन उप अभियंता दीप्ति कुर्रे एवं समस्त कर्मचारी स्वच्छता दीदी, उपस्थित रह कर गंदगी को दूर भागने का संकल्प लिया है।



**रानी अहिल्या को कुशल सुशासन धर्मनिष्ठा के लिए देश हमेशा रखेगा याद : सीएमओ देवांगन**

## प्रादेशिकी का शेष...

### कुर्मी समाज की कर्मठता...

इस अवसर पर दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने सामाजिक एकता पर बल देते हुए कहा समाज को संगठित और जागरूक होने की आवश्यकता है संगठित और शिक्षित समाज से ही विकसित राष्ट्र का निर्माण होता है।

कार्यक्रम में उपस्थित अन्य महत्वपूर्ण व्यक्तियों में विनोद चंद्राकर अध्यक्ष, चंद्रनाहू कुर्मी क्षत्रिय समाज छत्तीसगढ़, अश्वनी चंद्राकर पूर्व अध्यक्ष, प्रदीप चंद्राकर अध्यक्ष चंद्रनाहू कुर्मी क्षत्रिय समाज, दुर्ग राज प्रदेश महामंत्री हिम्मत चंद्राकर, महिला उपाध्यक्ष सविता चंद्राकर उपस्थित थे।

### नारी शक्ति का प्रतिदिन सम्मान...

ज्ञानेश्वर ताम्रकर, मनीष साहू, नीलेश अग्रवाल, लीलाघर पाल, काशीराम कोसरे, शशि साहू, शिव नायक, हर्षिका जैन के अलावा पार्षदगण के अलावा डिप्टी कमिश्नर मोहेंद्र साहू, कार्यपालन अभियंता दिनेश नेताम, वीपी मिश्रा, संजय ठाकुर सहित शहर भाजपा मंडल अध्यक्ष,जिला महिला मोर्चा अध्यक्ष दिव्या कालिहारी, माया बेलचंदन समेत कई गणमान्य व्यक्ति भाजपा पदाधिकारी, स्वा सहायता समूह निगम अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

### महिला स्मगलर सहित ...

तहत कार्यवाही कर न्यायिक रिमांड पर न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। उक्त कार्यवाही में उपनिरीक्षक गुरूविन्दर सिंग संधु, सहायक उपनिरीक्षक प्रमोद सिंह, एसीसीयू सहायक उपनिरीक्षक संतोष कुमार सिंह, आरक्षक का कार्यवाही में सराहनीय योगदान रहा।

### विश्व पर्यावरण दिवस पर ...

लोककर्म प्रभारी देवनारायण चंद्राकर, पार्षद साजन जोसेफ, सुरूचि उमरे, सावित्री दमाहे, उपायुक्त मोहेन्द्र साहू, कार्यपालन अभियंता दिनेश नेताम, सहायक अभियंता गिरीश दीवान, उपअभियंता पंकज साहू, उद्यान निरीक्षक अनिल सिंह उपस्थित थे।

# महिला सशक्तिकरण, न्याय और सेवा का प्रतीक रहीं महारानी अहिल्या बाई होलकर : उपमुख्यमंत्री

**कवर्धा,** 31 मई (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने आज कबीरधाम जिले के ग्राम राजानवागांव और लालपुर में आयोजित महारानी अहिल्या बाई होलकर की 300वीं जयंती समारोह में भाग लेकर इस ऐतिहासिक अवसर को गरिमा प्रदान की। उन्होंने पाली समाज द्वारा आयोजित इन कार्यक्रमों में सहभागिता कर महारानी अहिल्या बाई होलकर जी की प्रतिमा पर श्रद्धासुमन अर्पित किए और उनके जीवन, कर्तव्य और सेवाभाव को स्मरण करते हुए समाज को उनके आदर्शों से प्रेरणा लेने का संदेश दिया। ग्राम राजानवागांव में आयोजित क्षेत्रीय सम्मेलन के दौरान उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ने पाली समाज के सामाजिक उत्थान हेतु 6.5 लाख रुपए की लागत से सामुदायिक भवन निर्माण की घोषणा की। इसके साथ ही उन्होंने विधायक निधि से 5 लाख रुपए की राशि स्वीकृत करते हुए बाजार शेड निर्माण की घोषणा भी की, जिससे ग्रामीणों को सामाजिक और व्यावसायिक गतिविधियों के लिए बेहतर संरचना उपलब्ध हो सकेगी।

इसी क्रम में वे ग्राम लालपुर पहुंचे, जहां पाली समाज द्वारा जिला स्तरीय भव्य आयोजन किया गया था। यहां उन्होंने पाली समाज के लिए नवनिर्मित सामुदायिक भवन का लोकार्पण किया और ग्रामवासियों को इसकी सौगात दी। उन्होंने भवन परिसर में सामुदायिक शौचालय निर्माण के लिए 3.5 लाख रुपए और बाउंड्रीवाल निर्माण के लिए 2.5 लाख रुपए की घोषणा की, जिससे सामाजिक स्थलों की सुविधा और सुरक्षा में वृद्धि हो सकेगी। समारोह को संबोधित करते हुए उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ने कहा कि महारानी अहिल्या बाई होलकर भारतीय इतिहास की ऐसी विलक्षण महिला शासिका थीं, जिन्होंने अपने न्यायप्रिय, धर्मपरायण और लोकसेवी शासन के माध्यम से जनमानस के हृदय में स्थायी स्थान बना लिया। उनका सम्पूर्ण जीवन महिला सशक्तिकरण, सामाजिक समरसता, धार्मिक सहिष्णुता और प्रशासनिक दक्षता का आदर्श उदाहरण है। उन्होंने न केवल मालवा राज्य का कुशलतापूर्वक संचालन किया, बल्कि देशभर में मंदिरों, घाटों और धर्मशालाओं के निर्माण के माध्यम से धार्मिक-सांस्कृतिक धरोहरों के संरक्षण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ने कहा कि महारानी अहिल्या बाई होलकर जी की सेवा भावना, नीति-निर्णय और जनकल्याण की दृष्टि आज भी प्रेरणास्रोत हैं। उनका जीवन दर्शाता है कि शासन और समाज सेवा में महिलाओं की भूमिका कितनी सशक्त और निर्णायक हो सकती है। उन्होंने पाली समाज द्वारा आयोजित इस तरह के आयोजनों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे समारोह हमारी सांस्कृतिक जड़ों को मजबूत करते हैं और नई पीढ़ी को अपने गौरवशाली इतिहास से जोड़ते हैं। समारोह में सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से महारानी के जीवन, संघर्ष और योगदान को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया गया, जिससे उपस्थित जनसमूह भावविभोर हो उठा। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीणजन, छात्र-छात्राएं, सामाजिक कार्यकर्ता एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। श्री शर्मा ने समाज के प्रतिभाशाली छात्रों को प्रशस्त्री पत्र प्रदान कर उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए कामनाएं की। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ने आम जनता से सीधे संवाद कर उनकी समस्याओं को सुना और त्वरित समाधान का आश्वासन दिया। उन्होंने युवाओं से नशा और मादक पदार्थों से दूर रहते हुए शिक्षा, सेवा और संस्कृति के मार्ग पर चलने का आह्वान किया।



**उपमुख्यमंत्री शर्मा ने जिले के राजानवागांव और लालपुर में आयोजित 300वीं जयंती समारोह में शामिल हुए, समाज विकास के लिए घोषणाएं भी की**

# संविधान बचाओ रैली के बहाने कांग्रेस ने भरी हुंकार



**बेमेतरा,** 31 मई (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आवाहन पर बेमेतरा जिला कांग्रेस कमेटी ने आज गांधी मैदान राम मंदिर परिसर में संविधान बचाओ रैली का आयोजन किया जहां एक और रैली में विभिन्न जिले भर के आए हुए कांग्रेसियों कार्यकर्ताओं की संख्या को देखकर कांग्रेस नेताओं के जोश में इजाफा हो गया इसी बहाने कांग्रेस ने आने वाले समय के लिए अपने हुंकार भी रैली के माध्यम से भर दी रैली को छत्तीसगढ़ के कांग्रेस के सह प्रभारी विजय जांगिड़ सहित पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू पूर्व कृषि मंत्री रविंद्र चौबे पूर्व कैबिनेट मंत्री गुरु रुद्र कुमार पूर्व संसदीय सचिव गुरदयाल सिंह बंजारे विधायक देवेंद्र यादव ने संबोधित किया सभा को संबोधित करते हुए जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा ने कहा कि सबसे पहले तो मैं आज संविधान बचाओ रैली पर आपको यह बताना चाहता हूं कि यह रैली हम क्यों कर रहे हैं ऐसा नहीं है कि भाजपा वाले संविधान को फाड़ रहे हैं बल्कि बीजेपी वाले बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर द्वारा निर्मित संविधान जो हम सभी को स्वतंत्रता के साथ जीने के आजादी देता है एक दूसरे के धर्म के मान सम्मान के साथ जीने की आजादी देता है यहां का सामाजिक ताना-बाना प्रशासनिक तथा संवैधानिक संस्थाएं जो संविधान निर्मत है में छेड़छाड़ कर रही है संविधान के जो प्रावधान है तथा जो संवैधानिक संस्थाएं हैं इन सभी को खोखला करने का काम भाजपा के द्वारा किया जा रहा हैआज सभी संवैधानिक संस्थाओं चाहे वह न्यायालय हो चाहे वह स्वतंत्र जांच एजेंसियां हो अथवा शैक्षणिक संस्थाएं उन सभी में अपनी कट्टर और आरएसएस संघी विचारधारा को लागू करने के लिए इनमें फेरबदल किया है और जहां फेर बदल नहीं कर पा रहे हैं वहां खोखला कर रहे हैं चाहे बात निर्वाचन आयोग की हो लोकायुक्त की हो न्यायपालिका में न्यायाधीशों की नियुक्ति की हो या मुख्य निर्वाचन आयुक्त की नियुक्ति के प्रावधान बदल दिए गए अपने हिसाब से चुनाव मैनेज करने के लिए किया जा रहा है महाराष्ट्र में मतदाता से ज्यादा वोट पड़े हैं आज हम देश में जब भी चुनाव होता है आम जनता ईव्हीएम शक को नजर से देखती हैंआज पूरे देश में हिंदू मुस्लिम भाई-भाई को शक की नजर से देख रहा है आज संविधान खतरे में है हर वह चीज जो भारत वासियों को स्वतंत्रता और सम्मान के साथ जीने की आजादी देता है लोगों को न्याय देता है भाजपा की आंखों में खटकता है भाजपा यह चाहती हैं कि लोग उनके इशारे में सांस ले और चलें इसलिए आज संविधान को इन भाजपायों से बचने की आवश्यकता है रैली में भारी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे ।

# छत्तीसगढ़ महिला अखंड ब्राह्मण समाज बेमेतरा द्वारा प्रतिभा सम्मान आयोजित

**बेमेतरा,** 31 मई (देशबन्धु)। बेमेतरा के भवानी रेस्टोरेंट में अखंड ब्राह्मण समाज की महिला प्रकोष्ठ द्वारा कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें प्रांतीय पदाधिकारी प्रदेश अध्यक्ष श्रीमती भारती किरण शर्मा संरक्षिका विजयलक्ष्मी शर्मा, निशा शर्मा मुख्य महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष

सरिता शर्मा महिला मुख्य प्रकोष्ठ उपाध्यक्ष प्रीति शुक्ला प्रदेश महासचिव, विभा तिवारी प्रदेश संयोजक के सानिध्य में एवं अलका तिवारी की अध्यक्षता में गरिमामयी कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ उक्त अतिथियों के द्वारा परशुराम के तेल चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया।

श्रीमती शारदा तिवारी एवम् उमा तिवारी के मार्गदर्शन में बेमेतरा जिला के प्रतिभावान उत्कृष्ट विद्यार्थियों का सम्मान प्रशस्ति पत्र स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया, जिसमें आदित्य तिवारी 12वीं में 97त्न, प्रियांशु शर्मा 12वीं में 91.02त्न, श्रेया तिवारी 12वीं में 90त्न, सृष्टि चौबे 12वीं में 90त्न एवं साक्षी तिवारी को युवा सांसद साला प्रतिनिधित्व के लिए सम्मानित किया गया। पल्लवी तिवारी सलीम स्कूल रायपुर से आई थी उन्हें भी सम्मानित किया गया है। निशा शर्मा जी के द्वारा अंशिका तिवारी को ?500 का पुरस्कार दिया गया। इस अवसर पर



बेमेतरा महिला प्रकोष्ठ पदाधिकारी को नियुक्ति पत्र देकर उनके कार्यों का विभाजन किया गया यह मुख्य पदाधिकारी प्रांतीय अध्यक्ष श्रीमती भारती किरण शर्मा के द्वारा दिया गया । भारती किरण शर्मा के द्वारा समस्त महिलाओं एवं बालिकाओं को समाजमें उत्कृष्ट कार्य कर अपनी अपनी योगदान देने कहा गया ।जिसमें जिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष श्रीमती शारदा तिवारी, संरक्षिका श्रीमती सरोज चौबे श्रीमती उमा तिवारी अध्यक्ष अलका तिवारी उपाध्यक्ष एवं श्रीमती मीनाक्षी शर्मा को सचिव बनाया गया।

इस अवसर पर करुणा तिवारी निवेदिता तिवारी शशि किरण तिवारी कमलेश तिवारी बीना शर्मा अनु दुबे श्वेता तिवारी नीलू तिवारी उषा दुबे एवं बेमेतरा ब्राह्मण समाज की महिलाएं उपस्थित रही।

कार्यक्रम का संचालन मीनाक्षी शर्मा के द्वारा किया गया। बेमेतरा के ब्राह्मण महिला समाज द्वारा सभी उपस्थित अतिथियों का आभार व्यक्त किया गया और भविष्य में भी इसी प्रकार सहयोग की अपेक्षा की गई।

# 51 पौवा शराब सहित आरोपी गिरफ्तार

**थानखम्हरिया,** 31 मई (देशबन्धु)। 30 मई को थाना थानखम्हरिया स्टाफ को मुखबिर से सूचना मिली कि करन सतनामी ग्राम उमरावनगर अपनी मोटर सायकल क्रमांक सीजी 09 जे.एस.1363 से पेट्रोल टंकी के सामने अवैध शराब बिक्री हेतु अवैध रूप से धन अर्जित करने के उद्देश्य से एक काले रंग की लेडिस बैग में शराब रखकर थानखम्हरिया से गॉव उमरावनगर की ओर जा रहा है।




सूचना पर थाना थानखम्हरिया पुलिस टीम ने उमरावनगर बाईपास थानखम्हरिया मुख्य मार्ग के पास जाकर घेराबंदी कर रेड कार्रवाई की। उमरावनगर निवासी करन सतनामी को अवैध शराब बिक्री करने के उद्देश्य से शराब परिवहन करते पकड़ा गया। आरोपी करन सतनामी पिता चैन प्रसाद सतनामी उम्र 30 वर्ष निवासी उमरावनगर के कब्जे से काले रंग के लेडिस बैग में रखे 31 पौवा देशी प्लेन एवं 20 पौवा देशी मसाला कुल 51 पौवा देशी प्लेन/देशी मसाला शराब (9,180द्वद्य) किमत 4,480 रूपये एवं परिवहन में प्रयुक्त मोटर सायकल सीजी 09 जे.एस. 1363 कीमत 80,000 रूपये कुल 84,480 रूपये को धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत जब्त कर अपराध पंजीबद्ध कर विधिवत वैधानिक कार्यवाही की गयी। उक्त कार्रवाई में थाना प्रभारी सहायक उप निरीक्षक द्वारिका प्रसाद देशलहरे, प्रधान आरक्षक अजय कुमार लहरे, आरक्षक मुकेश चंद्रवंशी, दिनेश निषाद एवं अन्य स्टॉफ की सराहनीय भूमिका रही।

# रानी अहिल्याबाई के जन्म शताब्दी पर नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा ने चलाया स्वच्छता अभियान

**बेमेतरा,** 31 मई (देशबन्धु)। बेमेतरा नगर पालिका परिषद अध्यक्ष विजय सिन्हा ने अहिल्याबाई होल्कर की 300वीं जयंती के अवसर पर विशेष स्वच्छता अभियान का आयोजन किया।* इस अवसर पर आज नगर की साफ़ सफ़ाई किया गया विशेष रूप से वार्ड 17 गौरव पथ मार्ग में स्वच्छता अभियान चलाया गया,इसमें मुख्य रूप से सफाई,कूड़े-करकट उठवाया गया और धार्मिक एवं सार्वजनिक स्थलों की सफाई की गई।



उल्लेखनीय बात यह है कि विजय सिन्हा जब से बेमेतरा नगर पालिका के अध्यक्ष बने हैं उन्होंने प्रथम प्राथमिकता में नगर की स्वच्छता को ही रखा है। पालिका अध्यक्ष आए दिन नगर की साफ सफाई करते हुए नजर आते हैं साथ में नगर के पार्षद भी उपस्थित रहते हैं और नगर पालिका बेमेतरा के कर्मचारी भी साथ देते हैं। विजय सिन्हा का कहना है कि इस तरह के जन जागरूकता कार्य से नगर के नागरिकों को एक संदेश जाएगा स्वच्छता के प्रति जागरूकता आएगी। लोग जागरूक होंगे तो नगर स्वच्छ होगा इस तरह हम बेमेतरा को एक स्वच्छ एवं सुंदर नगर का मॉडल के रूप दे सकते हैं।

स्वच्छता अभियान पर नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा ने कहा कि रानी अहिल्याबाई नारी शक्ति की जीती जागती मिसाल थी ।एक महिला होने के साथ दृढ़ प्रतिज्ञ सेवा विचारों से ओत प्रोत रहती थी। उन्होंने महिला सशक्तिकरण, धार्मिक स्थलों के निर्माण और गरीबों की सेवा को प्राथमिकता दी। समाज में अहिल्याबाई जैसे आदर्श की आवश्यकता है।

आज के सफाई के कार्यक्रम में भाजपा मंडल अध्यक्ष मोंटी साहू ,पार्षद पंचू साहू,निखिल साहू ,गौरव साहू ,आनंद साहू नगर पालिका के मुख्य अधिकारी कोमल सिंह ठाकुर सहित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे ।

# नपाध्यक्ष प्रतिभा चौधरी ने नारी शक्ति का किया सम्मान



**बालोद,** 31 मई (देशबन्धु)। शुक्रवार को लोकमाता अहिल्या बाई होल्कर की 300 वीं जन्म जयंती के अवसर पर नगर पालिका परिषद की अध्यक्ष प्रतिभा चौधरी ने नगर पालिका मे अपने अध्यक्ष कक्ष मे सभी मातृशक्ति का गुलाल लगाकर सम्म्मान किया। इस कार्यक्रम मे मुख्य वक्ता के रूप मे पेंशनर समाज से डॉण् चौवड़ा ने अपने व्यख्यान मे कहा की भारत की विरासत, परंपराओं और शक्ति को समृद्ध करने में लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर का महत्त्वपूर्ण योगदान है। प्रमुख तीर्थ मंदिरों के साथ देश में फैली सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित कर उन्होंने सनातन संस्कृति की धारा अविरल रखने का भगीरथ कार्य किया। उन्होंने अपने जीवन का प्रत्येक क्षण धर्म और प्रजा के उत्थान में लगाया। श्रीमती प्रतिभा चौधरी ने अपने उद्बोधन मे कहा लोकहितकारी शासक के रूप में अहिल्याबाई होल्कर के महिला सशक्तीकरण एवं जनकल्याण के कार्य युगों.युगों तक प्रशासकों के लिए एक उत्तम उदाहरण रहेंगे। ऐसी महान विभूति की जन्म जयंती पर उन्हें शत.शत् नमन। इस कार्यक्रम मे मुख्यरूप तिवारी मैडम, सातो बाई, भूपेश्वरी ठाकुर, यादव मैडम, झामिन ढीमर, छबि सार्वा, प्रीतीबाला साहू, पुष्पा साहू पार्षदगण मे किरण साहू, कुंती साहू, आशा पटेल, गोमती रात्रे, श्यामा यादव, राजू पटेल सभापति लोण्निण्विण् नण्पाण्पण, प्रीतम शेखर यादव, गोकूल ठाकुर, संतोष पाठक भाण्जण्पाण्कार्यकर्ता, वैभव राखेचा उपस्थित थे।

# नाज़रीन नियाज़ी को मिला राष्ट्रीय नवाचारी शिक्षा रत्न सम्मान

**खैरागढ़,** 31 मई (देशबन्धु)। प्रदेश की राजधानी रायपुर के जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में गुरुवार 29 मई को शिक्षिका नाज़रीन नियाज़ी को राष्ट्रीय नवाचारी शिक्षा रत्न सम्मान से नवाज़ा गया गौरतलब है कि शिक्षिका नाज़रीन नियाज़ी खैरागढ़ ब्लॉक के पूर्व माध्यमिक शाला सोनभट्ठा में सन् 2009 से पदस्थ है और राष्ट्रीय नवाचारी शिक्षा रत्न सम्मान उन्हें बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिये उत्कृष्ट एवं नवाचारी कार्य करने पर सत्र 2024-25 के लिये दिया गया है। गौरतलब है कि भारत के सभी राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों से जुड़ा एक मात्र एवं देश का सबसे बड़ा नवाचारी शिक्षक समूह जो शासकीय विद्यालयों में पदस्थ शिक्षकों द्वारा निर्मित एवं संचालित स्व-प्रेरित नवाचारी गतिविधियाँ समूह है इनके द्वारा आयोजित राष्ट्रीय नवाचारी शिक्षा रत्न सम्मान सह राष्ट्रीय शैक्षिक संप्रवाह सत्र 2024-25 के लिये शिक्षिका नाज़रीन नियाज़ी को उनके द्वारा गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा के लिये विषयगत कार्य एवं बेहतर नवाचार, पाठ्य सहगामी गतिविधियों की आवश्यकता एवं महत्व सहित छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिये किये गये उनके बेहतर प्रयासों सहित राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के संदर्भ में अपने राज्य की ओर से उनकी दी गई प्रस्तुति और कार्यक्रम में सक्रिय सहभागिता निभाने की वजह से ये सम्मान दिया गया है। नाज़रीन को राष्ट्रीय नवाचारी शिक्षा रत्न सम्मान देने के दौरान नवाचारी गतिविधियाँ समूह भारत की कार्यक्रम संयोजक सुनीता ठाकुर, नवाचारी गतिविधियाँ समूह भारत की चयन समिति के प्रमुख चंद्रप्रकाश नायक व समूह प्रमुख संजीव कुमार सूर्यवंशी भी उपस्थित थे। खास बात यह है कि शिक्षा के क्षेत्र में ये बड़ी उपलब्धि हासिल कर शिक्षिका नाज़रीन नियाज़ी ने खैरागढ़ संगीत नगरी सहित पूरे केसीजी जिले का नाम रौशन किया है।




■ केसीजी जिले का नाम नाज़रीन ने किया रौशन

# जैन श्री संघ एवं उदयाचल नेत्र चिकित्सालय के संयुक्त प्रयास से नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन

**बालोद,** 31 मई (देशबन्धु)। जैन श्री संघ बालोद एवं उदयाचल आई हॉस्पिटल राजनांदगाँव के संयुक्त प्रयास से बालोद जिला को मोतियाबिंद मुक्त जिला बनाने के इस वृहद मुहिम में ग्राम झलमला गंगा मैया मंदिर प्रांगण तथा ग्राम पंचायत दुधली शिशु मंदिर में दो दिवसीय निःशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया जिसमें लगभग दोनो शिविर स्थलों से 250 से अधिक लोगो ने अपने आंखो का जांच कराया। नेत्र जांच के दौरान लगभग 30 लोगो मे मोतियाबिंद होने की पुष्टि हुई जिन्हें निःशुल्क ऑपरेशन हेतू राजनांदगांव उदयाचल नेत्र चिकित्सालय आने को कहा गया है जहां उनका निःशुल्क ऑपरेशन के अलावा दवा एवं चश्मा रहने भोजन इत्यादि की व्यवस्था भी की जाएगी नेत्र जांच परीक्षण के दौरान जैन श्रीसंघ की युवा वाहिनी जैन युवा शक्ति के सदस्यों द्वारा भीषण गर्मी को देखते हुए पक्षियों के दाना पानी हेतू मिट्टी के सकोरे मरीजों को बांटे गए एवं सभी से अनुरोध किया गया कि वह सभी इन सकोरो को अपने घर की छत और आंगन पर पानी एवं दाना डालकर रखे ताकि प्यास या भूख से किसी पक्षी की जान ना जाये। उक्त नेत्र परीक्षण के इस आयोजन मे जैन श्री संघ के अध्यक्ष ताराचंद सांखला संरक्षक हरीश सांखला गंगा मैया मंदिर ट्रस्ट के प्रमुख सोहनलाल टावरी चेतन ढेलडीया सचिव मांगीलाल ढेलडीया उपाध्यक्ष मुकेश भंसाली कोषाध्यक्ष प्रकाश भंसाली प्रदीप चोरडिया लक्की लोढा मीडिया प्रभारी विनोद श्रीश्रीमाल शुभम नाहटा शुभम श्रीश्रीमाल ग्राम दुधली के उपसरपंच मोहित देशमुख डामेश्वर देशमुख संदीप नाहर भूपेंद्र धनकर गेंदसिंह देशमुख जफर तिगाला आदि का विशेष सहयोग रहा।



# गांजा बेचने ग्राहक तलाश करते आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**बालोद,** 31 मई (देशबन्धु)। पुलिस महानिरीक्षक दुर्ग रेंज रामगोपाल गर्ग के निर्देशन में पुलिस अधीक्षक बालोद योगेश कुमार पटेल के मार्गदर्शन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बालोद मोनिका ठाकुर एवं पुलिस अनुविभागीय अधिकारी बालोद देवांश सिंह राठौर के द्वारा क्षेत्र में बढ़ रहे अवैध शराब, मादक पदार्थ, जुआ, सट्टा एवं यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरूद्ध लगातार कार्यवाही अभियान चलाने निर्देशित किया गया है जिसके पालन में थाना प्रभारी बालोद रविशंकर पाण्डेय द्वारा क्षेत्र में नशे पर अंकुश लगाने एवं कानुन व्यवस्था बनाये रखने हेतु टीम गठित किया गया है। मुखबिर से सूचना मिली कि स्कूटी क्रमांक सीजी 24 व्ही 6126 की डिक्की में एक लड़का गांजा को छुपाकर रखा है जो डौंडीलोहार से बालोद की जा रहा है। सूचना पर तत्काल बालोद थाना प्रभारी रविशंकर पाण्डेय के द्वारा हमराह स्टाफ के साथ मौका घटना स्थल ग्राम पाररास बायपास मार्ग रेल्वे स्टेशन के पीछे जाकर घेराबंदी कर आरोपी विवेक कुमार साहू को पकड़े जिसके कब्जे स्कूटी क्रमांक सीजी 24 व्ही 6126 से 02 किलो 068 ग्राम गांजा कीमती 24,000 रूपये एवं एक नग स्कूटी क्रमांक सीजी 24 व्ही 6126 को गवाहो के समक्ष जप्ती कार्यवाही किया जाकर थाना बालोद आकर अपराध कायम कर विवेचना में लिया गया। विवेचना आरोपी विवेक कुमार साहू पिता देवसिंह साहू उम्र 29 साल पता संजय नगर केयर आफ सोमन साहू को मकान थाना व जिला बालोद छग स्थाई पता ग्राम कापसी थाना डौण्डी लोहारा जिला बालोद छग को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया। उक्त अवैध मादक पदार्थ गांजा की रेड कार्यवाही में थाना बालोद के निरीक्षक रविशंकर पाण्डेय, उपण्निरी कमला यादव सउनि धरम भुआर्य, आरक्षक बनवाली साहू, आरक्षक संजय सोनी, आरक्षक उमेश निषाद की महत्वपूर्ण भूमिका रही।



■ स्कूटी के डिक्की में छुपाकर रखा था आरोपी

# जिले का अंतिम समाधान शिविर बहेरा में संपन्न

■ विधायक दीपेश साहू दो सीसी सड़कों के निर्माण हेतु 10 लाख रुपये की घोषणा 2388 प्राप्त आवेदनों का निराकरण की जानकारी संबंधित अधिकारियों ने दी

■ हितग्राहियों को मिला योजनाओं का लाभ

**बेमेतरा,** 31 मई (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ शासन की अभिनव पहल च्सुशासन तिहार 2025ज्ज के अंतिम दिवस पर बेमेतरा जनपद के ग्राम बहेरा में बेमेतरा जिले का अंतिम समाधान शिविर संपन्न हुआ ।शिविर में क्षेत्रीय विधायक दीपेश साहू मुख्य अतिथि के रूप के तौर पर शामिल हुए । शिविर का उद्देश्य शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं को ग्राम स्तर पर क्रियान्वित करते हुए प्राप्त आवेदनों के निराकरण की जानकारी संबंधित आवेदनकर्ताओं के साथ ग्रामीणों को देना भी था ।,

ग्राम बहेरा सहित क्लस्टर की 9 ग्राम पंचायतों—केंवाछी, बहेरा का, सिरवाबांधा, भुरकी, गांगपुर ब, लोलेसरा, बैजी, चारभांठा, ढोलिया—के ग्रामीणों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और अधिकारियों के समक्ष अपनी समस्याएं प्रस्तुत कीं। शिविर में कुल 2388 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 2379 का निराकरण किया गया, जो प्रशासन की संवेदनशीलता और तत्परता का प्रमाण है।

शिविर में हितग्राहियों को विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत लाभ भी वितरित किए गए। इनमें आयुष्मान कार्ड, वय वंदन कार्ड, सुकन्या समृद्धि योजना के तहत बालिकाओं को पासबुक वितरण, समाज कल्याण विभाग द्वारा बुजुर्ग महिलाओं को श्रवण यंत्र, मोची पेटी, जैसी सुविधाएं शामिल रहीं। कार्यक्रम स्थल पर विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों का विधायक साहू ने निरीक्षण किया और योजनाओं की जानकारी प्राप्त की।



विधायक दीपेश साहू ने अपने उद्बोधन में कहा कि सरकार किसानों और महिलाओं के हित में ऐतिहासिक निर्णय ले रही है। धान की खरीदी ?3100 प्रति चिंटल दर से की गई, जबकि च्महतारी वंदन योजनाज्ज के माध्यम से महिलाओं को ?1000 प्रतिमाह की आर्थिक सहायता सीधे खातों में दी जा रही है। साथ ही लंबित बोनस की राशि भी किसानों को वितरित की जा चुकी है 7 शिविर के दौरान बहेरा ग्राम पंचायत की मांग पर विधायक साहू ने दो सीसी सड़कों के निर्माण हेतु ?10 लाख की घोषणा करते हुए कहा कि हमारी सरकार जनहित के लिए प्रतिबद्ध है और आपकी सभी मांगों को पूरा करने हेतु संकल्पित है।

समारोह के अंत में विधायक साहू ने तंबाकू रहित दिवस के अवसर पर उपस्थित नागरिकों को तंबाकू न सेवन करने की शपथ दिलाई और नशामुक्त स्वस्थ समाज की दिशा में जागरूक किया।

जनसेवा के इस अभियान ने जनविश्वास का मजबूत सेतु बनाया :कलेक्टर शर्मा

कलेक्टर श्री रणबीर शर्मा ने सुशासन तिहार 2025 के समाधान शिविर के अंतिम दिवस पर उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा, पूरे एक माह तक जिले के ग्रामीण अंचलों में आयोजित समाधान शिविरों के माध्यम से हजारों नागरिकों को शासन की योजनाओं का सीधा लाभ मिला है। हमने न केवल समस्याएं सुनीं, बल्कि उनके समाधान भी सुनिश्चित किए। बहेरा में आयोजित यह अंतिम शिविर च्जनता के पास प्रशासनज्ज की भावना को साकार करता है। आज का शिविर इस अभियान की सफल परिणति है, और यह बताता है कि शासन व प्रशासन जनसेवा के लिए सतत रूप से प्रतिबद्ध है।

कलेक्टर ने कहा कि इस अभियान ने शासन और नागरिकों के बीच पारदर्शी संवाद व सहभागिता का वातावरण बनाया है। उन्होंने सभी विभागीय अधिकारियों, कर्मचारियों और जनप्रतिनिधियों का आभार व्यक्त करते हुए इसे च्जनविश्वास का महापर्वज्ज बताया।

शिविर में अध्यक्ष,छत्तीसगढ़ रजककार विकास बोर्ड श्री प्रहलाद रजक, पूर्व विधायक श्री अवधेश चंदेल,अजय साहू, श्री राजेंद्र शर्मा, जनपद अध्यक्ष श्रीमति हेमा दिवाकर, जनपद सदस्य मिथलेश वर्मा, सरपंच भीम वर्मा, गजानंद साहू, जिला पंचायत सीईओ टेकचंद अग्रवाल, तहसीलदार जयंत पाटले, जनपद सीईओ सहित विभिन्न जनप्रतिनिधि, विभागीय अधिकारी-कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे। सुशासन तिहार 2025 के इस अंतिम शिविर में न केवल जनसमस्याओं का समाधान किया, बल्कि शासन और जनता के बीच भरोसे का मजबूत सेतु भी निर्मित किया।

# 'काशी से केदारनाथ तक लोकमाता अहिल्या बाई की छाप है: नवनीत जैन'

■ छुईखदान गरड़िया समाज का आयोजन हर्ष उल्लास से मनाई अराध्य लोकमाता अहिल्या बाईं की जयंती'

**छुईखदान,** 31 मई (देशबन्धु)। शहीद नगरी छुईखदान में नगर के गरड़ीया समाज द्वारा आराध्य लोकमाता पुण्य श्लोका अहिल्या बाईं होलकर की 300वीं जन्म जयंती दिवस की बेहद हर्ष उल्लास के साथ विविध आयोजनों जुलुश , पूजा अर्चना , अतिथियों का मंचीय कार्यक्रम सम्मान ,उद्बोधन , के माध्यम से मनाया गया ।

**''जय अहिल्या " के नारों से गूंजी शहीद नगरी'**

छुईखदान गरड़ीया समाज उत्साही युवाओं सहित महिला , बुजुर्गों , बच्चों विशाल जुलुश निकालकर नगर भ्रमण किया । पूरा जुलुश में जय अहिल्या जय गरड़ीया , लोकमाता अहिल्या बाई अमर रहे , गगन भेदी नारों ने शहीद नगरी के हर गली चौराहों में घर घर तक लोकमाता के महान और विराट व्यक्तित्व को जन जन पहुंचाया , रैली का समापन वार्ड 15 स्थित पाल समाज के भवन में हुआ ।





**'सबने मिलकर की पूजा अर्चना'**

छुईखदान गरड़ीया समाज द्वारा सृजित कार्यक्रम संध्या में पाल समाज भवन प्रांगण में स्थित लोकमाता अहिल्या बाई होलकर की सुंदर प्रतिमा का मुख्य अतिथि नवनीत जैन ने माल्यार्पण कर श्रद्धा वंदन किया तत्पश्चात सभी अतिथियों के साथ समाज के बड़े बुजुर्गों , मातृशक्तियों , सामाजिक पदाधिकारीयों , ने एक साथ मिलकर दीप प्रज्वलित कर पूजा अर्चना कर भाव वंदन निवेदित किया।

'इनके आतिथ्य में हुआ कार्यक्रम' छुईखदान गरड़ीया समाज द्वारा आयोजित लोकमाता अहिल्या बाईं होलकर की 300 वीं जन्म जयंती समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा नेता जिलाध्यक्ष अल्प संख्यक मोर्चा नवनीत जैन , कार्यक्रम अध्यक्षता भावेश कोचर मंडल अध्यक्ष , बतौर विशिष्ठ अतिथि ,ज्ञान यादव , अशोक चंद्राकर , आनंद ठाकुर , पार्षद , संजू नेताम , घना देवांगन ,सुरेंद्र तिवारी उपस्थित रहे जिनका समाज के अध्यक्ष एवं पदाधिकारीयों द्वारा स्वागत , गमछा एवं लोकमाता की तस्वीर भेट कर सम्मान किया गया ।

**'अतिथियों ने रखे अपने विचार'**

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नवनीत जैन ने पूरे गरड़ीया समाज सहित समस्त सनातन अनुयाइयों को लोकमाता की 300वीं जयंती की शुभकामनाएं निवेदित करते हुए कहा कि भारत भारतीयता और सनातन धर्म के लिए लोकमाता अहिल्या बाईं होलकर का योगदान अमिट है । उन्होंने संपूर्ण भारत में उत्तर से दक्षिण तक पूर्व से पश्चिम तक हिंदू आस्था के केंद्र बाबा काशी विश्वनाथ मंदिर , सोमनाथ मंदिर , केदार नाथ मंदिर सहित 250 से अधिक मंदिरों के पुनर्निर्माण कर नव जीवन देने में महान योगदान दिया है । उन्होंने 17 वीं शताब्दी में अपने शासन में सुशासन और महिला सशक्तिकरण स्वालंबन के वो एतिहासिक मानक गढ़े है जिससे प्रेरणा लेकर आज देश प्रधानमंत्री और भाजपा की सरकार बहुत सी विकास मूलक जनकल्याणकारी योजना बना क्रियान्वयन कर रही है । नि:संदेह लोकमाता अहिल्या बाईं होलकर व्यक्तित्व इतना महान एवं विराट है कि वर्तमान और भावी पीढ़ी उससे प्रेरणा ले कर विकसित भारत मार्ग प्रशस्त कर सकती है । लेकिन देश की विडंबना रही कि आजादी के बाद सुनियोजित तरीके से भारत के अहिल्या जैसी कई महान विभूतियों को केवल इतिहास के पन्नो में बन्द कर दिया गया देश की पीढियों को उनके व्यक्तित्व कृतित्व की महानता से अछूता रखा गया। वहीं भावेश कोचर जी ने भी लोकमाता के जीवन वृतांत पर प्रकाश डालते हुए उनके व्यक्तिव के महान पहलुओं पर से अपने विचार साझा किए। समाज की ओर से पूरे आयोजन का संयोजन मुख्य रूप से समाज के युवा अध्यक्ष गेंद लाल पाल , वरिष्ठ सियाराम, धनी पाल ,राजेश पाल , नारायण पाल , प्रेम पाल , सुखी पाल , संतोष पाल , पूना राम पाल , उदित पाल सहित बड़ी संख्या में समाज के बुजुर्ग ,महिलाएं , युवक युवतियां एवं बच्चे बड़ी संख्या में शामिल हुए ।

# भरदा में दुर्घटना नियंत्रण हेतु कब्जा हटाने दुकानदारों को मिला नोटिस

**गुरुर,** 31 मई (देशबन्धु)। नेशनल हाईवे 930 में स्थित ग्राम भरदा में लगातार हो रहे सड़क दुर्घटनाओं को लेकर अब राष्ट्रीय राजमार्ग, लोक निर्माण विभाग उप संभाग बालोद अलर्ट मोड पर है।

जिसके चलते विभाग द्वारा ग्राम भरदा में लगभग 40 दुकानदारों को अतिक्रमण हटाने के लिए नोटिस जारी किया है। बता दे कि बालोद धमतरी मुख्य मार्ग में स्थित ग्राम भरदा वर्तमान में डेंजर जोन बना हुआ है, यहां टर्निंग होने के कारण आए दिन बेवजह लोग दुर्घटना का शिकार होने लगे हैं।



बीते माह ग्राम भरदा में सड़क दुर्घटना में ग्राम परसतराई निवासी की मौत हुई है। इसके अलावा तेज रफ्तार वाहन की चपेट में आने से तीन मवेशी की दर्दनाक मौत एवं 12 से 15 मवेशी घायल हुए हैं। गत वर्ष भी यहां सड़क हादसे में एक शिक्षिका की दर्दनाक मौत हुई है इसके पूर्व अभी यहां कई बार इस तरह सड़क हादसे में लोगों की मौतें हो चुकी है।

आज शनिवार को 7 बजे जानकारी के मुताबिक ग्राम भरदा मे लगातार हो रहे सड़क दुर्घटना पर नियंत्रण हेतु विभाग द्वारा दुकान के सामने अव्यवस्थित पार्किंग, ठेला, गुमटी, टीन शेड या मुख्य मार्ग के किनारे अतिक्रमण को हटाने के लिए नोटिस जारी किया गया है ताकि मुख्य मार्ग से गुजरने वाले राहगीरों को कोई असुविधा न हो।

वहीं दुकानदारों को नोटिस जारी होने के बाद कुछ दुकानदार अतिक्रमण भी हटाने लगे हैं, लेकिन यहां व्यवसाय प्रभावित होने से दुकानदारों को आर्थिक एवं मानसिक परेशानियों से गुजरना पड़ रहा है। दुकानदारों का कहना है कि नेशनल हाईवे में सुरक्षित तरीके से दुकानों का संचालन किया जा रहा है।

यहां सड़क दुर्घटना पर नियंत्रण हेतु शासन प्रशासन को गति अवरोधक बनाकर तथा तेज रफ्तार एवं लापरवाही पूर्वक वाहन चलाने वाले चालकों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

# अयोध्या में नॉनवेज पर प्रतिबंध राम के ननिहाल छत्तीसगढ़ में क्यों नहीं

**शहर दक्षिण ब्लॉक कांग्रेस के अध्यक्ष सूर्यकांत जैन का ताजा बयान**

**राजनंदगांव,** 31 मई (देशबन्धु)। शहर दक्षिण ब्लॉक कांग्रेस के अध्यक्ष सूर्यकांत जैन ने कहा कि राम की जन्मभूमि अयोध्या में मांसाहार के नॉनवेज पर पूरी तरह प्रतिबंध लग गया है। चुकि छत्तीसगढ़ी भगवान राम का ननिहाल है तो यहां सनातन की दुहाई देने वाली सत्ता सीन भाजपा नॉनवेज पर पूर्ण प्रतिबंध क्यों नहीं लगा सकती। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में शराबखोरी और मांसाहार का चलन बढ़ता जा रहा है जब कि ये वस्तुएं सनातन धर्म में त्याज्या है।



श्री जैन ने आगे कहा कि भाजपा की सरकार जब भी छत्तीसगढ़ में कोई पूर्ण प्रतिबंध लगाती है। तो सिर्फ कागजी कार्यवाही बनकर रह जाती है। पूर्व में डॉ. रमन सिंह मुख्यमंत्री थे तब धर्म नगरी डोंगरगढ़ में शराब पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया गया था लेकिन धर्म नगरी में इस प्रतिबंध का असर क्यों नहीं पड़ा वहां आज भी शराब की अवैध बिक्री जमकर हो रही है। जर्दा पाउच पर भी छत्तीसगढ़ में पूर्ण प्रतिबंध लगाया गया था वह भी आज तक निश प्रभावित रहा। उन्होंने ने कहा कि नॉनवेज पर प्रतिबंध पूरे छत्तीसगढ़ में लगना चाहिए। क्योंकि यह भगवान यहां भगवान राम 14 वर्ष तक वनवास काटा जंगल जंगल बिना पादुका के भ्रमण किया उनके चरण रस यहां की धरा अति पावन हो गई है। जहां नॉनवेज और नशाखोरी को बढ़ावा मिलने जा रहा है दरअसल इन चीजों से सरकार को बहुत अधिक राजस्व मिल जाता है। इसलिए इस पर ध्यान नहीं दे रही है जबकि सनातन की दुहाई देने वाली भाजपा को यहां शराब और नॉनवेज पर पूरी तरह प्रतिबंध लगा देना चाहिए।

# विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होने के साथ जनता के सुख- दुख में घर पहुंचे डॉ रमन

**राजनंदगांव,** 31 मई (देशबन्धु)। क्षेत्रीय विधायक एवं विधानसभा अध्यक्ष तथा पूर्व मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह आज अपने एक दिवसीय प्रवास पर राजनांदगांव विधानसभा पहुंचे और सुशासन त्यौहार के साथ अपने विधानसभा के विभिन्न ग्रामों के लोकार्पण कार्यक्रमों में शामिल हुए।

मीडिया सेल द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार डॉ रमन सिंह आज दोपहर 12 बजे देवादा स्थित संचिता लॉन पहुंचे, जहां पर भाजपा नेता विनोद लुल्ला के सुपुत्र नैतिक का यज्ञोपतित कार्यक्रम आयोजित था, जनेऊ संस्कार में शामिल होने के बाद डॉ रमन सिंह गौरव पथ स्थित ऑडिटोरियम पहुंचे, जहां पर पंजीयन विभाग की 10 क्रांतिकारी परिवर्तित योजनाओं की जानकारी उन्होंने प्रदान की। तत्पश्चात डॉ रमन सिंह ग्राम सिंघोला में सुशासन त्यौहार के समापन शिविर में पहुंचे, जहां पर उन्होंने ग्रामीण जनों से मुलाकात कर लोगों का हाल-चाल पूछा और संबंधित प्रशासनिक अधिकारियों को त्वरित समाधान हेतु दिशा निर्देश भी दिया। तत्पश्चात डॉ रमन सिंह ग्राम बोथीपारखुर्द पहुंचे, जहां पर भाजपा कार्यकर्ता हेमदीप के भाई के विवाह समारोह में शामिल होकर नवदंपति को शुभकामनाएं दी।

तत्पश्चात डॉ रमन सिंह ने स्पीकर हाउस में शहर के गणमान्य नागरिकों से मेल मुलाकात करते हुए लोगों की जन समस्या को सुना। और देर शाम को डॉक्टर रमन सिंह अचानकपुर भाटापारा पहुंचे, जहां पर श्री सिंह ने तीन विभिन्न कार्यक्रमों के शिलान्यास,लोकार्पण कार्यक्रम में शामिल हुए।

**कुलबीर छाबड़ा को पितृत्व शौक पर सांत्वना देने पहुंचे डॉ रमन**

कांग्रेस के शहर अध्यक्ष कुलबीर छाबड़ा को उनके पिता स्व. श्री गुरुचरण सिंह जी छाबड़ा के दुखद निधन पर शोक सांत्वना व्यक्त करने हेतु सोनारपारा स्थित उनके निवास स्थान पहुंच कर शोक संतृप्त परिवार को शोक संवेदना व्यक्ति की

# यादव ठेठवार समाज महासभा छग के प्रांताध्यक्ष व जिले के पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

**बालोद,** 31 मई (देशबन्धु)। भाजपा व मुख्यमंत्री द्वारा निगम व मण्डलों में यादवों को अब तक मौका नहीं दिए जाने पर रोष जताया है। उक्ताशय के जारी विज्ञप्ति में बताया गया कि छण्गण् में यादव समाज की जनसंख्या अत्यधिक होने के बावजूद सरकार द्वारा मंत्रीमंडल और निगम मंडलों में प्रतिनिधित्व नहीं दिया जाना समाज के लिए चिंता का विषय बन गया है। यह स्थिति न केवल रामाज के राजनीतिक हक को कमजोर करती है बल्कि सरकार की समावेशी नीति पर भी सवाल खड़े करती है। छण्गण् में यादव समाज वर्षों से सामाजिक, सांस्कृतिक और राजनीतिक रूप से सक्रिय रहा है। कृषि, व्यापार और अन्य क्षेत्रों में योगदान देने के साथ साथ इस समाज ने हर चुनाव में राजनीतिक दलों को समर्थन देकर लोकतंत्र को मजबूत किया है लेकिन जब सता में भागीदारी की बात आती है तो यादव समाज को बार.बार नजर अंदाज किया जाता है जबकि यादव समाज छण्गण् में पिछड़े वर्ग की जातियों में दूसरे नंबर में गणना के अनुसार आता है। इस पर छण्गण् ;ठेठवारद्ध यादव समाज महासभा के प्रांताध्यक्ष गुलेन्द्र कुमार यादव ने बताया कि इस परिप्रेक्ष्य में प्रदेश स्तर पर निर्णय लिया गया है कि जून माह में मुख्यमंत्री निवास एवं भाजपा कार्यालय का घेराव किया जायेगा। कलेक्टर को ज्ञापन सौंपने मधुकांत यदु, चेतन यादव, पवन यादव, कृष्ण कुमार यादव, गुलाबधर यादव, बन्धु यादव, जोगेश्वर यादव, कौशल किशोर यादव आदि उपस्थित थे।

## 4 जून रको रायपुर में सभा का आयोजन

**खैरागढ़,** 31 मई (देशबन्धु)। राजधानी रायपुर के जी ई रोड स्थित शहीद स्मारक भवन में बुधवार 4 जून को ऑल इंडिया बुद्धिस्ट फोरम के तत्वाधान में बोधगया महाबोधि महाविहार मुक्ति आंदोलन एक्ट 1949 को रद्द करने के समर्थन में सभा का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूज्य भदंत डॉ. चंद्रकीर्ति राष्ट्रीय अध्यक्ष राष्ट्रीय सलाहकार ऑल इंडिया बुद्धिस्ट फोरम रहेंगे। विशिष्ट अतिथि डॉ. आकाश लामा महासचिव ऑल इंडिया बुद्धिस्ट फोरम होंगे तथा अतिथि के रूप में डॉ. चंद्र बोधी पाटिल ट्रस्टी चेयरमैन मौजूद होंगे। 4 जून के कार्यक्रम में बौद्ध अनुयायियों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थिति की अपील की गई है।

# ग्राम धनोरा में सुशासन तिहार संपन्न

**गुरुर,** 31 मई (देशबन्धु)। जनपद पंचायत गुरुर के ग्राम धनोरा में शनिवार को सुशासन तिहार संपन्न हुआ। शासन द्वारा लोगों की समस्याओं को दूर करने के उद्देश्य से सुशासन तिहार आयोजित किया जा रहा है जैसे ही समाधान शिविर चालू हुआ, झमा झम बारिश भी चालू हो गई। लगभग एक घंटे तक बारिश हुई, बारिश बंद होने के बाद समाधान शिविर को बेहतरीन ढंग से संपन्न करने के लिए सभी विभाग के अधिकारी कर्मचारी सचिव सरपंच ने मिलकर समाधान शिविर व्यवस्था को बेहतरीन ढंग से संभाला और अधिक उत्साह के साथ स्कूली और आगनवाड़ी के छोटे बच्चों के सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ समाधान शिविर का समापन किया गया।



समाधान शिविर में दुर्गानंद साहू जनपद पंचायत उपाध्यक्ष ने विभागीय अधिकारियों से कहा कि जितने आवेदन आ रहे हैं उन सभी आवेदनों का निराकरण कीजिए और उनसे प्रेम व्यवहार से बातें करें, कोई भी आवेदन कर्ता अगर किसी विभाग में आवेदन दे रहा है तो उसे उस विभाग से और क्या क्या लाभ मिल सकते हैं उसके बारे में आप सभी प्रकार कि जानकारी दीजिए । कार्यक्रम मे दुर्गानंद साहू ने गुरुर ब्लॉक के सभी समाधान शिविर को बड़े ही सहजता से संपूर्ण करने के लिए एसडीएम आर.के. सोनकर, तहसीलदार हनुमंत श्याम ,और जनपद पंचायत सी ई.ओ. उमेश रात्रे की सरहाना की और उनको बधाई भी दिया ,कहां की पिछले डेढ़ महीना से आप लोगों की समस्याओं का समाधान करने में लगे हुए हैं।

धनोरा में आयोजित सुशासन तिहार के अंतर्गत समाधान शिविर में कुल 6270 आवेदन प्राप्त हुआ था, जिसमें 100 आवेदन शिकायत एवं 6170 आवेदन मांग से संबंधित था जिसका विभागीय अधिकारी द्वारा निराकरण किया गया।

**दर्जनों गांव से पहुंचे थे ग्रामीण**– समाधान शिविर में ग्राम धनोरा सहित ग्राम भरदा, अर्जुनी, सोहपुर, धोबनपुरी, बगदई, सुर्रा, घोघोपुरी, पेन्वरो, रमतरा, तार्री, छेड़या, भानपुरी, टेंगना बरपारा, कपरमेटा, सोरर से सैकड़ो की संख्या में ग्रामीण पहुंचे थे।

शिविर में पहुंचने वाले ग्रामीणों के लिए बैठने के लिए पर्याप्त इंतजाम किया गया ।

शिविर में जिला पंचायत बालोद के उपाध्यक्ष तोमन साहू, जनपद पंचायत गुरुर अध्यक्ष सुनीता संजय साहू, उपाध्यक्ष दुर्गानंद साहू, जिला पंचायत बालोद सदस्य चंद्रिका गंजीर, गुरुर एसडीएम आरके सोनकर, तहसीलदार हनुमंत श्याम,जनपद सीईओ उमेश रात्रे, जनपद सदस्य सुभद्रा साहू, तारादेवी यादव, संध्या अजेंद्र साहू ,तानसिंह देहारी, सरपंच सुमन साहू, डाकेश साहू, सीमा साहू, लक्ष्मी पटेल, सतरुपा निशाद, कोमल साहू , सभी 16 गांव के सरपंच सचिव सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं विभागीय अधिकारी कर्मचारीगण उपस्थित थे।

**गोद भराई रस्म मे शामिल हुई गर्भवती माताएं**– मंचासीन अतिथियों द्वारा पूजा अर्चना के बाद समाधान शिविर का शुभारंभ किया गया, तत्पश्चात धनोरा के खेल मैदान में पौध रोपण किया गया।

शिविर के दौरान कृषि विभाग, सहकारिता, विद्युत विभाग, पुलिस थाना, स्वास्थ्य विभाग, जनपद पंचायत, तहसील कार्यालय, शिक्षा विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, यातायात, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, लोक निर्माण विभाग सहित अन्य विभागों द्वारा विभागीय प्रदर्शनी भी लगाई गई थी, जहां विभागीय अधिकारियों ने अपने विभाग संबंधी जानकारी देकर क्षेत्र वासियों को योजनाओं का लाभ लेने के लिए प्रेरित किया गया। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा गर्भवती माता की गोद भराई एवं छोटे बच्चों का अन्नप्राशन संस्कार की रस्मों को भी पूरा किया गया।

## पुलिस अधीक्षक ने थाना प्रभारियों की बैठक आहुत कर शहर में शंति व्यवस्था बनाये रखने एवं अपराधियों पर कड़ी कार्यवाही करने के दिये निर्देश

**राजनांदगांव,** 31 मई (देशबन्धु)। पुलिस अधीक्षक कार्यालय राजनांदगांव में मोहित गर्ग द्वारा जिले के राजपत्रित अधिकारियों एवं शहरी क्षेत्र के थाना प्रभारियों की मीटिंग ली गई जिसमें उन्होंने निर्देशित किया कि एम.सी.पी. लगाकर वाहनों की लगातार चेकिंग की जावे, अवैध मादक पदार्थ, अवैध शराब आदि तस्करी के विरूद्ध सख्ती से कार्यवाही करें, प्रतिदिन थाना प्रभारी स्वयं अपने अपने क्षेत्र में गस्त करें, अपराध नियंत्रण हेतु बाजार हाट, गली मोहल्लों, कॉलोनियों में रात्रि गश्त बढ़ाये और प्रात: 04:00 से 07:00 बजे तक उद्यानों में जहां नागरिक प्रात:भ्रमण के लिये जाते है और संवेदनशील इलाकों में पुलिस की उपस्थिति हो तथा संदिग्धों की चेकिंग की जावे, गुण्डा बदमाश, निगरानी बदमाश आदि को चेक करें तथा नये गुण्डा बदमाश चिन्हित कर उनका नाम सूचि में खोले। धारदार हथियार रखने वाले व चाकूबाजों को चिन्हित कर उनपर कार्यवाही करना सुनिश्चित करने दिये निर्देश। सभी राजपत्रित अधिकारी अपने-अपने क्षेत्र के थाना स्टाफ को मोनिटर करें।



# रानी अहिल्या होलकर की जनसेवा देश हमेशा करेगी याद:सीएमओ योगी

**नपं चिखलाकसा में रानी अहिल्या की जंयती में स्वच्छता अभियान कार्यक्रम**

**चिखलाकसा/डौण्डी,**31 मई (देशबन्धु)। नगर पंचायत सीएमओ अरविंद नाथ योगी के मार्गदर्शन में अहिल्या बाई होलकर की 300 वी जयंती के उपलक्ष्य में नगर पंचायत चिखलाकसा वार्ड नंबर 5 के तलाब में स्वच्छता अभियान का कार्यक्रम किया गया। 30 मई को नगर पंचायत चिखलाकसा के आस पास सफाई कार्य एवं श्रम दान भी किया गया। इस अवसर पर सीएमओ योगी ने कहा की रानी अहिल्या बाई होलकर भारत की सांस्कृतिक जागरण एवं सनातन विचारों के साथ गरीब और असहायों की सेवा की जीवंत प्रतिमूर्ति थी।विषम परिस्थितियों के बीच भी रानी अहिल्या की जन सेवा में निरंतर सक्रिय रही उनके देश के प्रति योगदान को हमेशा वर्तमान आने वाली पीढ़ी याद करेगी।




कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित नगर पंचायत अध्यक्षा कुन्ती देवांगन, उपाध्यक्ष राजू रावटे , वार्ड नंबर 1 पार्षद हेमकुंवर तारम, भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा प्रदेश सह-सोशल मीडिया प्रभारी हितेश कुमार डोंगरे, वार्ड नगर 5 पार्षद बसंत कुरेटि , कुसुमकसा भाजपा नेता गोविन्द शर्मा ,उप अभियंता राकेश कुमार पाठक, सफाई दरोगा सन्नी चौधरी , राकेश साहू एवं समस्त कर्मचारि, स्वच्छता दीदी, गांव के नागरिकगण इस कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

# भाजपा ने वन नेशन वन इलेक्शन और लोकमाता अहिल्याबाई होलकर पर किया संगोष्ठी

**कुम्हारी,** 31 मई (देशबन्धु)। विगत दिनों कुम्हारी भाजपा मंडल की अहम बैठक सम्पन्न हुई। उक्त बैठक में वन नेशन वन इलेक्शन और लोकमाता अहिल्याबाई होलकर जी की 300 वीं जयंती के अवसर पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस आयोजन में मुख्य रूप से भारतीय जनता पार्टी जिला अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक , निवर्तमान जिला अध्यक्ष जितेंद्र वर्मा , जिला उपाध्यक्ष दिलीप साहू , नवीन पवार , शैलेश शिंदे , कुम्हारी मंडल अध्यक्ष धर्मेंद्र सिन्हा, कुम्हारी नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती मीना वर्मा , वरिष्ठ भाजपा नेता राकेश पाण्डेय , किसान नेता योगेश साहू , पूर्व मंडल अध्यक्ष पी एन दुबे , पूर्व मंडल अध्यक्ष राजू निषाद , पूर्व मंडल अध्यक्ष माखन कोसरिया , अशोक दीवान , रामाधार शर्मा , अवधेश शुक्ला , रामकुमार सोनी , दीपक चतुर्वेदी , पार्षद अश्वनी देशलहरे, डीकेश पटेल , उमाकांत साहू , हरिदास वैष्णव , उमेश्वरी साहू , लता साहू , लोकेश साहू, ममता साहू, फिंगेश्वर साहू , नारायण सोनकर , उधोराम साहू , वीरू सिंह , अनुज शुक्ला , अमरजीत सिंग गिल, जे पी बैंस , इमरान रिजवी, मिथिलेश यादव , सूरज यादव , हीरा सिन्हा , गीतेश्वर धीवर जी, सुनीता कुर्रे , योगिता वर्मा , तृप्ति चंद्राकर , आयुषी पांडे , रागिनी निषाद , राधा ठाकरे , क्षमा सहित कुम्हारी मंडल के श्रेष्ठ श्रेष्ठ कार्यकर्ता भगिनी सहित बड़ी संख्या में उपस्थित थे।




# 70 वर्ष से अधिक आयु वाले वृद्धजन का वय वंदन व आधार कार्ड अपडेशन शिविर का आयोजन

**परपोड़ी,** 31 मई (देशबन्धु)। स्वास्थ्य विभाग मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ यशवंत ध्रुव के निर्देश पर सी एच सी परपोड़ी में 2 दिवसीय 70+ बुजुर्गों के लिए आधार अपडेट शिविर का आयोजन किया गया।



■ स्वास्थ्य विभाग द्वारा वय वंदन कार्ड बनाने दिक्कतों का दूर करने सराहनीय पहल

जानकारी हो कि सेक्टर परपोड़ी अंतर्गत आने वाले 30 ग्राम में ऐसे अनेक बुजुर्ग थे जिनका आधार अपडेट नहीं हुआ था जिनके कारण उनका वयोवंदन कार्ड नहीं बन पा रहा था। परपोड़ी में आधार अपडेट कि सुविधा भी नहीं है। इन सभी समस्याओं को देखते हुए अस्पताल परिसर में आधार अपडेट शिविर लगाया गया। इस शिविर में 138 बुजुर्गों का नि:शुल्क आधार अपडेट किया गया। गांवों से संस्था में लाने के लिए नि:शुल्क द्र रिक्शा कि व्यवस्था कि गई थी। इस प्रकार स्वास्थ्य विभाग द्वारा किया गया पहल सराहनीय रहा स्थानीय जन इस पहल से खुश नजर आए ,शिविर के सफल आयोजन में संस्था प्रभारी डॉ ऐश्वर्या साहू एवं सेक्टर परपोड़ी के समस्त कार्यकर्ताओं का विशेष सहयोग रहा।

उल्टा पुल्टा

पत्नी से परेशान पति एक दिन पंडित जी के पास पहुंचा और बोला- पंडित जी एक बात बताइए कि ये जनम-जनम का साथ वाली बात क्या सही है।
पंडित जी- सौ फीसदी सही है।



# कौंदकेरा में सुशासन तिहार का अंतिम समाधान शिविर संपन्न

## कौंदकेरा क्लस्टर में 10557 आवेदनों का किया गया गुणवत्तापूर्ण निराकरण





- राजिम विधायक रोहित साहू ने सुशासन तिहार के सफल आयोजन एवं नागरिकों के आवेदनों के निराकरण के लिए जिले के अधिकारी-कर्मचारियों को दी शुभकामनाएं
- जनप्रतिनिधियों ने हितग्राहियों को विभिन्न योजनाओं से किया लाभान्वित

**राजिम,** 31 मई (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के मंशानुरूप प्रदेश सहित सुशासन तिहार के तृतीय चरण में समाधान शिविरों का आयोजन 05 मई 2025 से क्लस्टर वार नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्र में किया किया गया। इसी क्रम में आ ज राजिम से समीपस्थ ग्राम कौंदकेरा में सुशासन तिहार का अंतिम समाधान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें राजिम विधायक रोहित साहू के मुख्य आतिथ्य समाधान शिविर सफ्लतापूर्वक सम्पन्न हुआ।

विधायक रोहित साहू ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में सुशासन तिहार आयोजित कर शिविर में मुख्यमंत्री सहित मंत्रीगण, जनप्रतिनिधि, जिला कलेक्टर, जिला एवं विकासखण्ड के अधिकारी - कर्मचारी गांव-गांव में पहुंचकर लोगों की समस्याओं को सुनकर समाधान कर रहे हैं। शिविर में अधिकारी प्राप्त आवेदनों का निराकरण की स्थिति की जानकारी भी दे रहे हैं। जिन आवेदनों का निराकरण शिविर स्थल पर नहीं हो पा रहा है। उसे राज्य के उच्च कार्यालय को प्रेषित किया जाता है। इसके उपरांत वहां से उनका निराकरण किया जायेगा। इसके साथ ही पात्रता अनुसार हितग्राहियों को योजना से लाभान्वित भी किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार द्वारा पदभार ग्रहण करने बाद जितने भी वादा किया था, उसे हर संभव पूरा किया जा रहा है। उन्हेंने कहा कि हमारी सरकार ने महिलाओं सहित सभी वर्गों के सम्मान के लिए काम कर रही है। उन्होंने बताया कि महिलाओं के लिए महतारी वंदन, उज्जवला गैस कनेक्शन, राशन कार्ड सहित अन्य योजनाओं में महिलाओं को लाभान्वित करने का काम कर रही है। इसके अलावा उन्होंने बताया कि हमारी सरकार बनते ही जिले में 38 हजार आवास स्वीकृत कर बनने का काम भी हो गया है। उन्होंने बताया कि 10 दिन पहले केन्द्रीय कृषि मंत्री श्री शिवराज चौहान प्रदेश की राजधानी रायपुर पहुंचे हुए थे, उन्होंने प्रदेशवासियों के लिए और प्रधानमंत्री आवास स्वीकृत करने की घोषणा की है। इसमें हमारे जिले के 28 हजार हितग्राहियों को इसका लाभ मिलेगा। जिले के सभी व्यक्तियों के लिए अब पक्का मकान बनेगा। उन्होंने कार्यक्रम में जानकारी देते हुए बताया कि टेका ग्राम पंचायत के आश्रित ग्राम कपसीडीह और रोहिना पंचायत के आश्रित ग्राम सेम्हराडीह को 02 अक्टूबर तक राजस्व ग्राम का दर्जा मिल जायेगा। इसके अलावा उन्होंने कौंदकेरा में मुक्तिधाम एवं प्रतिक्षालय निर्माण की घोषणा की। इसके अलावा पूर्व विधायक श्री संतोष उपाध्याय ने भी सुशासन तिहार को सम्बोधित करते हुए कहा कि राज्य सरकार के सुशासन के डेढ़ साल पूरे हो रहे हैं। सुशासन तिहार के तहत गांव-गांव में ग्रामीणों की समस्याओं के निदान के लिए शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इस पहल से शासन गांव-गांव में पहुंच रही है और ग्रामीणों की समस्याओं से सीधे संवाद किया जा रहा हैं।

इस दौरान अतिथियों ने स्टॉलों का निरीक्षण किया और योजनाओं की जानकारी ली। साथ ही शिविर में समाज कल्याण विभाग द्वारा 4 हितग्राही को श्रवण यंत्र, 1 हितग्राही को व्हीलचेयर और 4 हितग्राही को मोटराईज्ड ट्रायसिकल प्रदाय किया गया। इसी प्रकार महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा 5 गर्भवती महिलाओं की गोद भराई एवं 6 बच्चों का अन्नप्राशन किया गया। स्वास्थ्य विभाग द्वारा 10 हितग्राही को मच्छरदानी एवं 6 हितग्राही को आयुष्मान कार्ड वितरण किया गया। कृषि विभाग द्वारा 5 किसानों को धान बीज एवं 5 किसानों को किसान क्रेडिट कार्ड वितरण किया गया। इसके अलावा स्वास्थ्य विभाग द्वारा 4 ग्राम पंचायतों को टीबी मुक्त पंचायत के लिए प्रमाण पत्र एवं मोमेंटों देकर सम्मानित किया गया। उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम लाने पर प्रतिभावान विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र व प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। शिविर में कौंदकेरा सहित बोरसी, किरवई, कोमा, सेम्हरतरा, बेलटुकरी, भैसातरा, जेंजरा, देवरी, रोहिना, टेका, तरीघाट, बहेरापाल एवं कुम्ही ग्राम पंचायतों के लोग शामिल हुए। कौंदकेरा क्लस्टर में प्राप्त कुल 10 हजार 557 आवेदनों का निराकरण किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष गौरीशंकर कश्यप, जिला पंचायत सदस्य इंद्रजीत महाड़िक, श्रीमती नंदनी साहू, जनपद सदस्य श्रीमती रामेश्वरी कुर्रे, श्रीमती मंजू साहू, श्रीमती हीरामणी साहू, ग्राम पंचायत के सरपंच श्रीमती राधिका यादव, कलेक्टर बी.एस. उइके, जिला पंचायत सीईओ जी.आर. मरकाम, अपर कलेक्टर नवीन भगत, एसडीएम विशाल महाराणा, स्थानीय जनप्रतिनिधि, अधिकारी-कर्मचारी, मीडियाकर्मी सहित बड़ी संख्या में नागरिकगण उपस्थित थे।

# कसडोल नगर में शासकीय भूमि में अवैध कब्जा के चलते नवीन कार्यालय का स्थापना नगर से बाहर होने लगा है



## आगे चलकर कार्यों के लिए लोगों को होगी परेशानी

■ **साहेबलाल साहू**

**कसडोल/बलौदाबाजार,** 31 मई (देशबन्धु)। नगर पंचायत गठन के बाद से कसड़ोल नगर के शासकीय भूमि मे अवैध कब्जा का बाढ सा आ गया है पर इस बीच जितने भी अध्यक्ष, पार्षद बने किसी ने भी विकृत हो रहे नगर को बचाने, संवारने का कोई प्रयास नही किया बल्कि कुछ पदाधिकारी अवैध कब्जा को बढावा ही दिया है। जिसका परिणाम यह हुआ कि कसड़ोल नगर मे आई टी आई भवन के लिये जमीन नही मिलने के कारण कसड़ोल से 8 कि मी दूर ग्राम असनिंद मे आई टी आई का संचालन हो रहा है। इसी प्रकार बहुप्रतिष्ठित माडल स्कूल भी कसड़ोल से 4 कि मई दूर ग्राम छरछेद मे खुला जिसे अब डी ए व्ही स्कूल के नाम जाना जाता है यही ही नही लोगो को न्याय देने वाला ब्यवहार न्यायालय के लिए भी कसड़ोल मे जमीन नसीब न हो सका। जिसके कारण 2 कि मी दूर ग्राम पंचायत मोहतरा के आश्रित ग्राम गोरधा मे न्यायालय (कोर्ट) भवन, के लिए जमीन उपलब्ध करायी गई। जहां स्टाफच टर तथा न्यायाधीश बंगला बनकर तैयार है जहां वे सभी निवास कर रहे है।

उल्लेखनीय है कि कोर्ट भवन निर्माण के लिए निविदा भी हुआ है। इसी तरह प्राथमिक सहकारी साख समिति जहां किसान अपनी फसल विक्रय किया करते है पर्याप्त जमीन नही होने के कारण 2 किमी दूर ग्राम मोहतरा के 6 एकड भूमि मे समिति किसानो की धान खरीदी करते आ रहे। वही मोहतरा की ही जमीन मे पोस्ट मेट्रिक छात्रावास भवन भी संचालित है। इसके बाद भी न नगर पंचायत प्रशासन और न ही तहसील प्रशासन ने कभी गंभीरता से नही लिया जिसके कारण अवैध कब्जा फलफूल रहा है।

अब तो हद ये हो गई है कि कसड़ोल-चिचपोल सड़क पर बरसाती नाला जिसमे कसड़ोल सहित कोट, छरछेद, बैगनडबरी, हटौद खार का पानी आता है लोग अवैध कब्जा कर पानी निकासी स्थल मे मकान बाडी बना कर बेखौफरह रहे है जिससे बरसात मे नाला के उपर 1 कि मी दूर तक सैकडो एकड धान की फसल हफ्तो डूबा रहता है, पर इस ओर नगर पंचायत के जिम्मेदार अधिकारी तथा पदाधिकारीयो को यह दिखता नही, शासकीय भूमि तथा नाला मे हो रहे अवैध कब्जा को तत्काल हटाने का आवेदन छग श्रमजीवि पत्रकार संघ तहसील ईकाई कसडोल व्दारा नगर पंचायत भवन मे आयोजित समाधान शिविर मे दिया गया था पर आज तक कोई झांकने तक नही आया।

यह बहुत बडी विडम्बना है सरकार द्वारा लोगो की समस्याओ का समाधन के लिये चलाये जा रहे ऐसे कार्यक्रमो को अधिकारीयो द्वारा किस तरह चूना लगाया जा रहा उदाहरण काफी है।

# ताइपोई से लौटे खिलाड़ी का नपा उपाध्यक्ष कक्ष में किया स्वागत



**महासमुंद,** 31 मई (देशबन्धु)। ताइवान की राजधानी ताइपोई में आयोजित वर्ल्ड मास्टर गेम्स एवं 27वीं ताइवान ओपन फुटबॉल चौम्पियनशीप 2025 में भाग लेकर महासमुन्द के होनहार खिलाड़ी अभिषेक पाण्डे का वापस स्वदेश एवं महासमुन्द आगमन पर नगर पालिका उपाध्यक्ष कक्ष में नपा उपाध्यक्ष देवीचंद राठी द्वारा अभिनन्दन किया गया। इस अवसर पर पार्षद चन्द्रशेखर बेलदार, पियुष साहू भाजपा नेता गण हनीष भग्गा, जितेन्द्र साहू, नईम खान, शुभम पाण्डे, गौरव राठी आदि उपस्थित थे। उल्लेखनीय है कि वुड बॉल खिलाड़ी अभिषेक पाण्डेय 15 मई से ताईवान जाकर वर्ल्ड मास्टर गेम्स में भारत का प्रतिनिधित्व किया। पूर्व में जिला प्रदेश एवं राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिनिधित्व कर वुड बॉल गेम्स में कई प्रतियोगितायें जीत चुके है। उन्होने नगर, प्रदेश एवं देश का मान बढ़ाया है। उनके साथ छत्तीसगढ़ से 5 खिलाड़ी तथा भारत देश से कुल 10 खिलाड़ी भारत का प्रतिनिधित्व करने ताइवान गये थे। उनकी उपलब्धि के लिए बधाई एवं शुभकामनायें दी गई।

# शिविर में स्वच्छता दीदियों का किया गया स्वास्थ्य जांच



## नपाध्यक्ष ने स्वच्छता दीदियों को महारानी होलकर की जीवनी से कराया अवगत

**महासमुंद,** 31 मई (देशबन्धु)। शहर के डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी सभागार में 31मई को रानी अहिल्या बाई होलकर की 300 वी जंयती पर नपाध्यक्ष निखिलकांत साहू की उपस्थिति में विशेष स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में नगर पालिका के सभी स्वच्छता दीदियों ने भाग लिया। स्वास्थ्य शिविर में आधुनिक मशीन से बीपी, शुगर और वजन की जांच की गई। विशेषज्ञ चिकित्सक ने सभी सफाई दीदियों के स्वास्थ्य का परीक्षण किया। उन्हें जरुरी सलाह भी दी। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य कर्मचारियों में स्वास्थ्य के प्रति जागरुकता बढाना था। साथ ही रानी अहिल्या बाई होलकर के सेवा और समाज कल्याण के आदर्शो को याद करना था। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू ने सभी स्वच्छता दीदियों का स्वास्थ्य परीक्षण मोबाईल मेडिकल यूनिट के माध्यम से टाऊन हाल में करवाया। जिसमें उनका बीपी, शुगर,ए अस्थमा, खून जॉच, सर्दी, खॉसी, घुटना दर्द आदि का ईलाज करवाया गया। साथ में सभी स्वच्छता दीदियों के जॉच के बाद दवा वितरित की गई। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू ने स्वच्छता दीदीयो को रानी अहिल्या बाई होलकर की जीवनी के बारे में बताया कि कैसे देवी अहिल्या बाई होलकर सामान्य परिवार में जन्म लेकर होलकर साम्राज्य की महारानी बनी। कैसे उन्होंने अपने शासनकाल में राष्ट्रहित एवं धर्म संबंधित जन जागरुकता विकसित किया। विषम परिस्थितियों में कैसे अपने राज्य को संभाला जाता है यह महारानी अहिल्या बाई होलकर से सीखा जा सकता है। शिविर में उपस्थित डॉक्टर गंगेश्वर दीवान ने स्वच्छता दीदियों को समझाया कि 41 प्रकार के खून जॉच होता है। इसी जॉच को बाहर क्लीनिक में कराने पर 3 से 4 हजार रूपये खर्चा आ जाता है। जबकि यहां पर शासन द्वारा यह सुविधा नि:शुल्क प्रदान की जाती है। सुबह जॉच के बाद दोपहर 2 बजे तक रिपोर्ट मोबाईल में आ जाता है। उसके साथ ही आवश्यक रूप से सभी प्रकार की दवाईयॉ भी नि:शुल्क दी जाती है। इस अवसर पर पार्षद धनेन्द्र चन्द्राकर, जितेन्द्र देवनारायण ध्रुव, रिंकू चन्द्राकर, राहुल आवडे, नीरज चन्द्राकर, श्रीमती माधुरी धनीराम यदु, स्वच्छ भारत मिशन के नौशाद बक्श, राखि ठाकुर,प्रेमशीला बघेल, रमा महानंद, टिकेश्वरी साहू, हेमलता शर्मा, प्रिया दुबे, आदि उपस्थित थे।

# महाप्रभु सत्यनारायण का 76वां स्थापना दिवस कंसारी समाज ने धूमधाम के साथ मनाया, निकली शोभायात्रा





## बरसते पानी में युवा डीजे की धुन पर थिरकते रहे

**नवापारा राजिम,** 31 मई (देशबन्धु)। नगर के मध्य में विराजमान कंसारी समाज का गौरव श्री सत्यनारायण मंदिर में स्थापित श्री सत्यनारायण भगवान की मूर्ति स्थापना का 76 वां स्थापना दिवस (वार्षिकोत्सव) के रूप में श्री सत्यनारायण मंदिर कमेटी एवं कंसारी समाज द्वारा अत्यंत हर्षोल्लास व धूमधाम के साथ मनाया गया। बरसते पानी में सत्यनारायण महाप्रभु जी की विशाल शोभायात्रा निकाली गई। कुछ ही देर पश्चात आसमान साफहो गया, बारिश बंद हो गई। लोग इसे महाप्रभु का चमत्कार कहने लगे।इस अवसर पर सामाजिक बंधुओं का व्यवसाय पूर्ण रूप से बंद रहा। मंदिर के पुजारी पंडित भागवत प्रसाद मिश्रा द्वारा मंत्रोच्चार के बीच प्रात: 4रू00 बजे ब्रह्म मुहूर्त में महाप्रभु को पंचामृत स्नान कराया गया।प्रात: 5रू00 बजे भगवान का अलौकिक श्रृंगार किया गया वहीं सुबह 6रू00 बजे मंगला आरती हुई। सामाजिक जनों व श्रद्धालुओं द्वारा देव दर्शन एवं पूजा अर्चना की गई।प्रात: भगवान श्री सत्यनारायण जी की कथा का आयोजन संपन्न हुआ तत्पश्चात प्रसाद वितरण किया गया। प्रात 8रू30 बजे श्री सत्यनारायण भगवान की शोभायात्रा निकाली गई जो कि नगर के प्रमुख मार्गो गंज रोड, सब्जी मंडी, सदर रोड, कुम्हारपारा ,सुभाष चौक, बस स्टैंड, कर्मा मंदिर मां काली मंदिर मंडी होते हुए वापस मंदिर में आकर समाप्त हुई। समाज की भजन मंडलियों के द्वारा शोभायात्रा के आगे आगे भजन कीर्तन गाया बजाया जा रहा था। उड़िया संस्कृति पर आधारित गीत व भजनों की प्रस्तुति के साथ ही उड़ीसा से आई कलाकारों की टीम लोगों में आकर्षण का केंद्र रही। डीजे की धुन पर युवा थिरकते रहे। दोपहर को मंदिर परिसर में सामाजिक भोज का आयोजन किया गया जिसमें सामाजिक जनों ने भोजन प्रसादी ग्रहण किया। श्री सत्यनारायण महाप्रभु जी के 76 वें स्थापना दिवस के अवसर पर सप्ताह भर प्रात: 4रू00 बजे से प्रभात फेरी निकाली गई। जिसमें समाज की भजन मंडली, श्री सत्यनारायण मानस मंडली, संकीर्तन मंडली द्वारा भजनों की प्रस्तुति दी गई। वहीं सप्ताह भर विविध कार्यक्रम संपन्न किए गए।कार्यक्रम को सफल बनाने में श्री सत्यनारायण मंदिर कमेटी, नगर कंसारी समाज, युवा संगठन, महिला संगठन, सत्यनारायण शिक्षा विकास समिति के पदाधिकारियों व सदस्यों का सराहनीय योगदान रहा।

# उप संचालक पशु चिकित्सा में हुई रिश्वत कांड के मुख्य आरोपी को प्रत्येक धारा में मिली 5-5 साल की सजा, महिला कर्मचारी दोषमुक्त

**महासमुंद,** 31 मई (देशबन्धु)। भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के विशेष न्यायाधीश सुश्री संघपुष्पा भतपहरी ने स्थानीय उप संचालक पशु चिकित्सा कार्यालय में पदस्थ 60 वर्षीय उमाशंकर गुप्ता पिता छत्रधारी गुप्ता को भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धारा 7,12,13 के तहत प्रत्येक धारा में 5-5 साल सश्रम कैद की सजा व प्रत्येक धारा में 20-20 हजार कुल 60 हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया है। अर्थदंड की राशि नही पटाने पर प्रत्येक धारा में 6 माह का सश्रम कारावास पृथक से भुगतना होगा। सभी सजाएं साथ-साथ चलेगी। अभियोजन के अनुसार उप संचालक पशु चिकित्सा कार्यालय का यह बहुचर्चित मामला है प्रार्थिया श्रीमती सुरेखा राउत ने 28 सितंबर 22 को पुलिस अधीक्षक एन्टी करप्शन ब्यूरो रायपुर के समक्ष उपस्थित होकर एक लिखित शिकायत पत्र प्रस्तुत किया कि वह जिला महासमुंद के उप संचालक पशु चिकित्सा सेवाएं में कार्य करती थी। कुछ वार्षो से अटैच में अंजोरा दुर्ग में कार्य कर रही थी। प्रार्थिया का वेतन-भत्ते महासमुंद से मिलता था। 31 अगस्त 22 को सेवानिृवत्त हो चुकी है। प्रार्थिया ने जीपीएफ का पैसा और पेंशन प्रकरण बनवाने के लिए कार्यालय में पदस्थ बाबू उमाशंकर गुप्ता से संपर्क किया तो गुप्ता के द्वारा 40 हजार रुपए की मांग की गई। जिसकी शिकायत एंटी करप्शन ब्यूरों में करने पर ट्रेप करने की योजना बनी और योजनानुसार 12 अक्टूबर 22 को रिश्वत के रूप में दी जाने वाली 39 हजार रुपए लेकर प्रार्थिया पहुंची। रिश्वत की राशि देने के बाद प्रार्थिया बाहर निकली पश्चात एंटी करप्शन की टीम अंदर पहुंची और आरोपी उमाशंकर गुप्ता तथा एक महिला कर्मचारी को रंगे हाथों पकड़कर मामला कोर्ट को सौंपा था। जहां आरोप दोष सिद्ध होने पर मुख्य आरोपी को सजा सुनाई। वही इस प्रकरण में महिला को संदेह का लाभ देते हुए दोषमुक्त किया है। उक्त महिला कर्मचारी पर रकम मांगने का कोई साक्ष्य उपलब्ध नही हो सका। अभियोजन की ओर से लोक अभियोजक संजय गिरि ने पैरवी की।

# विधायक धरम लाल कौशिक राजिम पहुंच भगवान राजीव लोचन और कुलेश्वर महादेव की, की पूजा अर्चना



## विधायक रोहित साहू, खाद्य निगम आयोग के अध्यक्ष चंदुलाल साहू, पूर्व विधायक संतोष उपाध्याय, नगर अध्यक्ष महेश यादव ने किया आत्मीय स्वागत

**राजिम,** 31 मई (देशबन्धु)। धर्म नगरी राजिम मे भाजपा के वरिष्ठ नेता पूर्व विधानसभा अध्यक्ष, बिलहा विधानसभा के विधायक धरमलाल कौशिक का एक दिवसीय राजिम प्रवास हुआ, जिसमें स्थानीय रेस्ट हाउस में विधायक रोहित साहू, खाद्य निगम आयोग के अध्यक्ष चंदूलाल साहू, पूर्व विधायक संतोष उपाध्याय, भाजपा जिला अध्यक्ष अनिल चंद्राकर, नगर पंचायत अध्यक्ष महेश यादव, पूर्व जिला पंचायत सदस्य चंद्रशेखर साहू, मंडल अध्यक्ष रिकेश साहू भाजपा नेता सोमनाथ पटेल, संजीव साहू, सरपंच संघ के अध्यक्ष हरीश साहू, सभापति आकाश राजपूत, जितेंद्र पेंडरिया, युवराज साहू, पार्षद अजय पटेल आदि ने पुष्प गुच्छ भेट कर आत्मीय स्वागत किया।

विधायक धरमलाल कौशिक ने भगवान राजिम लोचन, कुलेश्वर महादेव की पूजा अर्चना कर क्षेत्र वासियों की सुख समृद्धि शुभकामनाएं की। उक्त अवसर पर स्थानीय रेस्ट हाउस में विधायक धरमलाल कौशिक ने कहा कि राजिम धार्मिक और पौराणिक नगरी है, यहां >> शेष पृष्ठ 9 पर >

# पुण्यश्लोक रानी अहिल्याबाई ने भारतीय संस्कृति के कीर्तिध्वजा को दसों दिशाओं में फहराया : गौरीशंकर



- महानता और दूरदर्शिता आज भी लोगों को करती है प्रेरित : शिवरतन शर्मा
- मणिकंचन केंद्र में कार्यरत स्वच्छता कर्मियों का सम्मान कर उपहार भेंट किया गया

**बलौदाबाजार,** 31 मई (देशबन्धु)। नगर पालिका परिषद बलौदाबाजार द्वारा स्थानीय ऑडिटोरियम में पुण्यश्लोक, लोकमाता रानी अहिल्याबाई होल्कर की 300 वीं जयंती पर आयोजित संगोष्ठी कार्यक्रम में भाजपा के वरिष्ठ नेतागण, पदाधिकारी, कार्यकर्ता और आमजन शामिल हुए। इस अवसर पर पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि राजमाता अहिल्याबाई होल्कर, मालवा साम्राज्य की होल्कर रानी थी। उन्हें भारत की सबसे दूरदर्शी महिला शासकों में से एक माना जाता है। 18वीं शताब्दी में, मालवा की महारानी के रूप में, धर्म का संदेश फैलाने और महिला सशक्तिकरण में उनका महत्वपूर्ण योगदान रहा। रानी अहिल्याबाई ने अपनी प्रजा और गरीबों की भलाई के लिए हमेशा काम किया और उन्होंने समाज सेवा के लिए खुद को पूरी तरह समर्पित कर दिया था। उन्होंने भारतीय संस्कृति के कीर्ति-ध्वजा को दसों दिशाओं में फहराया और आदर्श शासन व्यवस्था की स्थापना की।

इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष शिवरतन शर्मा ने पुण्यश्लोक अहिल्या बाई के 300 वीं जयंती पर आयोजित संगोष्ठी को संबोधित करते हुए कहा कि अहिल्या बाई मालवा क्षेत्र की शासक थीं और मराठा संघ का एक हिस्सा थीं। उन्हें भारत की सबसे दूरदर्शी महिला शासकों में से एक माना जाता है। महानता और दूरदर्शिता आज भी लोगों को प्रेरित करती है। अहिल्याबाई को प्रेरणा और मार्गदर्शन के स्त्रोत के रूप में भी याद किया जाता है। उन्होंने कहा कि उनकी महानता और दूरदर्शिता आज भी लोगों को प्रेरित करती है। सामाजिक सुधारों ने इतिहास में उन्हें एक महत्वपूर्ण स्थान दिया। उनके जीवन ने हमें न्याय, धर्म और सामाजिक सुधारों की प्रति समर्पित रहने की प्रेरणा देता है। हम अपने उद्देश्य को लेकर समाज में नैतिकता और नारीवादी संप्रदाय और राष्ट्र के धार्मिक, सांस्कृतिक और आध्यात्मिक उत्कर्ष को जीवन का लक्ष्य बनाने वाले काम करने वाली महारानी के प्रयासों को जन-जन तक पहुंचाएंगे।

भाजपा जिलाध्यक्ष आनंद यादव ने कहा कि पुण्यश्लोक अहिल्या बाई होल्कर के जन्म त्रिशताब्दी को हम सब मना रहे हैं। जब देश में मुगल आक्रांताओं के द्वारा मंदिर ध्वस्त किये जा रहे थे, तब अहिल्याबाई ने बिना भय के, बिना किसी >> शेष पृष्ठ 9 पर >

# मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने दी विधिक प्रावधानों की जानकारी, पारदर्शिता व दक्षता को बताया चुनावी सफलता की कुंजी



**महासमुंद** 31 मई (देशबंधु)। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा आयोजित दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम की आठवीं श्रृंखला का शुभारंभ शुक्रवार को नई दिल्ली स्थित भारत अंतर्राष्ट्रीय लोकतंत्र और निर्वाचन प्रबंधन संस्थान में हुआ। इस प्रशिक्षण में छत्तीसगढ़ के 96 निर्वाचन अधिकारी सक्रिय रूप से शामिल हुए हैं। मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए छत्तीसगढ़, हरियाणा, मध्यप्रदेश और उत्तरप्रदेश से आए बूथ लेवल अधिकारी, बीएलओ सुपरवाइर्स, ईआरओ तथा डीईओ को संबोधित किया। उन्होंने निर्वाचन व्यवस्था को पारदर्शी, सुसंगत और विधिसम्मत बनाए रखने में इन अधिकारियों की भूमिका को अत्यंत महत्वपूर्ण बताया। उल्लेखनीय है कि यह अब तक का सबसे बड़ा प्रशिक्षण बैच है, जिसमें कुल 373 प्रतिभागी शामिल हैं, जिनमें से उत्तर प्रदेश से 118, मध्यप्रदेश से 130, छत्तीसगढ़ से 96 और हरियाणा से 29 अधिकारी हैं। इस श्रृंखला के माध्यम से आयोग दो माह में अब तक 3720 से अधिक मैदानी चुनाव अधिकारियों को प्रशिक्षण दे चुका है। अपने संबोधन में मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1950 एवं 1951, निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिनियम 1960, निर्वाचन संचालन नियम 1961 तथा आयोग द्वारा समय.समय पर जारी निर्देशों की जानकारी को आवश्यक बताया। उन्होंने कहा कि यह प्रशिक्षण यह सुनिश्चित करेगा कि चुनाव की समस्त प्रक्रिया विधिक प्रावधानों के अनुरूप संपन्न हों। मुख्य निर्वाचन आयुक्त श्री ज्ञानेश कुमार ने प्रतिभागियों को अवगत कराया कि प्रशिक्षण के दौरान वे लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1950 की धारा 24 ;जिला मजिस्ट्रेट-कलेक्टर के समक्ष प्रथम अपील और धारा 24 राज्य-केंद्र शासित प्रदेश के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के समक्ष द्वितीय अपील की प्रक्रिया से भी परिचित रहें। उन्होंने बीएलओ व पर्यवेक्षकों को सलाह दी कि वे क्षेत्रीय सत्यापन के समय इन प्रावधानों की जानकारी मतदाताओं को भी दें। उल्लेखनीय है कि 6 से 10 जनवरी 2025 के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण के बाद छत्तीसगढ़ हरियाणा, मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश से किसी प्रकार की अपील प्राप्त नहीं हुई, जो क्षेत्रीय अधिकारियों के सतर्क, व्यवस्थित और तकनीकी रूप से दक्ष होने का प्रमाण है। प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य मतदाता पंजीकरण, फॉर्म प्रबंधन और चुनाव प्रक्रियाओं के व्यावहारिक पक्ष को मजबूत करना है। इसके अंतर्गत प्रतिभागियों को ईवीएम, वीवीपैट और मॉक पोल से संबंधित तकनीकी पहलुओं पर विशेष सत्रों के माध्यम से प्रशिक्षित किया जाएगा। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में आईटी टूल्स के उपयोग पर भी विशेष बल दिया गया है। इससे अधिकारी डिजिटल प्रक्रिया, डेटा प्रबंधन और निर्वाचन प्रक्रिया में तकनीकी दक्षता प्राप्त कर सकेंगे, जिससे भविष्य के चुनाव अधिक पारदर्शी और त्रुटिरहित बनाए जा सकेंगे। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा आयोजित यह प्रशिक्षण श्रृंखला लोकतंत्र की मजबूती में एक और ठोस कदम है, जिसमें छत्तीसगढ़ के अधिकारियों की सक्रिय भागीदारी राज्य की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। यह सुनिश्चित करता है कि आने वाले चुनावों में भी निर्वाचन कार्य में नियोजित अधिकारी एवं कर्मचारी पारदर्शिता और प्रभावशीलता के उच्चतम मानकों का पालन करेंगे।

# किसानों को मंडी में नही मिल रहा है भाव

**महासमुंद** 31 मई (देशबंधु)। बारिश की परेशानी झेल रहे किसानों को मंडी में भी धान का उचित भाव नही मिल रहा है। समर्थन मूल्य से 6 सौ रुपए कम में धान बेचने किसान मजबूर हो रहे है। स्थानीय कृषि उपज मंडी में आसपास के अरंड, लाफिन, खरोरा आदि गांवों से किसान रबी सीजन का धान बेचने पहुंच रहे है। धान कटाई के समय से बारिश की मुशिबत का सामना किसानों को उठाना पड़ रहा है। राइस मिलों का कहना है कि धान में नमी ज्यादा है, और इससे चावल की गुणवत्ता प्रभावित हो रही है। इसलिए धान देख-देखकर बोली लगाई जा रही है। दूसरी ओर किसान नेता जुगनू चंद्राकर का कहना है कि अन्य मंडियों की अपेक्षा यहां प्रतिस्पर्धा कम है, जिसके कारण सही दाम किसानों को नही मिल रहा है। मंडी कर्मचारी कमल साहू ने बताया कि शुक्रवार को करीब ढाई हजार कट्टा धान की आवक हुई है। नमी ज्यादा होने के कारण 1710 से 1764 रुपए क्विंटल में धान की खरीदी-बिक्री की गई है। गुरूवार को करीब 4 हजार कट्टा धान का आवक हुआ था। कुछ लोगों का कहना है कि शासन द्वारा राइस मिलरों को धान बेचने के कारण भी किसानों को रबी सीजन के धान का वाजिब दाम नही मिल पा रहा है। किसानों का कहना है कि इस बार अन्य वर्षो की अपेक्षा लागत बढ़ गया है। कही कही पर तो किसानों को चैन वाले हार्वेटर से धान की कटाई करानी पड़ी है।



## मंडी में जारी है किसान रसोई

कृषि उपज मंडी में इस बार किसान रसोई संचालित किया जा रहा है। इसकी खासियत यह है कि एक किलो चावल देने पर दोपहर 1 से 2 बजे के बीच मंडी पहुंचने वाले किसान, मजदूर को भरपेट भोजन मिलेगा। किसान य मजदूर को केवल 1 किलो चावल देना है,सब्जी, दाल की व्यवस्था संचालकों द्वारा की जा रही है। धान बेचने मंडी आने वाले किसानों को सुबह 9 से 10 बजे के बीच टोकन कटाकर एंट्री कराना पड़ेगा। टोकन के हिसाब से भोजन तैयार किया जाता है।

# अच्छा मानव बनने की समझ और शिक्षा देता है जीवन विद्या:गेंदलाल

**महासमुंद** 31 मई (देशबंधु)। निशुल्क कैरियर गाइडेंस कार्यक्रम तहत जीवन विद्या लोक व्यापीकरण अभियान के तहत मानवीय शिक्षा शोध केंद्र तेंदुवाही से शिक्षक गेंदलाल कोकडिया ने 25 गांवों के 25 स्कूलों से आये 250 बच्चों,अभिभावकों व शिक्षकों, समाज सेवकों,जनपद सदस्यों,जनपद अध्यक्ष, सरपंच,पंचों को संबोधित करते हुए बच्चों में जीवन विद्या शिविर से आने वाले बदलावों को रेखांकित करते हुए बताया कि जीवन विद्या शिविरों से बच्चा मानसिक तनाव ग्रस्त नहीं होता, डिप्रेशन में नहीं जाता, संबंध और संबंधों का महत्व और प्रयोजन समझने के कारण परिवार में माता.पिता, दादा .दादी, भाई.बहन के साथ पूरकता पूर्वक जीता है, प्रकृति के हरेक ईकाई का महत्व समझता है। 9वी से कालेज की पढ़ाई करने वाले बच्चों ने जाना कि सबसे पहले हम सबको जीवन विद्या शिविर करना है, जीवन विद्या शिविर ही सबसे अच्छा कैरियर गाइडेंस देता है, नौकरी वाली मानसिकता से मुक्त कर स्वावलंबी बनाने की समझ, अपने परिवार और माता.पिता के पैतृक व्यवसाय को आगे बढ़ाने की बातें बच्चों का मन छु गया, क्योंकि आज के जमाने में हर किसी को सरकारी नौकरी मिल नहीं सकता, ऐसे में हमें हुनरमंद बनने की जरूरत है, हमारा हुनर और व्यवसाय पर्यावरण के अनुकूल हो, हमारे बच्चे विग्यापन से प्रभावित न हों, विवेक का उपयोग करें, बच्चों में सोचने समझने की क्षमता का विकास हो, श्रीमती राखी कोकडिया ने मानवीय संबंधों , मानवीय परंपरा को जागृत करने में महिला शक्ति का महत्व और भूमिका पर प्रकाश डाली। शिक्षक रविन्द्र साहु ने बच्चों को संस्कारी बनाने के लिए माता पिता और शिक्षक को स्वयं संस्कारी होने पर बल दिए। गिरधारी साहु ने साहु समाज के पहल को महत्व पूर्ण और अनुकरणीय बताया। डी आर साहु ने बच्चों के अभिभावकों को कार्यक्रम में भेजने के लिए सादर साधुवाद दिया है। सुनील शर्मा तुमगांव ने गौ पालन और खेती को सबसे बढ़िया किसान, समृद्ध किसान का आधार बताया। कार्यक्रम, फोटो ग्राफी, वीडियो ग्राफी और व्यवस्थित कार्यक्रम के लिए रागेश्वर ने साहु समाज को सादर साधुवाद दिए और मानव समाज और अच्छा आदमी बनाने के लिए जीवन विद्या शिविर को सबसे बड़ा पहल बताया है।



# समोदा.अछोला जल प्रदाय योजना से सौर ऊर्जा चलित इंटैकवेल को जोड़ने अमर ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

**महासमुंद** 31 मई (देशबंधु)। पूर्व जिला पंचायत सभापति अमर अरूण चंद्राकर ने कलेक्टर विनय कुमार लंगेह को ज्ञापन सौंपकर ग्राम समोदा.अछोला समूह जल प्रदाय योजनांतर्गत 48 ग्रामों को पानी दिये जाने निर्माणाधीन इंटेक वेल में बॅराज में पहले से निर्मित सौर ऊर्जा से संचालित इंटेकवेल को जोड़ने की मांग की है। अमर ने बताया कि सौर ऊर्जा से संचालित एक इंटेक वेल 30 एचपी का मोटर लगाकर पूर्व में सिंचाई हेतु यहां स्थापित की गई थी। 15 करोड़ की लागत से बने उक्त इंटेकवेल वर्तमान में पूरी तरह से अनुपयोगी पड़ा है। यदि उक्त सौर ऊर्जा चलित इंटेकवेल को वर्तमान में समूह जल प्रदाय योजनांतर्गत निर्माणाधीन इंटेकवेल से जोड़ दिया जाए तो क्षेत्र के ग्रामीणों को बिना बिजली खर्च के भरपूर मात्रा में नि:शुल्क पानी मिल सकता है। अमर अरुण ने कहा कि शासन द्वारा आम जन से सीधा संपर्क करते हुए सुशासन तिहार के तहत समाधान शिविर लगाकर आवेदन लिए गए हैं। क्षेत्र के अधिकांश ग्रामों से इन शिविरों में पेयजल की समस्या से संबंधित आवेदन मिले हैं। उन्होंने कहा कि समोदा.अछोला समूह जल प्रदाय योजना के पूर्ण होने पर क्षेत्र के 48 ग्रामों के कुल 12.395 ग्रामीण परिवारों को स्वच्छ व सुरक्षित पेयजल उपलब्ध कराया जाना है जो एक बेहतर पहल है, यदि इस परियोजना में पूर्व में करोड़ों की लागत से निर्मित सौर ऊर्जा इंटेकवेल को भी जोड़ दिया जाए तो इसका दुरगामी परिणाम मिलेगा। साथ ही उपयोगहीन हो रहे सौर ऊर्जा इंटेकवेल की भी उपयोगिता बढ़ेगी। श्री चंद्राकर ने कलेक्टर से इस महत्वपूर्ण परियोजना को और बेहतर उपयोगी बनाने इस विषय पर संबंधित विभाग को निर्देशित कर आवश्यक तकनीकी परीक्षण एवं समन्वय करते हुए सौर ऊर्जा इंटेकवेल को पीएचई की पाइप लाइन व्यवस्था से जोड़ने का निवेदन किया है। उन्होंने कहा कि सौर ऊर्जा चलित इंटेकवेल के इस परियोजना में जुड़ने से जल वितरण क्षमता में बढ़ोत्तरी होगी। जिससे चिन्हित 48 गाँवों को तो भरपूर पानी मिलेगा ही, इसके अलावा भविष्य में और भी अनेक गाँवों को इस योजना का लाभ मिल सकेगा। कलेक्टर ने श्री चंद्राकर की मांगों को गंभीरता से सूनकर आगामी टीएल बैठक में इस महत्वपूर्ण विषय पर रखने तथा आवश्यक कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है।




# अर्जुनी में कृषि संकल्प अभियान के तहत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**अर्जुनी/बलौदाबाजार,** 31 मई (देशबन्धु)। अर्जुनी प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति के प्रांगण में 29 मई को कृषि विभाग द्वारा संचालित कृषि संकल्प अभियान के तहत एक दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस बहु-आयामी आयोजन में कृषि, उद्यानिकी, मत्स्य तथा पशु चिकित्सा विभागों के अधिकारियों ने किसानों को उन्नत कृषि तकनीकों की जानकारी दी।



कार्यक्रम का उद्देश्य किसानों को आधुनिक एवं टिकाऊ कृषि पद्धतियों से अवगत कराना था। विशेषज्ञों ने मृदा परीक्षण, खेत की वैज्ञानिक तैयारी, उपयुक्त फसल चयन, बीज शोधन, संतुलित उर्वरक उपयोग, जल संरक्षण, समय पर बुआई और कतार बुआई जैसी विषयों पर विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम में उपसंचालक कृषि दीपक कुमार नायक ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि च्आधुनिक तकनीक और वैज्ञानिक सलाह को अपनाकर ही किसान समृद्धि की ओर बढ़ सकते हैं। उन्होंने किसानों से अपील की कि वे अपने खेत की मिट्टी की जांच अवश्य करवाएं और उर्वरको का संतुलित प्रयोग करें। इस अवसर पर जनपद सदस्य प्रतिनिधि त्रिलोक यादव, उपसरपंच विष्णु साहू, समिति के प्राधिकृत अधिकारी जवाहरलाल वर्मा, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी अवधेश उपाध्याय, पीडी वर्मा, बीपी शर्मा (मत्स्य निरीक्षक, भाटापारा), बालकृष्ण राठौर (उद्यानिकी अधिकारी, भाटापारा), विजय प्रकाश घृतलहरे (पशु चिकित्सा अधिकारी, भाटापारा), हरीश चतुर्वेदी (ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी), समिति प्रबंधक मुक्तानंद वर्मा सहित अनेक विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूल में नि:शुल्क समर कैंप का आयोजन

**आरंग,** 31 मई (देशबन्धु)। शैक्षणिक सत्र के अवकाश काल में विद्यार्थियों की प्रतिभा को निखारने एवं उनके व्यक्तित्व के सर्वांगीण विकास हेतु गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूल, आरंग में बीस दिवसीय नि:शुल्क ग्रीष्मकालीन सृजनात्मक शिविर - समर कैंप का गरिमामय आयोजन किया गया। इस शिविर में विद्यालय के 100 से अधिक विद्यार्थियों के साथ अन्य विद्यालयों के कक्षा पहली से 12 वीं के प्रतिभागियों ने उमंग एवं उत्साह से परिपूर्ण वातावरण में विविध सृजनात्मक, शारीरिक एवं क्रियात्मक गतिविधियों में भाग लेकर अपने कौशल का प्रदर्शन किया।



शिविर की गतिविधियों में आर्ट एंड क्राफ्ट, कराटे, टेबल टेनिस, कैरम, शतरंज एवं हैंडबॉल जैसी विविध विधाओं का समावेश रहा।

कराटे का प्रशिक्षण विद्यार्थियों को प्रशिक्षक कोच ब्लैक बेल्ट अब्दुल रहीम खान एवं सहायक ब्राउन बेल्ट कोपल योगी द्वारा प्रदान किया गया, जिसमें आत्म रक्षा के साथ सामान्य युद्ध कला, ब्लॉक एंड डिफेंस, आत्म नियंत्रण एवं लड़ाई के अभ्यास की बारीकियों को सिखाया गया।

आर्ट एंड क्राफ्ट की रंगीन दुनिया से बच्चों को इंदिरा कला एवं संगीत विश्वविद्यालय, खैरागढ़ से मास्टर ऑफ आर्ट गौरव पटेल सर ने परिचित कराया, जिसमें पेपर क्राफ्ट, स्कैच आर्ट, क्ले आर्ट, पोट्रेट ड्राइंग, वाटर कलर मिक्सिंग, अमूर्त चित्रकला जैसे रचनात्मकता के विविध आयामों को साकार रूप दिया गया।

विद्यालय की क्रीड़ा शिक्षिका प्रियल साहू द्वारा विद्यार्थियों को टेबल टेनिस, कैरम, शतरंज एवं हैंड बॉल जैसे खेलों को नियम के साथ अभ्यास कराया गया।

वहीं अंग्रेजी भाषा के सशक्त संप्रेषण हेतु सौम्या अग्रवाल के सान्निध्य में इंग्लिश स्पोकन क्लास का संचालन किया गया, जिससे विद्यार्थियों में आत्मविश्वास की अभिवृद्धि हुई।

शिविर के समापन के साथ सभी प्रतिभागियों को उनके कलात्मक प्रदर्शन के लिए विद्यालय द्वारा प्रमाण पत्र प्रदान किया गया।

शिविर के सफल आयोजन में शिक्षिका संतोषी साहू, हेमलता बेलगहे, तथा शिक्षक संदीप देवांगन का विशेष सहयोग रहा । इन सभी शिक्षकों ने विद्यार्थियों के बीच सृजन, अनुशासन एवं सौहार्द का वातावरण निर्मित किया।विद्यालय प्रबंधन ने इस सफल आयोजन हेतु शिक्षकों एवं विद्यार्थियों के प्रति हार्दिक आभार प्रकट करते हुए भविष्य में भी ऐसे नवोन्मेषी आयोजनों को प्रोत्साहित करने की बात कही। यह नि:शुल्क शिविर निश्चित ही विद्यार्थियों के लिए ज्ञान, कला एवं अनुशासन का अनुपम संगम सिद्ध हुआ।

# एचएसआरपी नंबर प्लेट और लर्निंग लायसेंस के लिए 6 जून तक लगेंगे शिविर

**गरियाबंद,** 31 मई (देशबन्धु)। जिले में 1 अप्रैल 2019 से पहले पंजीकृत सभी वाहनों के एचएसआरपी नंबर प्लेट के आवेदन और लर्निंग लायसेंस बनाए जाने हेतु 31 मई से 06 जून तक जिले के सभी ब्लॉकों में विशेष शिविर लगाए जा रहे हैं। इसके तहत गरियाबंद ब्लॉक में 31 मई को मदनपुर पंचायत भवन, 1 जून को पिपरछेड़ी बाजार चौक, 2 जून को सड़कपरसुली बाजार चौक, 3 जून को हरदी बाजार चौक, 4 जून को नागाबुड़ा पंचायत भवन, 5 जून को पोटिया पंचायत भवन और 6 जून शुक्रवार को कोचवाय पंचायत भवन में शिविर होंगे। छुरा ब्लॉक में 31 मई पंचायत भवन चरौदा, 1 जून को पंचायत भवन कोसमी, 2 और 3 जून को पंचायत भवन रसेला, 4 जून को पंचायत भवन मड़ेली, 5 जून को पंचायत भवन पिपरछेड़ी, 6 जून को पंचायत भवन अकलवारा और 7 जून को पंचायत भवन कामराज में शिविर लगाए जाएंगे। फिंगेश्वर ब्लॉक में 31 मई को पंचायत भवन तर्रा, 1 जून को पंचायत भवन सुरसाबांधा, 2 जून को पंचायत भवन सिंधौरी, 3 जून को पंचायत भवन चौबेबांधा, 4 जून को पंचायत भवन श्यामनगर, 5 जून को पंचायत भवन कौंदकेरा और 6 जून को पंचायत भवन देवरी में शिविर होंगे। मैनपुर ब्लॉक में 31 मई को पंचायत भवन कोयबा, 1 जून को पंचायत भवन तौरेंगा, 2 जून को मैनपुर तहसील कार्यालय गौरघाट, 3 जून को पंचायत भवन जाड़ापदर, 4 जून को वन विभाग परिसर मैनपुर मेन रोड, 5 जून को पंचायत भवन शोभा और 6 जून को पंचायत कार्यालय गौरगांव में शिविर होंगे। देवभोग ब्लॉक में 31 मई को पंचायत भवन नवागांव, 1 जून को पंचायत भवन डुमरपीता, 2 जून को कोकसरा, 3 जून को पंचायत भवन गंगराजपुर, 4 जून को पंचायत भवन गोहरापदर, 5 जून को पंचायत भवन मुड़ागांव कदलीमुड़ा और 6 जून को पंचायत भवन दीवानमुड़ा में शिविर लगाए जाएंगे।

# शिक्षकों के युक्तियुक्तकरण के लिए कलेक्टर डॉ संजय कन्नौजे ने ली बैठक

■ कलेक्ट्रेट सभागार में हुई जिला स्तरीय समिति की बैठक

**बिलाईगढ़,** 31 मई(देशबंधु)। छत्तीसगढ़ सरकार के स्कूल शिक्षा विभाग निर्देशानुसार सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले में स्कूलों और शिक्षकों के युक्तियुक्तकरण की प्रक्रिया को लेकर कलेक्टर डॉ संजय कन्नौजे की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें विकासखंड स्तरीय और जिलास्तरीय समिति के अधिकारी, जिला पंचायत सीईओ इंद्रजीत बर्मन, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व प्रखर चंद्राकर, जिला शिक्षा अधिकारी एलपी पटेल, तीनों विकासखंडों के विकासखंड शिक्षा अधिकारी, बीआरसी उपस्थित थे।

बैठक में कलेक्टर डॉ संजय कन्नौजे ने स्पष्ट निर्देश दिए कि स्कूलों और शिक्षकों के युक्तियुक्तकरण की पूरी प्रक्रिया को शासन द्वारा निर्धारित दिशा निर्देशों के अनुसार निष्पक्षता और समय सीमा में पूरा किया जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि युक्तियुक्तकरण का उद्देश्य किसी भी विद्यालय को बंद करना नहीं है, बल्कि ऐसी व्यवस्था सुनिश्चित करना है, जिसमें कोई भी स्कूल शिक्षकविहीन और एकल शिक्षकीय न रहे। इससे विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराई जा सके।कलेक्टर ने बताया कि स्कूलों और अतिशेष शिक्षकों के चिन्हांकन में पूरी पारदर्शिता के साथ कार्य करें। किसी भी स्कूल या अतिशेष शिक्षकों के चिन्हांकन में नियमों की अनदेखी न करें। कलेक्टर ने कहा कि अतिशेष शिक्षकों का पदांकन शिक्षक विहीन, एकल शिक्षकीय और आवश्यकता वाले स्कूलों में प्राथमिकता के साथ करें। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि युक्तियुक्तकरण की प्रक्रिया से शिक्षा गुणवत्ता में सुधार होगा और विद्यार्थी बेहतर शैक्षणिक वातावरण में पठन पाठन कर सकेंगे।

जिला शिक्षा अधिकारी एलपी पटेल ने बैठक में बताया कि आगामी 02 और 03 जून को स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय सारंगढ़ में प्रात: 10 बजे 04 बजे तक अतिशेष शिक्षकों की पदस्थापना के लिए काउंसलिंग आयोजित जाएगी। 02 जून को प्राचार्य, व्याख्याता, प्रधान पाठक प्राथमिक, माध्यमिक, शिक्षक और विज्ञान शिक्षकों की पदस्थापना के लिए काउंसलिंग होगी जबकि 03 जून को सहायक शिक्षकों की पदस्थापना हेतु काउंसलिंग होगी। डीईओ पटेल ने बताया कि काउंसलिंग की प्रक्रिया ऐसे शिक्षक जिनकी सेवाकाल दो वर्ष या कम हो उन्हें पहले स्कूल चयन करने का अवसर पहले मिलेगा। उसके बाद महिला, मान्यता प्राप्त शिक्षक संगठन के जिलाध्यक्ष, कोषाध्यक्ष, सचिव, शैक्षिक समन्वयक और अंत में वरिष्ठता के अनुसार होगी। पूरी प्रक्रिया को निष्पक्ष और शांतिपूर्ण तरीके से संपादित एवं समस्याओं का निराकरण करने एक नियंत्रण कक्ष बनाया गया है, जो पूरी प्रक्रिया पर नजर रखेगी।

# गर्भवती महिलाओं की सेहत के लिए मनाया गया पी एम एस एम ए दिवस

**सरायपाली** 31 मई (देशबन्धु)। स्वर्गीय मोहनलाल चौधरी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सरायपाली , प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सिंघोड़ा व बलौदा में विगत दिवस प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान दिवस एक साथ संपन्न हुआ जिसमें सीएचसी सरायपाली में 68 पीएचसी बलौदा में 26 पीएचसी सिंघोड़ा 30 गर्भवती महिलाएं उपस्थित हुई इस तरह से कुल 124 गर्भवती महिलाओं को इस अभियान में स्वास्थ्य जांच ,उपचार और परामर्श दिया गया इस अभियान की खास बात यह रही की इस बार उच्च जोखिम वाले गर्भवती महिलाओं (एचआरपी) की लाइन लिस्टिंग कर प्रत्याशित प्रसव तिथि (ई डीडी) चिन्हांकित की गई और उन्हें विशेष रूप से उन्नत जांच और इलाज की सुविधा दी गई व जिला स्तरीय टीम के द्वारा शिविर का निरीक्षण किया गया एवं निर्देशित किया गया कि विकासखंड सरायपाली में कोई भी जोखिम वाले गर्भवती महिलाएं सेवाओं से वंचित न रहे और सभी स्वास्थ्य केंद्र में सुरक्षित प्रसव सुनिश्चित किया जाए इसी कड़ी में बीएमओ डॉक्टर एच एल जांगड़े ने इस अभियान के बारे में बताया कि स्वास्थ्य विभाग का कार्य एक टीम वर्क का कार्य है एवं इस शिविर के पूर्व हमारे द्वारा पीएमएसएमए दिवस के लिए विस्तृत योजना तैयार की गई थी जिसमें मितानिन की मदद से संभावित उच्च जोखिम केस की पहचान की गई और उन्हें केंद्र तक लाया गया हमारे सीएचसी सरायपाली में गर्भवती महिलाओं के लिए नि:शुल्क सोनोग्राफी सेवा उपलब्ध है तथा शिविर में आए सभी गर्भवती महिलाओं का हीमोग्लोबिन , ब्लड प्रेशर ,शुगर वजन इत्यादि की जांच तथा टीकाकरण का कार्य किया गया साथ ही उच्च जोखिम वाले गर्भवती महिलाओं के टीकाकरण कार्ड में रेट स्टीकर भी लगाया गया हमारा विकासखंड सभी गर्भवती महिलाओं का सुरक्षित प्रसव कराने, मातृ मृत्यु दर में कमी लाने हेतु दृढ़ संकल्पित है आगे खंड विस्तार प्रशिक्षणअधिकारी सह मीडिया प्रभारी टी आर धृतलहरे ने जानकारी दिया कि यह अभियान प्रति माह सतत रूप से 9 व 24 तारीख को आयोजित किया जाता है एवं इस अभियान के बारे में अधिक जानकारी के लिए अपने नजदीक के स्वास्थ्य कर्मचारी ,मितानिन व आंगनबाड़ी कार्यकर्ता से संपर्क किया जा सकता है।



## विद्युत करंट लगने से 55 वर्ष की व्यक्ति की मौत

**सिमगा,** 31 मई। ग्राम पंचायत चौंरगा निवासी कार्तिक राम गोड़ पिता साखाराम गोड़ उम्र 55 वर्ष जो 30 मई को दोपहर 1.30 बजे अपने घर के आंगन में नहा रहा था कि अचानक वहां पर लगे बिजली होल्डर को पकड़ लिया था । जिससे उसको जोरदार विघुत करंट लगने से घटना स्थल पर ही मृत्यु हो गई ।



# आरंग क्षेत्र की जनसमस्याओं का समाधान करते पारागांव में सुशासन तिहार का समापन

**आरंग,** 31 मई (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ शासन के लोककल्याणकारी दृष्टिकोण और जनसरोकारों पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में प्रदेशभर में आयोजित सुशासन तिहार 2025 संवाद से समाधान शिविर का समापन हुआ। आरंग विधानसभा क्षेत्र के सुशासन तिहार का समापन आरंग विधानसभा के ग्राम पारागांव में संपन्न हुआ। यह अभियान 5 मई से 31 मई 2025 तक संपूर्ण राज्य में व्यापक स्तर पर चलाया गया, जिसका उद्देश्य शासन की योजनाओं और सेवाओं को आम जनता तक सीधे पहुंचाना रहा।

आरंग विधानसभा में इस समापन अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में आरंग विधायक एवं अनुसूचित जाति विकास प्राधिकरण, छत्तीसगढ़ शासन के उपाध्यक्ष गुरु खुशवंत साहेब एवं अभनपुर विधायक इंद्रकुमार साहू जी मंचासीन रहे। इनके साथ-साथ जनप्रतिनिधिगण, वरिष्ठ भाजपा पदाधिकारीगण, कार्यकर्ता, प्रशासनिक अधिकारी, विभागीय अमला तथा बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

शिविर में लोगों की समस्याओं का मौके पर ही निराकरण करते हुए राशन कार्ड, जॉब कार्ड (मनरेगा), श्रम कार्ड, आयुष्मान कार्ड, लर्निंग ड्राइविंग लाइसेंस, जाति प्रमाण पत्र, जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र, ट्राइसाइकिल (दिव्यांग हितग्राहियों हेतु), कृषि उपकरण व स्पेयर पार्ट्स, अन्य प्रमाण-पत्र एवं सामग्रियों का वितरण किया गया। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा अन्नप्राशन एवं गोदभराई जैसे महत्वपूर्ण कार्यक्रम भी आयोजित किए गए, जिनमें पोषण से जुड़ी जानकारी प्रदान की गई और मुख्य अतिथियों के करकमलों से रस्में संपन्न कराई गईं।

**पारागांव रेतखदान में मशीन से अवैध रेत उत्खनन पर कार्रवाई के दिए निर्देश**

आरंग विधायक गुरु खुशवंत साहेब ने पारागांव रेत खदान में मशीन से रेत का अवैध उत्खनन करने की शिकायत पर शिविर में उपस्थित सहायक खनिज निरीक्षक रघुनाथ भारद्वाज को तत्काल कार्रवाई करने का निर्देश दिया ।साथ ही महासमंद और रायपुर जिले की संयुक्त टीम द्वारा क्षेत्र में रेत के अवैध खनन पर कार्रवाई करने की बात कहीं ।इसके



**आरंग विधायक गुरु खुशवंत साहेब एवं अभनपुर विधायक इंद्रकुमार साहू ने जनसमस्याओं का किया समाधान**

अलावा क्षेत्र में रेत के अवैध भंडारण पर खनिज विभाग को कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

**विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर शपथ**

आज 31 मई विश्व तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर मंच से नशामुक्त समाज की दिशा में संदेश देते हुए उपस्थित जनसमूह को तंबाकू सेवन न करने की शपथ दिलाई गई। यह संकल्प स्वास्थ्य और सामाजिक उत्तरदायित्व के प्रति एक जागरूक पहल है।

**अहिल्याबाई होलकर कीं जयंती पर श्रद्धांजलि**

समारोह के दौरान पुण्यश्लोक अहिल्याबाई होलकर जी की 300वीं जन्म जयंती भी श्रद्धाभाव से मनाई गई। गुरु साहेब जी ने उनके न्यायप्रिय शासन, जनसेवा और नारी सशक्तिकरण के लिए दिए गए योगदान को याद किया और उन्हें नमन किया।

गुरु खुशवंत साहेब ने समाधान शिविर को शासन और जनता के बीच संवाद का एक सशक्त माध्यम बताया। उन्होंने कहाङ्कराज्य सरकार की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना ही हमारा ध्येय है। आरंग विधानसभा में आयोजित 12 समाधान शिविरों के माध्यम से यह सुनिश्चित किया गया कि कोई भी पात्र हितग्राही वंचित न रहे। सुशासन तिहार, सेवा और समर्पण की भावना को दर्शाने वाला अभियान है।

सुशासन तिहार, का यह समाधान शिविर छत्तीसगढ़ के यशस्वी मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के दूरदर्शी नेतृत्व और भाजपा सरकार की जनहितैषी नीतियों का प्रमाण है। मुख्यमंत्री जी के मार्गदर्शन में सरकार च्अंत्योदयज्ज के सिद्धांत को साकार करते हुए जन-जन तक शासन की पहुंच सुनिश्चित कर रही है। उनके नेतृत्व में छत्तीसगढ़ में पारदर्शी, जवाबदेह और संवेदनशील प्रशासन की स्थापना हो रही है। जिसमें ग्रामीणों को प्रत्यक्ष लाभ मिला। इससे शासन और जनता के बीच विश्वास का रिश्ता और अधिक प्रगाढ़ हुआ है।

# नपं कुरूद के सभी वार्डों में विकास कार्यों का लोकार्पण

**कुरूद,** 31 मई (देशबंधु)। नगर पंचायत कुरूद में सुशासन-समाधान दिवस पर सभी वार्डों मे 8 करोड़ 30 लाख राशि का लोकार्पण शिलान्यास के साथ ही साथ नगर के समस्त सर्वाजनिक शौचालयों का आकर्षक जीर्णोद्धार मुख्य अतिथि कुरूद विधायक अजय चन्द्राकर, नगर पंचायत अध्यक्ष ज्योति चन्द्राकर सहित समस्त जनप्रतिनिधियों एवं गणमान्य अतिथियों के करकमलों से संपन्न किया गया।



नगर पंचायत के विभिन्न वार्डों में हो चुके और होने वाले 8 करोड़ 30 लाख रुपये के विकास कार्यों का लोकार्पण शिलान्यास विधायक अजय चन्द्राकर ने किया । जिसके पश्चात नपं अध्यक्ष एवं अन्य पार्टी नेताओं ने जैसे तैस मंचीय औपचारिकता पूरी कर कार्यक्रम सम्पन कराया। 31 मई को सुशासन समाधान दिवस की समापन अवसर में स्थानीय प्रशासन द्वारा खुले में आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक अजय चन्द्राकर अपने निर्धारित समय पर पहुंच गए। तब हल्की हल्की बारिश हो रही थी, इसलिए आयोजकों को थोड़ी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। ऐसी में विधायक चन्द्राकर लोकार्पण भूमिपूजन की औपचारिकता पूरी कर चले गए।

मुख्य अतिथि के जाने के बाद मंच पर मौजूद वरिष्ट पार्टी नेता एलपी गोस्वामी, निरंजन सिन्हा ने संपर्क, संवाद, समस्या और समाधान के जरिये सुशासन का उल्लेख करते हुए कहा कि प्रदेश में विष्णुदेव एवं क्षेत्र में अजय चन्द्राकर के होते हुए नगर विकास के लिए पैसों की कमी नहीं होगी। पूर्व नप अध्यक्ष निरंजन सिन्हा ने महिला कमांडो की ओर ईशारा करते हुए कहा कि नशाखोरी रोकने महिलाओं पर निर्भरता ठीक नहीं, हमें भी आगे आना होगा, तभी इस समाजिक बुराई से छुटकारा मिल सकता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहीं प्रथम नागरिक ज्योतिभानु चन्द्राकर ने सामने बैठीं भीड़ को जय राम करते हुए कहा कि शपथग्रहण के बाद हमने सौ दिन का टारगेट 90 दिनों में ही पूरा कर सरकार को रिपोर्ट भेज दी है। अपनी प्राथमिकता में नशामुक्ति, पेयजल और बुनियादी सुविधाओं के विस्तार को शुमार करते हुए नप अध्यक्ष ने बताया कि स्वास्थ्य, शिक्षा, उद्योग जैसे बड़े कामों के लिए हमारे नेता अजय चन्द्राकर सक्षम हैं, हमें नगर को आदर्श रूप विकसित करना है, दलगत विचारों से परे रहते हुए, हम सभी को स्मार्ट सिटी की तरह विकास गढ़ना होगा। साथ ही समाजिक बुराईयों के खिलाफ एकजुटता दिखानी होगी। इस अवसर पर अतिथियों ने पीएम आवास, शापिंग काम्प्लेक्स के हितग्राहियों को चाची सौंपी। साथ ही प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को प्रतीक चिन्ह एवं स्वच्छता कर्मियों को किट भेंट कर सम्मानित किया गया। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा चयनित एसएचजी की महिलाओं, शिशुवती माताओं का सम्मान किया गया। जिसमें अनिल चन्द्राकर, सुरेश अग्रवाल, विधायक प्रतिनिधि भानू चन्द्राकर, उपाध्यक्ष देवखत साहू पार्षद मिथलेश बैस रवि मानिकपुरी, मनीष साहू, रजत चन्द्राकर, महेन्द गायकवाड़, कविता चन्द्राकर, उत्तम साहू अर्जुन, राजकुमारी धुष, उर्वशी चन्द्राकर, कृष्णकांत, मालकराम साहू, भोजराज चन्द्राकर, योगेन्द्र सिन्हा, प्रभात बैस, तहसीलदार दुर्गा साहू, सीएमओ महेन्द्र गुप्ता, डीके साहू सहित विभागीय अधिकारी कर्मचारी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

# नवापारा में अंधेरे का साम्राज्य, सुशासन तिहार के दावों पर सवाल



**गोबरा नवापारा,** 31 मई (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ शासन द्वारा सुशासन तिहार मनाए जाने के दावों के बीच गोबरा नवापारा नगरवासियों को अंधेरे में जीने को मजबूर होना पड़ रहा है। केंद्र से लेकर नगर तक भाजपा की सरकार होने के बावजूद, नगर के प्रमुख मार्गों गंज रोड और सदर रोड सहित कई गलियों में स्ट्रीट लाइट्स बंद पड़ी हैं, जिससे लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। नगर पालिका कार्यालय के आसपास का क्षेत्र भी अंधेरे में डूबा है, जहां सोलर लाइट्स और स्ट्रीट लाइट्स लगाए गए हैं, लेकिन ये कई दिनों से खराब हैं। इस अंधेरे के कारण चोरी जैसी आपराधिक घटनाओं में वृद्धि हो रही है, जिससे नगरवासियों में भय और असुरक्षा का माहौल है। स्थानीय लोगों में इस अव्यवस्था को लेकर गहरा रोष है। वे भाजपा शासन की कार्यप्रणा श्द्मली पर सवाल उठाते हुए मांग कर रहे हैं कि गंज रोड, सदर रोड और अन्य क्षेत्रों में लाइटों की तत्काल मरम्मत और नियमित रखरखाव सुनिश्चित किया जाए। सुशासन के दावों के बीच यह अंधेरा प्रशासन की उदासीनता को उजागर कर रहा है। नगरवासी नगर पालिका प्रशासन से इस समस्या का शीघ्र समाधान करने की मांग कर रहे हैं, ताकि प्रमुख मार्गों और गलियों में रौशनी लौटे और लोग सुरक्षित महसूस कर सकें।

# समर कैंप उमंगों की उड़ान, उत्साह पूर्ण समापन

**नगरी,** 31 मई (देशबन्धु)। पी.एमश्री शास. श्रृंगी ऋषि उत्कृष्ट अंग्रेजी मा .विद्यालय नगरी में 12 दिवसीय समर कैंप उमंगो की उड़ान 13 मई से 24 मई तक आयोजित हुआ। 24 मई को समापन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कमल डागा अध्यक्ष-शाला विकास एवं प्रबंधन समिति थे। कार्यक्रम के दौरान संस्था के प्राचार्य एस.के प्रजापति, प्रकाश चंद साहू बीआरसी, सदानंद मेहेर अजीम प्रेमजी फाउंडेशन, जोहन नेताम प्राध्यापक बी.टी.आई, लोचन साहू संकुल समन्वयक, गिरधारी साहू, श्रीमती शशि बैरागी, सुषमा अडिल ,निशा साहू, चैन चौधरी, योगेश्वरी ध्रुव, ज्योति साहू, सीमा जैन, भावना जैन, सैमुअल मसीह, कुमारी कल्याणी साहू एवं शांता साहू उपस्थित रहे। अध्यक्ष डागा ने बच्चों को उज्जवल भविष्य की शुभकामना दी, कहा कि समर कैंप में सीखे हुए हर ज्ञान को अपने दोस्तों व भाई-बहनों को भी शेयर करे ताकि उन्हें भी लाभ दिलाने व गर्मी की छुट्टियों का सदुपयोग करने के लिए प्रेरित किया जा सके। प्राचार्य एस.के. प्रजापति ने समर कैंप में बच्चों के उत्साह व सीखने की लगन की प्रशंसा करते हुए उन्हें निरंतर आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। बीआरसी प्रकाश चंद साहू ने बच्चों के स्किल डेवलपमेंट हेतु आयोजित इस कैंप में विभिन्न गतिविधीयों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने वाले प्रतिभागियों को बधाई व शुभकामनाएं दी। जोहन नेताम ने समर कैंप में सिखाए गतिविधियों व ज्ञान को सतत अभ्यास करने के लिए कहा। इस समर कैंप में बच्चों के शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य, भावनात्मक शक्ति का विकास, एकाग्रता की शक्ति, मेमोरी पावर, रचनात्मकता, गणित, विज्ञान, अंग्रेजी व सामान्य ज्ञान की रुचि का विकास व अन्य जीवनोपयोगी कौशलों के विकास हेतु प्रतिदिन योग,




प्राणायाम, जुंबा का अभ्यास तथा गणित, विज्ञान, अंग्रेजी को रोचक गतिविधियों के द्वारा सीखाना, बाल गीत, रचनात्मक लेखन, मनोरंजक व ज्ञानवर्धक गतिविधियों चित्रकला, पेपर आर्ट,रंगोली,मेहंदी,डांस आदि के द्वारा बच्चों में छिपी प्रतिभा को निखारने का प्रयास किया गया। इस कैंप में प्रशिक्षक व सहयोगी के रूप में सदानंद मेहेर,श्रीमती निशा साहू,श्रीमती शशि कला बैरागी, एमके बोरझा,श्रीमती सुषमा अडिल, छनिता साहू,चैन चौधरी,ज्योति साहू,श्रेया मैम,योगेश्वरी ध्रुव,सीमा जैन,भावना जैन,गिरधारी साहू, प्रशांत साहू, मयूर सोनी व सेमुअल मसीह कुमारी कल्याणी साहू, कुमारी शांता व रवि शंकर साहू का विशेष मार्गदर्शन व सहयोग मिला। समापन अवसर पर कुमारी संमिता तेजस्विनी,जीनल,तेजस्वी ने अपने अनुभव साझा किये। समर कैंप में लगभग 100 बच्चों ने सहभागिता की, जिन्हें पेन व सर्टिफिकेट देकर पुरस्कृत किया गया।

# भगवान विश्वकर्मा के मूर्ति के प्राण-प्रतिष्ठा में विशाल शोभायात्रा निकाली गई

**कार्यक्रम में भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष शिवरतन शर्मा हुए शामिल**



**सिमगा,** 31 मई (देशबन्धु)। आज नगर के प्राचीन सिद्धेश्वर शिव मंदिर में जय बाबा विश्वकर्मा राजमिस्त्री कल्याण संघ सिमगा द्वारा भगवान विश्वकर्मा की मूर्ति की प्राण-प्रतिष्ठा संपन्न हुआ। प्रात: 10 बजे श्री राधे श्याम मंदिर से बाजे गाजे के साथ विशाल शोभायात्रा निकाला गया । जो श्री सिद्धेश्वर शिवमदिर पहुंचा जहां विधि विधान के साथ भगवान विश्वकर्मा जी के मूर्ति की प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम संपन्न हुआ । वहीं संध्या 6 बजे भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष शिवरतन शर्मा कार्यक्रम में पहुंचे जहां उन्होंने सर्वप्रथम भगवान विश्वकर्मा जी की पूजा अर्चना सबके सुख समृद्धि की कामना किया। तत्पश्चात उनका राज मिस्त्री कल्याण संघ के सदस्यों ने आत्मीय स्वागत किया। उन्होंने इस अवसर पर उपस्थित राजमिस्त्रियों को बधाई देते हुए कहा कि हमारे सनातन धर्म में अलग अलग पर्व पर अलग अलग देवी देवताओं की पूजा अर्चना किया जाता है । वैसे ही निर्माण के देवता भगवान विश्वकर्मा को माना जाता है । हम जिसे पूजते उनके बारे में हमें पूरी जानकारी रखना चाहिए। इस अवसर पर राज मिस्त्री ठेकेदार कल्याण संघ के अध्यक्ष घनश्याम साहू उपाध्यक्ष अमरनाथ साहू कोषाध्यक्ष मनोहर सोनकर सचिव अशोक वर्मा सहसचिव भागवत सोनकर संरक्षक कौशल रजक भाजपा के पार्षद एवं कार्यकर्ता व राज मिस्त्री ठेकेदार कल्याण संघ के सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# सलूजा परिवार का गौरव सिदक सलूजा

**भाटापारा,** 31 मई (देशबन्धु)। नगर के प्रतिष्ठित नागरिक मनमीत सिंह रविन्दर सलूजा की सुपुत्री सिदक कौर सलूजा ने एकेडमिक वर्ल्ड स्कूल बेमेतरा से सीबीएसई बोर्ड की



कक्षा 12 वीं में 95.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर नगर सहित समाज को गौरान्वित किया है । सिदक ने अपनी इस सफ लता का श्रेय अपने माता.पिता एवं स्कूल को दिया है क्योंकि मेरे माता.पिता और स्कूल ने मुझे कड़ी मेहनत के लिए प्रेरित किया था उनकी इस सफलता के लिए बधाई देने वालों में नरेन्द्र सिंह बाली,राजू चावला,हरभगवान सिंह गुम्बर,त्रिलोक सिंह सलूजा,राजा गुम्बर,राजा टूटेजा,प्रेम सेठी,कन्हैया सेठी,सोनू छाबड़ा,उच्चा आनंद,सुशील सेठी,डाबी सलूजा,कुलवंत गुम्बर,हरीश छाबड़ा,गुरबक्स गुम्बर,मनेन्द्र सिंह गुम्बर,श्याम शर्मा,नरेश शर्मा,तंजीव अरोरा,जोन्टी गुम्बर,सिरजन गुम्बर,गगन आनंद आदि ने उनके उज्वल भविष्य की कामना करते हुए बधाई दी है ।

# पिथौरा के हेमंत खुटे का शतरंज में सम्मान



**पिथौरा,** 31 मई। विप्र महाविद्यालय रायपुर में आयोजित आशीष शर्मा स्मृति राज्य स्तरीय ओपन शतरंज स्पर्धा में पिथौरा के हेमंत खुटे को शतरंज के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान हेतु स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया गया। स्मृति चिन्ह भेंट करते टूर्नामेंट डायरेक्टर नवीन शुक्ला व फीडे आर्बिटर रोहित याद। ज्ञात हो कि हेमंत खुटे शतरंज के खिलाड़ी, निर्णायक, कोच, मैनेजर, ट्रेनर, लेखक व इवेंट आर्जनेजर है तथा 30 सालों से शतरंज जगत में सक्रिय है। हाल ही में इनकी सक्रियता को देखते हुए ऑल इंडिया चेस फेडरेशन ने इन्हे चेस इन स्कूल्स के विशेष सदस्य मनोनित किया है। वर्तमान में हेमंत खुटे महासमुंद जिला व छत्तीसगढ़ प्रदेश शतरंज संघ के सचिव के रूप में अपने दायित्व का निर्वहन कर रहे हैं। उल्लेखनीय है कि हेमंत खुटे भारत की एकमात्र हिंदी खेल पत्रिका शतरंज सम्राट के लिए भी कार्यकारी संपादक के रूप में अपना निशुल्क योगदान लंबे अरसे से देते आ रहे हैं।

# जागरूकता ही समस्या का हल है : बाजपेई




**लवन,** 31 मई (देशबन्धु)। आज 31 मई को शासकीय महाविद्यालय लवन में एमए छात्रों का द्वितीय सेमेस्टर इंटर्नशिप कार्यक्रम का अंतिम दिवस था इस बीच संचार मीडिया की भूमिका वैश्वीकरण बदलता परिवेश संवाददाता कार्यपद्धति सूचना का अधिकार मीडिया और मानव अधिकार विषय पर व्याख्यान देते हुए बलौदाबाजार ब्यूरो प्रमुख नीरज बाजपेई ने व्यक्त किये कि आज मीडिया की महत्वपूर्ण भूमिका है जागरूकता के साथ कार्य करने पर संपूर्ण समस्या का निराकरण संभव है गांव हो चाहे देश दुनिया प्रत्येक वर्ग को एक पत्रकार की जिम्मेदारी की तरह भूमिका निभाना चाहिए बदलती परिवेश में आज आवश्यकता है कि प्रत्येक लोगों को जागरूकता से कार्य करना चाहिए इंटर्नशिप कार्यक्रम के समापन दिवस पर श्री वाजपेई ने कहा कि सूचना का अधिकार मीडिया और मानव अधिकार का विषय बहुत लंबा है अपने 30 मिनट के व्याख्यान में विस्तार से व्यक्त करते हुए छात्रों को एक पत्रकार के हैसियत से व्याख्यान दिए। समाचार पत्र जगत में 37 वर्षों से कार्य कर रहे लवन नगर के संवाददाता पुनूराम बंजारे ने भी मीडिया की भूमिका , सूचना का अधिकार मानव अधिकार के विषय में विस्तार से व्याख्यान दिए इस बीच श्री बंजारे ने कहा कि पिछले 6 दिनों से इंटर्नशिप कार्यक्रम के माध्यम से पत्रकारिता के संपूर्ण विषय पर समाचार लेखन से संपादक के एडिटिंग विषय पर व्याख्यान दिए आज के समापन समारोह में महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य अजय मिश्रा ने भी विस्तार से व्याख्यान दिए समापन दिवस पर हिंदी विभाग के प्रभारी जयप्रकाश खुटे ने कहा कि एक सप्ताह तक चली पत्रकारिता के विषय पर छात्रों को लंबी अनुभव की जानकारी दिया गया इस बीच उपस्थित श्री वाजपेई श्री बंजारे हरा बार्वे को महाविद्यालय की तरफ से शाल श्रीफल व पेन और डायरी से भेंट कर सम्मानित किया गया।

# चेम्बर आफ कामर्स की कार्यकारिणी घोषित



**तिल्दा नेवरा,** 31 मई (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इंडस्ट्रीज के प्रदेश अध्यक्ष सतीश थौरानी ने आज छत्तीसगढ़ व्यापार एवं उद्योग की प्रगति के लिए अपनी कार्यकारणी का विस्तार किया जिसमें छत्तीसगढ़ के प्रमुख व्यापारीयों एवं उद्योगपतियों को चेम्बर में मंत्री के पद में मनोनयन किया है तिल्दा नेवरा के क्षेत्र के युवा उद्योगपति, सरल, सहज, मिलसार,रमेश रिंकू अग्रवाल और राजकुमार भीखवानी को छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स का प्रदेश मंत्री बनाया गया है इन दोनों की नियुक्ति पर तिल्दा नेवरा शहर एवं समाज का नाम रोशन हुआ है, व्यापारियों में खुशी की लहर छाई हुई है। जिसके लिए बधाई व शुभकामनाएं देने वालो का ताता लगा हुआ है।

# युक्तियुक्तकरण के विरोध में विकासखंड शिक्षा अधिकारी को सौंपा गया ज्ञापन

**पलारी,** 31 मई (देशबन्धु)। संकुल समन्वयक संघ के प्रदेश अध्यक्ष विक्रम राय की अगुवाई में विकासखंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय पलारी के नाम युक्तियुक्तकरण के तहत अतिशेष शिक्षकों का आदेश एवं काउंसलिंग बहिष्कार का ज्ञापन सौपा गया। अगर शासन प्रशासन युक्तियुक्तकरण को निरस्त नहीं करती है तो अनिश्चितकालीन आंदोलन किया जाएगा। प्रदेश के 23 संगठनों का साझा मंच जिला स्तरीय आंदोलन करेगी। शाला प्रवेश उत्सव का बहिष्कार किया जाएगा। यह आंदोलन गांव गरीब के बच्चो के लिए है। युक्तियुक्तकरण के माध्यम से शासन प्रशासन प्राइवेट स्कूलों को बढ़ावा देना चाह रही है और गांव गरीब के बच्चो को असाक्षर बना रही है। प्राथमिक विद्यालय में 5 कक्षा होती है और 18 परेड होते हैं 2 शिक्षक कैसे गुणवत्ता पूर्वक इसको पढ़ा सकते हैं जबकि इसी में से 1 शिक्षक को विभागीय कार्य करने होते हैं ब्लॉक और जिला से जानकारी तत्काल मंगाई जाती है। इसके अलावा बी एल ओ, जाती निवास प्रमाण पत्र, आयुष्मान कार्ड, दुनिया भर का सर्वे, स्वास्थ्य विभाग का काम, प्रशिक्षण और अन्य काम भी करने होते हैं।



इस अवसर पर छत्तीसगढ़ संकुल समन्वयक संघ प्रांताध्यक्ष विक्रम राय, पूर्व जिलाध्यक्ष विश्वनाथ मांडले, ब्लॉक अध्यक्ष छन्नू वर्मा, ब्लॉक सचिव कृष्ण कुमार फेकर संकुल समन्वयकगण पदाधिकारीगण यदुनंदन पटेल, मंतराम वर्मा, विष्णु कुमार फेकर, होरीलाल वर्मा, मुकेश कुमार साहू, मोतीराम फेकर,छन्नू लाल साहू, देवेंद्र कुमार साहू,योगेश कुमार वर्मा, राजेश कुमार सेन, अमित कुमार साहू, दिलीप सिंह पैकरा, हेमंत कुमार लोधी,गंगा प्रसाद सोनवानी,प्रमोद कुमार साहू, ईश्वरचद विद्यासागर कंन्नोजे,राजेंद्र कुमार रात्रे, अजय कुमार रात्रे, रूपेंद्र कुमार चंद्राकर, डिगेश्वर प्रसाद सरसीहा,नरेंद्र पटेल, भोला राम वर्मा, तुलसी दास डहरिया,योगेश कुमार पटेल, विश्वनाथ साहू, टीका राम वर्मा,मनोज कुमार गायकवाड़,खेमु लाल फेकर, किशन लाल बंजारे,मनी राम तुरकाने, चंद्रभूषण सिंह ध्रुव प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

## प्रादेशिकी का शेष...

### विधायक धरम लाल कौशिक राजिम...

आने से मन में शांति और सुकून मिलता रहे, यहां आने से एक अलग आनंद की अनुभूति होती है।

भगवान राजीव लोचन और कुलेश्वर महादेव का मात्र दर्शन लाभ से एक दिव्य अनुभूति होती है। साथ ही कुलेश्वर महादेव की सीढियो में बैठकर मन को शुकून देने का प्रयास कर रहे हैं ।

### पुण्यश्लोक रानी अहिल्याबाई ने भारतीय...

राजनीतिक समर्थन के, उत्तर से दक्षिण और पूर्व से पश्चिम तक सनातन धर्म की पुनर्स्थापना का विराट कार्य अपने हाथों में लिया था, आज हमें उनके जीवन से सदप्रेरणा लेकर देश और सनातन संस्कृति के गौरव की पुनर्स्थापना के लिए संपूर्ण मनोयोग से समर्पित होना चाहिए। पूर्व विधायक एवं कार्यक्रम संयोजक डॉ. सनम जांगड़े ने कहा कि रानी अहिल्याबाई होलकर का जन्म 31 मई 1725 को महाराष्ट्र के अहमदनगर जिले के चौंडी गांव में हुआ था। उनके 30 वर्ष के कार्यकाल को सुशासन, न्यायप्रियता, सामाजिक समरसता, धार्मिक सहिष्णुता और सांस्कृतिक पुनर्जागरण के कार्यों के लिए जाना जाता है। प्रदेश उपाध्यक्ष श्रीमती लक्ष्मी वर्मा, नपा अध्यक्ष अशोक जैन ने संबोधित कर पुण्यश्लोक अहिल्या बाई होलकर के व्यक्तित्व पर अपने विचार रखे। संगोष्ठी का संचालन जिला महामंत्री कृष्णा अवस्थी ने किया। आभार जिला महामंत्री राकेश तिवारी ने व्यक्त किया। इस अवसर पर जिला मीडिया प्रभारी रितेश श्रीवास्तव, प्रदेश मंत्री श्रीमती श्यामबाई साहू, जिपं अध्यक्ष श्रीमती आकांक्षा जायसवाल, पूर्व जिलाध्यक्ष गण योगेश चंद्राकर, सुरेन्द्र टिकरिहा, डॉ. अजय राव, वरिष्ट भाजपा नेता विपिन बिहारी वर्मा, टेसूलाल धुरंधर, दुर्गा महेश्वर, जिपं उपाध्यक्ष पवन साहू, जनपद अध्यक्ष श्रीमती सुलोचना यादव, जनपद अध्यक्ष श्रीमती सविता यादव, जनपद उपाध्यक्ष श्रीमती सुमन वर्मा सहित जनप्रतिनिधिगण सहित तमाम भाजपा कार्यकर्ता, पदाधिकारी मौजूद रहे।

# खिलाड़ी सह पत्रकार धनीराम निराला ने नेपाल में जीता कांस्य पदक




**बिलाईगढ़,** 31 मई (देशबंधु)। मिलनसार, हंसमुख, जिंदादिल और अच्छे कार्यों को क्रियान्वयन करने में अपनी पूरी ऊर्जा समर्पित करने वाले जिले के होनहार खिलाड़ी व युवा पत्रकार धनीराम निराला ने नेपाल स्पोर्ट्स कराते अकैडमी के द्वारा नेशनल स्टेडियम दशरथ रंगशाला नेपाल 24 एवं 25 मई को आयोजित दो दिवसीय 11वीं धनबहादुर अंतरराष्ट्रीय कराटे चैंपियनशिप 2025 में कास्य पदक जीतकर सारंगढ़ बिलाईगढ़, छत्तीसगढ़ सहित भारत का नाम रौशन किया है। दी सोतोकान कराटे डो स्पोर्ट्स फेडरेशन के खिलाड़ी ने भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए एवं अंतर्राष्ट्रीय कोच आशीष भारद्वाज की देखरेख में जिले के धनीराम निराला ने सीनियर पुरुष 75 केजी भार वर्ग कुमीते में तृतीय स्थान प्राप्त किया, वहीँ विजेता खिलाडी धनीराम निराला को मुख्य अतिथि हीरासिंह डोंगल रिटायर असिस्टेंट डायरेक्टर स्पोर्ट्स अथॉरिटी नेपाल ने पदक व प्रमाण पत्र देकर उत्साह वर्धन किया। इस खुशी में जिले के पत्रकार बिरादरी ने धनीराम निराला विजेता का पुष्प माला पहनाकर भव्य स्वागत किया और गले मिल कर बधाई एवं शुभकामनायें दिए।

**खिलाड़ी की परिचय**- धनीराम निराला एक मध्यम वर्गीय परिवार से हैं और एक युवा पत्रकार भी हैं, जो हमेशा से लोकहित मे कार्य करते हैं और बचपन से कराटे के शौकीन है । कराटे के क्षेत्र मे निराला जी को ब्लॉक, जिला और राज्य में भी कई मैडल एवं प्रमाण पत्र मिल चुके हैं। छत्तीसगढ़ के सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले के बिलाईगढ़ विकासखंड अंतर्गत भटगांव के समीप ग्राम पंचायत जोरा के आश्रित ग्राम ओटगन के निवासी हैं। वहीँ इस उपलब्धि से गाँव,तहसील एवं पूरे जिले मे खुशी का माहौल हैं। खिलाड़ी सह पत्रकार निराला को इस उपलब्धि पर भटगांव, सरसींवा, सारंगढ़, बरमकेला, बलौदाबाजार, बिलाईगढ़ सहित राज्य भर के पत्रकारों ने बधाई एवं शुभकामनायें दिए हैं।

**युवा पत्रकार व खिलाड़ी धनीराम निराला ने सभी का आभार व्यक्त किया**

युवा पत्रकार व खिलाड़ी धनीराम निराला ने सभी पत्रकारसाथियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि, यह जीत मेरा नहीं हैं, मेरे भारत देश की, छत्तीसगढ़ की और मेरे जिले व गांव की जीत है।

# रेजांगला पवित्र मिट्टी कलश यात्रा का महासमुंद एवं बागबाहरा में भव्य स्वागत

**बागबाहरा,** 31 मई (देशबन्धु)। 22 तारीख से लेकर 30 तारीख तक रेजांगला पवित्र रज कलश यात्रा छत्तीसगढ़ प्रदेश के प्रवास पर रही है। इसी कड़ी में 28 तारीख को दोपहर 3ः00 बजे यह कलश यात्रा महासमुंद पहुंची। जहां पर सैकड़ो यदुवंशी भाइयों ने वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष अखिल भारत वर्षीय यादव महासभा रामआसरे यादव एवं जिला अध्यक्ष विनोद यादव के नेतृत्व में राजीम मोड से वीर शहीद अहीर रेजांगला रज कलश यात्रा का पटाखे फोड़ कर एवं फूल माला से भव्य स्वागत किया गयाद्ध

तत्पश्चात महासमुंद के सभी यादव भाइयों के द्वारा बाइक रैली के माध्यम से कलश यात्रा को नगर प्रवेश कराया गया तथा बस स्टैंड से वापस बरोंडा चौक होते हुए रज कलश यात्रा केंद्रीय विद्यालय के सामने सभा स्थल पहुंची। जहां पर रेजांगला रज कलश यात्रा का सम्मान कार्यक्रम रखा गया था। कलश यात्रा में बड़ी संख्या में महासमुंद के यादव समाज के प्रमुख जन,,युवा साथी एवं यदुवंशी बहने शामिल रहे। कलश यात्रा में पधारे समस्त अतिथियां का महासमुंद के सामाजिक जनों द्वारा स्वागत सत्कार फूल माला से किया गया..... कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में रेजांगला कलश यात्रा के राष्ट्रीय सह संयोजक किरण यादव ने अपने उदबोधन में रेजांगला कलश यात्रा के प्रमुख तीन उद्देश्यों के बारे में विस्तार पूर्वक बताया। रिजांगला कलश यात्रा मुख्य रूप से अहीर रेजिमेंट की मांग एवं पूरे राष्ट्र के अंदर सर्व समाज के लोगों को राष्ट्र रक्षा हेतु सेना में भागीदारी हेतु जागृत करना है। साथ ही साथ राष्ट्र के अंदर जातिगत जनगणना एवं यादव समाज के अंदर सामाजिक राजनीतिक एवं सांस्कृतिक चेतना एवं एकता का भाव पैदा करना है। कार्यक्रम को रामआसरे यादव, राजू यादव बहमनी, देव यादव रायपुर, जनक यादव रायपुर,एवं प्रदेश संयोजक संजय यादव ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला अध्यक्ष महिला विंग सावित्री यादव, जीवन यादव. काशी यादव सतीश यादव. अवधेश यादव.संजय यादव. आनंद यादव. उमाशंकर यादव, हेमंत यादव,मिलाप यादव, शंभू यादव,,मनोज यादव,नीलकंठ यादव,संतोष यादव, एस के हंस,मनोहर यादव, राजकुमार यादव, अमित यादव,किरण यादव,मधु यादव, झरना यादव, मोतीराम यादव अगेश्वर यादव,पुष्कर यादव, एवं आप पार्टी पूर्व जिला अध्यक्ष संजय यादव मुख्य रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम का आभार प्रदर्शन वरिष्ठ समाज सेवी भुनेश्वर यादव ने किया। रात्रि विश्राम पश्चात 29 तारीख को कलश यात्रा दोपहर 2ः00 बजे बागबाहरा पहुंचा.. बागबाहरा नगर पालिका के पास विधायक द्वारकाधीश यादव एवं जिला अध्यक्ष विनोद यादव के नेतृत्व में कलश यात्रा का बागबाहरा के यदुवंशियों ने भी भव्य स्वागत किया। नगर पालिका बागबाहरा से बाइक एवं कार रैली के माध्यम से कलश यात्रा को नगर भ्रमण कराया गया जो की बस स्टैंड से वापस होते हुए बागबाहरा विश्रामगृह पहुंची। रैली के दौरान पूरे समय अहीर रेजिमेंट हक है हमारा. अहीर रेजिमेंट लेकर रहेंगे..भारतीय सेना जिंदाबाद... यादवी एकता जिंदाबाद भारत माता की जय.. रिजांगला पवित्र मिट्टी की जय...के नारो से गूंजायमान होता रहा.... विश्राम गृह पहुंचने पर वहां पर भी रेजांगला पवित्र माटी कलश यात्रा के सम्मान मे एक सभा आयोजित की गई थीं .... जिसके मुख्य अतिथि पीतांबर दास राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अखिल भारतवर्ष यादव महासभा.. विशिष्ट तिथि प्रफुल्ल दास उड़ीसा,, राष्ट्रीय महिला अध्यक्ष श्रीमती मंजू प्रदीप यदु एवं कलश यात्रा के राष्ट्रीय संयोजक ब्रिगेडियर प्रदीप यदु रहे.... कार्यक्रम की अध्यक्षता स्थानीय विधायक द्वारकाधीश यादव ने की। साथ ही साथ अतिथि के रूप में किरण यादव सहसंयोजक कलश यात्रा संजय यादव जी,प्रदेश संयोजक देव यादव जी, प्रदेश महासचिव एवं जनक यादव वरिष्ठ समाज सेवी तथा प्रदेश उपाध्यक्ष रामआसरे यादव मौजूद रहे.... सर्वप्रथम कार्यक्रम को ब्रिगेडियर प्रदीप यादव ने संबोधित किया।



# हम होंगे कामयाब अंतर्गत कैरियर मार्गदर्शन कार्यक्रम संपन्न

## जिले के युवाओं को प्रसिद्ध प्रेरक वक्ताओं ने दिये कैरियर मार्गदर्शन

**बलौदाबाजार,** 31 मई (देशबन्धु)। हम होंगे कामयाब अभियान के तहत जिला कौशल विकास प्राधिकरण द्वारा शनिवार को जिला ऑडिटोरियम बलौदाबाजार में कैरियर मार्गदर्शन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में ख्यातिलब्ध प्रेरक वक्ताओं ने कैरियर मार्गदर्शन, लक्ष्य निर्धारण, अनुशासन आदि पर युवाओ को महत्वपूर्ण मार्गदर्शन दिये।

इस अवसर पर कलेक्टर दीपक सोनी ने कहा कि हम होंगे कामयाब एक ऐसा मंच है जिसके माध्यम से युवाओ का प्रशासन में सहभागिता देना है। जिले के युवाओं में कई तरह के हुनर हैं जिन्हे सही मार्गदर्शन देकर मंजिल तक पहुंचा या जा सकता है। उन्होंने बताया कि यह अभियान पिछले वर्ष सितम्बर माह में शुरू हुआ है और अब तक 294 युवाओं को विभिन्न कंपनियों में रोजगार मिला है। युवाओं की सहभागिता से जिले के विकास को गति देने जिला प्रशासन तत्पर है। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के निर्देशानुसार जिले के युवाओं को प्रदेश के बाहर के कोचिंग संस्थाओं में विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में कोचिंग देने हेतु 80 युवाओं का चयन किया जाएगा। इसके साथ ही जिले में संचालित नवप्रेरणा कोचिंग से ऑनलाइन जुड़कर भी लाभ ले सकते हैं।



### सुशासन तिहार समर कैम्प के प्रतिभागियों को मिला पुरस्कार

कार्यक्रम को नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन ने भी सम्बोधित किया। मुंबई से पहुंचे मुख्य प्रेरक वक्ता प्रसिद्ध कैरियर काउंसलर डॉ पराग गढ़िया ने लक्ष्य निर्धारण, प्रेरणा, अनुशासन, आत्मविश्वास, लगन व मेहनत पर महत्वपूर्ण मार्गदर्शन दिया। उन्होंने जीवन में सफल होने के 10 नियम की जानकारी देते हुए दृढ़ता से पालन करने प्रोत्साहित किया। समाज सेवी एवं प्रेरक वक्ता पुष्पराज वर्मा ने युवाओं को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि हमारे आस-पास कई प्रेरणा स्त्रोत होते हैं उनका अनुकरण करें और सीखें। पढ़ाई करना केवल परीक्षा पास करना नहीं है बल्कि इससे हम अपने जीवन का लक्ष्य निर्धारित कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि कुछ करने का जज्बा हो और लगन से कार्य करें तो लक्ष्य अवश्य हासिल हो जाता है। रायपुर से आए प्रेरक वक्ता एवं स्टार्ट-अप एजुकेटर आरिफखान ने स्टार्ट -अप के बारे में बताया कि स्टार्ट-अप नये विचार को जन्म देती है।समस्या को सुझाने व सहूलियत देने का काम करती है। सबसे पहले अपना माइंड सेट क्लियर हो, योजनाबद्ध ढंग से मेहनत करने से सफलता जरूर मिलती है।

इस दौरान बड़ी संख्या में युवाओं ने कैरियर से संबधित अपनी जिज्ञासा और सवाल भी पूछे जिसे वक्ताओ के द्वारा जिज्ञासा शांत किया गया। इस अवसर पर जिला प्रशासन द्वारा ग्रामीण युवाओं को सशक्त बनाने के उद्देश्य से ग्रामीण क्षेत्रों में शुरू किये गए 10 दिवसीय सुशासन तिहार समर कैम्प का समापन कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम में युवाओ ने आत्मरक्षा एवं योगा का प्रदर्शन भी किया। इसके साथ ही अतिथियों के द्वारा समर कैम्प के दौरान आयोजित विभिन्न गतिविधियों में भाग लेने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कार प्रदान किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष आकांक्षा जायसवाल, जनपद अध्यक्ष सुलोचना यादव, सीईओ जिला पंचायत सुश्री दिव्या अग्रवाल, योगेश अग्रवाल सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में युवा उपस्थित थे।

# आज से विश्व पर्यावरण दिवस पांच जून तक चलेगी पदयात्रा

- छत्तीसगढ़िया क्रान्ति सेना निकालेगी खारुन आजादी पदयात्रा
- सोमनाथ संगम घाट लखना से लेकर महादेव घाट रायपुर तक होगी पदयात्रा

**भाटापारा,** 31 मई (देशबन्धु)। खारुन के किनारों पर स्थित तरीघाट, कौही, ठकुराइन टोला जैसे पुरातात्विक स्थलों की खोदाई से हमें पता चलता है कि खारुन नदी का सदियों पुराना स्वर्णिम इतिहास है। संसार की सारी सभ्यताएं नदियों के किनारों पर ही विकसित हुई हैं। नदी की लाई मिट्टी से ही छत्तीसगढ़ियों के उपजाऊ खेत बने और उसी के जल से सिंचित होते रहे। आज एक बार उसी खारुन के पानी को हाथ लगाकर देखिये तो गटर के पानी और उसमें कोई अंतर नहीं है।

बीस पच्चीस साल पहले तटवर्ती नागरिक नदी के बहते पानी को पेयजल के रुप में उपयोग करते थे आज आप उद्योगों के बेहिसाब दोहन के बाद मरती हुई खारुन के जल को छू भी नहीं पाएंगे। औद्योगिक एवं शहरी अपशिष्ट से भरा नदी का जल बदबूदार और जहरीला हो चुका है।

आज हम अगर वैश्विक पर्यावरण की बड़ी-बड़ी बाते करेंगे और अपने पड़ोस की ऐतिहासिक जीवनदायिनी नदी को मरते हुए देखते रहेंगे, बचाने का प्रयास नहीं करेंगे तो इससे बड़ा कोई गुनाह हमारी पीढ़ी के लिये नहीं होगा। छत्तीसगढ़िया क्रान्ति सेना के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. अजय यादव ने प्रदेश वासियों से पदयात्रा में शामिल होने का आह्वान करते हुए बताया कि खारुन नदी की लड़ाई हमारे अस्तित्व की लड़ाई है। नदी क्षेत्र के ही निवासी और संगठन के वरिष्ठ नेतृत्वकर्ता गिरधर साहू ने कड़ा रुख अपनाते हुए कहा कि नदी के पानी में पहला हक क्षेत्रीय किसानों और ग्रामवासियों का है। कारखाना वालों के नदी की छाती में हजारों फुट गहराई में विशालकाय पंप लगाकर पानी खींचने से निकटस्थ जिलों का भूजल स्तर बुरी तरह से नीचे जा चुका है। नदी में निस्तारी लायक भी पानी नहीं बचता। सुंगेरा गांव और आसपास के ग्रामीण क्रान्ति सेना के नेतृत्व में पिछले दो वर्षों से लगातार संघर्षरत हैं। पदयात्रा की रुपरेखा एवं उद्देश्य स्पष्ट करते हुए पदाधिकारियों ने बताया कि यात्रा सोमनाथ संगम से रविवार दिनांक 01.06.25 को निकलेगी एवं नदी के किनारे-किनारे बढ़ते हुए निकटस्थ गांवों मे पर्यावरण जागरुकता नुक्कड़ सभाएं करते हुए पांचवें दिन महादेव घाट रायपुर में हटकेश्वर महादेव में जलार्पण करते हुए दिनांक 05.6.2025 विश्व पर्यावरण दिवस के दिन ही सभा में परिवर्तित हो जाएगी। वर्तमान आत्मघाती भाजपा सरकार को यात्रा के माध्यम से चेतावनी दी जाएगी कि अपनी नीतियों में परिवर्तन करें, जलस्त्रोतों को सुरक्षित रखें। उद्योगों को विधिसम्मत पानी देने का विरोध नहीं है लेकिन यह ध्यान रहे कि खारुन नदी भी जिंदा रहे और खारुन दाई की संतानो को भी जीवित रहने दें अन्यथा भविष्य में उग्र लोकतांत्रिक विरोध का सामना करने तैयार रहें।

# छिंदौली में बुढ़ी माई मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा में पहुंचे जिला पंचायत उपाध्यक्ष एवं विधायक

**बागबाहरा,** 31 मई (देशबन्धु)। खल्लारी विधानसभा क्षेत्र के अंतिम छोर में स्थित ग्राम पंचायत छिंदौली में इष्टदेवी मां छिंदौलहीन बूढ़ी माई मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का आयोजन ग्रामीणों द्वारा उत्साहपूर्वक धूमधाम से किया गया।



इस अवसर पर आतिथ्य स्वीकार कर जिला पंचायत उपाध्यक्ष भीखम सिंह ठाकुर समेत खल्लारी विधायक द्वारिकाधीश यादव, जनपद सदस्य करण सिंह दीवान, लोकेश पनुरिया अध्यक्ष भाजपा खल्लारी मंडल, हीरालाल साहू महामंत्री खल्लारी मंडल, अजय ध्रुव उपाध्यक्ष जनजाति मोर्चा बागबाहरा ग्रामीण, सीताराम ठाकुर अध्यक्ष मंडी सोसायटी सहित सरपंच ग्राम पंचायत छिंदौली श्रीमती देवकी बाई साहू, ग्राम प्रमुख सहित ग्राम छिंदौली के गणमान्य जन उपस्थित थे। प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का शुभारम्भ अवसर पर कर्मा नृत्य दल नरतोरी, राऊत नाचा गबौद के कलाकार साथियों के साथ भव्य कलश यात्रा निकाल कर ग्राम भ्रमण किया गया। जिसमें ग्रामीणों ने बढ़ चढ़ कर भाग लिया। राऊत नाचा एवं कर्मा नृत्य को देखकर ग्रामवासी गदगद हो गए।

इसी तरह ग्राम पंचायत छिंदौली (बुंदेली) में प्रतिष्ठित साहू परिवार के घर में पहुंचकर विवाहित नवदंपत्ति को आशीर्वाद एवं शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर जिला पंचायत उपाध्यक्ष भीखम सिंह ठाकुर सहित लोकेश पनुरिया, हीरालाल साहू, अजय ध्रुव, सीताराम ठाकुर आदि उपस्थित थे।

# युक्तियुक्तकरण का सभी शिक्षक संगठनों ने किया विरोध

**कसडोल/बलौदाबाजार,** 31 मई (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा स्कूली शिक्षकों के किए जा रहे युक्ति युक्तकरण का सभी शिक्षक संगठनों ने भारी विरोध किया है। उन्होंने काउंसलिंग का विरोध करते हुए जारी सूची को निरस्त करने की मांग की है। मिली जानकारी के अनुसार छत्तीसगढ़ के भाजपा सरकार द्वारा स्कूली शिक्षकों का युक्ति युक्त करण के तहत अन्य स्कूलों में स्थानांतरण किया जा रहा है जिसमें अधिकारियों द्वारा मनमाना ढंग से सूची जारी किया गया है। जिसका विरोध करते हुए स्कूल शिक्षा विभाग के सभी संगठनों ने सूची निरस्त करने की मांग की है।



इस संबंध में शिक्षक संघ के जिला संयोजक हरिशंकर जायसवाल ने बताया कि युक्ति युक्त करण हेतु अतिशेष शिक्षकों की सूची का दावा आपत्ति हेतु प्रकाशन नहीं किया गया है एवं दावा आपत्ति के लिए समय नहीं दिया जा रहा है। जिसके कारण सूची त्रुटि पूर्ण है। कार्यरत रिक्त अतिशेष शिक्षकों की सूची का विकास खंड जिला स्तर पर प्रकाशन नहीं किया गया है इसलिए काउंसलिंग आदेश का बहिष्कार किया जा रहा है। शासन द्वारा 2008 शिक्षक पदस्थापना सेटअप का उल्लंघन किया जा रहा है। उच्च प्राथमिक शालाओं में विषय बंधन को समाप्त किया गया है और अतिशेष होने पर विषय वार किया जा रहा है जो पूर्णत: गलत है। इस सत्र में सेवा निवृत्त होने वाले शिक्षकों की गणना करते हुए अतिशेष निकाला गया है जो कि न्याय संगत नहीं है। हाई स्कूल, हायर सेकंडरी स्कूलों में विभिन्न विषय एवं संकायों का पद समाप्त किया जा रहा है। वाणिज्य संस्कृत के व्याख्याताओं को पाठ्यक्रम संचालित होने के बाद भी अतिशेष किया गया है। पति पत्नी आधार पर पदस्थापना प्रदान किए गए शिक्षकों को अतिशेष निकाला गया है। संगठन पदाधिकारी एवं संकुल समन्वयकों को पूर्व की भांति युक्ति युक्त करण से पृथक नहीं रखा गया है।

### एसडीएम को सौंपा गया ज्ञापन

दर्ज संख्या पर्याप्त होने के बाद हाई एवं हायर सेकंडरी स्कूलों में काल खंड की गणना न करते हुए अतिशेष निकाला जा रहा है। पद नहीं होने के बाद भी पूर्व में नियुक्त पदोन्नति स्थानांतरण में अपने सुविधानुसार शिक्षकों को पदस्थापना किया गया है जिसके कारण से अतिशेष की स्थिति निर्मित हुई है। उन्होंने कहा कि शासन प्रशासन के स्वेच्छा चारी एवं गलत नीतियों का विरोध करते हुए युक्ति युक्त करण एवं काउंसलिंग आदेश का बहिष्कार किया जा रहा है। जिसके लिए अनुविभागीय अधिकारी राजस्व बलौदाबाजार को ज्ञापन सौंपा गया है।

# ओल्ड प्लास्टिक बैग धड़ाम! डिमांड नहीं जूट बैग में भी

**भाटापारा,** 31 मई (देशबन्धु)। 2 रुपए प्रति नग। आधे में जा सकती है ओल्ड प्लास्टिक बैग में बोली जा रही यह कीमत क्योंकि डिमांड तेजी से नीचे जा रही है। सेहत उस पुराने जूट बैग की भी अच्छी नहीं है, जिसमें 5 रुपए की टूट आ चुकी है।

रबी फसल की आवक सामान्य है लेकिन गुणवत्ता असामान्य रूप से सही नहीं है। खासकर नमी की मात्रा मानक से ज्यादा आ रही है। इसलिए खाद्य प्रसंस्करण ईकाइयां अंकुरण की आशंका को ध्यान में रखते हुए प्लास्टिक बैग में उपज की खरीदी में अतिरिक्त सतर्कता बरत रहीं हैं। यही सतर्कता पुराने बारदाने बेचने वालों पर भारी पड़ रही है, टूटती कीमत और तेजी से घटती मांग के रूप में।



**आशंका और टूट की:** बेहतर रबी फसल की संभावना को देखते हुए ओल्ड जूट और प्लास्टिक बैग मार्केट ने विशेष तैयारी की थी लेकिन तैयारी काम नहीं आई। लिहाजा 7 से 9 रुपए पर बिकने वाला प्लास्टिक बैग होलसेल में एक से डेढ़ रुपए और रिटेल में दो रुपए प्रति नग पर आ चुका है। टूट की धारणा को इसलिए भी बल मिल रहा है क्योंकि इस भाव पर भी मांग नहीं है।

**जूट बैग में 5 रुपए की टूट:** गुज़रे खरीफ में ओल्ड जूट बैग में डिमांड अच्छी निकली। रबी की तैयारी जिस स्तर पर किसानों ने की उसे देखते हुए बारदाना बाजार ने भी बेहतर की आस में भंडारण किया था लेकिन मांग इसमें भी अपेक्षित मात्रा में नहीं निकल पाई। इसलिए ओल्ड जूट बैग 5 रुपए की टूट के बाद, अब 14 रुपए जैसी निम्न कीमत पर शांत है।

**इसलिए टूट रही कीमत:** परिपच्ता अवधि के दौरान सिंचाई पानी नहीं मिला रबी फसल को। इसलिए नहर और सिंचाई पंपों के पानी से फसल तैयार करनी पड़ी। कटने की अवस्था में आ चुकी थी फसल इसलिए आनन- फानन में हार्वेस्टर से काम पूरा किया गया। यह कोशिश अब खाद्य प्रसंस्करण इकाइयों पर भारी इसलिए पड़ रही है क्योंकि नमी की मात्रा मानक से ज्यादा आ रही है। भंडारण और उत्पादन में यह स्थिति गुणवत्ता खराब कर सकती है। इसलिए इकाइयां विविध उपायों के बीच खरीदी के लिए विवश हैं। इसका पहला असर ओल्ड जूट बैग मार्केट पर टूट के रूप में देखा जा रहा है।

# कांग्रेस आज निकालेगी संविधान बचाओं रैली : सुमित्रा

**बलौदाबाजार,** 31 मई (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार जिला कांग्रेस कमेटी बलौदाबाजार भाटापारा अध्यक्ष सुश्री सुमित्रा घृतलहरे के नेतृत्व में संविधान बचाओ रैली का आयोजन 1 जून को किया गया है। जो कि समय 11 बजे से स्थानीय अंबेडकर चौंक से रैली निकालकर राजीव भवन गार्डन चौक में सभा पश्चात समाप्त होगी।



छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस के आवाहन पर जिला कांग्रेस कमेटी बलौदाबाजार भाटापारा द्वारा संविधान बचाओ रैली का आयोजन 1 जून 2025 को आयोजित है। इस विषय में जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुश्री सुमित्रा घृतलहरे ने बताया कि जिला कांग्रेस द्वारा आयोजित कार्यक्रम में प्रमुख रूप से अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सचिव एवं छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस सह प्रभारी विजय जांगिड़ पूर्व कैबिनेट मंत्री डॉ शिवकुमार डहरिया, विधायकगण संदीप साहू, इंद्र साहू, कविता प्राणलहरे, पूर्व विधायक संसदीय सचिव विकास उपाध्याय, युवा कांग्रेस महासचिव कोको पाढ़ी, प्रदेश युवा कांग्रेस अध्यक्ष आकाश शर्मा, सहित छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस के पदाधिकारी कांग्रेस के सभी प्रकोष्ठों के पदाधिकारी सहित कांग्रेस जनों की उपस्थिति में कार्यक्रम संपन्न होगा। उन्होंने आगे बताया कि लोकसभा के नेता प्रतिपक्ष सांसद राहुल गांधी द्वारा लगातार देश में संविधान बचाए जाने की आवाज उठाई जाती रही है। श्री गांधी द्वारा संविधान बदलने की भाजपा द्वारा लगातार किए जा रहे प्रयास के खिलाफआंदोलन किया जा रहा है। सुश्री सुमित्रा घृतलहरे ने संविधान बचाओ रैली में अधिक से अधिक संख्या में कांग्रेस जनों की उपस्थिति की अपील की है।

# बीपीई को बीपीएड एवं डीपीएड के साथ व्यायाम शिक्षक भर्ती में मान्यता दिलाने हेतु विद्यार्थियों ने सौपा ज्ञापन



**राजिम,** 31 मई (देशबन्धु)। उच्च शिक्षा विभाग महानदी भवन नया रायपुर में सम्पूर्ण छत्तीसगढ़ के 04 वर्षीय पाठ्यक्रम बी. पी. ई. के विद्यार्थियों ने छत्तीसगढ़ मे व्यायाम शिक्षक के लिए बी. पी. एड. एवं डी.पी. एड. कोर्स के साथ व्यापम परीक्षा मण्डल के भर्ती नियम, राजपत्र में शैक्षणिक आहर्ता के रूप में बी. पी. ई. को भी सम्मितलित करने के लिए उच्च शिक्षा विभाग अपर सचिव अधिकारी डॉ.एस. भारतीदासन को समस्त बी. पी. ई. में अध्ययनरत व बी. पी. ई. कोर्स पूर्ण कर चुके विद्यार्थियों ने ज्ञापन सौपा जिसका प्रतिनिधित्व विद्यार्थी श्री चंदन बंजारे, दीपक सिरदार एवं तोषणी साहू ने किया जिसमे उनके साथ शैलेश कुमार, ईशा, राहुल, नेहरू, सागर, गरिमा, विशाल, धनेन्द्र, प्रवीन, देव एवं अन्य सभी बी. पी. ई. के विद्यार्थी उपस्थित रहे।

ज्ञापन मे विभिन्न दस्तावेजों को संलग्न कर यह संज्ञान मे लाया गया कि राज्य मे बी. पी.एड. व डी.पी.एड. कोर्स के आधार पर व्यायाम शिक्षक कि नियुक्ति प्रक्रिया संचालित कि जाती रही है। जबकि एनसीटीई से मान्यता प्राप्त एक कोर्स पंडित रवि शंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर द्वारा 04 वर्षीय इंटीग्रेटेड व्यावसायिक पाठ्यक्रम बी.पी. ई. कोर्स भी शारीरिक शिक्षा के क्षेत्र मे एक सुसंगत, पूर्वकालिक एवं व्यावसायिक डिग्री कोर्स है। जो केंद्र सरकार के व्यायाम शिक्षा के भर्ती मे जैसे -केवीएस, एनवीएस, ईएमआरएस के भर्ती मे मान्य है। राजपत्र तथा भर्ती नियम में स्पष्ट रूप में बी. पी. एड. , बी. पी. ई. एवं सम्बद्ध स्नातक डिग्री कोर्स के नाम से उल्लेखित रहता है अत: यह आग्रह है, कि छत्तीसगढ़ व्यापम के राजपत्र के शैक्षणिक आहर्ता मे स्पष्ट रूप से बी. पी. एड. एवं डी.पी. एड. के साथ बी. पी. ई. को भी स्पष्ट रूप से उल्लेखित किया जाए।

# दक्षिण मुखी सुन्दरकाण्ड समिति के द्वारा कक्षा दसवीं-बारहवीं के उत्तीर्ण छात्रों को किया जाएगा सम्मानित

**नवापारा राजिम,** 31 मई (देशबन्धु)। नगर की श्री दक्षिण मुखी सुन्दरकाण्ड समिति के द्वारा कक्षा दसवी एवम् बारहवी में उत्तीर्ण हुए छात्र/छात्राओं का सम्मान करने का एक छोटा सा प्रयास करने का सौभाग्य समीति को प्राप्त हो रहा है जिसमें आप श्री जनों के द्वारा उक्त छात्र/छात्राओं को सम्मान एवं स्मृति चिन्ह प्रदत्त किया जावेगा। उक्त कार्यक्रम सरकारी अस्पताल परिसर गोबरा नवापारा में रविवार दोपहर 02 बजे आयोजित है। जिसमें समस्त अतिथि गणों की उपस्तिथि प्रार्थनीय है। इस कार्यक्रम में अतिथि मनमोहन अग्रवाल समाजसेवी, डॉ. राजेंद्र गदिया (समाजसेवी), डॉ. पुनीत गोस्वामी संस्थापक आयुष्मान हॉस्पिटल, डॉ. तेजेंद्र साहू सीएचएमओ सरकारी हॉस्पिटल, श्रीमति अंजू पारख समाजसेविका , प्रदीप मिश्रा सीएमओ नगर पालिका , जीतेन्द्र एसैय्या थाना निरीक्षक गोबरा नवापारा, श्रीमति ओमकुमारी साहू (नगर पालिका अध्यक्ष गोबरा नवापारा, वरिष्ठ पत्रकार गण - रमेश पहाड़िया ,श्यामकिशोर शर्मा, रमेश चौधरी, विनोद जैन, मनीष जैन, श्रीकांत साहू, तुकाराम कंसारी, नागेन्द्र निषाद, विशेषर हिरवानी, प्राचार्य गण - निखिल कुमार दास रामजानकी विद्या मंदिर, फ़खरा दानी हरिहर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, गौरी शंकर निर्मलकर सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, श्रीमति हरप्रीत कौर टी बी एस स्कूल, चित्रकांत शर्मा शिवांश इंटरनेशनल स्कूल, यास्मीन खान / श्रीमती कविता शर्मा दावडा इंटरनेशनल स्कूल, भोजराम यादव परमेश्वरी स्कूल, दुष्यंत गोलछा एकेडमिक हाईटस, सुशील बोथरा नवकार पब्लिक स्कूल, अशोक तिवारी ज्ञानदीप शिशु विद्या मंदिर, श्रीमति सरिता नासरे शासकीय कन्या उच्चतर शाला, से अतिथी के रूप में शामिल होने की अपील की।

# पुमेश वर्मा ने 100 रक्तदान करने का लिया संकल्प



**भरूवाडीह/बलौदाबाजार**, 31 मई (देशबन्धु)। ग्राम सकरी निवासी 26 वर्षीय युवक पुमेश कुमार वर्मा जिनका ब्लड ग्रुप ओ पॉजिटिव है ने नि:स्वार्थ सेवा भाव से अब तक 20 दफा रक्तदान किया है। इन्होने रक्तदान कर अलख जगाकर मानव समाज को प्रेरित करने 100 बार रक्तदान करने का संकल्प लिया हैं। उन्होंने मानव समाज को सन्देश देते हुए कहा कि मानवता की रक्षा के लिए रक्तदान करें और जीवन बचाएँ। एक बैग खून किसी को मरे हुए व्यक्ति से वापस ला सकता है। खून का बंधन किसी भी चीज से ज्यादा मजबूत होता है।

# भव्य कलश यात्रा के साथ की गई माता अन्नपूर्णा देवी की मूर्ति स्थापना

**कसडोल/बलौदाबाजार,** 31 मई (देशबन्धु)। स्थानीय माता अन्नपूर्णा सामाजिक सेवा संस्थान द्वारा अन्नपूर्णा मंदिर में 29 मई गुरुवार को बड़े हर्षोल्लास से भव्य कलश यात्रा के साथ माता अन्नपूर्णा देवी का मूर्ति स्थापना एवं प्राण प्रतिष्ठा का आयोजन किया गया।

ज्ञात हो कि पुराना बस स्टैंड यूको बैंक के सामने स्थित माता अन्नपूर्णा मंदिर में समिति द्वारा पिछले एक जनवरी से नि:शुल्क भोजन प्रसाद वितरण प्रतिदिन दोपहर को किया जा रहा है। इसके शुरुआत में गरीब और जरूरत मंद भूखे प्यासे लोगों को देखते हुए नि:शुल्क भोजन प्रसाद वितरण आरंभ किया गया था लेकिन अब यहां सभी वर्ग के लोग श्रद्धा से प्रसाद पाने पहुंचते हैं और अपनी श्रद्धा भक्ति माता के चरणों में अर्पित करते हैं। इसकी जानकारी होने पर अब इसमें अपनी भागीदारी निभाने वालों की संख्या दिनों दिन बढ़ती जा रही है। इसी कड़ी में नगर की श्रद्धालु महिला मीरा सोनी द्वारा पिछले दिनों मूर्ति दान करने का प्रस्ताव समिति के बीच रख स्थापना करने की इच्छा जाहिर की गई थी जिसे स्वीकार करते हुए 29 मई को मूर्ति स्थापना तिथि निर्धारित की गई थी। इसके लिए राजस्थान से मूर्ति मंगाई गई और गुरुवार 29 मई को देव घाट देवर घटा से पधारे आचार्यों द्वारा पूरी विधि विधान से मंत्रोच्चार द्वारा पूजन कर पहले भव्य कलश यात्रा के साथ देवी मूर्ति को नगर भ्रमण कराते हुए स्थापना की गई। इस अवसर पर देवर घटा के परम पूज्य श्री श्री 108 श्री राम गोपाल दस जी महराज मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए। वही कार्यक्रम में उपस्थित नगर पंचायत अध्यक्ष नागेश्वर साहू से समिति के लोगों ने शौचालय निर्माण की मांग की जिस पर नगर पंचायत अध्यक्ष साहू ने शीघ्र शौचालय निर्माण किए जाने का आश्वासन दिया है। कार्यक्रम के अंत में भोग भंडारा कर प्रसाद वितरण किया गया।

